3 राजधानी
नौकरी लगाने के नाम पर छह लाख ठगे

6 अभिमत
मोदी का बड़ा होता कद

10 स्पोर्ट्स
प्रतिष्ठा को बचाने उतरेगी टीम इंडिया

11 विदेश
ट्रंप के सलाहकार ने दिया इस्तीफा

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 44
लखनऊ, बुधवार, 2 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



हाल्से ने ग्रैमी पुरस्कारों पर निकाली अपनी भड़ास
विविध-12

# किसानों-सरकार के बीच बातचीत बेनतीजा

● केंद्र के समिति गठन के प्रस्ताव को किया खारिज सरकार ने किसान नेताओं के साथ की दो बैठकें, गुरुवार को फिर होगी वार्ता

● प्रदर्शनकारी कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग पर अड़े, पूरे देश मे आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**किसानों** का विरोध जल्द खत्म होता नजर नहीं आ रहा है। केंद्र द्वारा कृषि कानूनों को लेकर उठाए गए उनके मुद्दों पर गौर करने के लिए एक समिति के गठन के प्रस्ताव को किसान संगठनों ने खारिज कर दिया।

किसान नेताओं ने कहा कि यदि इन कानूनों को रद्द करने की उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे अपना विरोध प्रदर्शन और तेज कर देंगे। केंद्र और आंदोलकारी संगठनों के बीच हुई दो अलग अलग बैठकों का कोई नतीजा नहीं निकल सका। सरकार ने तीन दिसंबर गुरुवार को चर्चा के लिए अगले दौर की बातचीत का न्योता दिया है। विज्ञान भवन में 35 संगठनों के साथ बैठक के बाद कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने कहा कि बैठक अच्छी थी और हमने फैसला किया है कि तीन दिसंबर को बातचीत होगी। हम चाहते थे कि एक छोटे समूह का गठन हो लेकिन किसान नेता चाहते थे कि बातचीत सबके साथ होनी चाहिए। हमें इसमें कोई समस्या नहीं है। किसान प्रतिनिधियों से बातचीत में मंत्री पीयूष गोयल, वाणिज्य राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि हम किसानों से अपील करते हैं कि वे प्रदर्शन बंद करें और बातचीत के लिए आगे आएं। लेकिन यह फैसला किसान संगठनों और किसानों पर निर्भर करता है।' तोमर ने एक कमेटी के गठन की सलाह दी ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में विज्ञान भवन में बैठक के लिए जाते किसान संगठनों के प्रतिनिधि। फोटोः रंजन डिमरी

## कृषि कानूनें से जुड़े मुद्दों को स्पष्ट कर आज बताएंः केंद्र

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसान संगठनों से तीन नये कृषि कानूनों से संबंधित मसलों को स्पष्ट तौर पर चिन्हित करने और उसके बारे में बुधवार को बताने को कहा है। इन मसलों पर बृहस्पतिवार को होने वाली अगले दौर की बातचीत में विचार किया जाएगा। करीब तीन घंटे चली बैठक के बेनतीजा रहने के बाद मंगलवार को जारी आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार, बातचीत के दौरान सरकार ने किसान प्रतिनिधियों को कृषि सुधार कानूनों से संबंधित मसलों को स्पष्ट तौर पर चिन्हित करने और उसे विचार के लिये दो दिसंबर को रखने को कहा। उसके बाद इन मसलों पर तीन दिसंबर को चौथे दौर की बातचीत में विचार-विमर्श किया जाएगा।

## कनाडा के पीएम ट्रूडो की टिप्पणी 'अनुचित': भारत

● यह एक लोकतांत्रिक देश का है आंतरिक मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने किसानों के विरोध प्रदर्शन के संबंध में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और वहां के अन्य नेताओं द्वारा की गई टिप्पणियों पर मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इन्हें 'भ्रामक सूचनाओं' पर आधारित और 'अनुचित' बताया क्योंकि यह मामला एक लोकतांत्रिक देश के आंतरिक मामलों से संबंधित है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि हमने कनाडाई नेताओं द्वारा भारत में किसानों से संबंधित कुछ ऐसी टिप्पणियों को देखा है जो भ्रामक सूचनाओं पर आधारित है। इस तरह की टिप्पणियां अनुचित हैं, खासकर जब वे एक लोकतांत्रिक देश के आंतरिक मामलों से संबंधित हों। मंत्रालय ने एक संदेश में कहा कि बेहतर होगा कि कूटनीतिक बातचीत राजनीतिक उद्देश्यों के लिए गलत तरीके से प्रस्तुत नहीं की जाये। ट्रूडो ने भारत में आंदोलनकारी किसानों का सोमवार को समर्थन करते हुए कहा कि कनाडा शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के अधिकार का हमेशा बचाव करेगा। गुरु नानक ( शेष पेज 9 )

# पुलिस महकमे में व्यापक फेरबदल

● 16 जिलों के पुलिस कप्तानों सहित 43 आईपीएस के तबादले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की कानून व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए योगी सरकार ने मंगलवार को पुलिस महकमे में व्यापक फेरबदल कर दिया। इसके तहत 16 जिलों के पुलिस कप्तानों सहित 43 आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। इस फेरबदल में योगी सरकार ने युवा अफसरों विशेषकर वर्ष 2015 के आईपीएस अधिकारियों पर भरोसा जताते हुए उन्हें जिलों की कमान सौंपी है। अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से जारी किए गए स्थानांतरण आदेश के अनुसार एसपी कन्नौज अमरेंद्र प्रसाद सिंह को एसपी सोनभद्र, एसपी यमुनापार प्रयागराज चक्रेश मिश्रा को एसपी संभल, एसपी सुरक्षा वाराणसी सुकीर्ति माधव को एसपी शामली, एसपी नगर गोरखपुर डॉक्टर कौस्तुभ को एसपी संत कबीर नगर, एसपी ग्रामीण शाहजहांपुर अपर्णा गौतम को एसपी औरैया, एसपी औरैया सुनीति को एसपी अमरोहा, एसपी अमरोहा विपिन ताडा को एसपी बलिया, एसपी ग्रामीण मेरठ अविनाश पांडे को एसपी मैनपुरी, एसपी ग्रामीण गाजियाबाद नीरज कुमार जादौन को एसपी हापुड़, एसपी हापुड़ संजीव सुमन को पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट, अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट अमित कुमार द्वितीय को एसपी चंदौली, एसपी पूर्वी आगरा प्रमोद कुमार को एसपी ललितपुर, एसपी ग्रामीण सहारनपुर अशोक कुमार मीणा को एसपी फतेहगढ़, एसपी नगर अलीगढ़ अभिषेक को पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट, एसपी पश्चिम आगरा रवि कुमार को पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट, एसपी मैनपुरी अजय कुमार को एसपी फिरोजाबाद, एसपी फतेहपुर प्रशांत वर्मा को एसपी कन्नौज, एसपी चंदौली हेमंत कुटियाल को एसपी बलरामपुर, एसपी नगर मुजफ्फरनगर सतपाल को एसपी फतेहपुर, एसपी सोनभद्र आशीष श्रीवास्तव को एसपी अभिसूचना लखनऊ, एसपी संभल यमुना प्रसाद को एसपी पीएसी मुख्यालय, एसपी शामली नित्यानंद राय को एसपी अभिसूचना लखनऊ, एसपी संतकबीरनगर बृजेश सिंह को एसपी यूपी 112, एसपी बलिया देवेंद्र नाथ को एसपी सीबीसीआईडी लखनऊ, एसपी बलरामपुर देव रंजन वर्मा को एसपी एसआईटी लखनऊ, पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट स्वप्निल ममगैन को एसपी ईओडब्ल्यू लखनऊ, पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट चारू निगम को सेनानायक छठी वाहिनी पीएसी मेरठ, एसपी डीजीपी मुख्यालय अपर्णा गुप्ता को एसपी रेलवे मुरादाबाद, एसपी ललितपुर मिर्जा मंजर बेग को एसपी उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन, एसपी फतेहगढ़ अनिल मिश्रा को एसपी प्रशासन डीजीपी मुख्यालय, एसपी फिरोजाबाद सचिंद्र पटेल को एटीएस लखनऊ बनाया गया है। इसके अलावा जूनियर लेवल के आईपीएस अधिकारियों में अपर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर सोनम कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गोरखपुर, सहायक पुलिस अधीक्षक अयोध्या निपुण अग्रवाल को अपर पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर, सहायक पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद केशव कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक मेरठ, सहायक पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के वेंकट अशोक को अपर पुलिस अधीक्षक आगरा, सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ इराज राजा को अपर पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद, सहायक पुलिस अधीक्षक कानपुर नगर सत्यजीत गुप्ता को अपर पुलिस अधीक्षक आगरा, सहायक पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद कुलदीप सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक अलीगढ़, अपर पुलिस अधीक्षक वाराणसी आदित्य लागेह को अपर पुलिस अधीक्षक सुरक्षा वाराणसी, सहायक पुलिस अधीक्षक सहारनपुर अर्पित विजयवर्गीय को अपर पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर, सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ कमिश्नरेट कासिम आब्दी को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट, सहायक पुलिस अधीक्षक आगरा सौरभ दीक्षित को अपर पुलिस अधीक्षक प्रयागराज और अपर पुलिस अधीक्षक एटीएस लखनऊ अतुल शर्मा को अपर पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के पद पर नई तैनाती प्रदान की गई है।

# कोरोना की चेन टूटी तो नहीं पड़ेगी सबके टीकाकरण की जरूरतः केंद्र

● यह वैक्सीन के प्रभाव और कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के मकसद पर करेगा निर्भर

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने एक अहम वक्तव्य में कहा है कि यदि बड़े पैमाने पर टीकाकरण से हम कोरोना की चेन तोड़ने में कामयाब हो जाते हैं तो संभवतः देश के सभी लोगों को वैक्सीन की खुराक देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आईसीएमआर के महानिदेशक बलराम भार्गव ने यहां तक कहा कि टीकाकरण वैक्सीन की प्रभावशीलता पर निर्भर करेगा और हमारा उद्देश्य कोविड ट्रांसमिशन की श्रृंखला को तोड़ना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने भी कहा कि सरकार ने पूरे देश में टीकाकरण की बात कभी नहीं की। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में जब स्वास्थ्य सचिव से पूछा गया कि पूरे देश को टीकाकरण करने में कितना समय लगेगा तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरे देश को वैक्सीन देने की बात कभी नहीं कही। महत्वपूर्ण यह है कि हम केवल तथ्यात्मक जानकारी के आधार पर वैज्ञानिक मुद्दों पर ही चर्चा करें। बीते सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा था कि केंद्र सरकार की योजना अगले साल जुलाई-अगस्त तक लगभग 25-30 करोड़ लोगों को कोरोनो वायरस का टीका उपलब्ध कराने की है। सरकार के सूत्रों ने कहा कि केंद्र के सुझावों के अनुसार राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश अलग-अलग समूहों विशेष रूप से डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ और 60 वर्ष से अधिक आयु के उन लोगों के डेटाबेस जमा कर रहे है। जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर कोविड-19 वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके बाद बुजुर्गों, बच्चों को कुछ विशेष रोगों से पीड़ितों को प्राथमिता में रखा जा सकता है।

## उत्तर प्रदेश में निजी लैब में 700 रुपए में होगी आरटीपीसीआर की जांच


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही फोकस टेस्टिंग के बीच राज्य सरकार ने कोविड 19 की जांच के लिए आरटीपीसीआर की जांच सस्ती कर दी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क निजी लैब नही ले सकते हैं। अभी तक कोविड के मरीजों की आरटीपीसीआर जांच के एवज में निजी लैब 1600 रुपये शुल्क ले रहे थे। अपर मुख्य सचिव के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि कोरोना जांच के एवज में निजी चिकित्सालय अथवा लैब 700 रुपये जीएसटी सहित ले सकेंगे। जबकि निजी लैब द्वारा स्वयं से सैम्पल लेकर परीक्षण करने पर 900 रुपये जीएसटी सहित शुल्क ले सकेंगे। बता दें कि राजकीय मेडिकल कालेजों में 600 रुपये में कोविड 19 की जांच हो रही है। जबकि थैलीसीमिया एवं हिमोफीलिया के मरीजों की कोविड जांच निःशुल्क ( शेष पेज 9 )

# कोरोना पीड़ित बुजुर्ग, गर्भवती तथा बच्चों के होम आइसोलेशन पर रोक

● 15 दिसंबर तक कोविड-19 वैक्सीन की कोल्ड चेन के कार्य पूरे करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमित बुजुर्ग, श्वांस रोगी, गर्भवती महिला, कई बीमारियों से पीड़ितों तथा छोटे बच्चों को होम आइसोलेशन की अनुमति न दिये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

उन्होंने कहा है कि कोविड 19 के बचाव व उपचार के संबंध में प्रभावी व्यवस्था निरन्तर बनायी रखी जाए। मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड 19 से बचाव के बारे में लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का व्यापक उपयोग किया जाए। प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के द्वारा लोगों को कोविड19 से बचाव की जानकारी दी जाए। उन्होंने मास्क के अनिवार्य उपयोग के लिए प्रवर्तन कार्यवाही को तेज किये जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ तथा मेरठ पर ध्यान देते हुए संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिदिन नियमित रूप से सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में बैठक आहूत करते हुए कार्यो की समीक्षा ( शेष पेज 9 )

## उप्र विधान परिषद की 11 सीटों पर 55.47 प्रतिशत मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधान परिषद के पांच खंड स्नातक एवं छह शिक्षक खंड के द्विवार्षिक निर्वाचन के लिये मंगलवार को करीब 55.47 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार आगरा खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 41.56 प्रतिशत मतदान हुआ है। इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 41.10 प्रतिशत, लखनऊ खंड स्नातक क्षेत्र में 36.74 प्रतिशत, मेरठ खंड स्नातक क्षेत्र में 42.86 प्रतिशत, वाराणसी खंड स्नातक क्षेत्र में 39.33 प्रतिशत, आगरा खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 70.78 प्रतिशत, बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 73.48 प्रतिशत, गोरखपुर-फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र में 73.94 प्रतिशत, लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 58.99 प्रतिशत, मेरठ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 62.60 प्रतिशत और वाराणसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 68.83 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये थे। कुछ स्थानों ( शेष पेज 9 )

# योगी आज मुंबई में उद्योगपतियों के साथ करेंगे निवेश पर मंथन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ कल मुम्बई में देश के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से प्रदेश में निवेश के सम्बन्ध में विचार विमर्श करेंगे। मुख्यमंत्री प्रदेश में विकसित किये जा रहे डिफेंस इण्डस्ट्रियल कारिडोर तथा फिल्म सिटी के निवेशकों से वार्ता भी करेंगे। ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश अनुकूल वातावरण सृजित करने के लिए अनेक कदम उठाये हैं। इसके परिणामस्वरूप यहां एक आकर्षक निवेश गन्तव्य के तौर पर उभरा है। हाल ही में घोषित ईज आफ डुइंग बिजनेस रैंकिंग में प्रदेश ने पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। स्टेट बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान 2019 में उप्र ने गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि अनेक राज्यों को पीछे छोड़कर तथा अपनी रैंकिंग में 10 पायदान का सुधार लाकर यह उपलब्धि हासिल की है। यूपी में कनेक्टिविटी के हजारों करोड़ रुपए के 5 मेगा प्रोजेक्ट्स पर एक साथ काम चल रहा है। आज पूर्वांचल हो, बुंदेलखंड हो, पश्चिमी उत्तर प्रदेश हो, हर कोने को एक्सप्रेसवे से जोड़ा जा रहा है। देश के 2 बड़े और आधुनिक डिफेंस कॉरिडोर में से एक यूपी में ही बन रहा ( शेष पेज 9 )

## अक्षय कुमार ने की मुलाकात

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज मुम्बई में फिल्म अभिनेता एवं निर्माता अक्षय कुमार ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फिल्म निर्माण की असीम सम्भावनाएं हैं। इसके दृष्टिगत राज्य सरकार फिल्म नीति 2018 के माध्यम से फिल्म निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। राज्य में ( शेष पेज 9 )

## योगी के दौरे से विचलित उद्धव कहा-महाराष्ट्र से किसी को जबरन कारोबार नहीं ले जाने देंगे

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंबई दौरे के पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को आगाह किया कि वह राज्य से किसी को जबरन कारोबार नहीं ले जाने देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र को किसी की उन्नति से जलन नहीं है, बशर्ते यह निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के तहत हो। आदित्यनाथ ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,655 | ↑ 505 | |
| निफ्टी | 13,109 | ↑ 140 | |
| सोना | 48,273 | ↑ 45 | /10g |
| चांदी | 59,380 | ↑ 407 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तानी गोलीबारी में बीएसएफ अधिकारी शहीद

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तान की ओर से मंगलवार को किए गए संघर्ष विराम उल्लंघन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक उप निरीक्षक शहीद हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना ऐसे दिन हुई है जब बीएसएफ अपना स्थापना दिवस मना रही है। बीएसएफ की ओर से जारी एक वक्तव्य में कहा गया, राजौरी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे के संघर्ष विराम का फिर से उल्लंघन किया गया। इस हमले में बीएसएफ के उप निरीक्षक पाओतिसत गुइते शहीद हो गए जो अग्रिम चौकी पर तैनात थे। उन्होंने न केवल शत्रु की गोलीबारी का जवाब दिया बल्कि अपने कई साथियों की जान भी बचाई। शहीद अधिकारी ने सर्वोच्च प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

# सुरंग का मुहाना ढूंढने पाक सीमा में 200 मीटर गए भारतीय सैनिक

● हाल ही में नगरोटा में मारे गए चार आतंकी इस सुरंग के जरिये घुसे थे भारत में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हाल** ही में भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर में 200 मीटर लंबी एक सुरंग का पता लगाया था, जिसका इस्तेमाल नगरोटा एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों ने घुसपैठ के लिए किया था।

इसके बारे में अब सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना के जवान सुरंग के जरिए से पाकिस्तान की ओर 200 मीटर अंदर तक गए थे। एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बल के जवान पाकिस्तान में लगभग 200 मीटर अंदर तक चले गए थे। जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में 22 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 150 मीटर लंबी भूमिगत सुरंग का पता चला था। नवंबर के तीसरे हफ्ते में, सुरक्षा बलों को मारे गए आतंकियों के पास से मोबाइल फोन मिला था, जिससे सुरंग के बारे में पता चल सका था। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के डीजी राकेश अस्थाना ने मंगलवार को ऑपरेशन के बारे में बात की और कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा एक एनकाउंटर में ढेर किए गए आतंकियों के पास से बरामद हुए मोबाइल फोन से बीएसएफ ने जमीन के अंदर सुरंग को खोज निकाला था। सांबा सेक्टर में मिली सुरंग से ही आतंकियों ने घुसपैठ की थी।

बीएसएफ के स्थापना दिवस पर राकेश अस्थाना ने भाषण देते हुए ये बातें हीं। हालांकि, उन्होंने ऑपरेशन के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी। बता दें कि पिछले दिनों बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने साझा अभियान के तहत सुरंग खोज निकाली थी। इस सुरंग का पता 48 बीएसएफ के दीपक राणा के नेतृत्व में काम कर रहे बीएसएफ के सात कर्मियों की एक टीम ने लगाया था, जिन्होंने सुबह 5.40 से 7.50 बजे के बीच तलाश शुरू की थी। बीएसएफ जम्मू फ्रंटियर के आईजी एनएस जामवाल ने कहा था कि ऐसा लगता है कि नगरोटा एनकाउंटर में शामिल रहे आतंकवादियों ने इस सुरंग का इस्तेमाल किया था। हमें लगता है कि उनके पास गाइड भी थे, जोकि उन्हें नेशनल हाईवे तक लेकर गए थे।



फाइल फोटो

## सुरंगों, ड्रोनों का मिलना पाक की शत्रुता का सबूतः राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को कहा कि भारत-पाकिस्तान सीमा के पास भूमिगत सुरंगों एवं ड्रोनों का मिलना भारत के खिलाफ पड़ोसी देश की शत्रुता का सबूत है।

राय ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 56वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित समारोह में जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सीमा के पास 'अनिश्चितता' का माहौल है, क्योंकि सीमा पार से संघर्ष विराम समझौतों का अक्सर उल्लंघन किया जाता है।

राय ने किसी का नाम लिये बिना कहा कि भारत को नुकसान पहुंचाने के मकसद से घुसपैठ और आधुनिक हथियारों तथा मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। पड़ोसी देश शत्रुता की भावना से यह साजिश रच रहा है। घातक हथियार भेजने में इस्तेमाल होने वाली सुरंगों और ड्रोनों का पता चलना उसकी शत्रुता का सबूत है।

## बाम्बे स्टाक एक्सचेंज में लखनऊ नगर निगम के बांड की लिस्टिंग आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ कल दो दिसंबर को बाम्बे स्टाक एक्सचेंज, मुम्बई में लखनऊ म्युनिसिपल बाण्ड की लिस्टिंग सेरेमनी में सम्मिलित होंगे। ज्ञातव्य है कि लखनऊ नगर निगम के 200 करोड़ रुपये के म्युनिसिपल बाण्ड की बाम्बे स्टाक एक्सचेंज में लिस्टिंग की जा रही है। उत्तर भारत में अब तक किसी नगरीय निकाय द्वारा म्युनिसिपल बाण्ड जारी करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है। बाम्बे स्टाक एक्सचेंज में लखनऊ म्युनिसिपल बाण्ड की लिस्टिंग प्रदेश में बदलती कार्यपद्धति तथा वित्तीय अनुशासन का द्योतक है। स्टाक एक्सचेंज में म्युनिसिपल बाण्ड के ( शेष पेज 9 )

# रैन बसेरों में सुविधाओं के साथ सुरक्षा के भी इंतजाम हों: योगी

**● कोई खुले में न सोए, यदि कोई ऐसा दिखे तो उसे रैन बसेरे तक पहुंचाया जाए**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने रैन बसेरों के संचालन में कोविड-19 से बचाव के लिए सभी प्रबन्ध करने के निर्देश भी दिये।

मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शीत ऋतु में गरीबों और निराश्रितों को राहत पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद में रैन बसेरों की व्यवस्था करायी गई है। प्रत्येक जनपद में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई खुले में न सोए। यदि कोई ऐसा दिखे तो उसे रैन बसेरे तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग अपने बजट का सदुपयोग करें। इस सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित समीक्षा की जाए। उन्होने निर्देश दिए कि बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रहीं पेयजल योजनाओं को समय से पूर्ण करने के लिए इनकी गहन मानिटरिंग की जाए।

उन्होंने कहा कि पेयजल की बड़ी योजनाएं संचालित करने के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कामगारों और श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग गठित किया है। उन्होंने कहा कि यह आयोग पूरी तरह सक्रिय रहते हुए कामगारों और श्रमिकों के लिए अधिकाधिक सेवायोजन एवं रोजगार के अवसर सृजित कराये। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह ने भेंट की

## बर्खास्त सिपाही अरुण कुमार यादव ने किया सरेंडर, अदालत ने भेजा जेल

**● महोबा के क्रेशर व्यापारी की मौत का मामला**

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**महोबा** के क्रेशर व्यापारी से रंगदारी वसूलने व उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में थाना कबरई के बर्खास्त सिपाही अरुण कुमार यादव को विशेष अदालत ने चार दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मंगलवार को इसने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत में सरेंडर कर दिया। विशेष जज गौरव शर्मा ने इसका आत्मसमर्पण मंजूर करते हुए इसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

दूसरी ओर इस मामले में निरुद्ध कबरई के बर्खास्त थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार शुक्ला की ओर से जमानत अर्जी भी दाखिल की गई। विशेष अदालत में इस अर्जी पर नौ दिसंबर को सुनवाई होगी। बीते बुधवार को इसे महोबा में गिरफ्तार किया गया था। इसके अगले दिन इसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। अब इस मामले में इन दोनों बर्खास्त पुलिसकर्मियों के साथ ही मुल्जिम सुरेश सोनी व ब्रह्म दत्त तिवारी न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं।

बीते 13 नवंबर को विशेष अदालत ने इस मामले में इन दोनों बर्खास्त पुलिसकर्मियों के साथ ही महोबा के निलंबित एसपी मणीलाल पाटीदार के खिलाफ भी कुर्की की कार्यवाही की नोटिस जारी करने का आदेश जारी किया था। इस मामले की जांच प्रयागराज के एसपी क्राइम आशुतोष मिश्रा की अगुवाई में गठित एसआईटी कर रही हैं।

## प्रदूषण से बचने के लिए लगाएं पौधे: केशव

**● विश्व प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर लोक निर्माण विभाग की अनूठी पहल**

**● वर्ष 2020-21 में वेस्ट प्लास्टिक के उपयोग से पंद्रह सौ किलोमीटर सड़कों का किया जाएगा नवीनीकरण**

**● लगभग 2000 टन वेस्ट प्लास्टिक की होगी खपत**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रदूषण मानव सभ्यता के साथ साथ विश्व के समस्त प्राणियों के लिए अत्यन्त ही घातक है। प्रत्येक वर्ष लाखों लोग वायु प्रदूषण के कारण अपनी जान गंवाते हैं। प्रदूषण से बचने हेतु हमें अपनी जीवन शैली में अनेक परिवर्तन करने की आवश्यकता है। पूरा विश्व प्रदूषण की चपेट में है एवं इससे बचने के तरीके अपना रहा है। प्रदूषण से बचने का सर्वाधिक सरल उपाय प्रकृति को अपनाना एवं वृक्षारोपण करना है।

लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली में भी सरकार द्वारा प्रदूषण से बचने हेतु अनेक कदम उठाए गए हैं। विभाग द्वारा नई तकनीकी का उपयोग कर लगभग 16 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी की गयी है तथा विभाग द्वारा समय समय पर ऐसे अन्य तरीके भी अपनाये जा रहे हैंए जो पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं। जैसे हर्बल मार्ग एवं वेस्ट प्लास्टिक के उपयोग से मार्ग निर्माण।

श्री मौर्य ने बताया कि वातावरण के प्रदूषणमुक्त करने एवं बीमारियों से बचाव हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा कुल 175 मार्गों का हर्बल मार्गों का चयन कर ग्रीन पट्टी बनाकर हर्बल वृक्ष जैस नीम, आंवला, अर्जुन, सहजन, पीपल आदि पौधे रोपित किए जा रहे हैं। हर्बल मार्गों पर अब तक 32731 पौधे रोपित किये जा चुके है। इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग द्वारा हर्बल वाटिका का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें मासपर्णी, सप्तपर्णी, रतनजोत, मेंथा, लेमन ग्रास, भ्रिंगराज, मुई, ब्राह्मी, तुलसी, अनन्तमूल, ग्वारापाठा, अश्वगंधा, हल्दी आदि पौधे जोकि कई रोगों के समाधान के लिए अत्यन्त उपयोगी हैंए रोपित किये जा रहे है। मार्गों को हर्बल मार्ग-हर्बल वाटिका बनाने का मुख्य उद्देश्य लोगो की इम्यूनिटी को बेहतर करने के साथ साथ पर्यावरण को शुद्ध रखना है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर सिंगल यूज वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग करते हुये मार्गों के नवीनीकरण कार्य कराते हुये प्लास्टिक मार्ग के निर्माण की योजना प्रारम्भ की गई।

## मुंबई पहुंचे नगर विकास मंत्री लिया तैयारियों का जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

मुंबई के बांबे स्टॉक एक्सचेंज में मुख्यमंत्री नगर निगम बॉड सेरेमनी के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में लखनऊ म्युनिसिपल बॉड की लिस्टिंग की जाएगी। मुंबई में सेरेमनी कार्यक्रम की तैयारियों का नगर विकास मंत्री और नगर आयुक्त द्वारा जायजा लिया गया। बॉबे स्टॉक एक्सचेंज में कल 2 दिसंबर को 200 करोड़ के लखनऊ युनिसिपल बान्ड के सूचीबद्ध होने के पहले नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन के साथ नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने तैयारियों का जायजा लिया। मुंबई के इंटरनेशनल कन्वेंशन हॉल के दौरे के दौरान मंत्री सतीश महाना, मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के साथ अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने संपूर्ण तैयारी अपने देखरेख में पूर्ण कराई । वहीं महापौर सयुक्ता भाटिया भी म्युनिसपल बांड की लाचिंग में शामिल होने मुंबई पहुंच गयी हैं। एयरपोर्ट पर महापौर का बीजेपी के वर्सोवा विधान सभा के महासचिव विजय पाठक और नैब इंडिया के संयुक्त सचिव मयंक शेखर ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

**● आज होनी है सीएम की मौजूदगी में नगर निगम के म्युनिसिपल बांड की लिस्टिंग**

## जल प्रबंधन व कृषि उत्पादन बढ़ाने में सहायक हो रही यूपी पानी पत्रिका

**लखनऊ।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी के एक दिवसीय दौरे के अवसर पर विभिन्न आयोजन स्थलों पर जलशक्ति मंत्री डा. महेन्द्र सिंह के निर्देश पर सिंचाई विभाग की विश्व बैंक पोषित महात्वाकांक्षी परियोजना यूपीडब्ल्यू एसआरपी द्वारा प्रकाशित किसान हितकारी यूपी पानी पत्रिका का वितरण भी विशाल स्तर पर किया गया। पत्रिका में जलसंसाधन विकास, जलसंरक्षण जल सम्बर्धन जल प्रबंधन, एवं जलशक्ति विभाग के जनोन्मुखी कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण बड़े रोचक व आकर्षक ढंग से किया गया है। ज्ञात हो इसके पूर्व प्रधानमंत्री के द्वारा मिर्जापुर व सोनभद्र जनपदों मे वर्चुअल योजनाओं के लोकर्पण कार्यक्रम स्थलों पर भी जलशक्ति मंत्री के निर्देश पर यूपी पानी पत्रिका का वितरण भी किया गया था। जिसकी किसानों ने सराहना की थी। मुख्य अभियंता बाणसागर बीके राम के अनुसार किसानों ने पानी पत्रिका को अपना मित्र, मार्गदर्शक बताते हुए कहा था कि इस पत्रिका से हमें कम पानी मे अधिक फसल पैदा करने के तरीकों की जानकारी हुई है।

**विद्युत सेवा आयोग**
**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0**
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास)
विभूति खण्ड, फेज-2, गोमती नगर, लखनऊ-226010

**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन सं0 05/विसेआ/2019/PO के विरुद्ध कार्मिक अधिकारी के 15 पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 18.01.2020 को सम्पन्न ऑनलाइन परीक्षा (CBT) में प्राप्त अंकों की श्रेष्ठतानुसार दिनांक 20.03.2020 को निर्गत शार्टलिस्टेड सूची के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 19.12.2020 को कराया जाना निर्धारित है। अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र डाउनलोड करने हेतु लिंक कारपोरेशन की अधिकारिक वेबवाइट www.uppcl.org पर उपलब्ध है। अभ्यर्थीगण उपरोक्त वेबसाइट से स्वयं अपना बुलावा पत्र डाउनलोड कर लें, अन्य किसी माध्यम से बुलावा पत्र प्रेषित नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार में अनुपस्थित अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त माना जाएगा।

संख्याः 1312/विसेआ/05-2019-PO दिनांक : दिसम्बर 01, 2020
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें"

सचिव,
विद्युत सेवा आयोग

## गन्ना किसानों को बकाया 14 हजार करोड़ का भुगतान अविलंब करे सरकार: लल्लू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गन्ना किसानों का चीनी मिलों पर बकाया लगभग 14 हजार करोड़ रुपये का भुगतान तत्काल करने और मौजूदा पेराई सत्र में गन्ना किसानों को 450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करने की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि सरकार बनने से पहले भारतीय जनता पार्टी ने गन्ना किसानों से अपने घोषणा पत्र संकल्प पत्र में यह वादा किया था कि सरकार बनने पर 14 दिनों के भीतर गन्ना किसानों का भुगतान कर देंगे और भुगतान न होने पर ब्याज सहित बकाया धनराशि भुगतान करने का वादा किया था। परन्तु आज साढ़े तीन साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी गन्ना किसानों के बकाये का भुगतान नहीं हुआ है। भाजपा का यह वादा भी जुमला साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार गन्ना किसानों की जिस तरह अनदेखी कर रही है उससे उनकी आर्थिक स्थिति और भी खराब होती जा रही है।

## अखिलेश बताएं कि उन्हें आजम खान का नाम सुनकर गुस्सा क्यों आता है: शाहनवाज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कांग्रेस प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम ने सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को एक पत्रकार द्वारा आजम खान के मुद्दे पर सपा की खामोशी पर सवाल पूछने पर उसे अपमानित करने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने पूछा कि अखिलेश यादव को बताना चाहिए कि उन्हें आजम खान का नाम सुनकर गुस्सा क्यों आता है। आजम खान को मुसलमान होने के कारण भाजपा तो सजा दे ही रही है अखिलेश भी उन्हें क्यों मुसलमान होने की सजा दे रहे हैं। शाहनवाज आलम ने कहा कि अखिलेश यादव के इस करतूत से उनका मुस्लिम विरोधी चेहरा एक बार फिर उजागर हो गया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की मुस्लिम विरोधी मानसिकता के बारे में खुद उनके पिता मुलायम सिंह कई बार सार्वजनिक तौर पर बता चुके हैं लेकिन इस बार अखिलेश यादव ने कैमरा के सामने अपने पिता की बात को सही साबित कर दिया है।

शाहनवाज आलम ने कहा कि आजम खान ने अपनी पूरी जिंदगी समाजवादी पार्टी को दान कर दी थी सिर्फ मुसलमान होने के कारण उनके पूरे परिवार सहित जेल में होने के बावजूद सपा न सिर्फ चुप है बल्कि चुप्पी पर सवाल पूछने वाले पत्रकारों को खुद अखिलेश यादव ही अपमानित कर रहे हैं।

अखिलेश यादव शायद अजाम खान को भूल गए हैं या भूल जाना चाहते हैं। इसीलिए उपचुनाव में सपा द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की सूची में भी आजम खान का नाम था। जो साबित करता है कि अखिलेश यादव अब भूल गए हैं कि आजम खान जेल में हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से समाजवादी पार्टी के पोस्टरों और बैनरों से आजम खान की तस्वीर का गायब होना भी साबित करता है कि सपा को अब आजम खान की जरूरत नहीं है।

## जश्नों की खुमारी में डूबी है भाजपा सरकार: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार जश्नों की खुमारी में डूबी है जबकि बदहाल किसानों, बेरोजगार नौजवानों के घरों में अंधेरा है। इसी उपलब्धि का भाजपा नगाड़ा पीट रही है। सन 2020 में लगातार दूसरी तिमाही विकास दर माइनस शून्य। आर्थिक मंदी की चपेट में अर्थव्यवस्था। प्रदेश में धेले का निवेश नहीं इसके लिए मुख्यमंत्री जी मुम्बई में उद्योगपतियों के सामने शरणं गच्छामि होंगे। लोकतंत्र का इससे बुरा उपहास और क्या होगा। उन्होंने कहा कि कोई किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कना भाजपा से सीखे। न किसान का कर्ज माफ किया, न ही एमएसपी दी। गन्ना मूल्य भुगतान करने में हीलाहवाली। सन 2022 में किसान की आय दुगुनी होने की दूर दूर तक संभावना नहीं। किसान के उपयोग की खाद, बिजली, कीटनाशक सब महंगी है। मजबूरी में हजारों किसान आत्महत्या कर चुके हैं। अखिलेश ने कहा कि आज किसान अपनी मांगो को लेकर आंदोलित हैं। सरकार ने साजिशन जो कृषि विधेयक पास किया है उससे किसान अपनी खेती पर स्वामित्व खो देंगे। उन्हें कारपोरेट खेती के लिए मजबूर किया जाएगा। भाजपा सरकार ने जानबूझकर इसीलिए एमएसपी का प्रावधान नहीं रखा है। किसानों को अपनी फसल बड़े व्यापरियों के हाथों बेचने की मजबूरी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी भूलें नहीं कि एक्सप्रेस वे का उत्तर प्रदेश से परिचय समाजवादी सरकार ने ही कराया। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पहली एक्सप्रेस वे है जिसे समाजवादी पार्टी की सरकार ने बनाया था।

**पायनियर वर्गीकृत**

**सूचना**

मै, आर्मी नं0 4197413Y रैन्क नायक गिरीश लाल पुत्र स्व0 रंजीत राम, यूनिट 15, कुमाऊँ मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश Munni दर्ज हो गयी है, जबकि उनका वास्तविक नाम Munni Devi है, जिसे मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**

मै, आर्मी नं0 4201359W L/Nk हनुमान सिंह चौहान पुत्र श्री मनोहर सिंह, यूनिट 15, कुमाऊँ मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश डिम्पल चौहान एवं जन्मतिथि 01.04.1988 दर्ज हो गयी है, जबकि उनका वास्तविक नाम डिम्पल कँवर एवं जन्मतिथि 01.01.1990 है, जिसको मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

## प्रवर्तन निदेशालय को सौंपी जा सकती है गैंगस्टर विकास दुबे की 150 करोड़ की संपत्ति की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कानपुर का बिकरू कांड**

**● तीन सदस्यीय एसआईटी की जांच रिपोर्ट में 80 से अधिक पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मियों को दोषी पाया गया है**

**कानपुर** के चर्चित बिकरू कांड के मुख्य अभियुक्त और मुठभेड़ में मारे जा चुके गैंगस्टर विकास दुबे की 150 करोड़ की संपत्ति की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सौंपी जा सकती है। गृह विभाग के सूत्रों ने बताया कि पूर्व में शासन को सौंपी गई अपनी जांच रिपोर्ट में अपर मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी की अगुवाई में गठित तीन सदस्यीय एसआईटी ने गैंगस्टर द्वारा अवैध तरीके से हासिल की गई 150 करोड़ रुपए की संपत्ति की प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गहराई से जांच कराए जाने की सिफारिश की है।

सूत्रों ने जांच रिपोर्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एसआईटी ने नौ बिंदुओं को आधार बनाकर 3100 पन्नों की जांच रिपोर्ट तैयार की है। एसआईटी ने जांच रिपोर्ट में विकास दुबे वो उसके गिरोह की मदद करने वाले सभी अफसरों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही है। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दुबे को मुखबिरी के चलते पहले से ही पुलिस की दबिश के बारे में जानकारी मिल गई थी। जांच में सामने आया है कि पुलिस के ही लोग विकास दुबे के लिए मुखबिरी करते थे और घटना की रात गैंगस्टर को पहले से ही मालूम था कि उसके घर पर पुलिस की छापेमारी होने वाली है। सूत्रों का कहना है कि जांच में दुबे के घर पुलिस टीम के दबिश देने की सूचना पहले ही लीक कर दिए जाने से जुड़े कई तथ्य उजागर हुए हैं। गत दो तीन जुलाई की मध्यरात्रि कानपुर के बिकरू गांव में विकास दुबे को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर गैंगस्टर के साथियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थीं जिसमें एक क्षेत्राधिकारी और एक थानाध्यक्ष समेत आठ पुलिसकर्मी मारे गए थे तथा पांच पुलिसकर्मी, एक होमगार्ड और एक आम नागरिक घायल हुआ था। विकास दुबे गत 10 जुलाई को कानपुर में एसटीए के साथ हुई कथित मुठभेड़ में मारा गया था।

घटना की जांच के लिए बनाई गई तीन सदस्यीय एसआईटी की जांच रिपोर्ट में 80 से अधिक पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मियों को दोषी पाया गया है। जांच रिपोर्ट के करीब 700 पन्ने मुख्य हैं, जिनमें दोषी पाए गए अधिकारियों व कर्मियों की भूमिका के अलावा करीब 36 संस्तुतियां शामिल हैं। 100 से ज्यादा गवाहियों के आधार पर एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट तैयार की है। 12 जुलाई, 2020 को एसआईटी ने अपनी जांच शुरू की जो 20 अक्टूबर को पूरी हुई।

**कार्यालय ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत कसावल**

पत्रांक-मेमो/मनरेगा/निविदा-आमन्त्रण/2020-21/ दिनांक-01.12.2020

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2020-21 में स्वीकृत कार्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2020-21 में निम्न निर्माण कार्यों हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर कार्य स्थल पर सामग्री उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर में पंजीकरण हो, तथा आर0ई0एस0 पी0डब्लू0डी0, जिला पंचायत, में रजिस्टर्ड फर्मों से मोहर बन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आपूर्ति सामग्री (अनुमानित) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | राजाराम के घर से प्रदीपसिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | सीमेन्ट 4घ0, मोरंग 3.5घ0, ईटा 4900, इंटरलॉक 8200 |
| 2 | प्रा0वि0 कसावल के बाहर इंण्टरलॉकिंग कार्य | सीमेन्ट 3घ0, मोरंग 2घ0, ईटा 1500, इंटरलॉक 6000 नग |
| 3 | कसावल के गौशाला में पाल्ट्रीशेल्टर निर्माण कार्य | सीमेन्ट 3.5 घ0, मौरंग 7 घ0. ईटा 10000, जी0आई0 शीट 35 नग, एन्गल, पाईप, जे0 टाईप हुक, बोल्ट |

**नोट :** शेष नियम-शर्ता एवं बिल ऑफ क्वान्टिटी को किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कसावल से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**नियम व शर्ते :**

1. निविदा फार्म अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 02.12.2020 से 07.12.2020 तक रू0 200.00 नगद जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि मूल्य का 02 प्रतिशत राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत कसावल के पक्ष में मोहर बन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 07.12.2020 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत कसावल के कार्यालय में जमा किया जा सकता है, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक 07.12.2020 को 3.00 बजे से 4.00 बजे के मध्य ग्राम पंचायत में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।
3. टेन्डर / निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य कराने वाले फर्म को शेष 08 प्रतिशत की जमानत धनराशि उपरोक्तानुसार कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदा की निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2020-21 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं है।
5. कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा के साथ मानक के अनुसार सामग्री उपलब्ध कराना होगा। मानक के अनुसार आपूर्ति न करने तथा कमी पायी जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी, तथा सम्बन्धित फर्म की जमानत राशि जब्त करते हये उसी दर पर क्षेत्रीय फर्म द्वारा सामग्री आपूर्ति कराये जाने का पूर्ण अधिकार अधोस्ताक्षरी के होगा।
7. सभी आवश्यक सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना होगा।
8. किसी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत कसावल में निहित होगा।
9. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत कसावल
विकास खण्ड-रमियाबेहड़-खीरी

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582






राजधानी में मतदान करने के बाद मतदान केन्द्र से बाहर आते मंत्री आशुतोष टंडन, बृजेश पाठक व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा

# स्नातक सीट पर 28.59 और शिक्षक पर 46.72 फीसदी मतदान

## दोनों सीटों में शामिल 35 प्रत्याशियों की हार जीत मतपेटियों में बंद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में विधान परिषद की लखनऊ खंड स्नातक व शिक्षक सीट के लिए, मतदान पोलिंग एजेंटों की इक्का दुक्का आपसी नोक झोंक की घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव खत्म हुआ। सुबह आठ बजे से 177 केंद्रों पर शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे खत्म हुआ। इसके साथ ही दोनों सीटों की चुनावी जंग में शामिल 35 प्रत्याशियों की हार जीत मतपेटियों में बंद हो गयी। इस दौरान स्नातक सीट पर 28.59 और शिक्षक पर 46.72 फीसदी वोटरों ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह आठ बजे से शुरू हुए मतदान की रफ्तार पूरे समय धीमी बनी रही। इस दौरान मतदाता सूची को लेकर भी परेशानी बनी रही। मतदाता सूची में नाम गायब होने के साथ ही नाम में गड़बड़ी दिखी।

मंगलवार को चुनाव पूर्ण होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम अभिषेक प्रकाश ने बताया कि जिले में शिक्षक खंड में 46.72 व स्नातक खंड में 28.59 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान सभी केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में स पन्न हुई। डीएम ने इस दौरान कैसरबाग, चौक, ठाकुरगंज सहित कई इलाकों में बने मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण भी किया। हालांकि इस दौरान कई केंद्रों पर तैनात प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंटों के बीच वोटरों को भ्रमित करने को लेकर तकरार व नोक झोंक होती रही, जिसे मौके पर मौजूद पुलिस व सेक्टर मजिस्ट्रेट ने सख्ती बरतते हुए बिगड़ने से बचाया। मतदान को लेकर दोनों ही सीटों पर वोटरों में कोई खासा उत्साह नहीं दिखा। इसके चलते ही मतदान के पहले एक घंटे में कहीं तीन तो कहीं पांच वोट ही पड़ सके। आलमबाग में बने एक मतदान केंद्र पर तो दोपहर 12 बजे तक 499 वोटरों में से सिर्फ 22 वोट ही पड़े थे। संवदेनशील मतदान केंद्र राम भरोसे मैकूलाल इंटर कॉलेज में सुबह आठ बजे से 10 बजे के बीच शिक्षक और स्नातक सीट पर सिर्फ 22 वोट ही पड़े थे। सदर में घनी बस्ती वाले मतदान केंद्र पर वैसे तो कुल 840 मतदाता ही थे लेकिन सुबह आठ बजे से करीब 11 बजे तक स्नातक पर 28 और शिक्षक के लिए 12 लोगों ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

**डिप्टी सीएम व महापौर ने डाले वोट:** डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने अपनी पत्नी समेत मतदान किया। वहीं महापौर संयुक्ता भाटिया ने भी अपने पूरे परिवार के साथ वोट डाला। मंत्री आशुतोष टंडन व बृजेश पाठक व मंडलायुक्त ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लखनऊ खण्ड स्नातक क्षेत्र की निर्दलीय प्रत्याशी कान्ति सिंह पत्नी एसपी सिंह ने आरडीएसओ स्थित केन्द्रीय विद्यालय में मतदान किया। उन्हीं के साथ डॉ. एसपी सिंह पूर्व एमएलसी, हर्षित सिंह, नेहा सिंह एवं गरिमा सिंह ने भी मतदान किया। खास बात यह रही कि राजधानी के चुने हुए नौ माननीयों में से कई ने अपने मताधिकार का प्रयोग ही नहीं किया। वहीं, विधान परिषद चुनावों के लिए तैयार की गई मतदाता सूची में इस कदर गड़बडियां थी कि कई मतदाता तो लौट गए।

**मारपीट की हुई शिकायत:** कलक्ट्रेट और कमिश्नर कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में सुबह से मतदान में गड़बड़ी, मारपीट, वोट न डालने की शिकायतें दर्त होने लगी थी। मवैया में एक फर्जी वोटर के पकड़े जाने की शिकायत भी दर्ज कराई गई, जिसे पुलिस पकड़ कर ले गई। इसके अलावा रेड रोज कॉलेज और रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज में गड़बड़ी होने की शिकायत मिली।

रेड रोज इंटर कॉलेज में वोट डालने पहुंचे राजकुमार वर्मा का नाम ही मतदाता सूची से गायब था। जब पीठासीन अधिकारी ने जांच की तो कहा नाम नहीं है वोट नहीं डलवाया जा सकता। मौके पर ही राजकुमार वर्मा सहित तमाम वोटर हंगामा करने लगे। जागरुक मतदाता की भूमिका निभाते हुए राजकुमार ने इंटरनेट पर ही मतदाता सूची चेक की और पीठासीन अधिकारी को दिखाया। बाद में जांच करने पर पता चला कि जो मतदाता सूची दी गई है उसमें से दो पन्ने ही गायब हैं। करीब तीन दर्ज मतदाताओं केनाम ही नहीं हैं। जिला प्रशासन ने दुबारा दूसरी सूची भिजवाई और सभी मतदाताओं के वोट डलवाए जा सके।

**मायूस होकर लौटे शिक्षक मतदाता:** बार-बार संशोधन और जांच के बावजूद आखिरकार सैकड़ों ऐसे शिक्षक व स्नातक वर्ग के मतदाता थे जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं था। लिहाजा उन्हें बिना वोट डाले ही वापस लौटना पड़ा। सुबह 10.45 बजे गिरधारी सिंह इंदर कुंवर इंटर कॉलेज में भारतीय बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज के संगीत गायन के प्रवक्ता (नेत्रहीन) सतीश चंद्र गुप्ता बेटे के साथ पर्ची लेकर वोट डालने पहुंचे, लेकिन उनका नाम लिस्ट में नहीं था। लिहाजा उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। यही हाल परवीन व अन्य शिक्षिकाओं का भी रहा। एक शिक्षिका ने बताया कि लिस्ट में 113 नंबर का पन्ना ही गायब है। जिसकी वजह से 11 शिक्षकों के नाम नहीं हैं।

**गुरुकुल बूथ पर कार्यकर्ताओं में हुई नोंकझोंक:** लखनऊर। गाजीपुर थाना क्षेत्र स्थित भूतनाथ निकट गुरुकुल बूथ के बाहर बने बूथों पर कुछ कार्यकर्ताओं की आपस मे गरमा गर्मी बहस होने लगी। इस कहासुनी से आस पास बने बूथों पर अफरा-तफरी मच गई। जिसकी जानकारी लगते ही मौके पर जब तक पुलिस पहुंची तब तक पूरा मामला शांत हो गया था।

### पूरे राजनीतिक रंग में रंगा दिखा चुनाव

**लखनऊ।** विधान परिषद की स्नातक और शिक्षक निर्वाचन खंड की 11 सीटों पर हुए चुनाव में पूरी तरह राजनीतिक रंग चढ़ गया है। इस चुनाव में भी सत्तारूढ़ भाजपा और सपा के प्रत्याशियों ने पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा है। सत्तारूढ़ भाजपा के लिए यह चुनाव इसलिए अहम है क्योंकि वह विधान परिषद में भी अपना संख्या बल बढ़ाना चाहता है। यही वजह है कि भाजपा ने स्नातक निर्वाचन खंड की सभी पांच सीटों में से और शिक्षक निर्वाचन खंड की छह में से चार सीटों पर सीधे तौर पर अपना प्रत्याशी उतारा है। शिक्षक निर्वाचन खंड की एक सीट पर भाजपा ने शिक्षक संघ के प्रत्याशी को समर्थन दिया है तो एक अन्य सीट को छोड़ दिया है। इस छोड़ी गई सीट पर निर्दलीय के रूप में भाजपा के ही तीन नेता चुनाव मैदान में हैं। सपा ने तो सभी 11 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। पूर्व के चुनावों में ओम प्रकाश शर्मा की अगुवाई वाले उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का दबदबा रहा है। यह चुनाव लखनऊ शिक्षक निर्वाचन खंड से उमेश द्विवेदी, वाराणसी से चेत नारायण सिंह, आगरा से जगवीर किशोर जैन, मेरठ से ओम प्रकाश शर्मा, बरेली-मुरादाबाद से संजय कुमार मिश्रा और गोरखपुर-फैजाबाद खंड से ध्रुव कुमार त्रिपाठी का कार्यकाल छह मई 2020 को खत्म हो जाने के कारण कराया जा रहा है।

### मतदाता सूची से नाम गायब होने को लेकर हंगामा

**मोहनलालगंज।** मतदाता सूची से नाम गायब होने की शिकायत लेकर मंगलवार को मतदाताओं ने हंगामा कर लापरवाही का आरोप लगाया। शिकायत अधिकारियों तक पहुंची तो आनन फानन समाधान कराकर मतदाताओं को शान्त कराया गया। स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य पद के लिए मंगलवार को हुए मतदान के दौरान मोहनलालगंज के नवजीवन इण्टर कालेज मतदान केन्द्र के कमरा नंबर 4 में विधायक अम्ब्रीश पुष्कर और ब्लाक प्रमुख विजय लक्ष्मी समेत कुछ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में खोजे ही नहीं मिले। विधायक ने लापरवाही को लेकर एसडीएम से शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पड़ताल कराई गई तो सूची से गायब मतदाताओं के नाम दूसरे कमरे की सूची में मौजूद मिले। जिसके बाद ऐसे सभी मतदाताओं को दूसरे कमरे में भेजकर मतदान कराया गया। वहीं गोशाईगंज के रामपाल त्रिवेदी इण्टर कालेज मतदान केन्द्र पर भी कुछ मतदाताओं के नाम सूची से गायब होने की शिकायत कण्ट्रोल रुम तक पहुंची। अधिकारियों ने पड़ताल कराई तो मतदाता सूची में एक पन्ना छूट जाने की जानकारी सामने आई। जिसके बाद फौरन दूसरी सूची भेजकर मतदाताओं की शिकायत दूर कराई गई।

### मंडलायुक्त, डीएम ने लिया मतदान का जायजा

**लखनऊ।** स्नातक और शिक्षक चुनाव के मतदान को लेकर बुधवार को मंडलायुक्त रंजन कुमार और जिलाधिकारी ने कई मतदान केंद्रों का दौरा किया और जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त निरालानगर के सरस्वती विद्या मंदिर, अवध गर्ल्स डिग्री कालेज सहित दूसरे पोलिंग बूथ गए। वहीं सुबह 11.18 मिनट पर जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश दल बल के साथ गिरधारी सिंह इंटर कालेज पहुंच गए। डीएम ने बूथ पर बैठे मतदान कर्मियों और अधिकारियों से पूछा, पहचान पत्र में क्या-क्या देख रहे हैं? जवाब से संतुष्ट होने पर उन्होंने समस्याएं पूछीं। तभी उनकी ऑनलाइन फोटोग्राफी सिस्टम पर पड़ी। उन्होंने पूछा तो पता चला कि ऑनलाइन की सुविधा नहीं हो सकी। इस पर डीएम बोले, अगर ऑनलाइन नहीं है तो वहां बैठे लोग कैसे देख सकेंगे? उसके बाद डीएम ने पूछा, अब तक कितने वोट पड़े हैं, जवाब आया सर 22। इस पर बोले, आखिर कम वोट पडने् की वजह क्या है? यहां डीएम दूसरे कमरे में पहुंच गए। वहां भी 16 में 3 वोट पर चिंता जताई। उन्होंने प्रत्याशियों के एजेंटों से पूछताछ की। अधिकारियों द्वारा पोलिंग बूथों पर हो रहे मतदान की जानकारी की। मतदान में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके सभी प्रबंधन की जानकारी की।

**मतदान स्थलों पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था:** लखनऊ। राजधानी में पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर के निर्देश पर एमएलसी चुनाव को लेकर पूरे शहर में बनाए गए मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए चुनाव के दौरान कहीं से कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए संयुक्त पुलिस आयुक्त नवीन अरोड़ा लगातार खुद ही कई मतदान केंद्रों का जायजा लेते हुए नजर आए।

**पुरानी और नयी वोटर लिस्ट के फेर में फंसे मतदाता: सरोजनीनगर।** शिक्षक और स्नातक निर्वाचन एमएलसी चुनाव में मंगलवार को कुछ लोग वोट नहीं डाल पाए। सरोजनीनगर ब्लॉक कार्यालय पर बनाए गए इस मतदान केंद्र में बीएलओ की पर्चियों से उनका मिलान नहीं हो सका। जिसकी वजह से वह वोट डालने से वंचित रह गए। इसको लेकर उन्होंने हंगामा किया। साथ ही इसका विरोध करते हुए उन्होंने डीएम अभिषेक प्रकाश को कॉल कर गड़बड़ी की जानकारी दी। बाद में डीएम ने मामले की जांच पड़ताल के लिए सरोजनीनगर एसडीएम को मौके पर भेजा। जिसके बाद मामला शांत हो सका। शिक्षक और स्नातक निर्वाचन एमएलसी चुनाव के लिए सरोजनीनगर ब्लॉक कार्यालय को मतदान केंद्र बनाया गया था। मंगलवार को यहां मतदान हो रहा था, तभी वोट डालने पहुंचे कुछ लोगों को वोट डालने से रोक दिया गया। उधर सरोजनीनगर एसडीएम ने हंगामे से इंकार किया है।

## लॉकडाउन में रिमांड आदेश जारी नहीं करने वाले मजिस्ट्रेट और सेशन जजों की सूची तलब

विधि संवाददाता। लखनऊ



**लॉकडाउन** के रिमांड आदेश जारी नहीं करने वाले लखनऊ और हरदोई के मजिस्ट्रेटों व सेशन जजों की सूची हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने तलब की है। पीठ ने 25 मार्च 2020 से 16 जून 2020 के दौरान रिमांड जारी नहीं करने पर तल्ख टिप्पणी की है। कहा है कि 25 मार्च 2020 को जारी चीफ जस्टिस के आदेश को नहीं समझते हुए मजिस्ट्रेटों और सेशन जजों ने अपने कर्तव्यों का त्याग कर दिया। पीठ ने 10 दिसंबर को इस मामले मे आगे के विचार के लिए लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ निबंधक व यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव को भी हाजिर होने का आदेश दिया है।

जस्टिस एआर मसूदी की एकल पीठ ने यह आदेश अभिषेक श्रीवास्तव और संजीव यादव की जमानत याचिका पर दिया है। पीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि 16 जनवरी को अभिषेक को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। मजिस्ट्रेट ने इसे न्यायिक हिरासत में 14 दिन के लिए जेल भेज दिया। इसके बाद आखिरी रिमांड आदेश 25 मार्च तक के लिए जारी किया गया। 25 मार्च के पूर्व ही राष्ट्रीय स्तर पर लॉकडाउन लागू हो गया। जिसकी वजह से इसका रिमांड ऑर्डर नहीं बढ़ाया जा सका। पीठ का कहना था कि 25 मार्च को चीफजस्टिस ने एक आदेश जारी कर आवश्यक मामलों व कार्यों के लिए अदालत खोलने का आदेश दिया था। पीठ ने यह भी पाया कि मुल्जिम के मामले में उसकी गिरफ्तारी के बाद 90 दिन की अवधि बीत जाने के पश्चात आरोप पत्र दाखिल किया गया। लेकिन मजिस्ट्रेट ने उसकी डिफाल्ट जमानत अर्जी को नामंजूर कर दिया। पीठ ने दूसरे मुल्जिम संजीव यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए भी यही बात पाई। इस मामले में भी 90 दिन की अवधि बीत जाने के बाद आरोप पत्र दाखिल किया गया था। लेकिन डिफाल्ट जमानत की अर्जी खारिज कर दी गई। पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान पूर्व आदेश के अनुपालन में लखनऊ के जिला जज की रिपोर्ट पेश की गई। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लॉकडाउन के कारण अदालतों के बंद होने की स्थिति में 25 मार्च 2020 से 16 जून 2020 तक नए मामलों के सिवा कोई भी रिमांड आदेश पारित नहीं किया गया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में 25 मार्च 2020 को जारी चीफजस्टिस के आदेश का भी जिक्र किया है। जिसके तहत लॉकडाउन व कोरोना की वजह से हाईकोर्ट के अधीनस्थ अदालतों को बंद करने का आदेश पारित किया गया था। एकल पीठ ने का इस पर कहना था कि चीफजस्टिस के उक्त आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया था कि जमानत व रिमांड की सुनवाई अवकाश के दिनों की भांति चलती रहेगी। लेकिन यह आश्चर्यचकित करने वाली बात है कि सेशन जजों और मजिस्ट्रेटों ने उक्त आदेश को समझा ही नहीं और सिर्फनए रिमांड पर सुनवाई की। जबकि जिला जजों का यह दायित्व था कि वे रिमांड के लिए मजिस्ट्रेटों व सत्र न्यायाधीशों की ड्यूटी लगाते, भले ही अदालतें बंद थीं। एकल पीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि यह अदालत इस टिप्पणी के लिए मजबूर है कि अदालतें बंद होने की वजह से मजिस्ट्रेटों और सेशन जजों ने काम नहीं कर अपने दायित्वों का त्याग किया है। पीठ ने इसके साथ ही इन दोनों मुल्जिमों की जमानत याचिकाएं मंजूर कर लीं।

## सिविल अस्पताल में बढ़ेंगे 300 अतिरिक्त बेड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूचना** विभाग के भवन को सिविल अस्पताल को हैंडओवर किये जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन इसमे ज्यादा तोड़फोड़ के पक्ष में नहीं है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बिल्डिंग को हॉस्पिटल के नजरिये से डिजाइन करने की जरूरत है। जिससे पूरा परिसर अस्पताल में शामिल हो सके। फिलहाल अभी अस्पताल प्रबंधन की तरफ से 300 अतिरिक्त बेड बढ़ाये जाने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है। अस्पताल के सीएमएस डॉ एसके नंदा ने बताया कि मौजूदा समय में यहां 400 बेड हैं। अस्पताल में सभी महत्वपूर्ण पैथोलॉजी जांच समेत सीटी स्कैन, एक्सरे इत्यादि की सुविधा है। यहां का बर्न विभाग विशेष महत्व वाला है, जिसमें 50 से अधिक बेड हैं। राजधानी के अलावा यहां आसपास के जनपदों बाराबंकी, अमेठी, रायबरेली, सुल्तानपुर, अयोध्या, हरदोई, अंबेडकर नगर, बहराइच, श्रावस्ती के जले, कटे व झुलसे हुए मरीज इलाज के लिए आते हैं। अब यहां 300 बेड अतिरिक्त बढ़ने से कुल बेड की संख्या 700 हो जाएगी। ऐसे में बलरामपुर अस्पताल के बाद बेड संख्या के लिहाज से दूसरा बड़ा अस्पताल बन जाएगा।

### एमआईएम नेता मोहम्मद कदीर खान की जमानत मंजूर

**लखनऊ।** अमेठी की एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में निरुद्ध एमआईएम नेता मोहम्मद कदीर खान की जमानत अर्जी हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर ली है। जस्टिस राजेश सिंह चैहान की एकल पीठ ने यह आदेश कदीर की जमानत याचिका पर दिया है।

## कोरोना से 21 से 40 वर्ष की आयु वाले ज्यादा संक्रमित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे में** कोरोना से ग्रसित होने वालों में सबसे अधिक संख्या 21 से 40 वर्ष की आयु के बीच के व्यक्ति शामिल हैं। जबकि सबसे कम संख्या 60 वर्ष या इससे ऊपर वालों की है। इसके पीछे शायद वजह इनका कम मूवमेंट हो सकती है।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि कोरोना पॉजिटिव पाये गये लोगों में 0-20 आयु वर्ग के 13.4 प्रतिशत, 21-40 आयु वर्ग के 46.83 प्रतिशत, 41-60 आयु वर्ग के 29.37 प्रतिशत और 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 10.34 प्रतिशत हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में फोकस टेस्टिंग के अभियान 29 अक्टूबर से 12 नवम्बर 2020 तक तथा 19 नवम्बर से 30 नवम्बर 2020 तक चलाकर टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, रिक्शा चालकों, मेंहदी, ब्यूटी पार्लर, मिठाई की दुकानों, रेस्टोरेंट में कार्य करने वाले लोग, धर्म स्थलों, शॉपिंग मॉल, इलेक्ट्रॉनिक्स और



व्हीकल शोरूम, स्ट्रीट वेण्डर्स, दवा की दुकान-नर्सिंग होम, वेण्डर्स-फल-सब्जी वेण्डर्स में संक्रमित लोगों की पहचान की गयी है। फोकस टेस्टिंग अभियान के अन्तर्गत 12,290 संक्रमित लोगों की पहचान की गयी है। उन्होंने बताया कि फोकस टेस्टिंग के माध्यम से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों तथा महत्वपूर्ण स्थानों की फोकस टेस्टिंग कर संक्रमित लोगों की पहचान करने से त्यौहारों के समय कोविड.19 संक्रमण को बढ़ने से रोकने में सहायता मिली। 1, 2 व 3 दिसम्बर 2020 को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत बैण्ड-बाजा, लाइट, टैण्ट, मैरिज हॉल, डीजे के स्टॉफ की फोकस टेस्टिंग करायी जायेगी।

### राजधानी में 240 व सूबे में कोरोना के 1703 नए केस

**लखनऊ( पीएनएस )।** राजधानी में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बरकरार है। मंगलवार को राजधानी में कोरोना के 240 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1703 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 23670 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3573 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7788 मरीजों की और राजधानी में 1002 की मौत हो चुकी है।

विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 537,757 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2059 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 514,087 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा आज कुल 309 रोगियों को स्वस्थ होने के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। 9706 लोगो के सैम्पल लिये गये हैं। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 18, गोमती नगर 22, रायबरेली रोड 15, आलमबाग 10, चौक 19, आशियाना 14, तालकटोरा 12, विकास नगर 10, हजरतगंज 11, चिनहट 10, जानकीपुरम 13, हसनगंज 10 स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वहीं आज आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 97 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से सभी 97 रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 58 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 39 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

## चीनी मिल में नौकरी लगाने के नाम पर छह लाख की ठगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोमतीनगर** थाने में सहकारी चीनी मील के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक चेतन शर्मा ने नौकरी का झांसा देकर छह लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। चेतन शर्मा का आरोप है कि एक शुगर कम्पनी के मालिक बनकर वीके मिश्र नाम के व्यक्ति ने उन्हें महाप्रबंधक की नौकरी का प्रस्ताव दिया था। इसके साथ ही उसने चीनी फैक्टरी डालने की बात कहते हुए उनसे छह लाख रुपये की मदद मांगी। वह उन्हें अपनी चीनी फैक्टरी ले गया, जहां उसने किसी भानू को अधिकारी बताते हुए मुलाकात कराई। पीड़ित ने बताया कि वीके मिश्र के जाल में फंसकर उसने उसे रुपये दे दिए। ऐसे आरोप लगाए गये है। इसके बाद उन्होंने नौकरी के लिए कहा तो वीके मिश्र ने टरका दिया। उन्होंने रुपये वापस मांगे तो धमकी देते हुए भगा दिया गया। पीड़ित ने पड़ताल की तो जानकारी हुई कि उन्हें जिस चीनी कम्पनी में अधिकारी बताया था, वहां उस नाम का कोई व्यक्ति कभी रहा ही नहीं। गोमतीनगर इंस्पेक्टर धीरज कुमार का कहना है कि सहकारी चीनी मील में नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये ठगने का चेतन शर्मा की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिस पर जांच की जा रही है। साथ ही आरोपी तलाश में भी पुलिस लगी है, जांच के बाद ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए और टीमें लगाकर जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


### प्लाट के नाम पर पूर्व सैनिक से लाखों रुपये हड़पे

**लखनऊ।** गोमतीनगर इलाके में शाइन सिटी कम्पनी के खिलाफ एक पूर्व सैनिक ने प्लाट दिलवाने के नाम पर 3.68 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया गया है। अपने साथ हुई ठगी के सम्बंध में पीड़ित ने कम्पनी मालिक सहित 17 लोगों के खिलाफ गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार पटना के दानापुर इलाके में पूर्व सैनिक लालेंद्र कुमार सिंह परिवार के साथ रहते हैं। वर्ष 2018 में उनको गोमतीनगर स्थित शाइन सिटी कंपनी के बारे में पता चला था। कंपनी से संपर्क करने पर सस्ते दाम में प्लाट दिलवाने की बात कही गई थी। पीड़ित ने कंपनी की वाराणसी में हो रही प्लाटिंग में 3200 स्क्रायर फुट का एक प्लॉट बुक कराया था। उन्होंने कम्पनी को 3.68 लाख रुपए भुगतान किया। कुछ समय के बाद उन्हें पता चला कि कंपनी ने जो प्लॉट बुक किया है, वह यूपी रेरा के तहत रजिस्टर नहीं है। इस पर उन्होंने कंपनी के लोगों से अपने रुपए वापस मांगे तो टालमटोल करने लगे। देखते देखते 30 महीने बीत गए उन्हें ना तो प्लाट मिला और ना ही रुपए वापस हुए।

### ओएलएक्स पर मोटर साइकिल खरीदने के बहाने हुई ठगी

**लखनऊ।** साइबर जालसाज ने सुशांत गोल्फ सिटी निवासी एक व्यक्ति को ओएलएक्स पर मोटरसाइकिल खरीदने का झांसा देकर हजारों रुपए ठग लिए। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के अवध विहार योजना निवासी विवेक श्रीवास्तव ने कुछ दिन पहले अपनी मोटरसाइकिल का फोटो ओएलएक्स पर अपलोड किया था। बीते शनिवार की सुबह उनके पास एक कॉल आई कॉलर ने बाइक खरीदने की इच्छा जाहिर करते हुए एडवांस के तौर पर ऑनलाइन पेमेंट करने को कहा। इस दौरान जालसाज ने यूपीआई के माध्यम से उनके खाते में 2 ट्रांजैक्शन का लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही उनके खाते से कई बार में 85000 रुपये निकल गए।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर ठगने वाला जालसाज गिरफ्तार



**लखनऊ।** राजधानी की गोमती नगर पुलिस ने एक जालसाज को धर दबोचा। पकड़ा गया जालसाज प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लोगों से पैसा हड़पने का काम करता था प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर धीरज कुमार ने बताया कि कैरियर मेकर इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर आशीष कुमार पटेल जो कि पूर्व में साइंस सिटी कंपनी में काम करता था, प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर पूर्वांचल देहात प्रोजेक्ट के माध्यम से लोगों से धोखाधड़ी कर रहा था। योजना के तहत प्रोजेक्ट में प्लाट दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठ रहा था जिसकी शिकायत कई लोगों ने गोमती नगर थाने में की थी। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर टीम गठित की गई थी टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को निरीक्षक रत्नेश कुमार सिंह और उनकी टीम ने उसे धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी के पास से दो लैपटॉप, दो मोबाइल कैरियर, ग्रुप की मोहरे और प्रधानमंत्री आवास के भरे हुए फॉर्म मिले।

# राधा मोहन पहुंचे लखनऊ, आगामी चुनावों पर होगा मंथन

● राजधानी पहुंचने पर बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी का हुआ भव्य स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**बीजेपी** के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह अपने दो दिवसीय लखनऊ प्रवास पर लखनऊ पहुंचे, एयरपोर्ट पर सरकार से लेकर संगठन तक सभी लोगों ने उनका स्वागत किया। राधा मोहन को प्रदेश की जिम्मेदारी मिलने के बाद पहला दौरा है। यूपी में विधान सभा के उप चुनाव के बाद एमएलसी चुनाव हो गए हैं। अब पंचायत चुनाव अगले साल होने हैं। पंचायत चुनाव के बाद विधान सभा चुनाव होंगे। यूपी का यह पहला दौरा होने के कारण राधा मोहन चुनाव संबन्धी जानकारी को लेकर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और संगठन महामंत्री सुनील बंसल से फीड बैक लेंगे। उसके बाद यूपी में चुनाव को लेकर विभिन्न कार्यक्रम पर चर्चा होगी जो कि नए साल से शुरू होंगे। राधा मोहन के साथ प्रदेश के सह प्रभारी सुनील ओझा, सत्या कुमार व संजीव चौरसिया भी आए हैं। राधा मोहन सिंह दो दिसंबर को पार्टी मुख्यालय पर होने वाली पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक सहित अन्य बैठकों में उपस्थित रहकर आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और विषयों पर चर्चा करेंगे।

राधा मोहन सिंह मंगलवार दोपहर 1 बजे लखनऊ पहुंचे। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर स्वतंत्र देव सिंह व अन्य पार्टी पदाधिकारियों व प्रमुख नेताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर प्रदेश प्रभारी का कैबिनेट मंत्री डा महेन्द्र सिंह, ब्रजेश पाठक सहित पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई, विजय बहादुर पाठक, संतोष सिंह, प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर, गोविन्द नारायण शुक्ला सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने एयरपोर्ट पर स्वागत व अभिनंदन किया। गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की उपस्थिति व प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा, सत्या कुमार, संजीव चौरसिया, सुनील बंसल, प्रदेश सह संगठन महामंत्री सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी व क्षेत्रीय अध्यक्ष सम्मलित होंगे। प्रदेश प्रभारी पार्टी कार्यालय पर आयोजित अन्य संगठनात्मक बैठकों में भी सम्मलित होंगे। राधा मोहन सिंह ने हजरतगंज स्थित आवास पर पहुंचकर पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार व मध्यप्रदेश के राज्यपाल रहे स्वर्गीय लालजी टण्डन के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

# किशोरियों को मिलेगी आयरन व एल्बेंडाजोल की गोली

● बेसिक शिक्षा अधिकारी को हर माह उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाली किशोरियों की रिपोर्ट महानिदेशक राज्य पोषण मिशन को देनी होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पोषण** अभियान के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को हर माह उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाली किशोरियों की रिपोर्ट महानिदेशक राज्य पोषण मिशन को देनी होगी।

रिपोर्ट में कक्षा 6 से कक्षा 8 में पढ़ने वाली किशोरियों को दी जाने वाली आयरन व एल्बेंडाजोल गोली का जिक्र शामिल रहेगा। निदेशक बेसिक शिक्षा डॉ सर्वेन्द्र विक्रम सिंह के स्तर से सभी बीएसए को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रतिमाह गूगल शीट पर किशोरियों से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराया जाय। बता दें कि किशोरियों को कुपोषण एवं एनीमिया से बचाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। एनीमिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो स्वास्थ्य के साथ साथ शारीरिक व मानसिक क्षमता को भी विपरीत रूप से प्रभावित करती है। हमारे रक्त में हीमोग्लोबिन नामक तत्व है जो प्रोटीन एवं आयरन का संयोजन होता है। इस तत्व के कारण ही रक्त लाल दिखाई देता है। रक्त में आवश्यक स्तर से कम हीमोग्लोबिन की मात्रा होने की स्थिति को एनीमिया कहते हैं। हीमोग्लोबिन मुख्य रूप से बोनमेरो में बनता है। इसके निर्माण हेतु आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12 एवं कई सूक्ष्म पोषक तत्व अति आवश्यक हैं।

# आज से एलयू में लगेंगी रेगुलर कक्षाएं, 50 फीसदी छात्र ही आएंगे परिसर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के चलते तकरीबन आठ माह से आम छात्रों के लिए बन्द लखनऊ विश्वविद्यालय के ताले बुधवार से खुल जाएंगे। हालांकि केवल 50 फीसदी स्टूडेंट्स ही कैम्पस आएंगे। जबकि ऑनलाइन मोड पर विवि प्रशासन पढ़ाई जारी रखेगा। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी में एग्जाम पर फोकस करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सबसे पहले ग्रेजुएशन के

● दिसम्बर के अंत तक होंगी बैक पेपर की परीक्षाएं

विभिन्न कोर्सेज की बैक पेपर एग्जाम भी कराने का निर्णय लिया है। बैक पेपर एग्जाम दिसंबर के अंतिम सप्ताह में होंगे। दरअसलए स्नातक समेत अन्य कोर्सेज के बैक पेपर एग्जाम हर साल अगस्त सितंबर में आयोजित होते थे। मगर इस बार कोरोना संक्रमण के चलते फाइनल एग्जाम देर से हुए। इसके चलते बैक पेपर एग्जाम को भी आगे बढ़ाना पड़ा। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा बैक पेपर एग्जाम के लिए फार्म भरवाया जा रहा है। फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर निर्धारित है। इसके बाद दिसंबर के अंतिम सप्ताह में बैक पेपर एग्जाम आयोजित की जाएंगी। फिलहाल, परीक्षाओं को लेकर विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो एएम सक्सेना का कहना है कि स्नातक के फाइनल कोर्सेज के बैक पेपर एग्जाम को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यूजी के ऑड सेमेस्टर का कोर्स भी लगभग पूरा हो चुका है। हमारा पूरा प्रयास है कि जनवरी के अंत में ऑड सेमेस्टर के एग्जाम पूरा करा लें।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य पर लघु वन उत्पादों को खरीदने के लिए उत्तर प्रदेश वन निगम नामित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग मंत्री रमापति शास्त्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जनजातियों के आर्थिक विकास के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चिन्हित 87 लघु वन उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किये जाने हेतु उत्तर प्रदेश वन निगम को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। इसके लिए जनजाति विकास और उत्तर प्रदेश वन निगम के बीच अनुबन्ध किया गया है। शास्त्री ने बताया कि कार्यदायी संस्था को 320 लाख की धनराशि उपलब्ध करायी गयी है। शास्त्री ने बताया कि योजनान्तर्गत कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी गयी धनराशि से प्रदेश की अनुसूचित जनजातियों के स्वयं सहायता समूह बनाते हुये समूह द्वारा संकलित किये गये लघु वन उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किया जायेगा तथा उसको परिष्कृत करते हुये ट्राइफेड के माध्यम से उत्पादों की पैकेजिंग तथा मार्केटिंग की जायेगी। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड के एफपीओ के माध्यम से क्षेत्र में योजना के क्रियान्वयन हेतु तकनीकी सहयोग लिया जायेगा।

## कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल का टॉप इन द कन्ट्री अवार्ड सीएमएस छात्रा को



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के कैम्ब्रिज सेक्शन की मेधावी छात्रा अनाहिता सिंह को कैम्ब्रिज एसेसमेन्ट इण्टरनेशनल एजूकेशन बोर्ड द्वारा आउटस्टैन्डिंग कैम्ब्रिज लर्नर अवार्डस के अन्तर्गत 'टॉप इन द कन्ट्री' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अनहिता को यह पुरस्कार वर्ष 2019-20 में सम्पन्न हुई कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रदान किया गया है। अनहिता को यह पुरस्कार द्वितीय भाषा के रूप में हिन्दी के लिए प्रदान किया गया। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने प्रतिभाशाली छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। डा. गाँधी ने सीएमएस शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया कि उनकी बदौलत विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। शैक्षिक क्षेत्र में सीएमएस छात्रों की उल्लेखनीय सफलता से यह स्पष्ट हो चुका है कि लखनऊ में भरपूर प्रतिभा है और लखनऊ अब राष्ट्रीय पटल पर शैक्षिक केन्द्र के रूप में स्थापित हो चुका है।

## पाइप में लीकेज, बर्बाद हो रहा सैकड़ो लीटर पेयजल



मोहनलालगंज। जलनिगम की लापरवाही से मोहनलालगंज के मऊ नहर पुल पर प्रतिदिन सैकड़ो लीटर पेयजल रोड पर बहकर बर्बाद हो रहा है। पेयजल आपूर्ति के लिए डाली गई लोहे की पाइप लीक होने से दिन भर बहते पानी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल हो चुकी हैं। लेकिन जलनिगम अधिकारियों की कुम्भकर्णी नींद फिर भी नही टूट सकी है। मोहनलालगंज के मऊ गांव में ग्रामीण पेयजल योजना के तहत बनाई गई पानी की टंकी से इन्द्रजीतखेड़ा तक पेयजल आपूर्ति किए जाने के लिए पाइपलाइन बिछाई गई है। लेकिन मऊ नहर पुल पर लाइन में लगाया गया लोहे का पाइप लीक होने से सुबह से शाम तक आपूर्ति के दौरान पेयजल सड़क पर बहकर बर्बाद होता रहता है। सुबह टहलने निकलने वाले जागरुक लोग इसकी फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर अधिकारियों से भी शिकायत कर चुके हैं। लेकिन जन जीवन के लिए संजीवनी पेयजल की बर्बादी को लेकर जिम्मेदार अधिकारी संजीदा नहीं हैं। लिहाजा माह भर बाद भी लीक पाइप की मरम्मत कराकर पेयजल की बर्बादी अब तक नहीं रोंकी जा सकी है। जेई अवधेश शर्मा ने बताया शिकायत की जानकारी नहीं थी। फौरन टीम भेजकर लीक पाइप की मरम्मत कराई जाएगी।

## देशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** वजीरगंज थाना क्षेत्र से उपनिरीक्षक अर्पित कुमार सिंह ने अभियुक्त सिराज पुत्र शराफत अली वाहिद वाहिद अली पुत्र पुन्ने को रिवर बैंक कॉलोनी के पास से 4 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र से उप निरीक्षक राजवीर सिंह ने अभियुक्त जीतेंद्र रावत पुत्र धनीराम निवासी महेश खेड़ा को मरूई बाजार पेट्रोल पंप के सामने से 14 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वहीं चिनहट थाना क्षेत्र से उपनिरीक्षक मोहम्मद यासीन ने अभियुक्त अखिलेश कुमार पुत्र राजेंद्र निवासी रेउसा को चिनहट तिराहा के पास से 56 पव्वा देसी शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफआबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

## यूपी-112 ने 7132 गुमशुदा महिलाओं को उनके परिजनों तक पहुंचाया

**लखनऊ।** महिलाओं को त्वरित सहायता मिल सके इस बात को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी .112 ने पूरे प्रदेश में 300 महिला पीआरवी संचालित कर रखी हैं । एडीजी असीम अरुण ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से 23 नवम्बर तक 112 ने 7132 गुमशुदा, रास्ता भटकी महिलाओं को उनके परिजनों तक पहुंचाने का कार्य किया है। गुमशुदाध्रास्ता भटकी महिलाओं के सम्बन्ध में 112 ने सबसे अधिक मदद पहुंचाने का कार्य जुलाई, सितम्बर और अक्टूबर माह में किया 112 ने जुलाई में 729, सितम्बर में 787 और अक्टूबर में 770 महिलाओं को उनके परिजनों या रिश्तेदारों से मिलवाने का काम किया। 1 नवम्बर से 23 नवम्बर तक 523 महिलाओं तक सहायता पहुंचाई गयी है। जनवरी, फरवरी और मार्च महीने में मदद पहुंचाने का ये आंकड़ा 1947 का रहा। लॉक डाउन के दौरान जब लोग घरों से कम ही निकल रहे थे उस दौरान महिलाओं के गुमशुदा भटकने की शिकायतें भी 112 के पास कम आयीं। अप्रैल में गुमशुदगी की 485, मई में 584 और जून में 602 मामले 112 के पास आए।

# पुलिस आरक्षी चालक के घर लाखों की चोरी

●परिवार के साथ गया था अपने गांव, तभी चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मड़ियांव** के आईआईएम रोड पर पुलिस आरक्षी चालक के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने ज्वैलरी समेत नकदी पर हाथ साफकर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रायपुर, मड़ियांव निवासी रोहित कुमार पुलिस में आरक्षी चालक के पद पर कार्यरत हैं। पीड़ित रोहित के अनुसार दिवाली के दो दिन पहले परिवार के साथ वह अपने मूल निवास इटावा गया था और वहीं से वह बाहर डयूटी पर चला गया। रविवार को डयूटी से लौटकर वापस आया तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है। घर के अन्दर जाने पर देखा कि अलमारी का लाक टूटा हुआ तथा सारा समाना अस्तव्यस्त पड़ा था। रोहित ने बताया कि घर की अलमारी में रखा एक सोने का हार, दो चेन , कानो की झुमकी, कानों के कुण्डल, एक मंगल सूत्र, चार अंगूठी, एक नाक की नथुनी, एक बेंदा समेत 62000 रुपये नकदी को चोर चुरा ले गए। पीड़ित ने मड़ियांव पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर इलाके में बेखौफचोरों ने एक सीनियर फार्मेसिस्ट के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के गहने व हजारों की नगदी पार कर दी। मंगलवार सुबह घर लौटे सीनियर फार्मेसिस्ट को इसकी जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। आनन-फानन घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस और फारेंसिक टीम ने मौके की पड़ताल की। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर चोरों का सुराग लगाने के लिए पुलिस आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। सरोजनीनगर के वास्तुम सिटी, न्यू गुड़ौरा में महेंद्र सिंह यादव पिछले करीब दो वर्षों से मकान बनाकर परिवार सहित रहते हैं। महेंद्र सिंह यादव राजधानी स्थित हेल्थ विभाग में सीनियर फार्मेसिस्ट के पद पर तैनात हैं। महेंद्र के मुताबिक बीती 26 नवंबर को वह अपने परिवार सहित अपनी साली की शादी में शामिल होने कानपुर गए थे। मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे जब वह वापस अपने घर लौटे तो मेन गेट के अलावा अंदर दो कमरों के ताले टूटे मिले। जबकि कमरों के अंदर सारा सामान बिखरा होने के साथ ही दो अलमारियों के भी ताले टूटे मिले। अंदर रखा बेड खुला हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरों ने आराम से कमरे, अलमारी और बेड को खंगाला है। महेंद्र ने बताया कि जब जांच पड़ताल की गई तो वहां रखी करीब 4 लाख रुपए की ज्वेलरी और 30 हजार रुपए गायब मिले। कमरों के अंदर का दृश्य और गहने व नगदी गायब देख महेंद्र के होश उड़ गए। बाद में उन्होंने घटना की सूचना आनन-फानन सरोजनीनगर पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल की। बाद में सूचना पाकर कृष्णा नगर एसीपी हरीश भदौरिया के अलावा फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची।

## प्रॉपर्टी डीलर के घर से एक लाख रुपये और जेवर चोरी

**लखनऊ।** मड़ियांव के गणेश बिहार कालोनी में बेखौफ चोर एक प्रॉपर्टी डीलर के बंद घर को निशाना बनाते हुए एक लाख रुपये और जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। फैजुल्लागंज के गणेश विहार कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर आशीष मौर्या परिवारीजनों के साथ रहते हैं। आशीष के मुताबिक रविवार को वह परिवार के साथ अपने पैतृक गांव गए थे। मंगलवार को वापस लौटने पर घर के कमरों के ताले टूटे मिले। अंदर आलमारी के भी ताले टूटे और सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित के मुताबिक चोर अलमारी में रखे एक लाख रुपये समेत काफी मात्रा में जेवर चोरी कर ले गए। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और चोरों का सुराग लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## तिलक समारोह में आए युवक की बाइक चोरी

**संवाददाता।** निगोहां

**थाना क्षेत्र** के मस्तीपुर गांव में स्थित एक निजी रिसार्ट में आयोजित तिलक समारोह में परिवार सहित शामिल होने आये युवक की बाइक बैखोफ चोरो ने उड़ा दी तिलक समारोह में शामिल होकर रिसार्ट से बाहर निकले युवक ने बाइक गायब देखी तो उसके होश उड़ गये। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता ना चलने पर पीड़ित युवक ने पुलिस से बाइक चोरी के मामले की लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की बजाय पीड़ित को जांच की बात कहकर चलता कर दिया। उतराँवा के अहिमाखेड़ा निवासी रामनरेश ने बताया सोमवार की रात साढे सात बजे के करीब वो अपनी हीरो स्पेलेन्डर बाइक से परिवार के साथ मस्तीपुर गांव में स्थित एक निजी रिसार्ट में आयोजित अपने रिश्तेदार के तिलक समारोह में शामिल होने आया था, बाइक रिसार्ट के बाहर खड़ी कर परिवार तिलक समारोह में शामिल होने चला गया, कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस लौटा तो बाइक मौके से गायब थी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, त्रयोदश खण्ड (वि0/याँ0), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ
पत्रांक : 1362/एम-6/265
दिनांक : 23.11.2020
अल्प कालीन निविदा सूचना
उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से S.I.T.C. and Operation & Maintenance of Pumping Plant alongwith Switch Gear, Main Piping, Valves & Automatic Voltage stabilizer complete at Gandhavi W/S scheme Tubewell No.-2 Zone-2 & Behta Kala Reorg. W/S scheme Tw-3 (Zone-I) Raibareli हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 30.11.2020 से दिनांक 05.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक पम्पिंग प्लान्ट की आपूर्ति, अधिष्ठापन में पर्याप्त अनुभव रखने वाली फर्मो/कान्ट्रैक्टर को की जायेगी तथा निविदा दिनांक 07.12.2020 को अपरान्ह 3:30 बजे अधिशासी अभियन्ता, त्रयोदश खण्ड, (वि0/याँ0), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा की बिक्री कार्यालय समय में अधिशासी अभियन्ता, त्रयोदश खण्ड, (वि0/याँ0), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ एवं परियोजना प्रबन्धक (चतुर्थ), निर्माण इकाई (वि0/याँ0), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ एवं अधीक्षण अभियन्ता, निरीक्षण मण्डल जल निगम, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य क्रमशः रू0 1000.00+18% GST है। निविदा सूचना से सम्बन्धित विवरण जल निगम की वेब साईट www.jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# एचआईवी संक्रमित को आम नागरिक की तरह जीने का अधिकार: अश्वनी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विश्व** एड्स दिवस पर मंगलवार को उप्र राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी द्वारा एचआईवी-एड्स विषय पर लोगों को जागरूक किए जाने के क्रम में राज्य व जनपद स्तर पर वृहद स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम कराये गये। इस मौके पर नाको भारत सरकार द्वारा एक नैशनल लेवल वर्चुअल इवेन्ट का आयोजन किया गया। वर्चुअल इवेन्ट में स्वास्थ्य राज्य मंत्री, भारत सरकार अश्वनी कुमार चौबे ने कहा कि एचआईवी संक्रमण के साथ जी रहे लोगों को मुख्य धारा में लाये जाने के लिए, उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, कार्य आदि सभी क्षेत्रों में समान अधिकार दिये जाने के लिए जरूरी है। सोसाइटी के परियोजना निदेशक पंकज कुमार ने कहा कि इस कठिन दौर में भी जिस तरह जनपदों पर कार्यरत कार्मिकों, स्वयं सेवी संस्थाओं आदि ने एचआईवी संक्रमित लोगों को दवा और जरूरी राशन सामग्री पहुचाने के लिए अथक प्रयास किए हैं, उप्र राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करती है। इस बार विश्व एड्स दिवस की विषय वस्तु वैश्विक एकजुटताए साझा जिम्मेदारी है।साथ ही प्रदेश के बीएसएनएल उपभोक्ताओं को नाको टोल फ्री हैल्प लाइन नं 1097 के अधिकाधिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रमोशनल एसएमएस भेजे जा रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश के सभी जनपदों में जन जागरूकता स्टॉल लगाये गये, जहाँ एचआईवी-एड्स विषय पर लोगों को जागरूक करते हुए नि:शुल्क परामर्श एवं नि:शुल्क एचआईवी जॉच की सुविधा दी गयी है। प्रत्येक जिले में कुल चार जन जागरूकता स्टॉल लगाये गये हैं। सभी स्टॉलों पर एचआईवी-एड्स विषय पर सोसाइटी द्वारा तैयार की गयी जागरूकता विषयक सामग्री का वितरण किया गया।

## एचआईवी संक्रमित महिला भी बन सकती है मां: सीएमओ

**लखनऊ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय भटनागर ने कहा कि एचआईवी संक्रमित महिला भी मां बन सकती है। गर्भस्थ शिशु को संक्रमण से बचाया जा सकता है। सीएमओ मंगलवार को प्लान इंडिया, ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड व गिव इंडिया के सुरक्षा प्रोजेक्ट के तहत विश्व एड्स दिवस पर आयोजित एचआईवी संक्रमित माताओं के राशन किट वितरण कार्यक्रम के दौरान कहीं। डॉ भटनागर ने कहा कि हर वर्ष 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष वैश्विक एकजुटता साझा जिम्मेदारी, इसकी थीम रखी गई है। इस दिवस को आयोजित करने का उद्देश्य एचआईवी रोग के प्रति विश्व को एकजुट करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय भटनागर ने वहां उपस्थित महिलाओं को कोरोना से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मास्क जरूर लगायें, भीड़भाड़ वाले जगह पर 2 गज की दूरी बनायें और बार-बार साबुन और पानी से हाथ धोते रहें। जहां तक संभव हो घर से न निकलें। जब तक वैक्सीन नहीं आ जाती तब तक आप लोग सावधानी बरतें और जो भी दवाएं आपको एआरटी द्वारा दी जा रहीं हैं उनका नियमित रूप से सेवन करें। पौष्टिक आहार का सेवन करें यह आपके शरीर की रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

इस अवसर पर प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अजय राजा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के प्रयास से जिले में कई एचआईवी संक्रमित महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया है। संक्रमित महिलाओं का सुरक्षित प्रसव होना इसलिए संभव हुआ क्योंकि सभी गर्भवती महिलाओं ने बच्चे के जन्म से पहले अपना एचआईवी टेस्ट कराया था। एचआईवी टेस्ट में पॉजिटिव रिपोर्ट आते ही पीड़ित गर्भवती महिलाओं का इलाज शुरू कर दिया गया।

कार्यालय परियोजना प्रबंधक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0/यां0) नलकूप विंग, यूनिट-द्वितीय, उ0प्र0 जल निगम, 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
पत्रांक 2137/कार्य-9/(20)/307
दिनांक:- 25.11.2020
अल्पकालीन निविदा सूचना
उ0प्र0 जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद रायबरेली में Supply and Laying of 200 MM Dia K-9 D.I Pipe (Confirming to IS 8329 (2000)) कार्यो हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 01.12.2020 से 05.12.2020 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉ0, नलकूप विंग, यूनिट-द्वितीय उत्तर प्रदेश जल निगम 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉ0, नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+ 18% जी0एस0टी0 (1000.00 + 180.00 = 1180) है। निविदा के कार्यो का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा सूचना :-
निविदा विक्रय की तिथि - 01.12.2020 से 05.12.2020 अपरान्ह 01.00 बजे।
निविदा डालने की तिथि - 05.12.2020 अपरान्ह 03.00 बजे।
निविदा खोलने की तिथि - 05.12.2020 अपरान्ह 04.00 बजे।

isfc
इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी (आईएसएफसी)
पंजीकृत कार्यालय : यूनिट 8-2-269/2/52, प्लॉट नंबर 52, सागर सोसायटी, रोड नंबर 2, बंजारा हिल्स, हैदराबाद-500034
कब्जा सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के अधीन। (परिशिष्ट-4)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड (इसमें आगे आईएसएफसी कही गई है) ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर को एक मांग सूचना जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने आईएसएफसी की ओर से उक्त नियमावली के नियम 8(1) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर को तथा सर्वसाधारण को संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईएसएफसी की निम्नवर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रथम प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/पता और ऋण संख्या | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना दिनांकित और राशि | कब्जा लेने की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | जबकि अधोहस्ताक्षरी ने इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड (इसमें आगे आईएसएफसी कही गई है) ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर को एक मांग सूचना जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने आईएसएफसी की ओर से उक्त नियमावली के नियम 8(1) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर को तथा सर्वसाधारण को संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईएसएफसी की निम्नवर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रथम प्रभार के अधीन होगा। | सम्पत्ति सं. 1 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : ग्राम सराय खास, परगना, तहसील और जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश स्थित प्लॉट/मकान परिमाप 194.64 वर्ग मीटर। चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर :- श्री अशोक की भूमि, दक्षिण :- श्री अशोक की भूमि, पूरब :- श्री जगदीश एवं अन्य की भूमि, पश्चिम :- रोड सम्पत्ति सं. 2 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : ग्राम सराय खास, परगना, तहसील और जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश स्थित प्लॉट/मकान परिमाप 152.05 वर्ग मीटर। चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर :- श्री अमर चंद जौहर की भूमि तथा मुन्ना लाल एवं अन्य का मकान, दक्षिण :- श्री वीरेन्द्र पाल सिंह एवं अन्य की भूमि, पूरब :- श्री मुन्ना लाल एवं अन्य का मकान, पश्चिम :- 14' रोड सम्पत्ति सं. 3 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : ग्राम जसमढ़ी, परगना पासगवां, तहसील मोहम्मदी और जिला खीरी, उत्तर प्रदेश में स्थित भूखंड खसरा नंबर 77 परिमाप 0.213 हेक्टेयर। चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर :- चक रोड, दक्षिण :- श्री रामचंद एवं अन्य की भूमि, पूरब :- लिंक रोड, पश्चिम :- सिद्धार्थ एजूकेशनल ऐंड वेल्फेयर सोसायटी | 20-07-2020 तक रू. 1,84,16,619.00 (एक करोड़ चौरासी लाख सोलह हजार छह सौ उन्नीस मात्र) मय ब्याज | 27.11.2020 |

स्थान : शाहजहांपुर
तिथि : 02-12-2020
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड

isfc
इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी (आईएसएफसी)
पंजीकृत कार्यालय : यूनिट 8-2-269/2/52, प्लॉट नंबर 52, सागर सोसायटी, रोड नंबर 2, बंजारा हिल्स, हैदराबाद-500034
कब्जा सूचना
शाखा कार्यालय पता : रतन स्क्वायर बिल्डिंग, यूनिट नंबर 106, प्रथम तल, 20ए, विधान सभा मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ-226001

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के अधीन। (परिशिष्ट-4)
जबकि अधोहस्ताक्षरी ने इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड (इसमें आगे आईएसएफसी कही गई है) ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर को एक मांग सूचना जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने आईएसएफसी की ओर से उक्त नियमावली के नियम 8(1) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर को तथा सर्वसाधारण को संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईएसएफसी की निम्नवर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रथम प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/पता और ऋण संख्या | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना दिनांकित और राशि | कब्जा लेने की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | 1. श्री सौम्य प्रकाश बर्नवाल (कर्जदार) मकान नंबर 18(1), आत्मा नगर, सैदपुर, गाजीपुर सैदपुर, जखानियां, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश- 233304 2. सुश्री दीपा बर्नवाल (सह-कर्जदार) मकान नंबर 18(1), आत्मा नगर, सैदपुर, गाजीपुर सैदपुर, जखानियां, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश- 233304 3. सुश्री नीतू बर्नवाल (सह-कर्जदार) मकान नंबर 0, बभेनिया, बभानिया पार्ट, तहसील सदर सैदपुर, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश-233304 4. ज्ञान भारती सोसायटी (सह-कर्जदार) द्वारा इसके प्रबंधक श्री सौम्य प्रकाश बर्नवाल, बाइजो नगर, सादत रोड, सैदपुर, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश-233304 ऋण संख्या 146102000001 एवं 146101000003 | सम्पत्ति सं. 1 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : अराजी नंबर 472/2, मकान नंबर स-1/173एबी-1, दौलतपुर खजूरी, शिवपुर सदर, पांडेपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भूमि क्षेत्रफल 2040 वर्ग फीट एवं बीयूए 2895 वर्ग फीट (जी+1 फ्लोर्स) चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर :- यतीन्द्र नारायण का मकान, दक्षिण :- स्टोन रोड 12 फीट, पूरब :- राम मूरत का मकान, पश्चिम :- राधे श्याम जायसवाल का मकान सम्पत्ति सं. 2 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : अराजी नंबर 2, मौजा दहरा कला, परगना एवं तहसील सैदपुर, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश, भूमि क्षेत्रफल 1.32765 हेक्टेयर्स। चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर :- रोड (सैदपुर से बहरियाबाद बाद नाला), दक्षिण :- अजीम अंसारी का खेत, पूरब :- श्री नारायण का खेत, पश्चिम :- ताज मोलान का बॉर्डर | 27-07-2020 तक रू. 7758904.00 (सतहत्तर लाख अठ्ठावन हजार नौ सौ चार मात्र) मय ब्याज | 27.11.2020 |

स्थान : गाजीपुर
तिथि : 02-12-2020
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड

# परमहंस दास ने राष्ट्रपति से की इच्छामृत्यु की मांग

**संवाददाता।** अयोध्या

● भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों को उठाते हुए परमहंस दास ने राष्ट्रपति प्रधानमंत्री गृह मंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा पत्र



**श्री राम** जन्मभूमि मंदिर निर्माण और सुप्रीम कोर्ट द्वारा शीघ्र फैसले के लिए तपस्वी छावनी के महंत जगतगुरु परमहंस दास महाराज ने 12 दिन तक दो हजार अट्ठारह में आंदोलन किया था और 9 नवंबर 2019 को फैसला आ गया था। फैसले के बाद अब निरंतर हिंदुस्तान को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए आंदोलनरत परमहंस दास जी महाराज ने भारत देश के महामहिम राष्ट्रपति को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब भारत पाकिस्तान का बंटवारा धर्म के आधार पर किया गया था तो हिंदुस्तान को हिंदू राष्ट्र क्यों नहीं घोषित किया गया। अपने जन्म दिवस के अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपति से सात बिंदुओं पर मांग की और कहा कि अगर इन सातों बिंदुओं को भारत सरकार पूरा नहीं कर पाती तो राष्ट्रपति हमें इच्छामृत्यु देने का कष्ट करें। परमहंस दास जी महाराज की पहली मांग है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून देश में जल्द से जल्द लाया जाए। दूसरी मांग में उन्होंने कहा कि भारत में समान नागरिक संहिता कानून बनाया जाए एक देश और दो संविधान देश में नहीं चल सकते है। देश में ऐसा कानून हो जो देश में रहने वाले प्रत्येक नागरिक पर लागू हो। तीसरी मांग में उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। क्योंकि देश का विभाजन धर्म के आधार पर हुआ था और पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदुओं के ऊपर दिन.प्रतिदिन अत्याचार बढ़ रहा है इसलिए हिंदू राष्ट्र घोषित करके पाकिस्तान और बांग्लादेश के हिंदुओं को भारत में बुला लिया जाए और भारत के मुसलमानों को बांग्लादेश और पाकिस्तान भेज दिया जाए। चौथी मांग में उन्होंने कहा कि देश की बेटियों को मुफ्त में शिक्षा दी जाए क्योंकि देश की बेटियां देश की धरोहर हैं और वह दो कुलों की लाज रखती हैं इसलिए उनकी शिक्षा बहुत अनिवार्य है। पांचवी मांग में उन्होंने कहा की गोवंश राष्ट्र की धरोहर हैं इसलिए ग्राम स्तर पर गौ सेवा प्रधान द्वारा की जाए। हाथी मांग में उन्होंने रामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने की आग्रह की और कहा कि रामचरितमानस को पाठ्यक्रमों में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। सातवीं मांग में उन्होंने युवाओं के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि देश के युवाओं को बेरोजगार मुक्त किया जाए और प्रत्येक बेरोजगार युवक को नौकरी दी जाए।उन्होंने कहा कि अगर इन सातों मांगों को नहीं पूरा किया जा सकता तो देश के प्रथम नागरिक राष्ट्रपति महोदय हमें इच्छा मृत्यु का आदेश प्रदान करें। राष्ट्रपति के साथ साथ श्री दास ने प्रधानमंत्री ए केंद्रीय गृहमत्री ए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और जिलाधिकारी अयोध्या को भी रजिस्टर्ड पत्र भेजा है।

## अवध विश्वविद्यालय ने एमए प्रथम वर्ष का परीक्षाफल घोषित किया

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने सम्बद्ध महाविद्यालयों की एमए प्रथम वर्ष हिदी, अंग्रेजी, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान राजनीति शास्त्र, भूगोल तथा संगीत विषयों की मुख्य परीक्षा वर्ष-2020 का परीक्षा परीणाम घोषित कर दिया। एमए प्रथम वर्ष हिदी विषय घोषित परीक्षाफल में सम्मिलित कुल 5158 परीक्षार्थियों में से 4222 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 81०85 रहा। परीक्षा में कुल सम्मिलित 1843 छात्रों के सापेक्ष 1383 छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 75.04 रहा है। छात्राओं में कुल सम्मिलित 3315 के सापेक्ष 2839 छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुई है। उत्तीर्ण प्रतिशत 85.64 रहा। एमए प्रथम वर्ष अंग्रेजी विषय में सम्मिलित कुल 1713 परीक्षार्थियों में से 1314 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 76.71 रहा।

## क्विक न्यूज

### शाम पांच बजे तक 74 प्रतिशत मतदान

**गोरखपुर।** गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक चुनाव के लिए मंगलवार को 40164 वोटरों को मतदान करना है। मतदान की रफ्तार यहां भी काफी धीमी रही। सुबह दस बजे तक करीब चार फीसदी ही वोट पड़े थे। वोटिंग के लिए 17 जिलों में 198 केंद्र बनाए गए थे। चुनाव मैदान में 16 प्रत्याशी आमने-सामने हैं। सुबह मतदान की रफ्तार जहां काफी धीमी रही। वहीं दोपहर में बूथों पर मतदाताओं की कतार देखने को मिली। शाम पांच बजे तक 73.94 प्रतिशत वोट पड़े।

### तीन को प्रातः शुरू होगी मतों की गणना

**गोरखपुर-फैजाबाद** खण्ड शिक्षक निर्वाचन 2020 की मतगणना 3 दिसम्बर 2020 को प्रात: 08 बजे से दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (वाणिज्य भवन) में प्रारम्भ होगी। यह जानकारी देते हुए अपर आयुक्त प्रशासन/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन ने सूचित किया है कि समस्त प्रत्याशी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता/गणना अभिकर्ताओं के लिए मोबाइल फोन/कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस, माचिस, सिगरेट इत्यादि प्रतिबंधित रहेगा।

### शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मतदान

**अम्बेडकरनगर।** उत्तर -प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर -अयोध्या मंडल के शिक्षक निर्वाचन का मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। जिले के नौ विकास खण्ड मुख्यालयों को मतदान केन्द्र बनाया गया था। शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने चुस्त दुरूस्त व्यवस्था की थी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। मतदान केन्द्रों के बाहर विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा अन्तिम समय तक मतों को अपने पाले में लाने का प्रयास किया गया। जिले में दोपहर बारह बजे तक 26.99 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हो चुका था। धूप चढ़ने के साथ ही मतदाताओं की संख्या में भी तेजी से बाहर आई और दोपहर दो बजे तक 58.42 प्रतिशत मतदान हो गया। अपरान्ह चार बजे तक 72.19 प्रतिशत मतदान हुआ था। शाम पांच बजे तक मतदान की समाप्ति पर जिले में कुल 74.55 प्रतिशत मतदान हुआ।

### मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने मनाया स्थापना दिवस

**गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की सातवीं वर्षगांठ एवम् स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में एमएमएमयूटी के 1990 बैच के पूर्व छात्र डॉ. जितेंद्र मोहन भारद्वाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कॉफॉर्ज लिमिटेड, नोएडा एवम् वर्ष 1974 बैच के पूर्व छात्र ए. के. सिंह, अध्यक्ष, माइक्रोमैक् इंजीनियर्स एंड यूनिट्रांस पॉवर लिमिटेड बतौर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहें। वेबिनार का उद्घाटन एमएमएमयूटी के कुलपति प्रो. जे. पी. पांडेय ने किया। अपने उद्घाटन वक्तव्य में कुलपति ने कहा कि मालवीय परिवार के लिए गर्व का विषय है कि इस संस्थान के पूर्व छात्रों ने काफी नाम अर्जित किया है और आज इस संस्थान के स्थापना दिवस समारोह से आमंत्रित अतिथि के रूप में जुड़े है।

### विकास कार्यों के बारे में सीडीओ ने दी जानकारी

**गोरखपुर।** मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने विकास भवन सभागार में पत्रकारों से सीधा संवाद करते हुए विकास भवन द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को साझा करते हुए कहा कि जन पोर्टल के द्वारा ई टेंडरिंग से विभागीय वाहनों की खरीदारी की जा रही है। अन्य प्राइवेट वाहनों को विभागों में नहीं चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद में 3 लाख बच्चों का स्कूल ड्रेस ग्रामीण महिलाओं से तैयार करा कर स्कूलों में बच्चों को बाटा गया। जिससे ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराया गया।

# कोरोना संक्रमित महिला की मौत

● चार लोगों में मिला संक्रमण

● सीएमओ ने कहा, जिले की संख्या में नहीं जुड़ेगा यह केस

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर।

**जिले में** कोरोना संक्रमण से एक और मौत हो गई जिससे जनपद में कोरोना संक्रमण से होने वाली मौतों की संख्या 39 हो गई है। जानकारी के अनुसार जलालपुर तहसील क्षेत्र के नोखा गांव की रहने वाली 51 वर्षीय अमीरूल निशा को स्वास्थ्य खराब होने के कारण केजीएमसी लखनऊ में दिखाने के लिए ले जाया गया था। वहां उनकी कोरोना जांच में वह संक्रमित पाई गयीं जिसके बाद उन्हें मेडिकल कालेज में ही भर्ती कर लिया गया। यहां इलाज के दौरान सोमवार को अमीरूल निशा की मौत हो गई। दूसरी तरफ मंगलवार को हुई जांच में चार लोगों में कोरोना का संक्रमण पाया गया है। इससे जिले में कोरोना संक्रमित सक्रिय मरीजों की संख्या 32 हो गई है। इन सबके बीच हैरान करने वाली बात यह है कि जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों का कोरोना टेस्ट न के बराबर हो रहा है। जिला अस्पताल में लगी टू -नाट मशीन से जांच का आंकड़ा शून्य है। सोमवार को जहां केवल दो लोगों की टू-नाट से जांच की गई वहीं मंगलवार को यह शून्य रहा। इसके विपरीत जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए पंहुचते हैं। यदि सतर्कता बरतते हुए इन्ही मरीजों की जांच कराई जाए तो स्थिति में बदलाव देखा जा सकता है। हालांकि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार ने बताया कि चूंकि महिला 14 दिन से अधिक समय से जिले से बाहर थी। इसलिए वह उसे जिले की संख्या में नही जोड़ा जायेगा।

# कृषि विवि ने आम की बागवानी की जारी की एडवाइजरी

● आम खाने से दूर होंगी चेहरे की झुर्रियां

**संवाददाता।** मिल्कीपुर, अयोध्या



**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंजए अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ उद्यान वैज्ञानिक डॉ ए के सिंह ने आम के फायदे एवं आम उत्पादक किसानों को वैज्ञानिक सलाह देते हुए बताया कि आम एक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक फल है। इसमें शकर्राए विटामिन.ए एवं विटामिन.सी प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। कैल्शियम एवं फास्फोरस भी प्रचुर मात्रा में विद्यमान होता है। आम के रस तथा दूध के सेवन से कायाकल्प सम्भावित है।आम मे अधिक मात्रा में बीटा कैरोटीन एवं एन्टीआक्सीडेन्ट होते हैं। आम के सेवन से चेहरे पर आने वाली झुर्रियों को कम किया जा सकता है। इसके फल खाने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मददगार है। उत्तर प्रदेश का आम की उत्पादकता में प्रथम स्थान है। आम की अच्छी उत्पादकता को सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि फसल को हानिकारक कीट एवं रोगों से बचाने के लिए उपयुक्त समय पर प्रबन्धन किया जाय। इस दृष्टि से माह दिसम्बरए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। नवम्बर माह में आम की टहनियों की कलिकाओं में पुष्प विभेदन होता है तथा फरवरी.मार्च के माह में टहनियों पर बौर का विकास होता है। इसी समय गुजिया कीट का प्रकोप होता है। गुजिया कीट के शिशु जमीन से निकल कर पेंड़ों पर चढ़ते हैं और मुलायम पत्तियों तथा मंजरियों का रस चूसते हैं। इसके नियन्त्रण के लिए बाग की गहरी जुताई की जाय तथा कीटों को पेंड़ पर चढ़ने से रोकने हेतु दिसम्बर माह में मुख्य तने पर 200.400 गेज की 50 सेमी0 चौड़ी पालीथीन की पट्टी को लपेटकर ऊपर तथा नीचे सुतली से बांधकर ग्रीस या तारकोल के लेपन करने से कीटों को रोका जा सकता है। यदि कीट पेड़ों पर चढ़ जाते हैं तो डाईमेथोएट 30 ईसी का 2 मिली0 दवा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। इसी समय गुम्मा रोग के नियन्त्रण हेतु नेफ्थलीन एसिटिक एसिड को पानी में घोलकर छिड़काव करें। गुम्मा रोग कवक जनित व्याधि है।इसका प्रकोप पौधों के वानस्पतिक भाग तथा आम की मंजरियों पर होता है। नई शाखायें तथा मंजरियां गुच्छों में बदल जाती है। इसके नियन्त्रण हेतु विकृत मंजरियों को काट देना चाहिए तथा नेफ्थलीन एसिटिक एसिड 2 ग्राम दवा 10 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। आम के वृक्ष जो फलत में है उनमें दिसम्बर से अप्रैल माह तक सिंचाई न करें अन्यथा कलिका विभेदन की प्रक्रिया में विलम्ब होता है। फरवरी माह में बौर निकलते समय भुनगा कीट तथा खर्रा रोग से बचाव हेतु घुलनशील गन्धक 2 ग्राम प्रति लीटर तथा मोनोक्रोटोफास 36 ईसी एक मिली लीटर दवा प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने से किसान भाई निश्चित रूप से अच्छी उत्पादकता ले सकते हैं।

## जागरूकता ही एड्स से बचावः डॉ गोविंद

**गोरखपुर।** एड्स एक जानलेवा बीमारी है। थोड़ी सी जागरूकता बरत कर इस बीमारी से बचा जा सकता है। जागरूकता ही एड्स से बचाव है। उक्त बातें मंगलवार को विश्व एड्स दिवस पर अखिलभाग्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानापार में एन.एस.एस के छात्रों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते समय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोविंद शरण सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या सिरिंज के प्रयोग करने से लोग एड्स जैसी जानलेवा बीमारी के चपेट आकर जान गवां बैठते हैं। इसके प्रति लोगों को जागरूक होना पड़ेगा, जागरूकता से ही एड्स जैसी बिमारी से बचा जा सकता। इस अवसर पर उप प्राचार्य के.एन पाठक, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभय प्रताप सिंह, योगेन्द्र कुमार, रामदास पटेल, डॉ. ब्रजेश मिश्र, अरविंद कुमार, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. रागिनी राय आदि उपस्थित रहें।

# रामनगर को नगर पंचायत का मिले दर्जा



**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

● भाजपा जिलाध्यक्ष ने संबंधित मंत्री को भेजा प्रस्ताव

**भारतीय** जनता पार्टी की सरकार में विकास तीव्र गति से हो रहा है।विकास की दृष्टि से भारत वर्तमान समय में दुनिया के अन्य देशों को पीछे छोड़ कर अग्रणी भूमिका में नजर आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा जनपद को विकसित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनपद की नव अधिसूचित नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर और जहांगीर गंज की सीमा के संशोधन और नगर पंचायत इल्तिफत गंज तथा नगर पालिका परिषद टांडा के सीमा विस्तार सहित रामनगर (आलापुर तहसील मुख्यालय) बाजार को नया नगर पंचायत घोषित किए जाने संबंधी प्रस्ताव को नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश शासन के पास भेजा है। भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने रामनगर बाजार को नगर पंचायत बनाए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा है कि राम नगर बाजार को नगर पंचायत घोषित किया जाना विकास और मानवीय दोनों दृष्टि से उचित और सामयिक आवश्यकता के अनुरूप है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा है कि भाजपा की केंद्र सरकार देश में विकास की धारा को बहाते हुए समृद्धि शाली भारत बनाने में सतत् प्रयासरत है।

## दो मांस तस्कर 50 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ हुए गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** खण्ड़ासा थाना क्षेत्र के नन्दौली गांव के पास पुलिस टीम ने 50 किलो प्रतिबन्धित मांस के साथ दो लोगों को रंगे हाथ दबोच लिया है। हालांकि गोकशी में शामिल चार अभियुक्त फरार हो गए। खंडासा पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए दो लोगों को जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन मे अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाने के उपनिरीक्षक राम प्रकाश त्रिपाठी सिपाहियों शिवम चौधरी, नीलेश कुमार व विकास कुमार के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे।


## कार्यालय ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत खरवहिया नं2

पत्रांक मेमो/मनरेगा/निविदा-आमन्त्रण/2020-21/ दिनांक- 01.12.2020

### अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2020-21 में स्वीकृत कार्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2020-21 में निम्न निर्माण कार्यों हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर कार्य स्थल पर सामग्री उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर में पंजीकरण हो, तथा आर०ई०एस० पी०डब्लू०डी०, जिला पंचायत, में रजिस्टर्ड फर्मो से मोहर बन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आपूर्ति सामग्री (अनुमानित) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | मुखिया के घर से दशरथ के घर तक इंण्टरलॉकिंग कार्य | सीमेन्ट 4घ0, मौरंग 3.5घ0, ईटा 5100, इंटरलॉक 8600 |
| 2 | सुन्दर के घर.से बनवारी के घर तक इंण्टरलॉकिंग कार्य | सीमेन्ट 4 घ0, मौरंग 3.3, ईटा 2600, इंटरलॉक 6500 |
| 3 | जाकिर के घर से मुनव्वर के घर तक इंण्टरलॉकिंग कार्य | सीमेन्ट 3.5 घ0, मौरंग 3.1 घ0, ईटा 4500, इंटरलॉक 6300 |
| 4 | नत्था के घर से स्कूल तक इंण्टरलॉकिंग कार्य | सीमेन्ट 4.3 घ०, मौरंग 4 घ0, ईटा 5400, इंटरलॉक 9100 |
| 5 | ओमप्रकाश के घर से मुरली के घर तक इंण्टरलॉकिंग कार्य | सीमेन्ट 4.4 घ0, मौरंग 4 घ0, ईटा 6100, इंटरलॉक 8500 नग |
| 6 | सुकई के घर से जगन्नाथ के घर तक इंण्टरलॉकिंग कार्य | सीमेन्ट 4 घ0, मौरंग 3.5 घ0, ईटा 5100, इंटरलॉक 8600 नग, |
| 7 | तेजनरायन के घर से कामता के घर तक इंण्टरलॉकिंग कार्य | सीमेन्ट 4.3 घ0, मौरंग 3.3 घ0, ईटा 4600, इंटरलॉक 7700 नग |
| 8 | भल्लर के घर से जगतसिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | सीमेन्ट 4.3 घ0, मौरंग 3.3 घ0, ईटा 4600, इंटरलॉक 7700 नग |
| 9 | धीरेन्द्र के घर से विश्वेश्वर के घर तक इंण्टरलॉकिंग कार्य | सीमेन्ट 3 घ0, मौरंग 2.3 घ0, ईटा 3200, इंटरलॉक 4500 नग |

**नोट :-** शेष नियम-शर्तों एवं बिल ऑफ क्वान्टिटी को किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत खरवहिया नं02 से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**नियम व शर्तें :-**

1 निविदा फार्म अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 02.12.2020 से 07.12.2020 तक रू0 200-00 नगद जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
2 निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि मूल्य का 02 प्रतिशत राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत खरवहिया नं02 के पक्ष में मोहर बन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 07.12.2020 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत खरवहियां न02 के कार्यालय में जमा किया जा सकता है, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक 07.12.2020 को 3.00 बजे से 4.00 बजे के मध्य ग्राम पंचायत में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।
3 टेन्डर/निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य कराने वाले फर्म को शेष 08 प्रतिशत की जमानत धनराशि उपरोक्तानुसार कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा।
4 निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदा की निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2020-21 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं है।
5 कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6 निविदा के साथ मानक के अनुसार सामग्री उपलब्ध कराना होगा। मानक के अनुसार आपूर्ति न करने तथा कमी पायी जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी, तथा सम्बन्धित फर्म की जमानत राशि जब्त करते हुये उसी दर पर क्षेत्रीय फर्म द्वारा सामग्री आपूर्ति कराये जाने का पूर्ण अधिकार अधोस्ताक्षरी के होगा।
7. सभी आवश्यक सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना होगा।
8. किसी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत खरवहिया नं02 में निहित होगा।
9. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत खरवहिया नं02
विकास खण्ड- रमियाबेंहड़-खीरी


# डीएम ने आधा दर्जन से अधिक धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

● दिए तेजी लाने के निर्देश

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



मंडी समिति में धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करते डीएम पायनियर

**खरीफ** विपणन वर्ष 2020-21 में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत जनपद में किसानों के धान क्रय करने हेतु संचालित नवीन मंडी में क्रय केंद्रों पर मंगलवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने मंडी समिति में पीसीएफ द्वारा संचालित क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। मौके पर केंद्र प्रभारी चंद्र प्रकाश तिवारी एवं लेखपाल मुरलीधर तिवारी उपस्थित पाए गए। इस केंद्र पर मौके पर कृषक सुरेंद्र का कुल 28 कुंटल धान तौल किया जा रहा था, रमेश यादव का 30 कुंटल धान की तौल की प्रक्रिया की जा रही थी। अन्य कृषकों के कुल चार ट्राली धान क्रय हेतु खड़े थे।यहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा मंडी समिति में संचालित भारतीय खाद्य निगम के क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया। केंद्र प्रभारी सुजीत कुमार मौर्य मौके पर उपस्थित थे । कृषक विजय प्रताप का 140 बोरा धान की क्रय प्रक्रिया जारी थी । कुल 5 कृषकों का 5 ट्राली धान क्रय हेतु खड़ा था। जिलाधिकारी द्वारा खाद एवं रसद विभाग द्वारा मंडी समिति में संचालित क्रय केंद्र का भी जायजा लिया गया। मौके पर केंद्र प्रभारी शैलेंद्र गौड़ उपस्थित थे । कृषक अमरजीत वर्मा का 30 कुंटल धान क्रय किया जा रहा था। कुलदीप का दो ट्राली धान, इंद्र बहादुर का 50 कुंटल एवं खाद्य एवं रसद विभाग के दूसरे केंद्र पर तीन ट्राली धान अतिरिक्त किसानों का क्रय करने हेतु खड़ी थी। इस दौरान जिलाधिकारी ने मंडी समिति में संचालित समस्त केंद्र के केंद्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कृषकों के धान खरीद में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय में निरंतर तेजी लाने का प्रयास करते रहे इसमें शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान उपस्थित समस्त कृषको ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि धान क्रय करने में अब हमें किसी प्रकार की कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा , अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा एवं संबंधित कृषक मौके पर उपस्थित थे। इसके उपरांत जिलाधिकारी विकासखंड बसखारी में पीसीएफ द्वारा संचालित क्रय केंद्र का जायजा लिये। मौके पर केंद्र प्रभारी सुरेंद्र कुमार वर्मा उपस्थित पाए गए। कृषक राजीव कुमार का 45 कुंतल धान क्रय किया जा रहा था, विमल का 2 ट्राली धान, अनिरुद्ध पांडे का दो ट्राली धान, निकलावती देवी का एक ट्राली ,राम आश्चर्य का एक ट्राली एवं राम सूरत का एक ट्राली धान क्रय करने हेतु खड़ा था ।जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को धान क्रय में तेजी लाने के निर्देश दिए। धान क्रय की प्रक्रिया संतोषजनक पाई गई। उन्होंने विकासखंड बसखारी में ही राजकीय धान क्रय केंद्र विपणन शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में मौके पर इंस्पेक्टर लालधर राम उपस्थित थे। कृषक अंजनी पांडे का 2 ट्राली, अनिल पांडे का 2 ट्राली धान की तौल की जा रही थी। ओसावन मशीन की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल नई मशीन भिजवाने का आश्वासन दिए।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 2 दिसंबर, 2020



# किसानों का मुद्दा

## कांग्रेसी नेताओं की भूमिका

**कांग्रेस** पार्टी के मुख्यमंत्री चेहरों ने किसानों का मुद्दा गरम बनाए रखा है और इससे सरकार दबाव में आती दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर सार्वजनिक भाषण में नए कृषि कानूनों पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए बताते हैं कि ये कानून प्रगतिशील हैं तथा वे किसानों के हितों को संरक्षण दे रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह भी किसानों का गुस्सा शांत करने का प्रयास करते हुए वार्ता के प्रति नरम रुख का संकेत दे रहे हैं। भाजपा के कुछ नेताओं ने आंदोलन को खालिस्तानी या माओवादी षडयंत्र बताया है। हालांकि, प्रदर्शनकारी मुख्यत: राजनेताओं से दूर हैं, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टेन अमरिंदर सिंह लगातार उनका मुद्दा आगे बढ़ा रहे हैं। किसानों के मुद्दे को राजनीति का अंग बना कर वे केन्द्र को शिकंजे में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। पहली बार कांग्रेसी मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह तथा छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल ने नए कृषि कानूनों का विरोध कर राष्ट्रीय विमर्श को जन्म दिया है तथा वे इस पर चर्चा कर राजनीतिक सहमति बनाने पर जोर दे रहे हैं। अमरिंदर सिंह की सरकार ने कृषि कानूनों में संशोधन करने वाले अपने कानून पास किए हैं तथा कांग्रेस विधायकों ने दिल्ली में धरना देकर राष्ट्रपति से मिलने की मांग की थी, लेकिन राष्ट्रपति केन्द्रीय कानूनों को चुनौती देने की बात स्वीकार नहीं कर सकते थे। लेकिन अमरिंदर सिंह ने कम से कम कांग्रेस को उस समय चर्चा का विषय जरूर बना दिया है जब वह हाशिए पर जाती लग रही थी। पंजाब सरकार राज्य उत्पाद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी सुनिश्चित करने के लिए अपना कानून ला सकती है, लेकिन उसने केन्द्रीय कानून में संशोधन का रास्ता





चुना। पहले संशोधन में कहा गया है कि गेंहू व धान की खरीद एमएसपी के समान या उससे अधिक कीमत पर ही वैध होगी और इसके किसी उल्लंघन पर दंड दिया जाएगा। दूसरे संशोधन में कृषि उत्पादन मंडी समिति-एपीएमसी के बाहर कृषि उत्पादों का व्यापार करने वाले को लाइसेंस लेना जरूरी कर दिया है, जबकि केन्द्रीय कानून ने इसे समाप्त कर दिया है। तीसरे कानून में व्यापारियों द्वारा आवश्यक वस्तुओं के भंडारण पर सीमा लगाई गई है। इसके लिए तर्क दिया गया है कि वस्तुओं का उत्पादन, सप्लाई व वितरण राज्य का विषय है। पंजाब 'व्यापार क्षेत्र' की परिभाषा बदलने का प्रयास कर रहा है ताकि बिना किसी बंधन के किसानों, व्यापारियों व एलेक्ट्रानिक व्यापार मंचों को कृषि उत्पादों के व्यापार का अधिकार मिल सके। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी ऐसे संशोधन पास किए हैं, पर उनमें दंड का कोई प्राविधान नहीं है। तीनों कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों की जमीन न केवल मजबूत है, बल्कि वे राष्ट्रीय मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण अपना रहे हैं। बघेल और गहलौत ने बिना अनुमति के अपने राज्यों में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। यदि पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व से ध्यान हटाने की रणनीति न हो तो भी कांग्रेस के क्षेत्रीय क्षत्रपों ने स्वयं विपक्ष का स्वर बनने का प्रयास किया है। समस्या यह है कि अभी तक लोगों ने इन मुद्दों पर केन्द्रीय नेतृत्व की बात नहीं सुनी है। हाथरस बलात्कार-हत्या कांड में राहुल व प्रियंका गांधी द्वारा पीड़ित के परिवार से नाटकीय मुलाकात के बाद वे खामोश हैं। इसके उलट कांग्रेसी मुख्यमंत्री अपने मुद्दों पर दृढ़ हैं। सिंह, गहलौत व बघेल ने कांग्रेस विरोधियों से अपने नेतृत्व की लगातार रक्षा की है। इस प्रकार उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि केन्द्रीय नेतृत्व का पिछलग्गू बनने या उसका मजाक उड़ाने के बजाय वे गंभीर मुद्दों पर स्वयं भाजपा से संघर्ष के लिए तैयार हैं। उनके अनुसार, 'चुनावी पराजय नेतृत्व परिवर्तन का पैमाना नहीं है'। सिंह और बघेल अपने राज्यों में राहुल गांधी से अधिक लोकप्रिय हैं। स्पष्ट है कि कांग्रेस को राज्य स्तर पर ऐसे मजबूत व योग्य नेताओं की जरूरत है जो सामूहिक रूप से पार्टी को पुनर्जीवित कर सकें। कांग्रेस में ऐतिहासिक रूप से मजबूत क्षेत्रीय नेता रहे हैं, लेकिन अब सवाल यह है कि क्या वह इनको बढ़ावा देगी?

# मोदी का बड़ा होता कद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद लगातार बड़ा होता जा रहा है इसका कारण उनके द्वारा जिला स्तर तक 269 प्रमुख परियोजनाओं का माइक्रो प्रबंधन है।



**बिंदू डाल्मिया**
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)



एक विभीषिका वाले वर्ष के अंतिम महीने में प्रवेश के समय मैं इस प्रमुख सवाल पर विचार कर रही हूं कि जब अमेरिका व ब्रिटेन में निर्वाचित नेताओं की छवि गिरी है तब भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद लगातार बड़ा कैसे होता जा रहा है? देश के संसाधनों व नीतियों पर वैश्विक महामारी हावी होने के बावजूद उनका व्यक्तित्व महत्वपूर्ण कैसे बना हुआ है? इसका कारण उनका यथार्थ में बने रहना तथा लंबे-चौड़े वादे करने के बजाय दीर्घकालीन परिवर्तनकारी कदम उठाना है जिनसे देश भविष्य में आने वाली किसी अप्रत्याशित आपदा से निपटने में सक्षम बनेगा।

हाल में समाप्त जी20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए वैश्विक सूचकांक का आह्वान किया है जो 'धरती माता के प्रति ट्रस्टीशिप की भावना से प्रकृति से व्यवहार' पर आधारित हो। उनकी प्रतिक्रिया बहुपक्षीय मंचों पर ईएसजी-केन्द्रित सरोकार पर आधारित है जिसमें पर्यावरण, टिकाऊपन व सुशासन शामिल हैं। उन्होंने कहा है कि ग्रह के संसाधन प्रबंधन हेतु सभी देशों को इसी दिशा में चलना चाहिए। इसी आधार पर देश में वैश्विक महामारी प्रबंधन के बाद प्रधानमंत्री ने नई रणनीतियां बनाई हैं जिनमें पारदर्शिता, जवाबदेही, आलोचना, खारिज करने तथा समझाने को केन्द्रीय स्थान मिला है। उन्होंने 'आर्थिक बहाली के लिए दंडात्मक उपायों के बजाय जनता को समझाने' पर जोर दिया है। इस संदर्भ में देखने पर 'लोकतंत्र का ट्रस्टीशिप माडल' अधिकांश विकसित देशों में भी स्वेच्छाचारी शासकों के तेजी से उभार के एकदम विपरीत है। सवाल है कि क्या मोदी नीत सरकार की संकट से निपटने की प्रतिक्रिया वित्तीय रूप से काफी है। सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए चार स्टीमुलस पैकेज घोषित किए हैं जो जीडीपी के 10 प्रतिशत के बराबर हैं। राजकोषीय घाटे के जीडीपी के 7.7 प्रतिशत होने के कारण सरकार की सीमाए हैं। सवाल है कि क्या मोदी द्वारा जल्दी लाकडाउन की घोषणा एक सक्रिय कदम था? भले ही सरकार की राहत व पुनर्वास पर प्रतिक्रिया त्वरित रही हो, पर उसने केन्द्र-राज्य समन्वय बना कर डीबीटी व अनाज वितरण से 800 मिलियन लोगों को राहत पहुचाने में सफलता प्राप्त की। जहां अमेरिका व ब्रिटेन का स्वास्थ्य ढांचा वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक के आधार पर सर्वोत्तम है, वहीं भारत में 'प्रति मिलियन मृत्यु दर' सबसे कम रही है।

2020 में अपने दूसरे कार्यकाल में मोदी का व्यक्तित्व काफी बदला हुआ है। उनकी छवि, शैली व चुनावी रणनीति बदली है। वे राष्ट्रीय एजेंडे को संकुचित राजनीतिक, वैचारिक या लोकरंजक लोकप्रियता से आगे ले जाकर इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर नैतिक शक्ति के रूप में स्थापित करना चाहते हैं तथा पुराने पड़ चुके बहुपक्षीय संस्थानों में बदलाव की मांग कर रहे हैं। इस विभीषिका वाले वर्ष के अंतिम महीने में प्रवेश के समय स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल अपना चुनावी आधार बनाए रखा है, बल्कि उसका विस्तार भी किया है। बिहार के हालिया चुनाव से स्पष्ट है कि गंभीर महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था के बावजूद वे ऐसा करने में सफल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि 2020 ने राहत व पुनर्वास में लापरवाही बरतने वालों को कठोर दंड दिया है तथा ट्रंप को अस्वीकार किया है। मोदी के बढ़ते कद का कारण उनके द्वारा 269 प्रमुख परियोजनाओं का जिला स्तर पर माइक्रो प्रबंधन है। भारत द्वारा वैक्सीन वितरण की तैयारियों में भी मोदी की भविष्योन्मुखी नजर स्पष्ट दिख रही है। इसके चलते वितरण व्यवस्था को मजबूत करने तथा कोल्ड स्टोर श्रृंखला और सीरिंज जैसे उपकरणों की उपलब्धता पर जोर दिया जा रहा है। सवाल है कि क्या भारत आर्थिक उछाल के लिए तैयार है? जनवरी, 2021 में वैश्विक वृद्धि के उपकरणों में परिवर्तन की आशा है। आंशिक रूप से वैश्वीकरण की वापसी होगी जो ट्रंप युग के आर्थिक अलगाव से अलग होगी। अगले महीने जो बाइडेन के अमेरिका की सत्ता संभालने के बाद अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उदारीकरण आएगा तथा चीन के बजाय वे अपनी अर्थव्यवस्था को प्रगति की धुरी बनाना चाहते हैं। यह वैश्विक आर्थिक बहाली के लिए शुभ संकेत है। भारत में आर्थिक बहाली की गति तेज होगी तथा जमीनी स्तर पर आर्थिक गतिविधियों का तेजी से विस्तार होगा। इसका कारण 2020 में किए ढांचागत सुधार हैं। कार्पोरेट टैक्स की कम दर, प्रचुर विदेशी मुद्रा भंडार, 35.73 बिलियन डालर का जीवन्त एफडीआई प्रवाह और वित्त मंत्री द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों का कैपेक्स बढ़ाने से इनकार आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगे। हालांकि, बहुत कुछ बजट प्रस्तावों तथा कोरोना संक्रमण रोकने में वैक्सीन की प्रभावशीलता पर भी निर्भर होगा। संकट प्रबंधन के साथ ही सरकार को मानव संसाधन पूंजी के विस्तार पर ध्यान देना होगा तथा पूंजीगत संसाधन बढ़ाने के नए तरीकों पर विचार करना होगा।

भारत को 'प्लस वन' निवेश लक्ष्य बनाने के लिए अनुबंध लागू करने में विलंब के कारण समाप्त करने होंगे। भारत में अनुबंध लागू करने में 1,440 दिन लगते हैं, जबकि सिंगापुर में यह अवधि 150 दिन है। हमें विवाद समाधान के साथ वियतनाम के रास्ते पर चलते हुए भूमि के बड़े टुकड़ों को पट्टे, किराए या बंधक के रूप में देने की व्यवस्था करनी होगी। वैश्विक महामारी ने स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा व श्रमिकों को कुशल बनाने में बहुत कम निवेश को उजागर किया है। हमें इस पर ध्यान देना होगा। ये सभी राज्यों के विषय हैं तथा मानव संसाधन विकास सूचकांक के तीन महत्वपूर्ण तत्व हैं। केन्द्र और राज्यों को शिक्षा व स्वास्थ्यरक्षा में निजी सहभागिता बढ़ाने पर ध्यान देना होगा तथा इसे केवल अस्पतालों तक सीमित रखने से बचना होगा। विश्वविद्यालयों को अनिवार्य रूप से 'मुनाफा-विहीन एजेंडे' से बाहर निकलना होगा ताकि भारत में संभावित निवेशक अपनी पूंजी पर समुचित लाभ प्राप्त कर सकें। शिक्षा में संस्थानों को 'मुनाफा-विहीन एजेंडे' तक सीमित रखने वाला नियामक ढांचा बदलना होगा ताकि बड़े घरेलू व विदेशी ब्रांड इस क्षेत्र में निजी सहभागिता व निवेश के लिए प्रेरित हों। इससे क्षमताओं का अधिकतम विकास होगा, तकनीक आएगी तथा प्रति बच्चे के आधार पर लागत घटेगी। यूएनडीपी का अनुमान है कि भारत में एसडीजी4 का स्तर प्राप्त करने के लिए 2030 तक प्रति वर्ष 173 बिलियन डालर का निवेश करना होगा, जबकि वर्तमान बजट प्रति वर्ष शिक्षा में 76 बिलियन डालर निवेश करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 1.2 मिलियन स्कूलों को 'स्मार्ट क्लासरूम' में बदलने की योजना बनाई है जिससे शिक्षा क्षेत्र में असाधारण प्रगति होगी। इसके लिए तीन साल के भीतर 60,000 गांवों को उच्च गति वाले आप्टिकल फाइबर से जोड़ा जाएगा। एलेक्ट्रानिक्स व आईटी मंत्रालय इस परियोजना के लिए सार्वजनिक-निजी साझेदारी बिजनेस माडल बना रहा है जिससे शिक्षा की लागत घटेगी। ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए अधिकतम डिजिटलीकरण जरूरी है। मोदी सरकार ने ब्रांड इंडिया को आगे बढ़ाने में भारी सफलता प्राप्त की है। भारत पहली बार ग्लोबल इनोवेशन सूचकांक में सर्वोच्च 50 देशों के समूह में शामिल हुआ है। हमारे उच्च शिक्षा संस्थानों ने अपनी वैश्विक रैंकिंग में सुधार किया है तथा इम्प्लायबेलिटी रैंकिंग 2020 सूचकांक में भारत वैश्विक स्तर पर 15वें स्थान पर पहुंच गया है। हमें 40 करोड़ लोगों की स्किल व रि-स्किल को 2022 तक बढ़ावा देना है ताकि हम आर्थिक बहाली में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

मैं इस विश्लेषण का समापन द न्यूयार्क टाइम्स में व्यक्त की गई एक राय से करना चाहती हूं। इसमें मोदी की पहलकदमियों की प्रशंसा करते हुए कहा गया है कि 'उन्होंने अनेक समकक्षों से बेहतर प्रदर्शन किया है क्योंकि उन्होंने निर्णायक रूप से पूर्वानुमान के आधार पर काम किया तथा तुलनात्मक रूप से जल्दी निर्णय लिए। विश्लेषकों के अनुसार मोदी की सफलता ज्यादा स्थाई हो सकती है। उनको व्यापक रूप से तानाशाह के बजाय प्रेरक माना जाता है।'

# हैदराबाद निकाय चुनाव में ध्रुवीकरण

"जीएचएमसी चुनाव प्रचार नगर संबंधी विषयों के बजाए पाकिस्तान, जिन्ना व हिन्दू-मुस्लिम विमर्श के इर्द-गिर्द घूमता रहा।"

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



किसने सोचा था कि एक नगर निकाय चुनाव अत्यधिक रोमांच, जुनून और ध्रुवीकरण पैदा करेगा? वृहत्तर हैदराबाद नगर निगम चुनाव जो 1 दिसंबर को संपन्न हुआ उसने अभूतपूर्व रूप से हाई प्रोफाइल राजनीतिक प्रघटना का रूप ले लिया। यह न केवल भाजपा द्वारा उतने ही जोश के साथ लड़ा गया जैसे कि लोकसभा चुनाव लड़ा जाता है, बल्कि सत्ताधारी तेलंगाना राष्ट्र समिति, आल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसलमीन और कांग्रेस पार्टी ने भी बढ़-चढ़कर हाथ दिखाए। भाजपा महत्वाकांक्षी है और टीआरएस का स्थान लेना चाहती है। सह संकेत है कि 2023 के विधानसभा चुनावों में नज़ारा कैसा होगा। भाजपा फायदे में है क्यांकि कांग्रेस, जिसने राज्य पर कई दशकों तक शासन किया और तेलगूदेशम पार्टी जो कुछ वर्ष पूर्व तक सत्ता में थी, ने भाजपा के लिए स्थान छोड़ दिया है। तेदेपा लगभग साफ हो चुकी है, और कांग्रेस हालिया लोकसभा चुनावों में चौथे स्थान पर खिसक गई थी।

जिस तरह भाजपा ने नगर निगम चुनाव के लिए देश के बड़े नेताओं को प्रचार में लगाया, जैसे कि अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ऐसे में निगाहें उठने लगी हैं। यद्यपि पीएम मोदी ने स्वयं प्रचार नहीं किया लेकिन वो 28 नवंबर को कोविड-19 वैक्सीन के क्लीनिकल शोध की प्रगति का पुनरीक्षण करने हैदराबाद गए थे। सर्वप्रथम, भाजपा, जिसने 2019 में तेलंगाना की 17 लोकसभा सीटों में से 4 जीतकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था, उसने गति पकड़ी और नवंबर में दुबाका उपचुनाव में पुन: जीत हासिल की। बिहार विधानसभा चुनावों में हाल ही में बढ़िया प्रदर्शन करने के बाद, पार्टी का मनोबल ऊंचा है। दूसरे, यदि भाजपा जीएचएमसी चुनाव जीतती है, तो इसका अर्थ होगा कि भगवा पार्टी का विजय अभियान जारी है।

इसके अतिरिक्त, भाजपा दक्षिण में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए स्वयं को तैयार कर रही है। अभी तक, पार्टी वहां पर कमजोर है क्योंकि उसकी सरकार केवल एक राज्य कर्नाटक में है। तीरे, भाजपा एआईएमआईएम को कमजोर करना चाहती है। असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम हमेशा से ही हैदराबाद क्षेत्र में मजबूत रही है। ओवैसी ने अपनी पार्टी का विस्तार महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और बिहार तक किया है। एआईएमआईएम हालिसा बिहार चुनाव में पांच सीटें जीतकर प्रसन्न है और अगले वर्ष बंगाल विधानसभा चुनावों में अपना विस्तार वहां भी करना चाहती है। हालांकि, इससे मुस्लिम वोट बैंक बंटेगा और भाजपा को मुस्लिम वोटों को विभाजित करने में मदद मिलेगी। यद्यपि टीआरएस सदैव हर चुनाव में एआईएमआईएम के खिलाफ लड़ी है, मगर टीआरएस को उससे मुद्दों पर आधारित समर्थन मिला है। दोनों दलों ने युक्तिपूर्वक घोषणा की थी कि अपनी जमीन बचाने के लिए नगरीय चुनावों में कोई गठबंधन नहीं किया जाएगा।

भाजपा, टीआरएस और एआईएमआईएम पैसा खर्च करने में आगे रहे हैं और विभिन्न कारणों से यह चुनाव लड़ने के लिए उनके पास पर्याप्त धनबल तथा मानव बल है। भाजपा दक्षिण में अपने पंख फैलाना चाहती है। एआईएमआईएम हमेशा हेदराबाद क्षेत्र में जीती है, और अपनी जमीन बचाने में लगी है। सत्ताधारी टीआरएस के लिए, यह प्रतिष्ठा की लड़ाई है। पार्टी, 2014 में राज्य के विभाजन के बाद से जीतती रही है, ने नगर निगम चुनावों को दो महीने पहले कराने का चालाकी भरा और आश्चर्यजनिक कदम उठाया। टीआरएस ने पूर्व नगर निकाय चुनाव में 99 सीटें और एआईएमआईएम ने 44 जीती थीं। भाजपा को तीन और कांग्रेस को दो सीटें मिली थीं।

भाजपा तुष्टीकरण की राजनीति के लिए टीआरएस पर हमला बोल रही है। साथ में, हालिया बाढ़ राहत उपाय अपर्याप्त रहे हैं। मुसी नदी जो शहर से होकर बहती है उसके प्रकोप के कारण नाले व तालाब इस कदर भर गए कि निचले इलाकों में जलभराव हो गया। इस कारण लगभग 50 नगरीय वार्ड प्रभावित हुए थे। भाजपा चालाकी से इसका लाभ उठाना चाहती है। रोचक ढंग से, जबकि जीएचएमसी चुनाव सामान्यत: पानी, सीवरेज, स्वच्छता, सड़कों व अन्य सुविधाओं जैसी नगर संबंधी समस्याओं पर लड़े जाते हैं, उनमें ध्रुवीकरण नजर आने लगा है। यह पाकिस्तान, मोहम्मद अली जिन्ना पर ध्रुवीकरणकारी टिप्पणियों से भरा रहा, साथ ही रोहिंग्या शरणार्थियों एवं हिन्दू-मुस्लिम विमर्श संबंधी आरोप लगाए जाते रहे। यह देखकर पुलिस महानिदेशक महेंद्र रेड्डी को सुरक्षा बैठक के उपरांत राजनीतिक दलों को चेतावनी देनी पड़ी। उन्होंने चेताया, ''वे साम्प्रदायिक समस्या भड़काना चाहते हैं। हम भाषणों पर सावधानीपूर्वक निगाह रख रहे हैं। व्यवधान पैदा करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।'' हैदराबाद सर्वाधिक मुस्लिम जनसंख्या वाले शहरों में से एक है, शहर में लगभग 44 प्रतिशत मुसलमान हें जबकि हिन्दू 52 प्रतिशत हैं। सभी राजनीतिक दल जीतने पर मतदाताओं से बड़े-बड़े वादे पूरे करने की बातें कह रहे हैं। भाजपा, टीआरएस और कांग्रेस ने शहर में मुफ्त पेयजल मुहैया कराने का वादा किया हे, जबकि भाजपा ने नोवल कोरोनावायरस से निबटने के लिए मुफ्त वैक्सीन मुहैया कराने तथा हेदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर करने का वादा किया है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री कलवकुंतला चंद्रशेखर, भाजपा विरोधी मोर्चे को पुनर्जीवित करने के प्रयास के तहत तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी आदि गैर-भाजपा विपक्ष को परियोजित करने की धमकी दे रहे हैं। मत सर्वेक्षण विविध प्रकार के परिणाम दर्शा रहे हैं जिनमें टीआरएस को अधिकतम सीटें मिलने की बातें कहीं जा रही हैं जबकि लगभग सभी भाजपा को लगभग 30 प्रतिशत मत मिलने का अनुमान लगा रहे हैं। क्षेत्र के सांसदों व विधायकों के 35 वोट टीआरएस के पक्ष में जाएंगे। हालांकि, निर्भर इस पर करेगा कि अंत में किसका भाग्य साथ देता है।

## आप की बात

### सीमा सुरक्षा बल दिवस

**भारत** को अपने सभी सुरक्षाकर्मियों पर गर्व भी है और विश्वास भी। 1दिसंबर सन् 1965 के ऐतिहासिक दिवस को सीमा सुरक्षा बल का गठन किया गया था। उसके बाद से अपने जीवन की आहुति देकर देशवासियों की रक्षा में लगे हमारे वीर जवान, हमारी आन, बान और शान हैं।देश को ठंडी, गर्मी या बरसात सभी में अथक परिश्रम और दुर्गम स्थिति में भी देश को सुरक्षित रखने का भार अपने कंधो पर लिए हुए हैं।ये अतिशयोक्ति नहीं होंगी कि जिस देश के जाबांज धर्म, जाति और मजहब से उपर उठकर देश की निरंतर सेवा करते हैं, और हमारे प्रिय नेता और मंत्री उसी का सहारा लेकर **वोट** बैंक की राजनीति करते हैं।भारत ने सीमा सुरक्षा बल का 56वा स्थापना दिवस मनाया।हर एक हिंदुस्तानी के लिए उसका देश और उसके प्रहरी हौसले और उमंग से परिपूर्ण जवान, स्वयं अपने परिवार की चिंता से उपर उठकर समस्त देश को परिवार मान कर, उसकी रक्षा करने का अभूतपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।हर हिन्दुस्तानी को उनका देश के लिए दिया गया योगदान, हमेशा ऋणी बनाए रखेगा। देश के युवाओं को भी लगातार प्रोत्साहित करते है, जिससे वे भी सही दिशा में आगे बढ़ सकें।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

### सीमा पर अब भी क्यों बैठे हैं?

**कहते** हो हमें देश से प्यार है लेकिन वो देखो खेतो में गेहूं, चावल उगाने वाले, सबके अन्नदाता कहलवाने वाले, उमसती घूप में काम करने वाले आज सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं, पिछले छह-सात दिनों से, शीतकालीन में खुले आसमान के नीचे हजारों की संख्या में किसान अपनी मांगों को पूरा करने के लिए यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं जिससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही हैं। सरकार की ओर से लाए गए किसानों के लिए तीनों कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है, कृषक आवाज उठा रहे हैं, सरकार के असहयोगी विरोध कर रहे है लेकिन मोदी सरकार अपने फैसले पर अटल हैं। सरकार के बनाए गए कानून एक देश एक बाजार से किसान खुश नहीं है। सरकार का कहना है कि अब किसान अपनी उगाइ हुई फसल को कई भी किसी भी राज्य में अपने तय मानक के हिसाब से बेच सकते है, जिसके बाद यह जरूरी नहीं है कि सरकार द्वारा बनाई गई एपीएमसी में ही किसान अपनी फसल बेचेगा व उपज होने से पहले ही कृषक अपनी फसल का सौदा कर सकते हैं, जिनसे उन्हें डर नहीं होगा। चिंता नहीं होगी कि उनकी पैदावार कौन खरीदेगा।

– **निधि जैन,** लोनी, ग़ाज़ियाबाद


### पानी की उपयोगिता

**पानी** को सहेजा जाए उदाहरण के तौर पर परियोजना ,तालाब ,स्टॉपडेम निस्तार,का ज्यादा संख्या में निर्माण होवे जिसके निर्मित होने से विषम परिस्थियों में तालाब कुँए, बावड़ी आदि में स्वत: जलस्तर बढ़ जावेगा। साथ ही खेती व वाटर लेवल बढ़ाने में पानी की आपूर्ति को एक नया बल देगा। इनके अलावा व्यर्थ ढुलने वाले पानी पर रोक हेतु पहल की जाना चाहिए। ताकि पानी की समस्याओं का सामना न करना पड़े।जल वितरण दो दिनों और पानी पाउच, बोतलों में ,पानी की टंकियों में लोग खरीद कर पी रहे हैं। यदि पानी को नही सहेजा तो एक दिन पानी की कीमत कई गुना बढ़ जाएगी।पानी सहेजेगें तो ही हम नदियों के पानी को व्यर्थ समुद्र में बहने से रोककर उसका उपयोग कर पाएंगे। जल ही जीवन की परिभाषा को सही तरीके से समझ पाएंगे।इसके लिए जल संरक्षण ,जल संकल्प के साथ पानी सहेजने के स्त्रोतों का निर्माण आवश्यक है। सूखे की स्थिति में इन संसाधनों के निर्मित होने सहेजे जल से कुंए, बावड़ी आदि में स्वत: जलस्तर बढ़ जावेगा। खेती व वाटर लेवल बढ़ाने में जल की आपूर्ति को नया बल मिलेगा।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**एक** समाज के तौर पर हमें यह मानना होगा कि दुनियाभर में सारी अर्थव्यवस्थाएं महिलाओं के अदत्त श्रम पर आधारित हैं।

– **मेलिंडा गेट्स**
अमेरिकी समाज सेवी



**आज** हमारे किसानों को उनके ही अधिकारों के लिए पूछने को विवश किया जाता है। अपने ही देश में भाजपा सरकार द्वारा किसानों को बैरियरों से घेरा जाना शर्मनाक है।

– **विवेक बंसल**
कांग्रेस नेता



**हम** उन देशों को लेकर खासतौर से चिंतित हैं जो आतंकवाद को अपने राज्य की नीति के तौर पर बढ़ावा देते हैं।

– **वेंकैया नायडू**
उपराष्ट्रपति

# शिक्षक व स्नातक एमएलसी वाराणसी खंड का चुनाव संपन्न

- हरिश्चन्द्र पीजी कालेज में धर्मार्थ मंत्री डॉ0 नीलकंठ तिवारी एवं स्टाम्प राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल ने अपने परिवार संग रविन्द्रपुरी स्थित गोपी राधा विद्यालय में किया मतदान
- भारी सुरक्षा के बीच चुनाव की मतपेटियां पहड़िया मंडी के स्ट्रांग रूम में रखा गया, मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह नौ बजे से

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी






**शिक्षक व** स्नातक एमएलसी वाराणसी खंड के लिए मंगलवार को शहर के 73 स्नातक व 21 शिक्षक खंड निर्वाचन बूथों पर सुबह आठ बजे से सायं काल पांच बजे तक मतदान हुआ। इस दौरान स्नातक पद के लिए 22 और शिक्षक एमएलसी पद पर 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटी में बंद हो गई। शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी डॉ0 प्रमोद कुमार मिश्र, चेतनारायण सिंह, रजनी द्विवेदी, लाल बहादुर यादव सहित 12 प्रत्याशियों एवं स्नातक भाजपा प्रत्याशी केदारनाथ सिंह, सपा के अधिकृत प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा, संजीव कुमार सिंह, नागेश्वर सिंह, निर्दलीय डॉ0 गोपाल सिंह, भारतीय जन-जन पार्टी के लोकेश, अरविन्द कुमार, अरविन्द कुमार सिंह, सूबेदार यादव, विनय कुमार त्रिपाठी सहित 22 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटी में बंद हो गया। कड़ी सुरक्षा में शिक्षक एमएलसी एवं स्नातक निर्वाचन के प्रत्याशियों की मतपेटी पहड़िया स्थित स्ट्रांग रूम में बंद हो गई जहां सीआरपीएफ के कड़ी पहरा में रखा गया है। 3 दिसम्बर को मतगणन सुबह 8 9 बजे से होगी। एमएलसी वाराणसी खंड शिक्षक व स्नातक कोटे की सीट पर सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान मंगलवार को सुबह आठ से शाम पांच बजे तक हुआ। सुरक्षा के मुकम्मल बंदोबस्त किए गए थे। सभी बूथों की निगरानी डिजिटल कैमरे से करायी गई। इसके साथ ही सभी बूथ पर माइक्रोआब्जर्वर भी नजर रख रहे। वाराणसी में स्नातक सीट के लिए 73 व शिक्षक के लिए 21 बूथ बनाए गए हैं। वाराणसी में शिक्षक सीट पर वोटिंग 66 और स्नातक के लिए 40 फीसद मतदान हुआ। वहीं वाराणसी खंड के आठों जिले में स्नातक और शिक्षक के लिए मतदान हुआ है। उत्तर प्रदेश के पर्यटनए संस्कृतिए धर्मार्थ कार्य एवं प्रोटोकाल राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध डाक ?टर नीलकंठ तिवारी ने मंगलवार को हरिश्चंद्र डिग्री कालेज तथा स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध रवींद्र जायसवाल ने सपरिवार रवींद्रपुरी स्थित गोपी राधा इंटर कालेज में मतदान किया और सभी से मजबूत लोकतंत्र के भागीदार बनने के लिए अपने.अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की ।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार की योजनाओं की शुरुआत हुई

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**देश के** सभी लोगों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं से जोड़ने की दिशा में किए जा रहे गहन प्रयासों के साथए रैपीपे फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में एक देशव्यापी ऑफ़र लॉन्च किया हैए जिसके माध्यम से कंपनी द्वारा अपने एजेंटोंए यानी रैपीपे साथियों को ऐ ई पी एस सेवाओं पर अधिकतम कमीशन दिया जा रहा है। यह ऑफ़र जनवरी 2021 के मध्य तक लागू रहेगा। रैपीपे ऐ ई पी एस और यह व्यवस्था आधारण्कार्ड से नकद निकासी सेवाओं को सुलभ बनाकर समाज के हर तबके के लोगों को सशक्त बनाती है। मौजूदा कोविड़19 की इस घड़ी मेंए रैपीपे अपने साथियों को अधिकतम कमीशन प्रदान करते हुए उनकी सहायता करना चाहता है, क्योंकि इसके माध्यम से उन्हें सामान्य की तुलना में 12 गुना अधिक कमाई करने का मौका मिलेगा।

## विश्व के प्राचीनतम पवित्र शहर काशी व प्रयागराज के बीच शुरू हुई बेहतरीन सड़क यातायात सुविधा

- अब मात्र डेढ़ घंटे में वाराणसी से प्रयागराज पहुंच सकेंगे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी सोमवार को एक दिवसीय अपने वाराणसी दौरे के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में हाइब्रिड एन्यूइटी मॉडल पर आधारित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 यनवीन संख्या 19 के हंडिया राजातालाब खंड के किमी 71.900 से 785.544 के मध्य कुल लंबाई 72.644 किमी0 6 लेन चौड़ीकरण सड़क मार्ग का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण की यह परियोजना एक अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना हैए जो विश्व की दो प्राचीनतम एवं पवित्र शहरों प्रयागराज एवं काशी को आपस में जोड़ती है। गौरतलब है कि यह राजमार्ग स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना दिल्ली-कोलकाता कॉरिडोर का भी एक प्रमुख भाग है तथा यह जनपद प्रयागराजए भदोही मिर्जापुर एवं वाराणसी के अधीन प्रभागों से गुजरता है। पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग-2 के उक्त खंड में स्थित हंडियाए बरौतए भीटीए जंगीगंजए गोपीगंजए औराईए महाराजगंजए कछवाए मिर्जापुरए राजातालाब इत्यादि कस्बों में भीषण जाम लगता था। इस परियोजना के अंतर्गत बड़ेण्बड़े फ्लाईओवर एवं उच्च परिगामी वृहत संरचना के पूर्ण होने से इन क्षेत्र के लोगों को जाम से पूरी तरह निजात रहेगी। पूर्व में प्रयागराज से वाराणसी के मध्य यात्रा में लगभग 3.5 घंटे से अधिक का समय लगता था। इस परियोजना के पूर्ण होने से अब आधे से भी कम यानी प्रयागराज से वाराणसी पहुंचने में मात्र डेढ़ घंटे का ही समय लगेगा।

## विश्व एड्स दिवस पर बीएचयू अस्पताल ने किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**विश्व एड्स** दिवस के अवसर पर बीएचयू आरटी सेंटर व सर सुन्दरलाल चिकित्सालय की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैनर और पोस्टरों के साथ एक वीडियो संदेश के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। नोडल ऑफिसर एआरटी सेंटर ने बताया कि एआरटी सेंटर बीएचयू यूपी का सबसे बड़ा और सबसे पुराना सेंटर है। यह सेंटर नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (नाको) और उत्तर प्रदेश राज्य एड्स सोसायटी द्वारा स्थापित किया गया है। इसमें 25 हजार पंजीकृत पीएलएचआईवी हैं और लगभग छः हजार मरीज नियमित रूप से मासिक रूप से अपनी दवा लेते हैं। यह यूपी और बिहार में एचआईवी देखभाल का एकमात्र उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) है। यूपी और बिहार के मरीजों के लिए फर्स्ट, सेकंड और थर्ड लाइन और उत्तर प्रदेश राज्य एड्स सोसायटी एआरटी प्रदान करता है। केंद्र एचआईवी, टीबी सहसंक्रमित रोगियों के लिए एंटी रेट्रो वायरल ड्रग्स और एंटी ट्यूबरकुलर दवाएं प्रदान करता है। इस केंद्र में एचआईवी पर बहुत शोध भी किए जा रहे हैं। जागरूकता वीडियो में डा. अनुराधा जौहरी बताया कि बीएचयू में वर्तमान एंटी रेट्रोवायरल रेजिमेंट न्यूनतम प्रतिकूल प्रभाव के साथ प्रभावी है। उन्होंने एचआईवी के साथ रहने वाले बच्चों के लिए एआरटी शासन के बारे में जानकारी दी। डॉ अर्चना सिंह ने एचआईवी संक्रमण के कारणों, लक्षणों और रोकथाम के बारे में चर्चा की और मरीजों को बीमारी से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों पर हाथ की सफाई, सामाजिक भेद करने और मास्क पहनने की जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में आईएमएस के निदेशक प्रोफेसर बीके दास, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. एसके माथुर, प्रो. ओपी मिश्र, आइसीटीसी व माइक्रोबायोलॉजी विभाग इंचार्ज प्रो. शम्पा अनपुरवा, डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन की डॉ मानस्वी चौबे, रंजन भटनागर, डॉ निलेश, प्रो. जया चक्रवर्ती ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

## विश्व एड्स दिवस पर आयोजित हुई संगोष्ठी

**बांगरमऊ उन्नाव।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय में आज विश्व एड्स दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉ. विमलेश कुमार मिश्रा ने किया। श्री मिश्रा ने एड्स के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि बचाव ही इसका इलाज है। यह हांथ मिलाने, बात करने तथा छूने से नहीं फैलता बल्कि एड्स रोगी द्वारा इस्तेमाल किया गया इंजेक्शन, सेविंग ब्लेड, असुरक्षित यौन संबंध बनाने से हो सकता है। कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने भी विचार रखे।

### एड्स दिवस पर जनजागरूकता शिविर का आयोजन

**नवाबगंज, उन्नाव।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर मंगलवार को नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरीजों व क्षेत्रवासियों को एड्स के लक्षणों, कारणों व बचाव संबंधी जानकारी के बारे में जागरूक करते हुए लगभग तीन दर्जन लोगों की एचआईवी जांच कराई गयी। स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ अरुण कुमार ने लोगों को एड्स के बारे में जागरूक करते हुए कहाकि एड्स एचआइवी वायरस के कारण होता है। डॉ अखिलेश विक्रम ने कहाकि एचआइवी संक्रमित व्यक्ति के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। उनके साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। हम यदि सहयोग करेंगे तो इलाज के सहारे वे लंबे समय तक स्वस्थ्य जीवन जी सकते हैं। एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम के दौरान डॉ शैलेन्द्र अस्थाना, डॉ रुची त्रिपाठी, डॉ रजत मल्होत्रा, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार, रत्नेश शुक्ला सहित स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## परिसर को प्लास्टिक मुक्त एवं हराभरा बनाने की बनी कार्ययोजना

- राज्य विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति ने सीपीआई भवन का किया निरीक्षण, कार्यवाहक कुलपति के रूप में प्रो के एन सिंह ने संभाली जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज


प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करते कुलपति प्रो के एन सिंह

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो के एन सिंह ने प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय प्रयागराज के नवनियुक्त कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद मंगलवार को कुलपति प्रो के एन सिंह ने अधिकारियों के साथ सीपीआई भवन स्थित विश्वविद्यालय परिसर का गहन निरीक्षण किया। प्रो सिंह ने राज्य विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों और अधीनस्थ कर्मचारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कुलपति ने अधिकारियों को उनके कर्तव्यों के प्रति सजगता के साथ कार्य करने की नसीहत दी। कुलपति प्रो सिंह ने नियुक्ति प्रकोष्ठ शिकायत प्रकोष्ठ तकनीकी प्रकोष्ठ सहायता प्रकोष्ठ के गठन पर विचार विमर्श किया। जिससे छात्रों की समस्याओं के निराकरण में किसी तरह की परेशानी न आने पाए। साथ ही नैक कराये जाने हेतु आधारभूत आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता हेतु अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों के लम्बित प्रकरणों को शीघ्र अति शीघ्र निपटाए जाने के लिए अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने यूपीआरटीओयू की तर्ज पर राज्य विश्वविद्यालय को भी प्लास्टिक मुक्त करने एवं हरा भरा बनाये जाने के लिए कार्ययोजना की रूपरेखा तय की। कुलपति प्रो सिंह ने कहा कि हम सभी इन शैक्षिक संस्थाओं के न्यासी हैं। हमे इसे गौरवशाली एवं समृद्ध बनाकर नई पीढ़ी को हस्तांतरित करना होगा। बैठक में कुलसचिव शेषनाथ पाण्डेय उप कुलसचिव दीप्ति मिश्रा सहायक कुलसचिव सुनील कुमार सरोज विवेक कनौजिया लेखाधिकारी कौशलेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

## सफल रोमांचकारी होगा ब्रह्मराक्षस का मंचनः चेतन

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण काल में बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए नई गाइडलाइन बनी है। इस अक्टूबर के फेस्टिव महीने में तीन नए दिलचस्प फिक्शन शो प्रस्तुत करने और कहानियों के साथ भारत के मध्यम वर्ग की नब्ज थामने के बाद अब ज़ी टीवी लोगों को काल्पनिक सफर पर ले जा रहा है। हाल ही में बेहद सफल और रोमांचक शो ब्रह्मराक्षस का दूसरा सीजन शुरू हुआ है। बालाजी टेलीफिल्म के निर्माण में बने शो के पहले एपिसोड का प्रसारण बाइस नवंबर को हुआ। ब्रह्मराक्षस दो हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे ज़ी टीवी पर आएगा। दिलचस्प शुरुआत करने के बाद शो इस रविवार एक रोमांचक खुलासा करेगा।चेतन का किरदार बड़ा खतरनाक है और इस लुक को अपनाने और इससे बाहर आने में चेतन को चार घंटे लगते हैं। चेतन ने कहा कि चेहरे पर हैवी प्रोस्थेटिक्स सेट करने के लिए कम से कम चार घंटे और चार पांच लोगों कुशल लोगों की टीम लगती है।

## क्विक न्यूज



### रिकार्ड समय में बीएलडब्ल्यू ने बनाया छह हजार हॉर्स पावर का 40वां इंजन

**वाराणसी।** बीएलडब्लू ने नवम्बर महीने में 6 हजार हॉर्स पॉवर का 40वां इंजन बना कर नया रिकार्ड बनाया है। बीएलडब्ल्यू ने 40वां इंजन बनाकर नया किर्तिमान बना दिया है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने मंगलवार प्रातः 40वें 6 हजार हॉर्स पावर के इंजन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर बीएलडब्लू चेयरमैन अंजली गोयल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बीएलडब्लू ने नई इबारत लिखी है। इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि नवंबर महीनें में 40 लोकोमोटिव्स बनाकर पुराना रिकार्ड तोड़ नए किर्तिमान बना दिए हैं। इस कार्य को बीएलडब्ल्यू ने पिछले साल के मुकाबले 169 लोकोमोटिव्स प्रोड्यूस किया है क्योंकि कोविड के चलते नंबर ऑफ वर्किंग डेज काफी कम थे इसके बावजुद यह सफलता हासिल की गई है। महाप्रबंधक ने कहा कि बीएलडब्लू आत्मनिर्भर भारत के तहत भारत के जो पांच स्तंभ हैं उनमें से अधिक्तर से जुड़े हैं। पहला स्तंभ के हम स्वदेशी का इस्तेमाल करें तो हमारे जो लोकोमोटिव्स होतें है वह 98 प्रतिशत स्वदेशी होते हैं। दूसरा निर्यात ज्यादा करें, हमारे यहां पहले से भी निर्यात हो रहा है और अब हम इसमें और तेजी ला रहे हैं। वर्तमान में सिक्स केप केज लोकोमोटिव है जो की अफ्रिका में चल सकते हैं। जीडीपी को और बढ़ावा देना और मैन्यूफैक्चर को बढ़ा भी मैन्यूफैक्चरिंग से ही जुड़ी है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेलवे बोर्ड विनोद कुमार यादव और महाप्रबंधक बरेका लोकोमोटिव शॉप में उपस्थित रहे।

### राजीव गांधी की प्रतिमा पर कालिख पोतने वाला युवक गिरफ्तार

**वाराणसी।** मैदागिन चौराहे पर राजीव गांधी की प्रतिमा पर कालिख लगाने वाले युवक को कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को राजीव गांधी की प्रतिमा पर कालिख लगाये जाने से कांग्रेसियों ने आक्रोश जताया था। विरोध करते हुए कांग्रेस नेता राघवेंद्र चौबे ने 48 घंटे के अंदर मामले की जांच कर दोषियों को पकड़ने के लिए पुलिस प्रशासन को सोमवार को ज्ञापन दिया था। प्रशासन को ज्ञापन देकर कहा है कि अगर 48 घंटे के अंदर अराजक तत्वों को नहीं पकड़ा गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य हो जाएंगे। सोमवार की सुबह लोग मैदागिन चौराहे की की ओर गए तो पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर कालिक पोती देखकर लोग आक्रोशित हो गए। मामले की जानकारी से कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी अवगत हुए तो पहले पुलिस को सूचित करने के बाद कार्रवाई को लेकर पुलिस को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने से पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मूर्ति की सफाई करने के साथ ही प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।

### सीएम ने जब उपहार दिए तो मोदी हुए गदगद

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार शाम जलमार्ग से ललिता घाट पहुंचे। निर्माणाधीन श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर होते हुए पीएम बाबा दरबार गए। इसके पश्चात प्रधानमंत्री चुनार के लाल गुलाबी पत्थरों से बन रहे प्रदक्षिणा मार्ग के बीच से होते हुए मंदिर चौक बिल्डिंग पहुंचे। इसी दौरान प्रधानमंत्री मोदी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीतल से निर्मित एक शंख और अंगवस्त्रम भेंट किया। यह विशेष उपहार पाकर पीएम गदगद नजर आए। उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के चल रहे निर्माण पर तैयार प्रस्तुति देखी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने निर्माण कार्यों की स्थिति, गुणवत्ता, भव्यता और उपयोगिता को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा की।

### लाखों कर्मचारियों शिक्षकों की होगी जीतः डॉ. हरि प्रकाश



**प्रयागराज।** अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी डा हरि प्रकाश यादव ने कहा कि इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में लाखों कर्मचारियों और शिक्षकों की जीत होगी। क्योंकि जहां एक तरफहक की लडाई है तो वहीं दूसरी ओर लाखों कर्मचारियों और शिक्षकों के हक को लूटने और उनका मनोबल तोड़ने वालों को करारी शिकस्त मिलेगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और शिक्षकों का हक मारने वालों और उनके बुढ़ापे की लाठी तोड़ने वालों को बेरोजगार युवक कर्मचारी और शिक्षक छोड़ने वाले नही हैं। कहा कि भाजपा एक एक मत को लूटने और व्यापक स्तर पर गड़बड़ी का पूरा प्रयास किया है लेकिन बेरोजगार स्नातक कर्मचारी और शिक्षकों ने काफी हद तक अराजकता को रोका है। कहा कि पुरानी पेंशन बहाली तक आंदोलन जारी रहेगा। जिससे कि कर्मचारियों और शिक्षकों के बुढ़ापे की लाठी टूटने न पाये। इसके पूर्व इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के अटेवा प्रत्याशी डा हरि प्रकाश यादव और उनकी पत्नी नूतन यादव ने मंगलवार की सुबह एमएनएनआईटी मतदान केंद्र पर सबसे पहले मतदान किया। साथ ही सभी से परिवार सहित मतदान की अपील की।

### विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश की ओर से नोडल अधिकारी निशा झा की अध्यक्षता में तहसील सदर में विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विनोद कुमार तृतीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति रही। हिना कैसर सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वारा एड्स दिवस पर विस्तृत रूप जानकारी दी गई। कहा कि एड्स लाइलाज बीमारी है लेकिन कुछ सावधानियों से इससे बचा जा सकता है। हिना क़ैसर ने कहा कि एड्स छूने से नहीं होता है। किसी से हाथ मिलाने से नहीं होता है लेकिन इंजेक्शन या ब्लड को लेते समय ब्लड की जांच कराना आवश्यक है। क्योंकि इससे एड्स फैलता है। कार्यक्रम में बोलते हुए चंद्रमणि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र में भी कराये जाएं। जिससे इसका लाभ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी प्राप्त हो सके। कहा कि एड्स जैसी घातक बीमारी से सुरक्षा और सावधानी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अधिवक्ता राजेंद्र श्रीवास्तव ने एड्स दिवस पर जानकारी देते हुए कहा कि एड्स से बचाव की जानकारी केवल शहर और कस्बों तक ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी कराई जानी चाहिए। कार्यक्रम के समापन के दौरान नायब नाजिर सियाराम सरोज ने सभी वक्ताओं तथा नोडल अधिकारी एवं सचिव का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आदेश अवैध होने के बाद भी वेतन बांट रहे हैं जिम्मेदार

- दो शिक्षकों ने शासनादेश के विपरीत बढ़वा लिया था वेतन
- रिकवरी हुई नहीं लेटलतीफी कर भी खोज नहीं पाए जुगाड़

संवाददाता। उन्नाव

**कभी स्पष्टीकरण...कभी** रिपोर्ट...कभी जांच कमेटी...कभी कोई आदेश लेकिन नतीजा शून्य। दो लाख रुपए से ज्यादा का चूना लगाए जाने के बाद कार्यवाही के नाम पर हीला हवाली हो रही है मामला बेसिक के दो शिक्षकों को 17140 वेतनमान का लाभ लेने व एरियर निकलवा लेने का है। पूरे प्रदेश में पदोन्नति में मूल वेतन 17140 का लाभ दिए जाने की मांग काफी समय से चल रही है शिक्षकों ने उच्च न्यायालय की शरण तक ले रखी है। कोर्ट ने आदेश भी कर दिया है लेकिन सरकार नहीं मान रही है। मामला अवमानना की श्रेणी में विचाराधीन है। कोर्ट का फैसला इस मसले पर आए कि उसके दो वर्ष पहले से नवाबगंज के एक शिक्षक व बिछिया की एक शिक्षिका ने वरिष्ठता का हवाला देकर 17140 का लाभ प्राप्त कर लिया है। निलंबित बीएसए के कार्यकाल में चोरी छुपे हुए आदेश का जब खुलासा हुआ तो हड़कंप मच गया। दरअसल इन दोनों के समकक्ष 700 शिक्षकों को जब पता चला कि 10000 वेतन इनका प्रतिमाह बढ़ गया है व लगभग आठ लाख के एरियर भी पास हो गए हैं तो मामले की शिकायत हो गई। निलंबित बीएसए बीके शर्मा को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने अपना फैसला पलटते हुए रिकवरी के आदेश कर दिए जिसके बाद दोनों ने हाईकोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने गेंद फिर बीएसए के पाले में करते हुए आदेश दिया कि मामले को सुनने के बाद आदेश करें। एक साल बाद भी कोर्ट के आदेश की अनसुनी का आलम यह है कि कभी कमेटी बनाई जाती है तो कभी फाइल लेखा अधिकारी के पास जाती है। लेकिन यह वेतनमान देय है कि नहीं? रिकवरी होगी कि नहीं? यह फैसला नहीं हो पाया है। नतीजतन इनका बढ़ा हुआ वेतन आज भी निकल रहा है जानकारों सूत्रों का कहना है कि वित्त एवं लेखाधिकारी चार्ज पर है। मामले के निस्तारण में उनकी भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।

### मौलिक नियुक्ति से निर्धारण कर सभी को लाभ दिया जाएः राघवेंद्र सिंह

**उन्नाव।** शिक्षकों को मुख्य रूप से उठाने वाले जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह से जब इस मसले पर प्रतिक्रिया चाही गई तो उन्होंने कहा कि हर उस शिक्षक को यह लाभ मिले उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन केवल दो ही क्यों सभी को लाभ दिया जाय। उन्होंने कहा कि शिक्षक की वरिष्ठता उसकी मौलिक नियुक्ति से निर्धारित होती है जो प्रथम नियुक्ति भी होती है इसके आधार पर सभी को लाभ प्रदान किया जाए इस प्रकरण में जॉइनिंग डेट से वरिष्ठता तय की गई है जो नियम विरुद्ध है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे सांसद साक्षी महराज, डीएम-एसपी को बताया जनसेवी

- फरियादियों की समस्याओं का प्रभावी समयबद्ध निस्तारण करें: जिलाधिकारी

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव



**स्थानीय तहसील** सभागार में जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल एक सौ उनसठ शिकायती पत्र दर्ज किए गये। जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आदेश दिया। इस मौके पर जिले के सांसद सच्चिदानंद साक्षी ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी की टीम को जन सेवी और ईमानदार बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि जिले के अफसरों की टीम समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण अवश्य करेगी। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर आज सांसद श्री साक्षी महाराज ने कहा कि सरकार जनता के दरवाजे पर योजना के तहत संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस दिवस पर खासकर उपेक्षित, शोषित और वंचित लोगों की समस्याएं सुनी जाती हैं और उनका जल्द निस्तारण भी किया जाता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से समाधान दिवस में प्रस्तुत सभी शिकायतों का अविलंब निस्तारण करने का प्रयास करें। समाधान दिवस पर मौजूद कई फरियादी मास्क नहीं लगाए थे। इस पर उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी लाइलाज है। कहा जब तक दवाई बाजार में ना आ जाए, तब तक मास्क लगाना और दो गज की दूरी अति आवश्यक है। उन्होंने जानकारी दी कि वह कोरोना महामारी रोकथाम कमेटी के सदस्य भी हैं। इसलिए कम से कम जिले के लोग मास्क लगाने की आदत अवश्य डालें। समाधान दिवस पर आज फरियादियों की भारी भीड़ रही। इस मौके पर कुल 159 फरियादियों ने अपनी पीड़ा जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के समक्ष व्यक्त की। सबसे अधिक शिकायती पत्र राजस्व विभाग से संबंधित 96 दर्ज हुये। जबकि पुलिस के 36, विकास के 12, शिक्षा विभाग के 4, खाद एवं रसद विभाग के 3 तथा अन्य मामलों से संबंधित 8 शिकायती पत्र प्रस्तुत हुये। समाधान दिवस पर आज ग्राम गोल्हुवापुर की गंगा देई और नगर के मोहल्ला प्रेमगंज के दीनदयाल तथा ग्राम बरौकी के मनोज कुमार ने शिकायती पत्र सौंपा कि उनकी भूमि पर दबंगों ने जबरन कब्जा कर लिया है। ग्राम मंसूरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र बीएलओ भी है। महिला शिक्षामित्र गांव में मतदाता सूची के संशोधन काम कर रही थी। तभी एबीएसए ने उन्हें विद्यालय की उपस्थिति पंजिका में अनुपस्थित दर्शा दिया। इसके अलावा नगर के मोहल्ला मुकरियाना निवासी महिला सतरूपा ने शिकायत दर्ज कराई कि विशेष समुदाय के कुछ लोगों ने मोहल्ले में ही स्थित मंदिर की भूमि को हड़पने के लिए अपने घर का दरवाजा फोड़ लिया। समाधान दिवस में सीएमओ तन्मय कक्कड़ , उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार , क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार राय व तहसीलदार रश्मि सिंह के अलावा सभी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने शुरू की द्वारे सरकार मुहिम

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** में तृणमूल कांग्रेस सरकार ने 2021 विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को द्वारे सरकार मुहिम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि राज्य की 11 सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके। यह कार्यक्रम 30 जनवरी तक चलेगा। राज्य की 294 सदस्ईय विधानसभा के लिए चुनाव अगले साल अप्रैल–मई में होगा। लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए राज्य की सभी पंचायतों एवं नगरपालिका के वार्डों में स्थापित कम से कम 20,000 शिविरों में पंक्तिबद्ध देखा गया। यह कार्यक्रम दो महीने तक चार चरणों में चलाया जाएगा। कार्यक्रम का पहला चरण एक दिसंबर से 11 दिसंबर, दूसरा चरण 15 से 24 दिसंबर तक, तीसरा चरण दो जनवरी से 12 जनवरी तक और आखिरी चरण 18 जनवरी से 30 जनवरी तक चलेगा। इन शिविरों में हर रोज पूर्वाह्न 10 बजे से शाम चार बजे तक काम होगा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्वीट किया, पश्चिम बंगाल सरकार की द्वारे सरकार पहल के तहत लोगों के दरवाजे तक सरकारी सेवाएं पहुंचाई जाएंगी। यह देखकर खुशी हो रही है कि शिविरों में जोर–शोर से काम आरंभ हो गया है। मैं लोगों से अपील करती हूं कि वे इन शिविरों में अपनी समस्याओं के समाधान और अन्य सेवाएं हासिल करें। नगरपालिका मामलों के मंत्री फिरहाद हाकिम ने यहां एक वार्ड कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा, हमारी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए परिवर्तनकारी कदम उठाया है कि कोई भी व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रह जाए। जो लोग पात्र हैं, उन्हें लाभ मिलेगा। उदाहरणार्थ स्वस्थ साथी का लाभ राज्य की पूरी जनसंख्या को मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस मकसद के लिए स्थापित शिविरों के जरिए लाभार्थियों को 11 योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। पंचायत मंत्री सुब्रत मुखर्जी ने इसे ममता बनर्जी सरकार की बड़ी पहल बताया। हालांकि, विपक्षी दलों ने समय पर योजनाओं का लाभ पहुंचाने में नाकाम रहने पर राज्य सरकार की आलोचना की। राज्य भाजपा प्रमुख दिलीप घोष ने आरोप लगाया है कि तृणमूल सरकार ने लोगों के धन का इस्तेमाल करके यह चुनाव मुहिम शुरू की है।

घोष ने कहा, वे चुनाव मुहिम के लिए लोगों का धन इस्तेमाल कर रहे हैं। यदि राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए 10 साल बाद मुहिम शुरू करनी पड़ रही है कि योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे, तो तृणमूल के नेताओं को शर्म आनी चाहिए। माकपा नेता सुजान चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि पंचायत विभाग योजनाओं का लाभ पहुंचाने में नाकाम रहा, जिसके कारण राज्य सरकार ने द्वारे सरकार मुहिम शुरू की। कांग्रेस सांसद प्रदीप भट्टाचार्य ने कहा, मैं आपसे केवल एक प्रश्न पूछना चाहता हूं। आप हर घर में जा रहे हैं, लेकिन क्या आप उनकी समस्याएं सुलझाएंगे? क्या आप उन्हें वास्तव में सुलझा पाएंगे। हाकिम ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि घोष को पहले इस सवाल का जवाब देना चाहिए कि केंद्र में भाजपा नीत सरकार ने अपने प्रचार के लिए लोगों का कितना धन इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस और माकपा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा से हाथ मिला लिए हैं।



जम्मू में डीडीसी चुनाव के दूसरे चरण में मतदान करने के बाद उंगली पर लगे हुए निशान को दिखाते हुए मतदाता।

## सरकार प्रमुख मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए कर रही लव जिहाद विरोधी कानून लाने जैसे काम

**दमोह।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने लव जिहाद को लेकर कहा कि सरकार प्रमुख समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए ए सब कर रही है और यदि इससे बेरोजगारी, पिछड़ापन तथा गरीबी खत्म हो जाए तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। सिंह ने सोमवार देर रात यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में भाजपा सरकार पर प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया और कहा कि आज जो समस्याएं हैं, सरकार उनपर क्यों ध्यान नहीं दे रही है।

वह मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लव जिहाद के खिलाफ कानून बनाने संबंधी सवाल का जवाब दे रहे थे। सिंह ने कहा कि सरकार प्रमुख मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए लव जिहाद विरोधी कानून लाने जैसे काम कर रही है। यदि इससे बेरोजगारी, पिछड़ापन तथा गरीबी खत्म हो जाए तो उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कोरोना वैक्सीन के मध्य प्रदेश में परीक्षण पर कहा कि इसमें प्रोटोकॉल का पालन होना चाहिए। सरकार को जल्दबाजी नहीं करनी



चाहिए। इसका अगर कोई दुष्प्रभाव हुआ तो जिम्मेदारी किसकी होगी।

सिंह ने किसान आंदोलन पर कहा कि किसान अपनी मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। दूसरा इसमें मंडियां समाप्त की जा रही हैं। भाजपा को इसपर चर्चा करनी थी। इस कानून से बड़े लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसलिए किसान आंदोलन कर रहे हैं। यदि कानून लाने के पहले ही किसानों से चर्चा कर ली जाती तो यह स्थिति क्यों बनती। उपचुनाव परिणामों को लेकर कांग्रेस को जो अपेक्षा थी, उसके अनुरूप परिणाम नहीं मिले, जिसकी समीक्षा की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने वाहन को उड़ाया, दो ग्रामीण घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने मंगलवार को बारूदी सुरंग में विस्फोट कर एक वाहन को उड़ा दिया। इस घटना में दो ग्रामीण घायल हो गए हैं। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के बासागुड़ा और तेंम गांव के मध्य राजपेंटा गांव के करीब नक्सलियों ने सुबह टाटा सूमो वाहन को बारूदी सुरंग में विस्फोट कर उड़ा दिया। इस घटना में वाहन मालिक मोहम्मद इकबाल अंसारी और मोटर मैकेनिक बलराम प्रधान घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार पुलिस को जानकारी मिली कि अंसारी का ट्रक तेंम गांव के करीब खराब हो गया था। उसे सुधरवाने के लिए वह मोटर मैकेनिक प्रधान को लेकर तेंम की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि वाहन जब राजपेंटा गांव के करीब पहुंचा तब नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर वाहन को उड़ा दिया। इस घटना में अंसारी और प्रधान घायल हो गए। विस्फोट से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है।

## टीकाकरण के बाद भी मास्क की भूमिका रहेगी महत्वपूर्ण

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** ने कहा है कि टीकाकरण के बाद भी मास्क की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। साथ ही यह भी कहा कि पूरे देश की आबादी को कोविड–19 का टीका लगाने के बारे में कभी कोई बात नहीं हुई। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक बलराम भार्गव ने प्रेसवार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि कोविड टीका अभियान का उद्देश्य संक्रमण के प्रसार की शृंखला को तोड़ना होगा। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य संक्रमण के प्रसार की शृंखला को तोड़ना होगा। अगर हम आबादी के कुछ हिस्से का टीकाकरण करने और संक्रमण के प्रसार की शृंखला को तोड़ने में सक्षम हैं तो हमें देश की पूरी आबादी के टीकाकरण की आवश्यकता नहीं होगी। भार्गव ने कहा, मास्क की भूमिका भी बेहद अहम है और टीकाकरण के बाद भी यह जारी रहेगी। क्योंकि हम एक समय में आबादी के छोटे हिस्से के साथ यह शुरू कर रहे हैं इसलिए वायरस के संक्रमण प्रसार की शृंखला को तोड़ने में मास्क की भूमिका बेहद अहम होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि पूरे देश की आबादी को कोविड–19 का टीका लगाने के बारे में कभी कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि सरकार ने पूरे देश की आबादी के टीकाकरण के बारे में कभी नहीं कहा। दूसरी ओर केंद्र ने कहा कि चेन्नई में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के कोविड–19 टीके के परीक्षण में हिस्सा लेने वाले एक भागीदार के कथित तौर पर दिक्कतों का सामना करने के संबंध में शुरुआती निष्कर्षों के मद्देनजर परीक्षण रोकने की आवश्यकता नहीं थी। केंद्र ने कहा कि यह दवा नियामक को पता लगाना है कि घटना और प्रयोग में कोई संबंध है या नहीं। सीरम इंस्टीट्यूट के परीक्षण में अप्रिय चिकित्सा घटना होने के आरोपों पर सरकार ने कहा कि इसका टीका निर्माण की समय–सीमा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। चेन्नई में कोविशील्ड टीका के परीक्षण के तीसरे चरण में 40 वर्षीय एक व्यक्ति ने गंभीर दुष्प्रभाव की शिकायतें कीं जिसमें तंत्रिका तंत्र में खराबी आना और बोध संबंधी दिक्कतें पैदा होना शामिल है। उसने परीक्षण को रोकने की मांग करने के अलावा सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया एवं अन्य से पांच करोड़ रुपए का मुआवजा भी मांगा है। बहरहाल, एसआईआई ने इन आरोपों को दुर्भावनापूर्ण और मिथ्या बताकर खारिज कर दिया और कहा कि वह सौ करोड़ रुपए का मुआवजा मांगेगा। आईसीएमआर के महानिदेशक बलराम भार्गव ने कहा कि दवाओं या टीके या अन्य स्वास्थ्य प्रयोगों में अप्रिय चिकित्सा घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा, अगर किसी अप्रिय चिकित्सा घटना के कारण अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत पड़े तो इसे गंभीर अप्रिय घटना कहते हैं। यह दवा नियामक की भूमिका है कि सभी आंकड़ों को जुटाकर यह तय करे या इंकार करे कि घटना और प्रयोग में कोई संबंध है अथवा नहीं। उन्होंने कहा, संबंधों का पता लगाना या इससे इंकार करने का काम डीजीसीआई का है और पांच मानकों से जुड़े सभी पत्रों को उन्हें समीक्षा के लिए सौंपा गया है।

## क्विक न्यूज

### भारतीय नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइल के नौसैन्य संस्करण का सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के नौसैन्य संस्करण का बंगाल की खाड़ी में मंगलवार को कामयाब परीक्षण किया। सेना के तीनों अंगों द्वारा मिसाइल का परीक्षण किया जा रहा है। इसी के तहत ब्रह्मोस मिसाइल के नौसैन्य संस्करण का परीक्षण किया गया। भारतीय नौसेना ने छह सप्ताह पहले अरब सागर में भी मिसाइल का इसी तरह का परीक्षण किया था। भारत-रूस के संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एरोस्पेस ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का निर्माण किया है। इन मिसाइलों को पनडुब्बी, जहाज या जमीनी प्लेटफॉर्म से छोड़ा जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को मिसाइल का परीक्षण सफल रहा। भारतीय थल सेना ने 24 नवंबर को सतह से सतह पर मार करने में सक्षम मिसाइल का परीक्षण किया था। इसकी रफ्तार आवाज की गति से करीब तीन गुना तेज या 2.8 मैक की है। मिसाइल के जमीन से छोड़े जाने वाले संस्करण की रेंज को भी 400 किलोमीटर तक बढ़ाया गया है। भारत, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास कई महत्वपूर्ण रणनीतिक स्थानों पर मूल ब्रह्मोस मिसाइलों को तैनात कर चुका है। पिछले ढाई महीने में भारत ने एंटी-रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-एक, समेत कई मिसाइलों का परीक्षण किया है। रुद्रम-एक को सेवा में 2022 तक शामिल किए जाने की संभावना है। भारतीय वायु सेना ने 30 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में सुखोई लड़ाकू विमान से मिसाइल का परीक्षण किया था। वायु सेना अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए 40 से ज्यादा सुखोई लड़ाकू विमानों में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों को शामिल करने वाला है।

### भाजपा नेता रवि ने कांग्रेस की तुलना गजनी और मुगलों से की

**बेंगलुरु।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने कांग्रेस की तुलना गजनी और मुगलों से करते हुए मंगलवार को लोगों से आह्वान किया कि वे आक्रामक ताकतों से धर्म को बचाने के लिए एक हो जाएं। कर्नाटक के पूर्व मंत्री ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि वह अपनी ताकत के बलबूते सफल नही हुई बल्कि इसलिए हुई क्योंकि हमारे अंदर एकता नही थी। रवि, महाराष्ट्र, गोवा और तमिलनाडु के भाजपा प्रभारी हैं। रवि ने ट्वीट किया, एलेक्जेंडर, गजनी, मुगल, ब्रिटिश, सोनिया कांग्रेस यह सभी अपनी ताकत के बलबूते सफल नही हुए बल्कि इसलिए हुए क्योंकि हमारे अंदर एकता नही थी। अब समय आ गया है कि हम एकसाथ आकर अपने धर्म को आक्रामक ताकतों से बचाएं। याद रखें भारत माता के लिए यह केवल हम कर सकते है।

### गोवा मुक्ति दिवस के जश्न का हिस्सा बनने से जीएफपी का इनकार

**पणजी।** गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) ने मंगलवार को घोषणा की कि वह पुर्तगाली शासन से राज्य की आजादी के 60 वर्ष पूरे होने पर मनाए जा रहे एकसाल लंबे जश्न का हिस्सा नही बनेगी। अध्यक्ष किरण कंडोल्कर ने कहा कि पार्टी प्रमोद सावंत नीत सरकार द्वारा बुलाई गई बैठक में हिस्सा नही लेगी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि 19 दिसम्बर से राज्य में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए केन्द्र से 100 करोड़ रुपए की राशि मांगी गई है। कंडोल्कर ने कहा, यह ऐसे समय में कीमती सार्वजनिक धन की बर्बादी है, जब गोवा की अर्थव्यवस्था जर्जर है और राज्य सरकार वेतन देने के लिए उधार ले रही है। उन्होंने कहा, हम जश्न रद्द करने की अपनी मांग पर अडिग है। इस धनराशि का इस्तेमाल रिक्शा, बस और टैक्सी मालिकों की मदद के लिए किया जाना चाहिए, जो कोविड-19 वैश्विक महामारी से बुरी तरह प्रभावित हैं।

### उत्तराखंड में भूकंप के हल्के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में मंगलवार को भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप के झटके सुबह नौ बजकर 41 मिनट पर हरिद्वार तथा इसके आसपास के इलाकों जैसे रुड़की, लक्सर और देहरादून में भी महसूस किए गए। भूकंप हरिद्वार के पास 30.03 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.95 डिग्री पूर्वी देशांतर में 10 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। आईआईइटी रुड़की के भूकंप इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एमएल शर्मा ने कहा कि इस भूकंप का स्रोत क्षेत्र में मौजूद हिमालयन फ्रंटल फॉल्ट हो सकता है। यह क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से काफी संवेदनशील है।

### तीन मछुआरों के परिजन को 12 साल बाद मिला मुआवजा

**नवसारी (गुजरात)।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पर 26 नवंबर 2008 को हमला करने से पहले माना जाता है कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पांच मछुआरों की हत्या की थी और इन्ही पांच में से तीन मछुआरों के परिजन को घटना के 12 साल बाद गुजरात सरकार ने पांच-पांच लाख रुपए का मुआवजा दिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि दो मछुआरों के परिवार को पूर्व में विभिन्न प्राधिकारियों द्वारा मुआवजा दिया जा चुका है। इनमें कुबेर नामक मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर के कैप्टन अमरसिंह सोलंकी शामिल है।



मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के समक्ष शिवसेना पार्टी ज्वाइन करती हुईं फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर।

## टू जी मामले में सीबीआई की अपील पर जनवरी में सुनवाई करेगा दिल्ली उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह 2जी स्पेक्ट्रम मामले में पूर्वी दूरसंचार मंत्री ए राजा तथा अन्य को बरी किए जाने के विरुद्ध सीबीआई की ओर से दायर याचिका पर जनवरी में सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना ने अपील पर सुनवाई के लिए 13 से 15 जनवरी 2021 के बीच तारीख तय की है। सीबीआई की ओर से पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता सोनिया माथुर ने अदालत से मामले की सुनवाई प्रतिदिन करने का आग्रह किया, जैसा कि इससे पहले एक पीठ द्वारा किया गया था। माथुर ने कहा कि एजेंसी को अपनी दलील रखने में एक सप्ताह का समय लगेगा। उन्होंने अदालत से मामले की सुनवाई दिसंबर मध्य में करने का आग्रह किया। हालांकि, न्यायाधीश ने कहा कि इस महीने की तारीख देना संभव नहीं है।

अदालत ने जनवरी में सुनवाई की तारीख तय कर दी। हालांकि, अपील की अनुमति के मुद्दे पर सीबीआई ने पहले अपनी दलील समाप्त कर दी थी, लेकिन अब न्यायाधीश बदलने के चलते उसे मामले में नए सिरे से दलीलें रखनी होंगी। अपील की अनुमति, अदालत द्वारा दी गई औपचारिक अनुमति होती है जिससे कोई पक्ष अदालत के फैसले को ऊंची अदालत में चुनौती दे सकता है।

न्यायमूर्ति बृजेश सेठी द्वारा मामले की प्रतिदिन की सुनवाई की जा रही थी। न्यायमूर्ति सेठी 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त होने से पहले न्यायमूर्ति सेठी ने तीन मामलों में दोषमुक्त करार दिए गए व्यक्तियों और फर्म द्वारा दायर याचिकाओं और आवेदनों पर निर्णय दे दिया था। सीबीआई के मुख्य मामले में दलीलों को सुनने के बाद उच्च न्यायालय प्रवर्तन निदेशालय के धन शोधन के मामले को सुनेगा, जिसमें सभी आरोपियों को विशेष अदालत ने बरी कर दिया था। एक विशेष अदालत ने 21 दिसंबर 2017 को 2 जी मामले में राजा, द्रमुक सांसद कनिमोई और अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था।

## मालेगांव विस्फोट: आरोपियों से तीन दिसंबर को कोर्ट में उपस्थित होने को कहा

**मुंबई।** मालेगांव में 2008 में हुए विस्फोटों के मामले में सुनवाई कर रही एक विशेष एनआईए अदालत ने मंगलवार को भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सात आरोपियों को तीन दिसंबर को उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। पीड़ित के परिवार ने मामले में दैनिक आधार पर सुनवाई का अनुरोध किया था, जिसके बाद अदालत ने निर्देश दिया। मामले की जांच एनआईए कर रहा है। न्यायमूर्ति पी आर सितरे ने सभी आरोपियों को बृहस्पतिवार को अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। रोजाना सुनवाई की याचिका पर विशेष लोक अभियोजक अविनाश रसल ने कहा कि वे जल्दी से सुनवाई पूरी करने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें गवाहों का पता लगाना है, जो बहुत बोझिल काम है। अक्टूबर 2018 में लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, प्रज्ञा सिंह ठाकुर और पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ आतंकवाद के मामले में आरोप तय किए थे।

# राजकोट अग्निकांड पर गुजरात की रिपोर्ट से न्यायालय नाखुश, कहा- तथ्य छिपाए नहीं जाने चाहिए

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को राजकोट जिले में कोविड–19 के लिए नामित एक अस्पताल में हुए अग्निकांड के बारे में गुजरात सरकार की रिपोर्ट पर अप्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि तथ्यों को छिपाने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। इस अग्निकांड में कई कोविड मरीजों की मृत्यु हो गई थी। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने कहा, हमने गुजरात का जवाब देखा है। सातवीं मंजिल पर पांच मरीजों की मृत्यु हुई। यह किस तरह का हलफनामा है। तथ्यों को छिपाने का कोई प्रयास नहीं होना चाहिए। पीठ ने पिछले सप्ताह इस घटना का स्वत: संज्ञान लिया था।

हलफनामे में दी गई जानकारी पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए पीठ ने कहा, जांच समिति गठित की गई है। प्राथमिकी दर्ज हुई है लेकिन अपरिहार्य कारणों से लोगों को जमानत भी मिल गई है। आयोग के बाद आयोग गठित होते हैं लेकिन इसके बाद कुछ नहीं होता। पीठ ने सालिसीटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि इस रिपोर्ट का अवलोकन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि शीर्ष अदालत में बेहतर हलफनामा दाखिल किया जाए।

पीठ ने कहा, मिस्टर मेहता, आप इस हलफनामे पर गौर कीजिए और देखें कि वे क्या दाखिल कर रहे हैं। मेहता ने पीठ से कहा कि वह रिपोर्ट का अवलोकन करेंगे और इस बारे में राज्य सरकार से बात करेंगे। पीठ ने इस मामले को अब तीन दिसंबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। मेहता ने पीठ को सूचित किया कि केन्द्र ने देश भर के अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा के बारे में दिशा निर्देश जारी किए है। केन्द्र सरकार ने अग्नि सुरक्षा के बारे में दिशा निर्देश जारी किए हैं। मैंने हलफनामा दाखिल किया है।

केन्द्र ने सोमवार को सभी राज्यों को अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में अग्नि सुरक्षा के समुचित बंदोबस्त सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। केन्द्र ने कहा था कि जब पूरा देश कोराना वायरस महामारी से जूझ रहा है तो ऐसी स्थिति में बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। केन्द्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने गुजरात के दो अस्पतालों में अग्निकांड की घटनाओं के मद्देनजर सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखे थे। इन अग्निकांड में 14 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। गृह सचिव ने कहा था कि हाल के दिनों में अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में अग्निकांड की कई घटनाएं हुई हैं और प्राधिकारियों द्वारा अपने अधिकार क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के उपायों का पालन सुनिश्चित नहीं करना बहुत ही चिंता का विषय है।

न्यायालय ने 27 नवंबर को राजकोट में कोविड–19 अस्पताल में हुए अग्निकांड की घटना पर स्वत: ही संज्ञान लेते हुए गुजरात सरकार से रिपोर्ट मांगी थी। न्यायालय ने बार बार इस तरह की घटनाएं होने के बावजूद इन्हें कम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाने पर राज्यों की तीखी आलोचना की। पीठ ने इस घटना को बेहत हतप्रभ करने वाला बताते हुए कहा था कि यह बहुत ही गंभीर मामला है और यह नामित सरकारी अस्पतालों की स्थिति को दर्शाता है क्योंकि इसी तरह की घटनाएं दूसरे स्थानों पर भी हो चुकी हैं। पीठ ने कहा था कि यह घटना इस बात का प्रतीक है कि ऐसी स्थिति से निबटने के लिए अग्नि सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त नहीं है।

मेहता ने पीठ को आश्वस्त किया था कि केन्द्रीय गृह सचिव शनिवार तक बैठक आयोजित करेंगे और देश भर के सरकारी अस्पतालों के लिए अग्नि सुरक्षा निर्देश जारी करेंगे। गुजरात के उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने बताया था कि राजकोट जिले में निर्दिष्ट कोविड–19 अस्पताल के आईसीयू में आग लगने से संक्रमण के इलाज के लिए भर्ती पांच मरीजों की मौत हो गई जबकि इसमें उपचार के लिए भर्ती 26 अन्य मरीजों को सुरक्षित निकाल कर अन्य जगह स्थानांतरित किया गया है।






बेंगलुरू में मराठा विकास बोर्ड बनाने के लिए फंड मंजूर करने के राज्य सरकार के निर्णय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता।

# नवंबर में कोरोना मामलों में 30 फीसद की गिरावट

**● एक दिन में कोविड-19 के 31,118 नए केस, 482 मौतें**

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक देश में कोविड-19 के 31,118 नए मामलों के साथ संक्रमितों की संख्या 94.62 लाख से ज्यादा हो गई और स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 88,89,585 हो गई। मंत्रालय के अनुसार अक्टूबर की तुलना में नवंबर महीने में मृतकों और संक्रमितों के नए मामलों में 30 प्रतिशत की गिरावट आई।

नए मामलों के साथ संक्रमितों की संख्या 94,62,809 हो गई। संक्रमण से 482 और लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 1,37,621 हो गई है। सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार 482 और मरीजों की मौत हो गई। देश में संक्रमण के कारण अब तक 1,37,621 लोग दम तोड़ चुके हैं। अक्टूबर के पहले सप्ताह से ही कोविड-19 से संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। अक्टूबर में 18,71,498 मामलों की तुलना में नवंबर में कुल 12,78,727 मामले आए। पिछले महीने संक्रमण के कारण 15,510 लोगों की मौत हो गई। संक्रमण से अब तक 88,89,585 लोग ठीक हो चुके हैं जिससे ठीक होने की दर 93.94 प्रतिशत हो गई है।

कोविड-19 से मृत्यु दर 1.45 प्रतिशत है। लगातार 21वें दिन उपचाराधीन मरीजों की संख्या पांच लाख से नीचे है। देश में 4,35,603 मरीजों का उपचार चल रहा है जो कि संक्रमण के कुल मामलों का 4.60 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 संक्रमितों की संख्या सात अगस्त को 20 लाख से ज्यादा हो गई थी। इसके बाद 23 अगस्त को संक्रमितों की संख्या 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख हो गई। देश में 16 सितंबर को संक्रमितों की संख्या 50 लाख हो गई थी, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख और 29 अक्टूबर को संक्रमितों की संख्या 80 लाख से ज्यादा हो गई थी। इसके बाद 20 नवंबर को देश में कुल संक्रमितों की संख्या 90 लाख से ज्यादा हो गई थी। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक सोमवार को 9,69,332 नमूनों की जांच की गई और अब तक 14,13,49,298 जांच की जा चुकी है। देश में संक्रमण से 482 और मरीजों की मौत हो गई।

इनमें से दिल्ली में 108, महाराष्ट्र में 80, पश्चिम बंगाल में 48, हरियाणा और पंजाब में 27-27, छत्तीसगढ़ और केरल में 21-21 और गुजरात तथा राजस्थान में 20-20 मरीजों की मौत हो गई। देश में अब तक 1,37,621 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से महाराष्ट्र में 47,151, कर्नाटक में 11,778, तमिलनाडु में 11,712, दिल्ली में 9174, पश्चिम बंगाल में 8424, उत्तर प्रदेश में 7761, आंध्र प्रदेश में 6992, पंजाब में 4807 और गुजरात में 3989 और मध्यप्रदेश में 3260 मरीजों की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों की मौत हुई उनमें से 70 प्रतिशत मरीज पहले से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे।

## सारदा घोटाले के संबंध में तृणमूल के पूर्व नेता आसिफ खान से सीबीआई ने की पूछताछ

**भाषा।** कोलकाता

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने करोड़ों रुपए के सारदा घोटाले के संबंध में सामने आई एक ऑडियो क्लिप के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता आसिफ खान से मंगलवार को पूछताछ की। खान ने कहा कि जांच एजेंसी ने उनकी आवाज के नमूने की जांच के लिए उन्हें बुलाया था लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से वह नहीं हो पाया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, सीबीआई ने ऑडियो क्लिप से मेरी आवाज की जांच करने के लिए बुलाया था। लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से यह नहीं हो पाया। उन्होंने कहा, मुझे जब भी बुलाया जाएगा, मैं सहयोग करूंगा। सीबीआई 2014 के सारदा घोटाले के संबंध में खान से पूछताछ कर रही है। खान को गिरफ्तार किया गया था लेकिन अभी वह जमानत पर हैं।



तिरुवनंतपुरम में मंगलवार को तमिलनाडु और केरल के तटील इलाकों के लिए चक्रवात का अलर्ट जारी करने के बाद मछली पकड़ने वाली नौकाओं ने विझिनजाम समुद्र तट पर डाला लंगर।

# पांच लाख के ईनामी नक्सली उदेश गंझू ने किया आत्मसमर्पण

**भाषा।** चतरा

**चतरा** में सक्रिय प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के सब जोनल कमांडर उदेश गंझु उर्फ सुकुल के पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के साथ ही पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। उसके उपर 5 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। उसने अमेरिका में निर्मित राइफल व 150 राउंड कारतूस के साथ आत्मसमर्पण किया।

चतरा के पुलिस अधीक्षक ऋषभ झा ने बताया कि उग्रवादी कमांडर उदेश गंझू ने पुलिस और सीआरपीएफ की 190 बटालियन के कमांडेंट पवन बासन समेत अन्य अधिकारियों के समक्ष आज हथियार डाला। पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने नक्सलवाद व अपराध का रास्ता छोड़ मुख्य धारा में शामिल हो रहे गंझू का स्वागत किया। साथ ही सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत सब जोनल कमांडर पर राज्य सरकार द्वारा घोषित इनाम की राशि पांच लाख रुपए का चेक भी उसे सौंपा।

आत्मसमर्पण के बाद पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुख्यधारा में शामिल हो रहे गंझू के बच्चों की शिक्षा समेत अन्य सरकारी नीति के तहत योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द उसके परिजनों को दिया जाएगा। उदेश गंझू ने कहा की नक्सली अब अपने उद्देश्य से भटक चुके हैं। बहला-फुसलाकर अपने संगठन में युवाओं को शामिल करा लेते हैं लेकिन बाद में संगठन का झंडा ढोने वाले नक्सलियों की जिंदगी बद से बदतर हो जाती है। या तो वह पुलिस की गोलियों के शिकार हो जाते हैं या फिर दर-दर भटकने को विवश रहते हैं। आत्मसमर्पण करने के बाद गंझू ने अन्य नक्सलियों से भी सरकार की समर्पण नीति का लाभ उठाते हुए मुख्य धारा में शामिल होने की अपील की।

लावालौंग थाना क्षेत्र के सीलदाग गांव निवासी टीएसपीसी सब जोनल कमांडर उदेश गंझु विगत 15 वर्षों से संगठन में सक्रिय था। इस दौरान उसने अपने कार्यक्षेत्र चतरा, लातेहार व पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपने दस्ते के साथ एक दर्जन से अधिक दुर्दांत नक्सली वारदात को अंजाम दिया था। उसके खिलाफ तीनों जिले में आठ नक्सली मामले दर्ज है, जबकि अन्य जिलों में दर्ज मामलों की पड़ताल पुलिस कर रही है।

## ऑनलाइन सुनवाई के दौरान स्क्रीन पर कमीज पहने बिना नजर आया व्यक्ति

**● न्यायालय ने नाराजगी जताई**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान वीडियो-कान्फ्रेंस लिंक पर एक व्यक्ति के कमीज पहने बिना नजर आने पर मंगलवार को नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता की पीठ ने कहा, वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए सुनवाई करते हुए सात से आठ महीने हो जाने के बावजूद इस प्रकार की चीजें हो रही हैं। सुनवाई के दौरान स्क्रीन पर एक व्यक्ति के कमीज के बिना नजर आने पर पीठ ने कहा, यह सही नहीं है। न्यायालय में वीडियो-कान्फ्रेंस के जरिए सुनवाई के दौरान इस प्रकार की अप्रिय घटना पहली बार नहीं हुई है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण न्यायालय वीडियो-कान्फ्रेंस के जरिए मामलों की सुनवाई कर रहा है। इसी प्रकार की घटना 26 अक्टूबर को हुई थी, जब न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ के सामने एक वकील बिना कमीज पहने दिखाई दिया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा था, मुझे किसी पर सख्ती बरतना अच्छा नहीं लगता, लेकिन आप स्क्रीन पर हैं। आपको ध्यान रखना चाहिए। न्यायालय में जून में डिजिटल सुनवाई के दौरान एक वकील बिस्तर पर लेटे हुए और टी-शर्ट पहनकर पेश हुआ, जिस पर न्यायाधीश ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि सुनवाई की जन प्रकृति को ध्यान में रखते हुए अदालत के न्यूनतम शिष्टाचार का पालन किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए मुकदमों में भाग ले रहे वकील पेश होने योग्य नजर आने चाहिए और ऐसी तस्वीरें दिखाने से बचना चाहिए जो उपयुक्त नहीं हैं। इस साल अप्रैल में भी ऐसी ही घटना सामने आई थी जब वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए हुई सुनवाई में एक वकील बनियान पहनकर पेश हुआ था जिस पर राजस्थान उच्च न्यायालय ने नाराजगी जताई थी।

# जॉलीग्रांट हवाईअड्डा परिसर में घुसा तेंदुआ

**● यह हवाईअड्डा तीन तरफ से आरक्षित वन क्षेत्र से घिरा हुआ है जिसमें हाथियों सहित अनेक प्रकार के वन्यजीवों का वास है**

**भाषा।** ऋषिकेश

**जॉलीग्रांट** हवाईअड्डा परिसर में मंगलवार को एक तेंदुआ घुस गया जिसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम जुटी हुई है। हवाईअड्डा निदेशक जीके गौतम में बताया कि परिसर की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने सुबह किसी जंगली जानवर को दीवार फादकर अंदर आते हुए देखा जिसके बाद इसकी जानकारी देहरादून वन प्रभाग को दी गई।

गौतम ने बताया कि उक्त जानवर हवाईअड्डे में दाखिल होने के बाद नई टर्मिनल इमारत के पास एक बड़े पाइप में घुसकर छिप गया। उन्होंने बताया कि इस पाइप के मुँह बंद कर दिए गए, ताकि वह जानवर बाहर न निकले। गौतम ने बताया कि जंगली जानवर के हवाईअड्डे में घुसने की घटना के बावजूद पूरे दिन हवाई यातायात सुचारू रहा।

ऋषिकेश के उपप्रभागीय वन अधिकारी जी एस मर्तोलिया के नेतृत्व में वन टीम के मौके पर पहुंचने पर पता चला कि यह जानवर तेंदुआ है। उन्होंने बताया कि पाइप को छेद करके तोड़ा जा रहा है ताकि तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। इससे पहले भी हवाईअड्डे से तेंदुआ, भेड़िया, सियार आदि वन्यजीव पकड़े गए हैं। यह हवाईअड्डा तीन तरफ से आरक्षित वन क्षेत्र से घिरा हुआ है जिसमें हाथियों सहित अनेक प्रकार के वन्यजीवों का वास है। इनमें से कई वन्यजीव कई बार हवाईअड्डा परिसर में भी घुस जाते हैं।

## सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस समारोह में भाग नहीं लेंगे गृहमंत्री अमित शाह

**भाषा।** नई दिल्ली



**केन्द्रीय** गृह मंत्री अमित शाह कुछ आवश्यक आधिकारिक कार्य के कारण मंगलवार को सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे। अधिकारियों ने इस आशय की जानकारी दी। शाह को सीमा सुरक्षा बल के 56वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था।

एक अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्री के कार्यालय ने बीएसएफ को सूचित किया है कि कुछ आवश्यक आधिकारिक कार्य आ जाने के कारण वह समारोह में शामिल नहीं होंगे। संभावना है कि केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय अब समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। गौरतलब है कि सरकार ने कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों को सोमवार की रात उच्चस्तरीय मंत्रिमंडलीय टीम के साथ अपनी समस्याओं पर बातचीत करने के लिए बुलाया है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मंत्रियों की समिति में कौन-कौन शामिल हैं।

किसानों का शांतिपूर्ण धरना मंगलवार को छठे दिन सिंघु और टीकरी बॉर्डर पर जारी है। शुक्रवार को हुई हिंसा के बाद से कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं हैं, वहीं उत्तर प्रदेश के गाजीपुर बॉर्डर पर किसानों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। किसान संसद के पिछले सत्र में बनाए गए तीन कृषि कानूनों का विरोध कर रहे हैं।

## तारिगामी ने जम्मू-कश्मीर में जमीन खरीदने पर गृह मंत्रालय के आदेश को न्यायालय में चुनौती दी

**भाषा।** नई दिल्ली



**माकपा** के वरिष्ठ नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के अक्टूबर के एक आदेश को चुनौती देने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है, जिसके तहत देश के लोगों को जम्मू कश्मीर में जमीन खरीदने की इजाजत दी गई है। इसमें कृषि योग्य जमीन भी शामिल है।

तारिगामी ने रिट याचिका दाखिल करते हुए उच्चतम न्यायालय से मामले में दखल देने और याचिका पर सुनवाई होने तक आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। संविधान के अनुच्छेद 32 (मौलिक अधिकारों का उल्लंघन) के तहत दाखिल याचिका में कहा गया है कि अक्टूबर की अधिसूचना गैरकानूनी है, क्योंकि इसे अगस्त 2019 के जम्मू कश्मीर के पुनर्गठन के आलोक में जारी किया गया और इसे कई लोग पहले ही चुनौती दे चुके हैं और शीर्ष अदालत भी मामले से अवगत है। याचिका में कहा गया कि गृह मंत्रालय ने कृषि भूमि के प्रबंधन से जुड़े जम्मू-कश्मीर भूमि राजस्व कानून 1996 और जम्मू कश्मीर विकास कानून, 1970 की धाराओं में संशोधन किया।

जम्मू कश्मीर विकास कानून इमारतों, उद्योग, कारोबार, बाजार, स्कूल, अस्पताल और सार्वजनिक एवं निजी स्थान के लिए भूमि के इस्तेमाल से संबंधित है। कानून में संशोधनों का उल्लेख करते हुए याचिका में कहा गया है कि नए कानूनों में कृषि योग्य भूमि को गैर कृषकों को बिक्री करने पर प्रतिबंध है, लेकिन यह सरकार या उसके द्वारा नियुक्त अधिकारी को कृषकों को बिक्री, तोहफा या गिरवी आदि के जरिए गैर कृषकों को देने की अनुमति प्रदान करती है। तारिगामी ने दलील दी है कि भूमि इस्तेमाल में बदलाव को नौकरशाही के जिम्मे नहीं छोड़ा जा सकता है।

कुलगाम के चार बार के विधायक तारिगामी ने कहा है कि संशोधनों से जमीन इस्तेमाल के तरीके में गंभीर बदलाव होगा और जम्मू कश्मीर की खाद्य सुरक्षा तबाह हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती राज्य के कानूनों को कृषि योग्य भूमि के संरक्षण के लिए बनाया गया था। याचिका में कहा गया, अधिसूचना जारी करते समय प्रतिवादी (गृह मंत्रालय) ने इस अहम पहलू पर गौर नहीं किया।

## आरिफ मसूद की याचिका पर मप्र सरकार व शिकायतर्ता को नोटिस जारी

**भाषा।** जबलपुर (मप्र)

**मध्य** प्रदेश उच्च न्यायालय ने भोपाल में प्रदर्शन करने को लेकर दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद की याचिका पर मंगलवार को प्रदेश सरकार एवं शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

भोपाल मध्य सीट से कांग्रेस विधायक मसूद ने याचिका दायर कर अदालत से आग्रह किया था कि भोपाल में 29 अक्टूबर को प्रदर्शन करने पर उनके खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने के आरोप में भादंवि की धारा 153-ए के तहत भोपाल शहर के तलैया थाने में दर्ज किए गए मामले को निरस्त किया जाए। मसूद के वकील अजय गुप्ता ने बताया कि उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय यादव और न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल की खंडपीठ ने मसूद की याचिका पर सुनवाई करते हुए मसूद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले डॉ दीपक रघुवंशी के साथ-साथ मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है और चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

गौरतलब है कि फ्रांस में जारी कार्टून विवाद के आलोक में भोपाल के इक़बाल मैदान में 29 अक्टूबर को मसूद के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के खिलाफ प्रदर्शन किया था। धर्म संस्कृति समिति भोपाल से जुड़े रघुवंशी की शिकायत पर विधायक और छह अन्य लोगों के खिलाफ भादंवि की धारा 153 ए के तहत भोपाल शहर के तलैया थाने में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें उन्हें उच्च न्यायालय से शुक्रवार को अग्रिम जमानत मिल गई थी।

## दूध फाड़ने के लिए प्रतिबंधित रसायन का किया इस्तेमाल

**इंदौर (मप्र)।** दूध फाड़ने के लिए प्रतिबंधित रसायन के इस्तेमाल के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए प्रशासन ने यहां दो डेयरी संस्थानों के मालिकों पर मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने का फैसला किया। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अभय बेड़ेकर ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशासन के छापों में शहर के पोलोग्राउंड क्षेत्र के पास स्थित दो डेयरी संस्थानों में 99 प्रतिशत से ज्यादा सांद्रता वाला कुल 70 लीटर एसिटिक एसिड मिला है। बेड़ेकर ने कहा कि ये संस्थान बेहद ज्यादा सांद्रता वाले एसिटिक एसिड के इस्तेमाल से दूध को फाड़कर पनीर और अन्य दुग्ध उत्पाद बना रहे थे, जबकि डेयरी संस्थानों में इस रसायन का उपयोग प्रतिबंधित है। उन्होंने विशेषज्ञों का हवाला देते हुए कहा कि अधिक सांद्रता वाले एसिटिक एसिड के दूध फाड़ने में इस्तेमाल से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है।

# पेज 1 का शेष

### किसानों-सरकार...

थी जिसमें किसान और सरकार के प्रतिनिधियों के साथ कृषि विशेषज्ञ भी शामिल हों और वे कृषि कानूनों पर चर्चा करें लेकिन किसान संगठनों ने इसे खारिज कर दिया। बाद में मंत्रियों ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के नेताओं से कृषि भवन में मुलाकात की। तोमर ने कहा कि हमने नेताओं से कहा कि वे एक छोटे समूह का गठन करें और कानून के प्रावधान दर प्रावधान पर चर्चा करें। सरकार को किसी भी चर्चा पर कोई ऐतराज नही है। भारत किसान यूनियन (एकता उग्राहन) के सदस्य रूपसिंह सनाह ने कहा 'किसान संगठनों ने नए कानूनों से जुड़े मुद्दों पर गौर करने के लिए सरकार के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।

### कनाडा के...

देव की 551वीं जयंती के मौके पर एक ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान टूडो ने कहा कि हालात बेहद चिंताजनक हैं और हम परिवार तथा दोस्तों को लेकर परेशान हैं। हमें पता है कि यह कई लोगों के लिए सच्चाई है। आपको याद दिला दूं, शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के अधिकार की रक्षा के लिए कनाडा हमेशा खड़ा रहेगा। कनाडा में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं, जो ज्यादातर पंजाब से हैं। टूडो ने अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट की गई वीडियो में कहा कि हम बातचीत में विश्वास करते हैं। हमने भारतीय अधिकारियों के सामने अपनी चिंताएं रखी हैं। कनाडा के रक्षा मंत्री हरजीत सज्जन ने भी स्थिति को लेकर चिंता जताई।

### उत्तर प्रदेश...

है। इसके साथ ही इन मरीजों के तीमारदारों की भी जांच नि:शुल्क की जायेगी। डायलिसिस एवं कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के मरीजों एवं इनके अधिकतम एक तीमारदार की कोविड.19 की आरटीपीसीआर जांच 300 रुपये निर्धारित की गई है। दूसरी ओर गुजरात सरकार ने निजी प्रयोगशालाओं में कोविड-19 संबंधी आरटी-पीसीआर जांच की कीमत मंगलवार का 1,500 रुपए से घटाकर 800 रुपए कर दी।

### कोरोना पीड़ित...

की जाए और आगे की रणनीति बनायी जाए। सीएम योगी ने कान्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में 15 दिसंबर तक कोविड19 वैक्सीन की कोल्ड चेन के अवस्थापना संबंधी समस्त कार्य पूर्ण कर लिये जाए।

### उप्र विधान...

पर मामूली झड़प की घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से कोविड प्रोटोकाल के तहत सम्पन्न हुआ। सुबह के समय मतदान की रफ्तार सुस्त रही जबकि धूप खिलने के साथ लोगों ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सैफई पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं बलरामपुर मे मतदाता सूची मे गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री डॉ. एसपी यादव ने चुनाव को रद्द कर त्रुटिपूर्ण वोटर लिस्ट को ठीक कराए जाने की मांग की। जौनपुर में प्रदेश के राज्य मंत्री गिरीश चंद यादव अपने सहयोगियों के साथ पहुंचे और उन्होंने 184 बूथ संख्या पर अपना मत डाला। राज्य सभा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने आज सबसे पहले एटा के जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अपने बेटे के साथ मतदान किया और कहा कि बीजेपी स्नातक और शिक्षक एमएलसी की सभी सीटें जीतेगी। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र आगरा से प्रत्याशी हरि किशोर तिवारी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इटावा में सभी विधायकों और बड़े पदाधिकारियों ने कमरों में घुसकर मतदाताओं को प्रभावित करने का काम किया जिसकी शिकायत चुनाव आयोग को तत्काल की गई। कई जगहों पर बीजेपी कुछ नेताओं ने पोलिंग बूथ में जबरन घुसने का प्रयास किया लेकिन वह असफल रहे। यहां पर प्रशासन मौन रहा। सबसे ज्यादा घमासान बरखेड़ा ब्लाक में हुआ, जहां जबरदस्ती सब लोग घुस गए। मीडिया कर्मियों को भी मारा गया। इटावा बढ़पुरा ब्लॉक में मतदान प्रक्रिया के दौरान भाजपा नेता विमल भदौरिया अपने गुर्गों के साथ प्रतिबंधित पोलिंग क्षेत्र में पहुंचकर फर्जी वोटिंग करवाकर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे थे। पुलिस फोर्स वहां मूकदर्शक बनी रही। इन 11 सीटों पर 199 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मतदान सुबह आठ बजे शुरू होकर शाम पांच बजे तक चला हालांकि उसके बाद भी कतार में लगे लोगों को वोट डालने दिया गया। आगरा स्नातक खंड सीट पर कुल 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जबकि इलाहाबाद झांसी स्नातक खंड सीट पर कुल 16, लखनऊ स्नातक खंड सीट पर 24, मेरठ स्नातक खंड सीट पर 30 और वाराणसी खंड स्नातक सीट पर कुल 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। शिक्षक खंड एमएलसी चुनाव में आगरा में 16, मुरादाबाद में 15, गोरखपुर फैजाबाद सीट में 16, लखनऊ में 11, मेरठ में 15 उम्मीदवार और वाराणसी खंड सीट पर कुल 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पांच खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में 114 प्रत्याशी तथा छह खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में 85 प्रत्याशी मैदान में हैं। फर्रुखाबाद के मोहम्मदाबाद के बूथ पर फर्जी वोटिंग को लेकर सपा और भाजपा के कार्यकर्ता भिड़ गए। उनके बीच जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया। वहीं मैनपुरी में भी मतदान करने गए भाजपा और सपा समर्थकों के बीच जमकर विवाद हुआ।

### योगी आज...

है। राज्य सरकार द्वारा किये गये प्रमुख सुधारों में भारत के सबसे बड़े डिजिटल सिंगल विण्डो पोर्टल्स में से एक निवेश मित्र का कार्यान्वयन है। इसके माध्यम से उद्यमियों को लगभग 166 सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। आकर्षक नीतियों तथा नीति संचालित शासन तंत्र के माध्यम से उद्यमिता, इनोवेशन और मेक इन यूपी को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार प्रदेश में डिफेंस इण्डस्ट्रियल कारिडोर के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2018 लागू की गई। राज्य सरकार द्वारा डिफेंस इण्डस्ट्रियल कारीडोर का प्राथमिकता पर विकास किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस परियोजना के विकास और इसमें निवेश को आकर्षित करने के लिए भरपूर सहयोग दिया जा रहा है। प्रदेश में फिल्म उद्योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार ने फिल्म नीति 2018 लागू की है। जेवर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 06 किमी दूर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में एक फिल्म सिटी की घोषणा की गयी है। फिल्म सिटी में वर्ल्ड क्लास सिविक व पब्लिक एमेनिटीज की स्थापना प्रस्तावित है, जिससे इसे देश के सर्वोत्कृष्ट डेडिकेटेड इन्फोटेनमेण्ट जोन के रूप में विकसित किया जा सके।

### अक्षय कुमार...

फिल्मों की शूटिंग होने से स्थानीय लोगों को रोजगार व प्रदेश के कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है। प्रदेश में फिल्म की शूटिंग करने वाले निर्माताओं को हर सम्भव सहयोग व सुविधा प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने अपनी कला का सदुपयोग करते हुए टायलेट एक प्रेम कथा फिल्म के माध्यम से समाज को प्रेरक संदेश दिया। ऐसी फिल्में समाज में जागरूकता उत्पन्न करने में मददगार सिद्ध होती हैं। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान अक्षय कुमार ने फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की तथा राज्य में फिल्म सिटी की स्थापना के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में उनके द्वारा अभिनीत फिल्मों की शूटिंग उत्तर प्रदेश में की जा चुकी है।

### योगी के...

आज मुंबई आने वाले हैं और दौरे के दौरान उनके उद्योगपतियों और फिल्म जगत की शख्सियतों से मिलने का कार्यक्रम है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत ने आरोप लगाया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री बॉलीवुड को मुंबई से बाहर ले जाने की साजिश की जा रही है। छोटे कारोबारियों की हिमायत करने वाले एक संगठन आईएमसी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में ठाकरे ने कहा, हम किसी की प्रगति से नहीं जलते। अगर कोई प्रतिस्पर्धा करके प्रगति करता है तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन, अगर आप जबरन कोई चीज ले जाना चाहेंगे तो मैं ऐसा नहीं होने दूंगा और आप (उद्योगपति) भी ऐसा नहीं चाहेंगे। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अपने राज्य द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली टैगलाइन मैग्नेटिक महाराष्ट्र का उल्लेख करते हुए ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र के पास अपनी संस्कृति और संस्थानों की शक्ति है। ठाकरे ने कहा, आज कोई व्यक्ति आ रहा है। वे आपसे भी मुलाकात करेंगे और आपको निवेश करने के लिए कहेंगे। लेकिन उन्हें महाराष्ट्र की आकर्षण क्षमता का पता नहीं है, यह इतना मजबूत है कि लोग यहां से वहां जाना भूल जाते हैं। ठाकरे ने कहा कि महामारी के कारण अर्थव्यवस्था को झटका लगा लेकिन अब वह धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है। उन्होंने कहा कि महामारी के कारण बनी स्थिति स्थाई नहीं है और आर्थिक गतिविधियां बहाल हो जाने पर धन प्रवाह भी शुरू हो जाएगा।

### बाम्बे स्टाक...

सूचीबद्ध हो जाने से जनता को बुनियादी सुविधाएं देने के लिए धन की कोई कमी नहीं होने पाएगी। बाम्बे स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने से यह ट्रेडिंग हेतु उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हो जाएगा। लखनऊ म्युनिसिपल बाण्ड में निवेशकों की रुचि के कारण 10 साल के लिए 8.5 प्रतिशत की अत्यन्त आकर्षक कूपन दर प्राप्त हुई। यह अब तक जारी म्युनिसिपल बाण्ड में द्वितीय न्यूनतम स्तर है। यह बाण्ड निवेशकों द्वारा साढ़े चार गुना अधिक सब्सक्राइब किया गया है।

## हैमिल्टन कोविड पॉजिटिव, शकीर ग्रां प्री से बाहर

**शकीर (बहरीन)।** मर्सिडीज-एएमजी पेट्रोनास एफ वन टीम ने कहा है कि सात बार के विश्व चैंपियन लुईस हैमिल्टन कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं और इस सप्ताहांत होने वाली शकीर ग्रां प्री फार्मूला वन रेस में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। टीम ने बयान जारी किया है कि पिछले हफ्ते तीन बार हैमिल्टन का परीक्षण किया गया और हर बार नतीजा नेगेटिव आया था।

## 2027 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सकती है भारतीय महिला टीम

**मुंबई।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने मंगलवार को कहा कि कम तवज्जो मिलने के बावजूद राष्ट्रीय महिला टीम फीफा विश्व कप के लिए पुरुष टीम से पहले क्वालीफाई कर सकती है। पटेल ने कहा कि एआईएफएफ को उम्मीद है कि भारतीय टीम 2027 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सकती है। पटेल से सहमति जताते हुए खेल मंत्रालय ने एआईएफएफ से महिला टीम के 2027 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य को लेकर रोडमैप तैयार करने को कहा। महिला टीम की रैंकिंग पुरुष टीम से बेहतर है जबकि महिला फुटबॉल को उतनी तवज्जो भी नहीं मिल पाती।

## अजेय अभियान जारी रखने उतरेगी हैदराबाद

**वास्को।** हैदराबाद एफसी की टीम इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को यहां जब जमशेदपुर एफसी से भिड़ेगी तो उसकी नजरें मौजूदा सत्र में अपना अजेय अभियान जारी रखने पर टिकी होंगी। हैदराबाद की टीम को इस मुकाबले में जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

## अध्यक्ष पद की दौड़ में बाक एकमात्र उम्मीदवार

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा है कि मार्च में होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए टॉमस बाक को चुनौती पेश करने वाले थॉमस बाक के प्रतिद्वंद्वी के रूप में कोई मैदान में नहीं होगा। आईओसी के 100 से अधिक सदस्यों को बताया गया कि एथेंस में होने वाली बैठक के दौरान अध्यक्ष पद के चुनाव में बाक एकमात्र उम्मीदवार हैं। जुलाई में आनलाइन बैठक के दौरान मतदान का अधिकार रखने वाले 50 से अधिक सदस्यों ने सार्वजनिक रूप से बाक का समर्थन किया था।

## पाकिस्तान टीम के तीन और सदस्य कोरोना पॉजिटिव

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड दौरे पर गई पाकिस्तान टीम के तीन और सदस्य कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाए गए हैं जिससे संक्रमित सदस्यों की संख्या नौ हो गई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि न्यूजीलैंड स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है कि तीन और सदस्य संक्रमित हो गए हैं जबकि एक नतीजे का इंतजार है। सूत्र ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल सका है कि इन्हें पहली बार संक्रमण हुआ है या पहले भी हो चुका है।

# प्रतिष्ठा बचाने उतरेगी टीम इंडिया

**● आस्ट्रेलिया से अंतिम वनडे आज**

**सैनी की जगह ● नटराजन या शारदुल को मिल सकता है मौका**

भाषा। कैनबरा



पहले दो मैचों में एकतरफा हार के बाद भारतीय टीम का बुधवार को यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करना लगभग तय है जिससे कि लगातार दूसरी श्रृंखला में क्लीन स्वीप से बचा जा सके। आस्ट्रेलिया अगर 3-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहता है तो लगातार दूसरी श्रृंखला में भारत का सूपड़ा साफ होगा क्योंकि इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड ने भी उसे इसी अंतर से हराया था। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज श्रेय अय्यर से जब यह पूछा गया कि उनकी टीम आस्ट्रेलिया को 20 साल में पहली बार क्लीन स्वीप से रोकने के लिए क्या कर सकती है तो उन्होंने कहा, हम अगले मैच में जीत दर्ज करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और प्रयास करेंगे कि क्लीन स्वीप नहीं हो। हमारे गेंदबाज अपने तैयारी को लेकर बेहद सकारात्मक हैं और हम ट्रेनिंग में इसे देख सकते हैं, कुछ गेंदबाज निश्चित योजनाओं के साथ तैयारी कर रहे हैं। पहले दो मैचों में ढेरों रन बने जिसमें आस्ट्रेलिया ने दबदबा बनाते हुए विराट कोहली की टीम के खिलाफ आसान जीत दर्ज की और टीम इंडिया अगर मनुका ओवल में जीत दर्ज करती है तो टी20 श्रृंखला से पहले उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कप्तान कोहली पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि आस्ट्रेलिया ने पहले दो मैचों में उन्हें पूरी तरह से पछाड़ दिया और उम्मीद है कि जीत की तलाश में भारत कुछ बदलाव करेगा। पहली बार आस्ट्रेलिया के दौरे पर आए भारत के सबसे तेज गेंदबाज नवदीप सैनी अब तक सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करने में नाकाम रहे हैं और मेजबान टीम के बल्लेबाजों ने उनके खिलाफ आसानी से रन जुटाए हैं। सैनी के सात ओवर में 70 रन लुटाने के बाद कोहली को हार्दिक पंड्या और मयंक अग्रवाल जैसे गेंदबाजों से उनका स्पैल पूरा कराना पड़ा। पंड्या गेंदबाजी करने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं जबकि अग्रवाल आम तौर पर गेंदबाजी नहीं करते। तीसरे और अंतिम वनडे में अगर शारदुल ठाकुर या बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन को मौका मिलता है तो हैरानी नहीं होगी। शारदुल को 27 अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव है जबकि नटराजन को यॉर्कर फेंकने में महारत हासिल है। कोहली अगर टेस्ट श्रृंखला से पहले जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी दोनों को आराम देने का फैसला करते हैं तो शारदुल और नटराजन दोनों को खेलने का मौका मिल सकता है। मौजूदा श्रृंखला में भारतीय गेंदबाज बिलकुल भी लय में नजर नहीं आ रहे हैं और उनके खिलाफ पहले दो मैचों में 69 चौके और 19 छक्के लगे हैं। कोहली ने कहा कि टी20 प्रारूप से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में ढलने को बहाना नहीं बनाया जा सकता क्योंकि पिछले काफी समय से टीम के मुख्य खिलाड़ी समान हैं। गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ बने हुए हैं जिन्होंने लगातार दो मैचों में 62 गेंद में शतक जड़े। इंडियन प्रीमियर लीग में नाकाम रहे ग्लेन मैक्सवेल ने भी अपनी तूफानी बल्लेबाजी से अंतर पैदा किया है जिससे आस्ट्रेलिया दोनों ही मैच में अंतिम ओवरों में ताबड़तोड़ रन बटोरने में सफल रही है। भारत की 66 और 51 रन की हार को देखते हुए उनकी पारियां अहम हो जाती हैं। भारतीय कप्तान को मैच के दौरान अपने गेंदबाजों के रोटेशन के कारण भी आलोचना का सामना करना पड़ा है। गौतम गंभीर और आशीष नेहरा जैसे पूर्व भारतीय क्रिकेटरों ने मुख्य गेंदबाज बुमराह को पहले स्पैल में सिर्फ दो ओवर देने के लिए उनकी आलोचना की थी। तेज गेंदबाज अगर नाकाम रहे हैं तो स्पिनरों की विफलता ने भारत की मुसीबत को और बढ़ा दिया है।

## सीए ने कोरोना काल में श्रृंखला के लिए बीसीसीआई को धन्यवाद दिया

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया के अंतरिम सीईओ निक हॉकले ने भारत के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के प्रसारण पर विवाद खड़ा करने के लिए मंगलवार को प्रसारण साझेदार चैनल सेवन को लताड़ते हुए बीसीसीआई से दोस्ती को धन्यवाद दिया जिन्होंने कोरोना महामारी के बीच इस श्रृंखला के आयोजन में मदद की। चैनल सेवन ने अदालत में हलफनामा दायर करते हुए कहा था कि बीसीसीआई के हितों के अनुरूप क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने श्रृंखला के कार्यक्रम में बदलाव करके प्रसारण करार का उल्लंघन किया है।

## मांसपेशियों के खिंचाव के बाद नेट गेंदबाज पोरेल को स्वदेश भेजा गया



**नई दिल्ली।** बंगाल के उभरते हुए तेज गेंदबाज इशान पोरेल को नेट सत्र के दौरान पैर की मांसपेशियों में चोट के बाद आस्ट्रेलिया से स्वदेश वापस भेज दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, इशान पोरेल की पैर की मांसपेशियों में चोट है और वह पिछले कुछ दिनों से भारत में ही है। यह पैर की मांसपेशियों की चोट है लेकिन इसके स्तर का पता राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में आकलन के लिए, जाने पर ही चलेगा। टी नटराजन को पहले ही मुख्य टीम में शामिल कर लिया गया है और ऐसे में पूरी तरह से नेट गेंदबाज के रूप में भारतीय टीम के साथ सिर्फ उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी बचे हैं। शुरुआत में पोरेल, त्यागी, नटराजन और कमलेश नागरकोटी को नेट गेंदबाज के रूप में टीम के साथ जोड़ा गया था। नागरकोटी हालांकि टीम के आस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले ही हट गए थे क्योंकि चोटिल होने के डर के कारण उनके गेंदबाजी के बोझ के प्रबंधन की जरूरत थी। इंडियन प्रीमियर लीग में किंग्स इलेवन पंजाब का हिस्सा रहे पोरेल को मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन रणजी ट्रॉफी और दलीप ट्रॉफी के अलावा पिछले सत्र में न्यूजीलैंड के ए दौरे पर अच्छे प्रदर्शन के बाद उन्हें चार नेट गेंदबाजों में से एक के रूप में चुना गया।

## खराब फॉर्म से जूझ रहे स्टार्क का समर्थन करते हुए फिंच ने कहा, डरने की जरूरत नहीं

**कैनबरा।** भारत के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में दबदबा बनाने वाले आस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की फॉर्म चिंता का विषय है लेकिन कप्तान आरोन फिंच ने मंगलवार को इस अनुभवी गेंदबाज का समर्थन करते हुए कहा कि अभी डरने की कोई जरूरत नहीं है। सीमित ओवरों के प्रारूप में नई गेंद से शानदार प्रदर्शन करने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क भारत के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में जूझ रहे हैं। पहले दो एकदिवसीय मैचों में स्टार्क सिर्फ एक विकेट हासिल कर पाए जबकि इस दौरान उन्होंने 18 ओवर में 147 रन लुटाए। आस्ट्रेलिया की टीम हालांकि दोनों मैच जीतने में सफल रही। फिंच ने तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहा है और आपको समझना होगा कि उसका स्तर उससे कहीं बेहतर है जिसकी आप अधिकांश लोगों से उम्मीद कर सकते हैं।

## चैपल ने स्विच हिट पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने आईसीसी को स्विच हिटिंग पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव देते हुए कहा है कि यह शॉट गेंदबाज और फील्डिंग कर रही टीम के लिए सर्वथा अनुचित है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच मौजूदा वनडे श्रृंखला में ग्लेन मैक्सवेल और डेविड वॉर्नर ने कई बार स्विच हिट का इस्तेमाल किया। इसमें गेंदबाज के हाथ से गेंद छूटते ही दाहिने हाथ का बल्लेबाज बाएं हाथ में बल्ला थाम लेता है। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इसे काफी आसानी से कर लेते हैं। चैपल ने वाइड वर्ल्ड आफ स्पोर्ट्स से कहा, मैक्सवेल और वॉर्नर ने दूसरे मैच में कई ऐसे शॉट लगाए। अगर कोई बल्लेबाज गेंद पड़ने से पहले अपना हाथ या पैर बदल लेता है तो यह अवैध शॉट होना चाहिए। अगर बल्लेबाज पहले ही सूचित कर देता है तो यह शॉट ठीक है वरना यह अनुचित है। गेंदबाज को तो अंपायर को बताना पड़ता है कि वह कैसी गेंद डालेगा लेकिन बल्लेबाज अगर दाहिने हाथ का है तो कप्तान उसी तरह से फील्ड लगाता है और फिर अचानक वह बाएं हाथ से खेल जाता है तो यह गलत है।

# फुलहम ने लीसेस्टर को हराया

**इंग्लिश प्रीमियर लीग**

भाषा। लंदन




इवान कैवलेइरो के पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत फुलहम ने सोमवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लीसेस्टर को 2-1 से हराया। पिछले मुकाबलों में पेनल्टी पर तीन बार गोल करने में नाकाम रही टीम के लिए कैवलेइरो ने विजई गोल दागा। इससे पहले कैवलेइरो भी उन खिलाड़ियों में शामिल थे जो मौजूदा सत्र में पेनल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहे। शीर्ष डिविजन में वापसी करने वाले फुलहम की मौजूद सत्र के 10 मैचों में यह सिर्फ दूसरी जीत है। लीसेस्टर ने इसके साथ ही पहले दो स्थानों पर चल रहे टोटेनहैम और लीवरपूल के समान 21 अंक हासिल करने का मौका गंवा दिया। एस्टन विला और वेस्ट हैम के मैच में भी पेनल्टी की भूमिका महत्वपूर्ण रही। एस्टन विला के स्ट्राइकर ओली वाटकिन्स का दूसरे हाफ में पेनल्टी पर लगाया शॉट क्रॉसबार से टकरा गया जिससे वेस्टहैम की टीम 2-1 से जीत दर्ज करने में सफल रही।

## रीयाल बेटिस स्पेनिश लीग में फिर हारी

**सेविल।** ऐबार ने स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल बेटिस को 2-0 से हराया जो मैनुएल पेलेग्रिनी की टीम की पिछले छह मैचों में पांचवीं हार है। दूसरे हाफ की शुरुआत में जापान के फारवर्ड योशिनोरी मुतो और एस्तेबान बुर्गोस ने पांच मिनट में दो गोल दागकर ऐबार की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से ऐबार की टीम अंक तालिका में 12वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि लगातार तीसरी हार के बाद बेटिस की टीम 15वें स्थान खिसक गई है। ऐबार के 13 जबकि बेटिस के 12 अंक हैं।

## बार्सीलोना ने चैम्पियंस लीग में मेस्सी को फिर विश्राम दिया

**बार्सीलोना।** बार्सीलोना ने फेरेंकवारोस के खिलाफ बुधवार को होने वाले चैम्पियंस लीग फुटबॉल मैच से पहले लियोनेल मेस्सी, मार्क आंद्रे टेर स्टेजेन और फिलीपे काउटिन्हो को आराम दिया है। बार्सीलोना ग्रुप जी में पहले चार मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच चुका है। मेस्सी को पिछले दौर में डायनामो कीव के खिलाफ भी आराम दिया गया था। बार्सीलोना को युवेंटस पर तीन अंक की बढ़त हासिल है। दोनों टीमों का सामना आखिरी दौर में होगा।

## वार्नर की चोट अन्य बल्लेबाजों के लिए टेस्ट क्रिकेट में दावा पेश करने का मौका : लैंगर

**कैनबरा।** डेविड वार्नर ग्रोइन की चोट के कारण भारत के खिलाफ कम से कम पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं और आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि पारी का आगाज करने का मौका उस बल्लेबाज को मिलेगा जो मेहमान टीम के खिलाफ आगामी अभ्यास मैचों में आस्ट्रेलिया ए की ओर से अच्छा प्रदर्शन करेगा।

आस्ट्रेलिया का क्रिकेट जगत टेस्ट क्रिकेट में वार्नर के सलामी जोड़ीदार को लेकर बहस कर रहा है। इसमें कुछ ने जो बर्न्स का समर्थन किया जो पिछले कुछ समय से जूझ रहे हैं जबकि अन्य ने युवा विलियम पुकोवस्की को पारी का आगाज करने का मौका देने की मांग की है। वार्नर की चोट से हालांकि समीकरण बदल गए हैं और ऐसी स्थिति में बर्न्स और पुकोवस्की दोनों को पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है।

लैंगर ने कहा कि इससे उनके ऊपर से दबाव कुछ कम हो गया है तीसरे एकदिवसीय के लिए यहां पहुंचने पर आस्ट्रेलियाई मीडिया ने लैंगर के हवाले से कहा, इसमें हैरानी की कोई बात नहीं कि अब मैं थोड़ी राहत महसूस कर रहा हूं।

## अभिभूत हूं कि आस्ट्रेलिया ने मेरे लिए रणनीति बनाई है : अय्यर



**कैनबरा।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर उनके खिलाफ आस्ट्रेलियाई टीम के शॉर्ट गेंदबाजी करने की रणनीति बनाने से अभिभूत हैं और उन्होंने कहा कि आक्रामक रवैया अपनाकर पलटवार करके और क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाकर वह इससे निपट सकते हैं। जोश हेजलवुड ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में अय्यर को बाउंसर पर पवेलियन भेजा जबकि दूसरे मैच में उन्होंने बेहतर बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंद में 38 रन की पारी खेली। घरेलू टीम के अय्यर को शॉर्ट गेंदबाजी से निशाना बनाने की रणनीति के बारे में पूछने पर इस बल्लेबाज ने तीसरे और अंतिम वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे बेहद खुशी है कि उन्होंने मेरे खिलाफ रणनीति बनाई है। मैं अभिभूत महसूस कर रहा हूं और इसे चुनौती की तरह ले रहा हूं। लेकिन मैं दबाव में अच्छा प्रदर्शन करता हूं और यह मुझे उनके खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। मुझे लगता है कि इसका (शॉर्ट लेग और लेग गली) फायदा उठाया जा सकता है और अधिक रन बनाए जा सकते हैं। भारत के चौथे नंबर के बल्लेबाज अय्यर ने कहा कि शॉर्ट गेंदबाजी का सामना करना मानसिकता और नेट पर बल्लेबाजी करते हुए थोड़े बदलाव से जुड़ा है।

## तोक्यो खाड़ी में वापस पहुंचे ओलंपिक छल्ले



**तोक्यो।** पांच ओलंपिक छल्ले तोक्यो खाड़ी में वापस आ गए हैं जिन्हें चार महीने पहले मरम्मत के लिए हटाया गया था। कोविड-19 महामारी के कारण तोक्यो ओलंपिक के अगले साल के लिए स्थगित होने के बाद इस छल्लों को हटा दिया गया था। समीप के ओडाइबा में समुद्री तटसे से मंगलवार को ए छल्ले फ्लोट पर पहुंचे और इन्हें तोक्यो रेनबो ब्रिज के समीप लगाया गया है। इन विशालकाय छल्लों को नीले, काले, लाल, हरे और पीले रंग में रंगा गया है।

## रेलवे अपनी उत्पादन इकाइयों को कंपनियों में बदलने के लिए तैयार करेगी विस्तृत रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय के तहत आने वाली राइट्स रेलवे की उत्पादन इकाइयों को कंपनियों में बदलने के लिए एक विस्तृत रपट तैयार करेगी। इन रपटों पर श्रमिक संगठनों के साथ अगले साल अप्रैल-जून के दौरान चर्चा की जाएगी। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और मुख्य कार्याधिकारी वी.के. यादव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय रेल से जुड़े विभिन्न श्रमिक एवं कर्मचारी संगठन रेलवे की उत्पादन इकाइयों को कॉरपोरेट कंपनियों में बदलने के निर्णय का जोरदार विरोध कर चुके हैं। उनकी चिंता इससे नौकरियों की छंटनी को लेकर है। यादव ने एक प्रेसवार्ता में कहा, रेलवे की उत्पादन इकाइयों को कंपनियों में बदलने के लिए राइट्स विस्तृत रपट तैयार करेगी। एक बार यह तैयार हो जाए, फिर इस बारे में श्रमिक संगठनों से बातचीत की जाएगी। फिर देखते हैं कि हम रेलवे कर्मचारियों के पर्याप्त हितों का ध्यान रखते हुए हम इसे कितना आगे ले जा पाते हैं।

## पहली छमाही में कॉरपोरेट बांड इश्यू 25 प्रतिशत बढ़कर 4.4 लाख करोड़ रुपए : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी के कारण अर्थव्यवस्था में गिरावट के बावजूद चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कॉरपोरेट बांड इश्यू बाजार 25 प्रतिशत बढ़कर 4.43 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 3.54 लाख करोड़ रुपए के कॉरपोरेट बांड जारी किए गए थे। वित्त मंत्रालय ने कहा, कोविड-19 ने दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं में निवेश के माहौल को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे हर जगह मांग और आपूर्ति में तेज गिरावट आई। भारत भी इस अभूतपूर्व आर्थिक सदमे से अलग नहीं रह पाया है। मंत्रालय ने कहा, फिर भी, भारत सरकार के लगातार और सक्रिय हस्तक्षेप से भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेश की धारणा सकारात्मक बनी रही है। डॉलर के मुकाबले रुपया 37 पैसे उछलकर 73.68 रुपए प्रति डॉलर पर पहुंचा मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निधियों का निवेश बढ़ने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 37 पैसे की तेजी के साथ 73.68 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई।

## व्यापार बोर्ड की बैठक आज, निर्यात को प्रोत्साहन, नई विदेश व्यापार नीति पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अगुवाई में बुधवार को व्यापार बोर्ड (बीओटी) की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में निर्यात और विनिर्माण को प्रोत्साहन उपायों तथा नई विदेश व्यापार नीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बोर्ड में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के सदस्य शामिल हैं। बोर्ड वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) से संबंधित नीतिगत उपायों पर सलाह देता है। एक अधिकारिक बयान में मंगलवार को कहा गया है कि बीओटी की बैठक बुधवार को होगी। बयान में कहा गया है कि इस बैठक में नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी 2021-26), घरेलू विनिर्माण और निर्यात को प्रोत्साहन के लिए रणनीतियों तथा उपायों पर चर्चा होगी।

# जीएसटी संग्रहल लगातार दूसरे महीने एक लाख करोड़ के पार

**नवंबर में राजस्व**

भाषा। नई दिल्ली




सरकार का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह नवंबर में 1.04 लाख करोड़ रुपए रहा है। यह लगातार तीसरा महीना है जब जीएसटी संग्रह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में बढ़ा है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में यह जानकारी दी। हालांकि, अक्टूबर की तुलना में जीएसटी राजस्व का आंकड़ा मामूली घटा है। अक्टूबर में यह 1.05 लाख करोड़ रुपए रहा था। चालू वित्त वर्ष में यह लगातार दूसरा महीना है जबकि जीएसटी संग्रह का आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। नवंबर में जीएसटी संग्रह पिछले साल के समान महीने से 1.4 प्रतिशत अधिक है। नवंबर, 2019 में जीएसटी संग्रह 1,03,491 करोड़ रुपए रहा था। जीएसटी संग्रह का आंकड़ा आर्थिक गतिविधियों की स्थिति को दर्शाता है। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन की वजह से अप्रैल में जीएसटी संग्रह 32,172 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया था। लॉकडाउन में ढील के बाद जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी हो रही है। चालू वित्त वर्ष में सितंबर में पहली बार सालाना आधार पर जीएसटी संग्रह बढ़ा था। अक्टूबर में जीएसटी संग्रह ने एक लाख करोड़ रुपए के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार किया था। जीएसटी राजस्व में सुधार के हालिया रुख के अनुरूप नवंबर में संग्रह का आंकड़ा पिछले साल के समान महीने से 1.4 प्रतिशत अधिक रहा है। बयान में कहा गया है कि समीक्षाधीन महीने में वस्तुओं के आयात से राजस्व पिछले साल के समान महीने की तुलना में 4.9 प्रतिशत अधिक रहा। वहीं घरेलू लेनदेन से राजस्व पिछले साल के समान महीने से 0.5 प्रतिशत अधिक रहा है। नवंबर, 2020 में कुल जीएसटी राजस्व 1,04,963 करोड़ रुपए रहा है। इसमें केंद्रीय जीएसटी 19,189 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी 25,540 करोड़ रुपए और एकीकृत जीएसटी 51,992 करोड़ रुपए है (इसमें से 22,078 करोड़ रुपए वस्तुओं के आयात पर जुटाए गए हैं)। इसमें उपकर का योगदान 8,242 करोड़ रुपए (वस्तुओं के आयात पर जुटाए गए 809 करोड़ रुपए शामिल) का रहा है।

## रुपया शुरुआती कारोबार में 25 पैसे की बढ़त के साथ 73.80 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 25 पैसे की बढ़त के साथ 73.80 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत और विदेशी कोषों के सतत प्रवाह से रुपए की धारणा मजबूत हुई। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर सकारात्मक वृहद आर्थिक आंकड़ों से निवेशकों की धारणा सुधरी है। इसके अलावा अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर में कमजोरी से भी रुपए को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 73.93 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में यह और मजबूत होकर 25 पैसे की बढ़त के साथ 73.80 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

## साधारण बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश गिरकर 509 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** साधारण बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 2019-20 के दौरान मामूली गिरकर 509.07 करोड़ रुपए रहा। साधारण बीमा परिषद के नवीनतम आंकड़ों में यह बात सामने आई है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2018-19 में गैर-जीवन बीमा क्षेत्र में 516.61 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ था। बीमा क्षेत्र को एफडीआई के लिए वर्ष 2000 में खोला गया था। तब से मार्च 2020 तक साधारण बीमा क्षेत्र में कुल एफडीआई 4,721.68 करोड़ रुपए रहा।

## इस साल राज्यों का कर्ज बढ़कर 68 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान: रिपोर्ट

**मुंबई।** कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के चलते राजस्व संग्रह कमी का सामना कर रहे राज्यों की उधारी चालू वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 68 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। क्रिसिल की मंगलवार को जारी रपट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में राज्यों की आय में 15 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## नवंबर में डीजल की बिक्री गिरी, पेट्रोल की बिक्री बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में डीजल की बिक्री आठ महीने में पहली बार अक्टूबर में सालाना आधार पर बढ़ने के बाद नवंबर में फिर घट गई है। नवंबर में सालाना आधार पर डीजल की बिक्री में सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। उद्योग जगत के आंकड़ों में इसकी जानकारी मिली।

## मारुति की बिक्री नवंबर में 1.7 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की बिक्री नवंबर में 1.7 प्रतिशत बढ़कर 1,53,223 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल नवंबर में कंपनी ने 1,50,630 वाहन बेचे थे। नवंबर में घरेलू बाजार में उसकी बिक्री मामूली बढ़कर 1,44,219 इकाई पहुंच गई।

## टाइटन के ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने लांच किया स्वर्णनिधि योजना

**मुंबई।** टाइटन के ज्वेलरी ब्रांड ने रिवाह आशीर्वाद आभूषण खरीदारी योजना को भारत में शादियों का मौसम शुरू होने के साथ लांच किया है। योजना का लाभ लेकर तनिष्क के ग्राहक आभूषणों की खरीदारी का बेहतरीन नियोजन कर सकते हैं और योजना के आखिर में आभूषणों के मेकिंग चार्जेस पर आकर्षक छूट भी पा सकते हैं। इस अवसर पर टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वेलरी डिवीजन के सीईओ अजॉय चावला ने बताया कि सोने के आभूषण खास कर शादी, ब्याह के लिए आभूषणों की खरीदारी करना और उन्हें परिधान करना भारतीय संस्कृति में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

## भारत का विनिर्माण पीएमआई नवंबर में घटकर तीन माह के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** देश की विनिर्माण गतिविधियों में वृद्धि की रफ्तार फिर सुस्त पड़ी है। कारखाना ऑर्डरों, निर्यात और खरीदारी में कमी की वजह से देश की विनिर्माण गतिविधियां नवंबर में तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई हैं। मंगलवार को जारी एक मासिक सर्वे में यह जानकारी मिली है। आईएचएस मार्किट इंडिया का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) नवंबर में घटकर 56.3 रह गया, जो अक्टूबर में 58.9 था। यह इससे तीन माह का निचला स्तर है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि देश में विनिर्माण गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं, बेशक नवंबर में इनकी रफ्तार घटी है। पीएमआई का 50 से अधिक का आंकड़ा वृद्धि, जबकि इससे नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। आईएचएस मार्किट की एसोसिएट निदेशक (इकनॉमिक्स) पॉलियाना डि लीमा ने कहा, भारत का विनिर्माण क्षेत्र सुधार की सही राह पर है। नवंबर में भी विनिर्माण क्षेत्र के नए ऑर्डरों और उत्पादन में मजबूत वृद्धि हुई है। विनिर्माण गतिविधियों में विस्तार की दर में कमी आना कोई झटका नहीं है। यह आंकड़ा अक्टूबर के करीब एक दशक के उच्चस्तर के बाद कुछ नीचे आया है। कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी और उसकी वजह से संभावित लॉकडाउन से यह सुधार प्रभावित हो सकता है। सर्वे के अनुसार, नवंबर में नए ऑर्डरों की वृद्धि की रफ्तार तीन माह में सबसे कम रही है।

# सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए सेंसेक्स, निफ्टी

**● जीडीपी के बेहतर आंकड़े, टीके की सकारात्मक खबरों का प्रभाव**

भाषा। मुंबई




रिलू शेयर बाजार मंगलवार को सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के उम्मीद से बेहतर आंकड़े तथा कोविड-19 के टीके से जुड़ी सकारात्मक खबरों से निवेशकों का उत्साह बढ़ा है जिससे बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। कारोबारियों ने कहा कि मजबूत रुपए और विदेशी निवेशकों की जारी लिवाली से भी शेयर बाजारों को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 505.72 अंक यानी 1.15 प्रतिशत बढ़कर 44,655.44 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 140.10 अंक यानी 1.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,109.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मा का शेयर सबसे अधिक 5.51 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, ओएनजीसी, भारती एयरटेल, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज ऑटो के शेयर भी बढ़त लिए रहे। वहीं दूसरी तरफ, कोटक बैंक, नेस्ले इंडिया, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और एनटीपीसी के शेयरों में 1.40 प्रतिशत तक की गिरावट आई। चीन में कारखानों के उत्पादन के मजबूत आंकड़ों से तेज आर्थिक सुधार की उम्मीद को बल मिला है। इससे वैश्विक शेयर बाजार सर्वकालिक उच्च स्तर के पास रहे।

# बाइडन व गुतारेस के बीच साझेदारी मजबूत बनाने पर हुई गहन चर्चा



भाषा। न्यूयॉर्क वाशिंगटन

**अमेरिका के** नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस से बात कर कोविड-19, जलवायु परिवर्तन और शांति तथा सुरक्षा बनाए रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के बीच साझेदारी को मजबूत बनाने पर चर्चा की।

बाइडन ने सोमवार को फोन पर गुतारेस से बात की और चुनाव जीतने पर बधाई के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव को धन्यवाद दिया।

अस्थाई प्रशासन की ओर से जारी बयान के अनुसार, उन दोनों ने कोविड-19 से निपटने, भविष्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियां से निपटने का तरीका विकसित करने, जलवायु परिवर्तन के खतरे का सामना करने, मानवीय संकट दूर करने, सतत विकास को प्रोत्साहित करने, शांति और सुरक्षा बनाए रखने, संघर्षों का समाधान करने और लोकतंत्र तथा मानवाधिकारों को प्रोत्साहित करने के लिए अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के बीच साझेदारी को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। बाइडन ने इथियोपिया में बढ़ती हिंसा और असैन्य नागरिकों पर बढ़ते खतरे पर भी गहरी चिंता जताई।फोन पर हुई बातचीत के संबंध में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता द्वारा जारी बयान के अनुसार, गुतारेस अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन से बात करके खुश थे और उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। गुतारेस ने अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के बीच निकट सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।प्रवक्ता के बयान के अनुसार, गुतारेस कोविड-19 महामारी, जलवायु परिवर्तन, शांति और सुरक्षा बनाए रखने, मानवाधिकारों को प्रोत्साहित करने, मानवीय संकट को दूर करने सहित विभिन्न आवश्यक वैश्विक मुद्दों पर नव-निर्वाचित राष्ट्रपति और उनकी टीम के साथ साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार संयुक्त राष्ट्र और उससे जुड़ी संस्थाओं की आलोचना करते रहे हैं और कई महत्वपूर्ण संस्थाओं से उन्होंने देश को अलग कर लिया।ट्रंप प्रशासन के दौरान अमेरिका औपचारिक रूप से विश्व स्वास्थ्य संगठन, पेरिस जलवायु समझौता, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी), संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) से नाता तोड़ लिया और फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत एजेंसी को धन देना भी बंद कर दिया।अमेरिकी के अस्थाई प्रशासन के अनुसार, देश के अगले राष्ट्रपति ने इथियोपिया में बढ़ती हिंसा और उससे नागरिकों के लिए पैदा खतरा पर भी चिंता जताई। बाइडन ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडिज से भी बात की और कोविड-19 पर काबू पाने के लिए साथ मिलकर काम करने की बात कही।बयान के अनुसार, उन्होंने (बाइडन) आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से लड़ने, लोकतंत्र को मजबूत बनाने, क्षेत्रीय प्रवासियों के आवागमन के मुद्दे को देखने और अन्य साझी चुनौतियों से निपटने में गोलार्द्ध में गहरी साझेदारी पर जोर दिया। बाइडन ने अर्जेंटीना और लातिन अमेरिका के लिए पोप के महत्व को भी स्वीकार किया।कोस्टा रिका के राष्ट्रपति कार्लोस अल्वाराडो के साथ फोन पर बातचीत में बाइडन ने मानवाधिकार, क्षेत्रीय प्रवास, कोविड-19 और जलवायु संबंधी खतरों पर काम के लिए देश के नेतृत्व की सराहना की। बाइडन ने केन्या के राष्ट्रपति केन्याटा से बात कर विभिन्न मुद्दों पर देश के साथ साझेदारी करने की बात कही।

## बाइडन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने को बताया अत्यावश्यक

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने जलवायु नीति को लेकर बैठक में पदग्रहण के बाद पहले दिन ऐतिहासिक पेरिस समझौते में फिर से शामिल होने के अपने फैसले पर चर्चा की और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कदम उठाने को अत्यावश्यक बताया।नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के कार्यालय ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि बाइडन ने राष्ट्रीय सुरक्षा एवं जलवायु परिर्वतन संबंधी विभागों के कर्मियों के साथ सोमवार को डिजिटल बैठक में दोहराया कि वह जलवायु परिवर्तन से निपटने को अहम राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकता बनाना सुनिश्चित करना चाहते हैं।उसने बताया कि बाइडन ने जलवायु परिर्वतन से निपटने संबंधी लक्ष्यों की ओर बढ़ना अत्यावश्यक बताया। इस बैठक में नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी बाइडन के साथ शामिल हुईं। इस बैठक में बाइडन की जलवायु संबंधी व्यापक एवं महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के तरीकों पर चर्चा की गई।नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के कार्यालय ने बताया कि बाइडन के कार्यालय के पहले दिन पेरिस समझौते में फिर से शामिल होने के उनके फैसले समेत कई मामलों पर चर्चा की गई। अमेरिका चार नवंबर को पेरिस जलवायु संधि से औपचारिक रूप से अलग हो गया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कटौती से संबंधित इस ऐतिहासिक करार से अमेरिका को अलग करने का अपना इरादा 2017 में प्रकट किया था।



जार्जिया के राष्ट्रपति पद के चुनाव के बाद बैलेट पेपर का परीक्षण करते अधिकारी

# अमेरिकी राष्ट्रपति के गोपनीय सूचना देने वाली किताब प्रेसिडेंटस डेली ब्रीफ बाइडन को मिली

एपी। विलमिंगटन (अमेरिका)

- इससे पहले ओबामा प्रशासन को सत्ता हस्तांतरण के दौरान बतौर उपराष्ट्रपति उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश की किताब देखने मौका मिला था

**अमेरिका के** नर्वनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन को सोमवार को पहली बार प्रेसिडेंट्स डेली ब्रीफ देखने को मिली। अमेरिकी खुफिया विभाग और दुनिया भर से प्राप्त सूचनाओं के सारांश वाली इस किताब को देश की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा मौत, विध्वंस और भयावह बातों की किताब कहती थीं। ऐसा नहीं है कि बाइडन पहली बार इस किताब को देख रहे हैं, इससे पहले ओबामा प्रशासन को सत्ता हस्तांतरण के दौरान बतौर उपराष्ट्रपति उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश की किताब देखने मौका मिला था। साथ ही बराक ओबामा के राष्ट्रपति रहते हुए आठ साल तक वह इस किताब को पढ़ते रहे हैं।गौरतलब है कि अमेरिका के प्रत्एक राष्ट्रपति के हिसाब से इस किताब को तैयार किया जाता है और इसमें उनकी प्राथमिकता के हिसाब से सूचनाओं का संकलन किया जाता है। ओबामा प्रशासन के बाद चार साल के अंतराल पर फिर से बाइडन को इस किताब को पढ़ने का मौका मिल रहा है और वह फिलहाल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की किताब पढ़ रहे हैं।प्रेसिडेंट्स डेली ब्रीफ का इतिहास ए प्रेसिडेंट्स बुक ऑफ सीक्रेट्स के लेखक डेविस प्रीस का कहना है, किताब तैयार करने वाले निश्चित रूप से बाइडन से पूछेंगे कि वह सूचनाओं को किस तरीके और फॉर्मेट में देखनाापाना चाहते हैं। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा के कार्यकाल में उनकी किताब 10-15 पन्नों की लेदर बाइंडर (चमड़े की फाइल) में होती थी और रोज सुबह वह नाश्ते के समय इसे पढ़ते थे। बाद के दिनों में ओबामा ने इसे अपने सिक्योर आईपैड पर पढ़ना शुरू कर दिया था।ओबामा ने हाल ही में बाजार में आई अपनी किताब ए प्रॉमिस्ड लैंड में लिखा है कि उनकी पत्नी मिशेल इसे डेथ, डिस्ट्रक्शन एंड हॉरिबल थिंग्स बुक कहा करती थीं। ओबामा ने लिखा है, किसी दिन मैं सोमालिया में आतंकवादी समूहों, इराक में अशांति या फिर चीन और रूस द्वारा नई हथियार प्रणाली विकसित किए जाने की सूचना पढ़ रहा होता था। अभी से लेकर शपथ ग्रहण तक बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ट्रंप के हिसाब से तैयार की गई किताब को ही पढ़ेंगे। गौरतलब है कि ट्रंप द्वारा चुनाव परिणाम को विभिन्न अदालतों में चुनौती दिए जाने के कारण बाइडन और हैरिस को यह किताब काफी देर से मिली है।

# कोविड-19 संक्रमित एक तिहाई से अधिक बच्चों में इस बीमारी के नहीं दिखे लक्षण

भाषा। टोरंटो

**एक अध्ययन** के अनुसार, कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए एक तिहाई से अधिक बच्चों में इस महामारी के लक्षण नहीं दिखाई दिए। अध्ययन के अनुसार, कोविड-19 से संक्रमित एक तिहाई से अधिक बच्चे एसिंप्टोमेटिक (लक्षणविहीन) हैं। इसके अनुसार इस महामारी से संक्रमित बच्चों में खांसी, जुकाम और गले में खराश सबसे आम लक्षण थे। सीएमएजे जर्नल में प्रकाशित शोध में कनाडा के अल्बर्टा में 2,463 बच्चों के लिए निष्कर्षों का विश्लेषण किया गया। इन बच्चों की महामारी की पहली लहर मार्च से सितम्बर के दौरान कोविड-19 संक्रमण के लिए जांच की गई थी। कनाडा में अल्बर्टा फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एंड डेंटिस्ट्री यूनिवर्सिटी के सह-लेखक फिनले मैकएलिस्टर ने कहा, जन स्वास्थ्य से जुड़ी चिंता की एक बात यह है कि समुदाय में संभवत: कोविड-19 इसलिए फैल रहा है क्योंकि लोगों को यह महसूस ही नहीं हो रहा है। अध्ययन के अनुसार, 2,463 बच्चों में से 1,987 बच्चों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई और 476 बच्चों की रिपोर्ट नेगेटिव आई और जो संक्रमित पाए गए उनमें से 714 बच्चे लगभग 36 प्रतिशत एसिंप्टोमेटिक थे। मैकएलिस्टर ने कहा कि एक तिहाई बच्चों में बीमारी के लक्षण नहीं होने के कारण क्रिसमस पर लंबी अवधि के लिए स्कूलों को बंद करना सही फैसला था।शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि खांसी, जुकाम और गले में खराश तीन सबसे आम लक्षण थे जिनमें कोविड-19 संक्रमण था। हालांकि उन्होंने कहा कि ये लक्षण मामूली रूप से उनमें भी थे जो इस महामारी से संक्रमित नहीं पाए गए थे।



बाकू: राष्ट्रीय झंडे के साथ अजरबैजान के मेजर पोलाड हाशिमोव, जो लड़ाई में मारे गए थे, का चित्र लेकर अपने घरों की ओर वापसी करते नागरिक

## क्विक न्यूज

### जर्मनी ने धुर दक्षिणपंथी,नाजी समर्थक समूह पर प्रतिबंध लगाया

**बर्लिन।** जर्मनी की सरकार ने एक धुर दक्षिणपंथी समूह पर प्रतिबंध लगा दिया जिसके बाद पुलिस ने तीन राज्यों मे उसके अनेक सदस्यों के घरों पर छापे मारे। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए की खबर के अनुसार दक्षिणपंथी समूह वोल्फब्रिगेड के 13 सदस्यों के घरों पर छापे मारकर समूह का धन और दक्षिणपंथी दुष्प्रचार सामग्री जब्त कर ली गई।गृह मंत्रालय के प्रवक्ता स्टीव आल्टर के अनुसार गृह मंत्री होर्स्ट सीहोफर ने कहा, जो भी हमारे आजाद समाज के बुनियादी मूल्यों के खिलाफ लड़ेगा, उस पर हमारी सरकार कठोर कार्वाई करेगी। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार दक्षिणपंथी समूह का मकसद नाजी तानाशाह को पुनः स्थापित करना है।

### कंबोडिया में खराब चावल से बनी वाइन पीने से सात लोगों की मौत

**नोम पेन्ह (कंबोडिया)।** कंबोडिया मे चावल से बनी वाइन पीने के बाद सात लोगो की मौत हो गई और 130 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।स्वास्थ्य अधिकारियों को वाइन मे कुछ विषैला पदार्थ मिले होने का संदेह है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि घटना शनिवार को मध्य कंबोडिया के कम्पोंग छ्नांग प्रांत के एक सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में हुई, जहां ग्रामीणों ने एक अंतिम संस्कार कार्यक्रम मे वाइन पी थी।बयान में कहा गया कि वाइन में कुछ विषैला पदार्थ होने की वजह से इन लोगो की मौत हुई। बीमार हुए लोग ठीक हो रहे है और कुछ को तो अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है। ऐसे मामले हर साल कंबोडिया के ग्रामीण इलाकों मे सामने आते है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि उसने तीन विशेषज्ञो को मामले की जांच और विषैली वाइन की बिक्री तथा उसके सेवन को बंद कराने के लिए गांव भेजा है।

### ईरान की संसद ने परमाणु निरीक्षण पर रोक लगाने वाले विधेयक को मंजूरी दी

**तेहरान।** ईरान की संसद ने मंगलवार को एक विधेयक को मंजूरी दे दी जिसमे उसके परमाणु संयंत्रों के संयुक्त राष्ट्र द्वारा निरीक्षण पर रोक का प्रावधान है।इसमे यह भी कहा गया है कि 2015 के परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले यूरोपीय देश यदि तेल संबंधी पाबंदियों से राहत नही देते तो सरकार यूरेनियनम संवर्धन बढ़ाएगी। विधेयक पर चर्चा के लिए मतदान को पिछले महीने एक प्रसिद्ध ईरानी परमाणु विज्ञानी की हत्या के बाद चुनौती के रूप मे देखा जा रहा है। इस विधेयक को कानून बनने से पहले अभी कई अन्य स्तरों से गुजरना होगा।सरकारी आईआरएनए समाचार एजेंसी ने कहा कि 290 सदस्ईय सदन मे 251 सदस्यो ने विधेयक के पक्ष मे मतदान किया जिसके बाद कई ने अमेरिका मुर्दाबाद और इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए।विधेयक में यूरोपीय देशों को ईरान के प्रमुख गैस और तेल क्षेत्र पर पाबंदियो मे ढील के लिए तीन महीने का समय देने का प्रावधान है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एकपक्षीय तरीके से परमाणु समझौते से समर्थन वापस ले लिया था और ईरान पर पाबंदियां लगा दी। इसके बाद दोनों पक्षो के बीच तनाव बढ़ गया था।

### पाकिस्तान में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या चार लाख के पार हुई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे कोविड-19 से संक्रमित लोगो की संख्या मंगलवार को चार लाख के पार पहुंच गई। देश मे कोरोनो वायरस की दूसरी लहर ने जोर पकड़ लिया है और महामारी के प्रति लोगो की उदासीनता के कारण अधिकारियों को इससे निपटने मे मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित 67 और लोगों की मौत होने से देश मे मृतकों की संख्या बढ़कर 8,091 हो गई है।मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 2,458 नए मामले सामने आए है। इससे देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 400,482 हो गई है।सिंध मे सबसे अधिक 174,350 मामले, पंजाब मे 119,579, खैबर-पख्तूनख्वा मे 47,370, इस्लामाबाद मे 30,406 मामले, बलूचिस्तान मे 17,187, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर मे 6,933 और गिलगित-बाल्टिस्तान मे 4,658 मामले सामने आए है।मंत्रालय ने बताया कि अब तक 343,286 लोग स्वस्थ हो चुके है और 2,165 मरीजों की हालत नाजुक है। देश मे इस समय 49,105 मरीजो का इलाज चल रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ न्यूजीलैंड ने भी की चीन के ट्वीट की निंदा

**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया के साथ अब न्यूजीलैंड ने भी चीनी अधिकारी द्वारा कए गए ग्राफिक्क ट्वीट की निंदा की है। इसमे एक फर्जी तस्वीर साझा की गई है जिसमे एक ऑस्ट्रेलियाई सैनिक मुस्कुराते हुए, एक बच्चे के गले पर खून से सना चाकू रखे हुए दिख रहा है।प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने मंगलवार को कहा कि न्यूजीलैंड ने अपना विरोध सीधे चीनी अधिकारियो के समक्ष दर्शाया है।प्रधानमंत्री ने पत्रकारों से कहा, यह तस्वीर तथ्यात्मक रूप से सही नही है। यह सही नही है। ऐसे मे अपने सिद्धांतो का पालन करते हुए जब भी ऐसी तस्वीरें उपयोग की जाएंगी, हम इस चिताओं को उठाएंगे और इसे प्रत्यक्ष रूप से करेंगे। चीन इस ट्वीट से पीछे नही हटा है और उसने माफी मांगने से भी इंकार कर दिया है।न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री की आलोचना ऑस्ट्रेलिया के मुकाबले काफी नरम है।

# अमेरिका सरकार ने तहव्वुर राणा की रिहाई का विरोध किया, कहा देश से भागने का खतरा

भाषा। वाशिंगटन

- डेविड कोलमैन हेडली के बचपन के दोस्त राणा (59) को भारत के अनुरोध पर 10 जून को लॉस एंजिलिस से फिर से गिरफ्तार किया गया

**अमेरिकी सरकार** ने कैलिफोर्निया की फेडरल अदालत में अर्जी देकर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमला मामले में भारत द्वारा भगोड़ा घोषित पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यापारी तहव्वुर राणा की रिहाई का विरोध किया है और कहा है कि उसके देश छोड़कर भागने का खतरा है।डेविड कोलमैन हेडली के बचपन के दोस्त राणा (59) को भारत के अनुरोध पर 10 जून को लॉस एंजिलिस से फिर से गिरफ्तार किया गया। भारत ने 26111 मुंबई आतंकवादी हमले के सिलसिले में राणा के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है। हमले में छह अमेरिकी नागरिकों सहित 166 लोग मारे गए थे।लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी-अमेरिकी सदस्य हेडली 2008 मुंबई आतंकवादी हमले के षड्यंत्र में शामिल था। वह इस मामले में सरकारी गवाह बन गया था और फिलहाल हमले में अपनी भूमिका के लिए अमेरिका की जेल में 35 साल की सजा काट रहा है। राणा को भारत ने भगोड़ा घोषित किया हुआ है और उसके प्रत्यर्पण पर सुनवाई 12 फरवरी को होनी है।लॉस एंजिलिस के अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज जैकलीन शेलोनियन की अदालत में सोमवार को दी गई अर्जी में अमेरिकी अधिवक्ता निकोला टी. हना ने अदालत से राणा को रिहा करने का आवेदन खारिज करने का अनुरोध किया। वकील ने कहा कि राणा यह साबित करने में असफल रहे हैं कि वह देश छोड़कर नहीं भागेंगे और उनके प्रत्यर्पण की अर्जी लंबित होने के कारण विशेष परिस्थिति बन रही है और उसे हिरासत में रखना आवश्यक है।राणा कोविड-19 महामारी का लाभ उठाकर प्रत्यर्पण से पहले हिरासत से अपनी रिहाई का प्रयास कर रहा है जबकि हना ने अर्जी देकर उसे फरवरी में सुनवाई होने तक हिरासत में ही रखने का अनुरोध किया है। राणा के वकील ने अनुरोध किया है कि महामारी के मद्देनजर उसे रिहा कर दिया जाए।वहीं सरकारी वकीन हना का कहना है कि प्रत्यर्पण का सामना कर रहे एक भगोड़े अपराधी को उसी सूरत में जमानत मिल सकती है जब वह साबित करे कि उसके देश छोड़कर भागने का खतरा नहीं है और उसे हिरासत से रिहा करने के लिए कोई विशेष परिस्थिति बन रही है।

राणा ने अदालत में दी गई अपनी अर्जी में कहा है कि ब्यूरो ऑफ प्रिजन कोविड-19 का प्रभावी प्रबंधन करने की क्षमता नहीं रखता है इसलिए उसे हिरासत से रिहा किया जाए। हना ने दलील दी है कि ब्यूरो कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध है और हिरासत में मौजूद सभी बंदियों की सुरक्षा कर रहा है।

# कई रिपब्लिकन सीनेटरों ने ओएमबी निदेशक पद पर नीरा टंडन के नामांकन का विरोध किया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** अगले राष्ट्रपति के तौर पर निर्वाचित जो बाइडन द्वारा प्रबंधन एवं बजट कार्यालय (ओएमबी) के निदेशक पद पर नामित भारतीय मूल की नीरा टंडन को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि रिपब्लिकन पार्टी के कुछ वरिष्ठ सीनेटरों ने सार्वजनिक रूप से उनके नामांकन का विरोध किया है।

दरअसल ए रिपब्लिकन सीनेटर सीनेट के कई सदस्यों के खिलाफ नीरा की पुरानी आक्रामक एवं अपमानजनक टिप्पणी से नाराज हैं। उल्लेखनीय है कि 50 वर्षीय टंडन की नियुक्ति को अगर सीनेट की मंजूरी मिल जाती है तो अमेरिका के प्रबंधन एवं बजट कार्यालय का नेतृत्व करने वाली पहली अश्वेत एवं भारतीय मूल की महिला होंगी। ओएमबी की जिम्मेदारी अमेरिकी राष्ट्रपति के विचारों को कार्यपालिका की सभी शाखाओं में लागू कराने एवं देखरेख की होती है। यह खासतौर पर राष्ट्रपति की नीतिगत बैठकों, बजट, प्रबंधन, नियामक उद्देश्य और एजेंसियों की स्थाई जिम्मेदारी को पूरा करने में मदद करता है। टंडन का करियर पेशेवर परिवारों को आर्थिक विकास के आधार पर मदद करने और असमानता को दूर करने की नीतियों को बनाने पर केंद्रित रहा है। प्रभावशाली सीनेटर और सीनेट इंडिया कॉकस के सह अध्यक्ष जॉन कार्निन ने टंडन के नामांकन को बाइडन का अबतक का सबसे खराब नामांकन करार दिया है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सीनेट के सदस्यों खासतौर पर हमारे पक्ष के सदस्यों के खिलाफ उनकी आक्रामक और अपमानजनक टिप्पणियां उनके नाम की पुष्टि करने की राह में मुश्किल खड़ी करेंगी। पत्रकारों से संवाद करते हुए कॉर्निन ने कहा, टंडन ने गत कुछ हफ्तों में पूर्व में किए गए कई ट्वीट को हटाया है जो बचकाना लगता है, ऐस लगता है कि इससे उन ट्वीट तक लोगों की पहुंच नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि 100 सदस्ईय सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के 50 सदस्य हैं जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी के 48 सदस्य हैं। जॉर्जिया राज्य से आने वाले दो सीनेट सदस्यों के लिए पांच जनवरी को मतदान प्रस्तावित है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीरा ने रिपब्लिकन पार्टी सदस्यों की आलोचना करने वाले सहित एक हजार से अधिक ट्वीट हटाए हैं। बता दें कि टंडन के ट्विटर पर 3,13,400 फॉलोअर हैं और वह इस मंच पर काफी सक्रिय है। पूर्व में नीरा रिपब्लिकन सीनेटरों और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचक रही हैं। नीरा ने अपने एक ट्वीट में सीनेट में बहुमत दल के नेता मिच मैक्कॉनेल का उल्लेख मॉस्को मिच के तौर पर किया था। वाशिंगटन इक्जामिनर के मुताबिक टंडन ने नामांकन की पुष्टि के लिए जरूरी मत हासिल करने में मुश्किल को भांपते हुए करीब एक हजार ट्वीट हटाए हैं जिनमें मध्यमार्गी रिपब्लिकन सीनेटर सुजैन कोलिंस के खिलाफ किए ट्वीट भी शामिल हैं। रिपब्लिकन व्हीप सीनेटर जॉन थुने ने आरोप लगाया कि टंडन पूर्व में कुछ मामलों पर पक्षपाती थीं।

## देओल परिवार की नई फिल्म की घोषणा

दिग्गज अभिनेता सनी देओल ने गुरु नानक जयंती पर इस सोमवार को अपनी फिल्म 'अपने-2' की घोषणा की। इस फिल्म में भी हमें तीन पीढ़ियों को देखने का अवसर मिलेगा जिनमें धर्मेन्द्र, सनी और बॉबी देओल तथा उनका पोता करन देओल।



फिल्म की घोषणा करते हुए सनी ने अपने ट्वीट में कहा, 'बाबा जी के आशीर्वाद और आप सब के प्यार की वजह से आज हम वापस एक साथ नजर आएंगे। अपने पिता, भाई और बेटे के साथ 'अपने-2' में काम करने का एक और अवसर मिलना मेरा सौभाग्य है।'

मार्च में इस फिल्म की शूटिंग प्रारंभ हो सकती है।

## अमृता राव के अनुसार सोशल मीडिया लाया सिनेमा में बदलाव



**जानी** मानी अभिनेत्री अमृता राव का कहना है कि 'सोषल मीडिया पर लोकप्रिय सिलेब्रिटी बनने में कुछ भी अनुचित नहीं है। लेकिन अब इसमें बहुत बदलाव हो चुका है। मैं परिवर्तन के दौर में फिल्म उद्योग का हिस्सा बनी थी। पहले आपके पास प्रतिभा होनी चाहिये थी और आपको उसे निरंतर पैना करते रहना होता था। लेकिन अब तो प्रतिभा का भी प्रबंधन होता दिखाई देता है।

## रवीना टंडन ने सहेली के लिए की भूमिका



**बॉलिवुड** आइकन रवीना टंडन नेटफ्लिक्स पर एक सीरीज़ 'फैबुलस लाइव्ज़ ऑफ बॉलिवुड वाइव्ज़' अपनी सहेली नीलम कोठारी सोनी के लिए एक अतिथि भूमिका करेंगी। इसे लेकर चर्चाओं को बाजार एकाएक ही गर्म हो गया है।

इससे पहले उन्हे दर्शकों का प्यार तब मिला था जब उन्होंने परंपरा में अपने सहकलाकार सैफअली खान की नकल उतारी थी। भीतरी सूत्रों की माने तो सैफको वो दृश्य बहुत अच्छा लगा था और दोनों ने जी खोल कर हंसा भी था।

इसपर प्रतिक्रिया देते हुए रवीना ने बताया, 'मुझे प्रसन्नता है कि शो सफल रहा और नीलम के साथ मेरा दिन और कुकिंग क्लास लेना भी अच्छा रहा।'

## हाल्से ने ग्रैमी पुरस्कारों पर निकाली अपनी भड़ास



**ग्रैमी** पुरस्कार के नामांकन में झिड़क दिये गए अमेरिकन गायक और गीतकार हाल्से ने नामांकन प्रक्रिया को लेकर अपनी भड़ास निकाली है। उनके अनुसार ये पुरस्कार गुणवत्तापूर्ण संगीत या सांस्कृतिक प्रभाव से दूर हटने लगे हैं। इंस्टाग्राम पर उनके एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'मैं सोचा करता हूं और अपने शब्दों को सावधानी से चुनना चाहता हूं क्योंकि कई लोगों ने ग्रैमी नामांकन के समय से लेकर अब तक मुझसे संहानुभूति प्रदर्शित की है और क्षमा याचना भी की है। ग्रैमी में भ्रामक प्रक्रिया अपनाई जाती है।'

# 'कलाकारों को अभिनय तक ही सीमित नहीं रह जाना चाहिये'

**रति पांडे** दंगल टीवी पर चल रहे धारावाहिक देवी आदि पराशक्ति में आदि पराशक्ति की भूमिका निभा रही हैं। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने कोरोना अवधि में शूटिंग पर वापसी करने, उन्होंने रियल्टी शोज़ पर ही अपना ध्यान क्यों केन्द्रित किया तथा बॉलिवुड को लेकर उनकी क्या योजना है, आदि के बारे में विस्तार से बताया। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश-



**■ लॉकडाउन के बाद शूटिंग पर वापसी करना आपके लिए कितना चुनौतीपूर्ण रहा?**

चूंकि मैं सेट पर जाने के लिए बहुत उत्सुक थी, लेकिन फिर भी एक अनजान डर तो मन में बना ही हुआ था। अभिनेता हर समय तो मास्क पहने नहीं रह सकते तो इस बात से ही मेरे मन में डर बैठ गया था। लेकिन मुझे भरोसा था कि हमारे निर्माता हर प्रकार की सावधानी अवश्य सुनिश्चित करेंगे तथा सेट को बार बार सेनिटाइज़ किया जाएगा। हमारे शॉट्स भी थोड़ी थोड़ी देर का अंतराल देकर ही रखे गए थे। सेट पर केवल उन्हीं लोगो को जाने की आज्ञा थी जिनका वहां काम होता था। तो कह सकते हैं कि सेट पर वापसी से आनंद तो आया लेकिन कुछ अलग तो लग ही रहा था।

**■ दूसरे कलाकारों के साथ आपकी समीकरण कैसी बैठती थी। क्या कोविड-19 के कारण सामाजिक दूसरी बनाकर रखे जाने से किसी प्रकार की असहजता की स्थिति बनी थी?**

हमारे बीच समीकरण तो अच्छे ही थे क्योंकि मैं कानन तथा तरुण को जानती थी और वे मेरे अच्छे मित्र भी थे। लॉकडाउन से पहले तो हमारा समय अच्छा बीता करता था लेकिन लॉकडाउन के बाद सामाजिक दूरी बनाए रखने के कारण उसे अलग शूट करना पड़ता था। हमारा मिलना ही संभव नहीं होता था शूटिंग के दौरान हम दोनों ही एक दूसरे को बहुत मिस करते थे।

**■ क्या आपके परिधानों के कारण आपका चलना फिरना दूभर हो जाता था। तैयार होने में आपको कितना समय लग जाता था?**

ये सही है कि हमारा परिधान बहुत भारी होता है हमें पूरी तरह से तैयार होने में दो घंटे का समय लगता था। हमारी मान्यता है कि हमारे भगवान भारी सोने के जेवर पहना करते थे तो मुझे भी शो के जॉनर के अनुसार उन्हें पहनना पड़ता था। इसके अलावा लॉकडाउन के बाद हमारा मेकअप भी हमें ही करना पड़ता था तथा इसमें काफी समय लग जाता था क्योंकि हमें अपने रूम को सैनिटाइज़ करने तथा स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना पड़ता था। अत तो लगभग चार महीने का समय व्यतीत हो चुका है और तो हमें इन सब बातों की आदत पड़ चुकी है।

**■ आप इससे पहले भी कई रियल्टी शोज़ का हिस्सा रह चुकी हैं तो इसमें आपके लिए क्या आकर्षण था?**

मैं दो या तीन रियल्टी शोज़ का हिस्सा बन चुकी हूं लेकिन मेरा वर्तमान अनुभव उन सबसे बहुत अलग है। धारावाहिक में काम करना कुछ तनावपूर्ण तो रहता ही हैं आपकी नींद पूरी नहीं होती और थोड़ा उबाऊपन भी अखरने लगता है। तो कुल मिलाकर ये ब्रेक उस जॉनर से तो कुछ अलग तथा राहत प्रदान करने वाला है। रियल्टी शोज़ में अच्छी बात ये होती है कि आप उसमें अपनी क्षमता के अनुसार ही काम करते हैं। एक व्यक्ति के रूप में आपको अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का पूरा अवसर भी आपके पास होता है। मुझे डांस शोज़ बहुत अच्छे लगते हैं लेकिन मैं किसी वाद-विवाद जैसे रियल्टी शोज़ का हिस्सा बनना पसंद नहीं करूंगी।

**■ क्या शादी मुबारक, शो करने से पहले आपको किसी प्रकार की कोई हिचक थी?**

पहले तो मुझे लगा कि मेरा चरित्र कुछ ऐसा था कि उसकी आयु कुछ अधिक लगी थी लेकिन जब मैंने शो देखा तो मुझे पता लगा कि ये तो उस शो का केन्द्रीय चरित्र था।

> "हमारा परिधान बहुत भारी होता है हमें पूरी तरह से तैयार होने में दो घंटे का समय लगता था। हमारी मान्यता है कि हमारे भगवान भारी सोने के जेवर पहना करते थे तो मुझे भी शो के जॉनर के अनुसार उन्हें पहनना पड़ता था। इसके अलावा लॉकडाउन के बाद हमारा मेकअप भी हमें ही करना पड़ता था"

इसमें बाद में लव एंगल भी आएगा और कहानी के अनुसार ये बहुत ही रोचक चरित्र बनने वाला था। शो का लीड कलाकार एक शादी प्लानर था। अत: हमें हर दिन कुछ न कुछ नया और विचित्र करने को मिलता था क्योंकि हमें विभिन्न चरित्रों के साथ बात करनी होती थी जिसमें कई प्रकार की भावनाएं और संबंधों के साथ सामना होता था। कुल मिलाकर ये अलग प्रकार का शो है।

**■ क्या प्रीति जिंदल का चरित्र निभाना सरल कार्य था?**

मैं अपने चरित्र को किसी भी दृष्टि से सरल चरित्र नहीं मान सकती क्योंकि मैं आज भी इंडस्ट्री में सीख रही हूं। शूटिंग के पहले दिन मैं आज भी थोड़ा घबराई रहती हूं। चरित्र को समझकर उसमें समाहित होने में मुझे थोड़ा समय लग जाता है। लेकिन अब मैं थोड़ी सहज तो हो गई हूं। प्रीति जिंदल के चरित्र में कठिनाई ये थी कि ये एक स्थानापंन्न चरित्र था मैंने इससे पहले किसी कलाकार के स्थान पर काम नहीं किया था। मेरे लिए तो ये एक प्रकार की चुनौती जैसा था क्योंकि दर्षक इससे पहले इस चरित्र को किसी और में देख चुके थे। मुझे इतना तो विश्वास था कि मैं दर्शकों को प्रभावित करने में सफल रहूंगी। मैं इस बात को लेकर निश्चित थी कि मैं भूमिका से दर्शकों को प्रभावित करने में अवश्य सफल रहूंगी।

**■ जब एक अभिनेत्री के स्थान पर दूसरी आती है तो क्या आपको दोनों के बीच तुलना किया जाना उचित प्रतीत होता है?**

हर व्यक्ति का अलग व्यक्तित्व तथा परफॉर्म करने की शैली होती है। यदि हम समानता चाहते हैं तो फिर वो तो एक प्रकार की नकल जैसा ही हो जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात ये होती है कि कलाकार चरित्र में समाहित हो जाए और फिर उसमें अपनी ओर से कुछ अच्छा जोड़ता चले। आपको दर्शकों को अपनी परफॉर्मेंस से प्रभावित करना आना चाहिये, शेष बातें गौण हो जाती हैं।

**■ आप इससे पहले कई शोज़ की आयोजक भी रह चुकी हैं। आपका वो अनुभव कैसा रहा था?**

मैं इससे पहले कई शोज़ का आयोजन कर चुकी हूं और मुझे वो काम प्रिय है। मुझे यदि और ऐसे अवसर मिले तो मैं उन्हें लपक लूंगी। ये कार्य अभिनय से बहुत अलग है। मेरा विचार है कि अभिनेताओं और अभिनेत्रियों को अभिनय तक ही सीमित नहीं रह जाना चाहिये। उन्हें इस क्षेत्र के दूसरे कार्यों में भी हाथ आजमाना चाहिये। कम से कम मैं तो उसे दुबारा करने के लिए सज्ज हूं।

**■ बॉलिवुड को लेकर आपकी क्या योजनाएं हैं?**

हर अभिनेत्री बॉलिवुड जाना चाहती है। ये उसका सपना होता है। मुझे आशा है कि मैं भी एक दिन बॉलिवुड में काम करूंगी। देखते हैं कि कब वो दिन आता है।

**नोबेल पुरस्कार विजेता**

## वेंकी रामकृष्णन का ब्रिटिश रॉयल सोसायटी के अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल पूरा

भाषा। लंदन



**नोबेल** पुरस्कार विजेता प्रोफेसर वेंकी रामकृष्णन ने ब्रिटेन की रॉयल सोसायटी के अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है और इस अवसर पर उन्होंने भावुक संदेश भी दिया। प्रोफेसर वेंकी ने सोमवार को अपना कार्यकाल समाप्त होने के मौके पर डिजिटल संबोधन में बताया कि किस तरह उनके पांच साल के कार्यकाल में ब्रेक्जिट और कोविड-19 महामारी जैसे दो बड़े घटनाक्रम छाए रहे। हालांकि 68 वर्षीय जीवविज्ञानी ने दुनियाभर में विज्ञान के महत्व की मान्यता बढ़ने का स्वागत किया। प्रोफेसर वेंकी ने रॉयल सोसायटी को अपने विदाई संबोधन में कहा, कैसी विडंबना है कि भारत के साथ संपर्क में आए (रॉयल सोसायटी के) प्रारंभिक सदस्यों में रॉबर्ट क्लाइव और वारेन हेस्टिंग्स जैसे उपनिवेशवादी या थॉमस मैकॉले तथा रिचर्ड टेंपल जैसे औपनिवेशिक प्रशासक थे। उन्होंने निश्चित रूप से भारतीयों को किसी भी तरह अपने समान नहीं माना और साफ तौर पर इस बात से हैरान होते कि एक दिन भारत में जन्मा कोई व्यक्ति उनका साथी बनेगा। सोसायटी के अध्यक्ष की बात तो छोड़ ही दो। उन्होंने कहा, जब मैं पांच साल पहले आपका अध्यक्ष बना था तो कैमरन सरकार ने विज्ञान में निवेश के महत्व को समझा। मैं चाहता था कि विज्ञान राष्ट्रीय विमर्श में और अधिक केंद्रीय भूमिका में आए। हालांकि मैं इस बात का आभास नहीं कर सका कि मेरे लगभग पूरे कार्यकाल में दो घटनाक्रमों का साया रहेगा: ब्रेक्जिट का जनमत संग्रह और कोविड महामारी। तमिलनाडु के चिदंबरम में जन्मे प्रोफेसर वेंकी ने अमेरिका में जीवविज्ञान की पढ़ाई की थी और पिछले कुछ सालों से ब्रिटेन में बसे हैं। वह कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के ट्रिनिटी कॉलेज में फैलो के तौर पर कार्यरत हैं। उन्हें 2003 में रॉयल सोसायटी का फैलो चुना गया था और 2015 में अध्यक्ष बनाया गया।

## गौहर खान और जैद दरबार 25 दिसम्बर को शादी करेंगे



**मुम्बई। अदाकारा** गौहर खान और डांसर जैद दरबार 25 दिसम्बर को शादी के बंधन में बंधेंगे। गौहर और जैद ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। दोनों ने पिछले महीने सगाई की थी। कोविड-19 वैश्विक महामारी की वजह से शादी समारोह बेहद निजी होगा। खान ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हम शादी के बंधन में बंध, जीवन भर साथ चलने के अपने सफर का आगाज करने जा रहे हैं। इस खास दिन का जश्न हम अपने परिवार के साथ ही मनाएंगे। जैद (32) ने भी यही बयान और तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा किया। गौहर बिग बॉस की विजेता रह चुकी हैं और जैद संगीतकार इस्माइल दरबार के बेटे हैं।

## नए कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल से और प्रभावी तरीके से हो सकता है कैंसर का इलाज

भाषा। लंदन



**वैज्ञानिकों** ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का नया मॉडल विकसित किया है जो चुनिंदा कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए विशेष आनुवांशिक या कार्यप्रणाली के आधार पर दवाओं का संयोजन कर और प्रभावी तरीके से कैंसर का इलाज कर सकता है। नेचर कम्युनिकेशन पत्रिका में वर्णित नई मशीन अध्ययन प्रणाली में दवाओं और कैंसर कोशिकाओं में संबंध पाया गया जिसके बारे में पहले जानकारी नहीं थी। मॉडल को पूर्व में किए गए अध्ययनों के विशाल आंकड़ों से लैस किया गया जो दवा और कैंसर कोशिकाओं के संबंधों की जांच करता है। फिनलैंड स्थित आल्टो यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जुहो राउसु ने कहा, मशीन द्वारा अध्ययन किया गया यह मॉडल वास्तव में स्कूली गणित के बहुपद कार्य जैसा है लेकिन बहुत जटिल है। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि विभिन्न दवाओं के सटीक मिश्रण से कैंसर के इलाज को और प्रभावी बनाया जा सकता है और अगर किसी एक दवा की मात्रा कम किया जा सके तो मरीज पर पड़ने वाले नकारात्मक असर को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हालांकि दवाओं के मिश्रण की प्रायोगिक जांच की गति बहुत धीमी और खर्चीली है इसलिए अकसर पूर्ण लाभ के लिए विभिन्न दवाओं के उचित संयोजन की खोज नहीं हो पाती। अनुसंधनकर्ताओं ने कहा कि हालांकि, उनका मॉडल किसी खास कैंसर कोशिश को नष्ट करने के लिए संभावित दवाओं के मिश्रण का सटीक तरीके से पूर्वानुमान लगाता है जबकि पहले दवाओं के सम्मिश्रण के प्रभाव की जांच नहीं हो पाती थी। हेलसिंकी विश्वविद्यालय के तेरो ऐत्तोकाल्लियो ने कहा, इससे कैंसर अनुसंधानकर्ताओं को आगे के अनुसंधान के लिए दवाओं के हजारों सम्मिश्रण में से प्राथमिकता के आधार पर मिश्रण चुनने में मदद मिलेगी।

## भारत में मलेरिया के मामलों में आई गिरावट : डब्ल्यूएचओ

**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि भारत ने मलेरिया से निपटने की दिशा में बड़ी प्रगति दिखाई है। दक्षिण-पूर्व एशिया में मलेरिया के मामले 2000 में दो करोड़ थे, जो पिछले साल कम होकर 56 लाख हो गए। विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2020 के अनुसार 2019 में दुनियाभर में मलेरिया के 22.9 करोड़ मामले सामने आए। एक वार्षिक अनुमान जो पिछले चार वर्षों में लगभग अपरिवर्तित रहा है। इस रिपोर्ट को सोमवार को जारी किया गया, जिसके अनुसार पिछले साल इस बीमारी से 4,09,000 लोगों की मौत हुई , जबकि 2018 में इससे 4,11,000 लोगों की मौत हुई थी। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉक्टर टेड्रोस अदनोम घेब्रेएसस ने रिपोर्ट में कहा, दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों ने काफी प्रगति दिखाई है, यहां मामलों और मौत के मामलों में क्रमश: 73 प्रतिशत और 74 प्रतिशत गिरावट आई है। भारत में मलेरिया के मामलों में सबसे अधिक गिरावट आई है, जहां मामले दो करोड़ से गिरकर 60 लाख हो गए हैं। उसने कहा कि क्षेत्र में मलेरिया के मामलों में 73 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है, जहां 2000 में 2.3 करोड़ मामले थे, जो 2019 में अब 63 लाख हो गए। भारत में मलेरिया से होने वाली मौत के मामले में भी गिरावट आई है।

## मंगल ग्रह के खारे पानी से बनेगा ऑक्सीजन और ईंधन

### ● भारतवंशी ने विकसित की नई प्रणाली

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** में भारतीय मूल के वैज्ञानिक के नेतृत्व वाली टीम ने एक नई प्रणाली विकसित की जिसकी मदद से मंगल ग्रह पर मौजूद नमकीन पानी से ऑक्सीजन और हाइड्रोजन ईंधन प्राप्त किया जा सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस प्रणाली से भविष्य में मंगल ग्रह और उसके आगे अंतरिक्ष की यात्राओं में रणनीतिक बदलाव आएगा। अनुसंधानकर्ताओं ने रेखांकित किया कि मंगल ग्रह बहुत ठंडा है, इसके बावजूद पानी जमता नहीं है जिससे बहुत संभावना है कि उसमें बहुत अधिक नमक (क्षार) हो जिससे उससे हिमांक तापमान में कमी आती है। उन्होंने कहा कि बिजली की मदद से पानी के यौगिक को ऑक्सजीन और हाइड्रोजन ईंधन में तब्दील करने के लिए पहले पानी से उसमें घुली लवन को अलग करना पड़ता है जो इतनी कठिन परिस्थिति में बहुत लंबी और खर्चीली प्रक्रिया होने के साथ मंगल ग्रह के वातावरण के हिसाब से खतरनाक भी होगी। अनुसंधानकर्ताओं की इस टीम का नेतृत्व अमेरिका स्थित वाशिंगटन विश्वविद्यालय में



प्रोफेसर विजय रमानी ने किया और उन्होंने इस प्रणाली का परीक्षण मंगल के वातावरण की परिस्थितयों के हिसाब से शून्य से 36 डिग्री सेल्सियस के नीचे के तापमान में किया। रमानी ने कहा, मंगल की परिस्थिति में पानी को दो द्रव्यों में खंडित करने वाले हमारा इलेक्ट्रोलाइजर मंगल ग्रह और उसके आगे के मिशन की रणनीतिक गणना को एकदम से बदल देगा। यह प्रौद्योगिकी पृथ्वी पर भी सामान रूप से उपयोगी है जहां पर समुद्र ऑक्सीजन और ईंधन (हाइड्रोजन) का व्यवहार्य स्रोत है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंस नासा द्वारा भेजे गए फिनिक्स मार्स लैंडर ने 2008 में मंगल पर मौजूद पानी और वाष्प को पहली बार छुआ और अनुभव किया था। लैंडर ने बर्फ की खुदाई कर उसे पानी और वाष्प में तब्दील किया था। उसके बाद से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस ने मंगल ग्रह पर कई भूमिगत तलाबों की खोज की है जिनमें पानी मैग्निशियम परक्लोरेट क्षार की वजह से तरल अवस्था में है। रमानी की टीम द्वारा किए गए अनुसंधान को जर्नल प्रोसिडिंग ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस (पीएनएएस) में जगह दी गई है। अनुसंधानकर्ताओं ने रेखांकित किया कि मंगल ग्रह पर अस्थाई तौर पर भी रहने के लिए अंतरिक्ष यात्रियों को पानी और ईंधन सहित कुछ जरूरतों का उत्पादन लाल ग्रह पर ही करना पड़ेगा। नासा का पर्सविरन्स रोवर इस समय मंगल ग्रह की यात्रा पर है और वह अपने साथ ऐसे उपकरणों को ले गया है जो उच्च तापमान आधारित विद्युत अपघटन (इलेक्ट्रालिसिस) का इस्तेमाल करेंगे। हालांकि, रोवर द्वारा भेजे गए उपकरण मार्स ऑक्सीजन इन-सिटू रिर्सोस यूटिलाइजेशन एक्सपेरिमेंट (मॉक्सी) वातावरण से कार्बन डॉइ ऑक्साइड लेकर केवल ऑक्सीजन बनाएगा। अनुसंधानकर्ताओं का दावा है कि रमानी की प्रयोगशाला में तैयार प्रणाली, मॉक्सी के बराबर ऊर्जा इस्तेमाल कर 25 गुना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन कर सकती है, इसके साथ ही यह हाइड्रोजन ईंधन का भी उत्पादन करती है जिसका इस्तेमाल अंतरिक्ष यात्री वापसी के लिए कर सकते हैं।

लखनऊ खण्ड एमएलसी चुनाव में...


सीतापुर-वोट के लिए लाइन में खड़ी महिला


सीतापुर-महोली में बूथ का निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज, एसपी आरपी सिंह


मतदान के बाद निशान दिखाते विवेक अग्रवाल, हरिनाम सिंह

# युवाओं ने दिखाई बेरुखी, शिक्षकों में दिखा उत्साह

- स्नातक निर्वाचन के लिए मात्र 38.47 प्रतिशत ही हुआ मतदान जबकि शिक्षक निर्वाचन के लिए 71.19 फीसदी पड़े मत

संवाददाता। सीतापुर


मतदान के बाद निशान दिखाते पूर्व विधायक मनीष रावत


मतदान के बाद निशान दिखाते युवा

**लखनऊ खंड** स्नातक-शिक्षक चुनाव में मंगलवार को मतदान में स्नातक में 38.47 फीसदी एवं शिक्षक में 71.19 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया। सुबह ठंडक के चलते सीतापुर के अधिसंख्य बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा। जिन बूथों पर मतदाता पहुंचे भी, वहां पर इक्का दुक्का। धूप में गरमाहट आने के बाद शिक्षक मतदाताओं ने तो घरों से निकलकर वोटिंग में खूब दिलचस्पी दिखाई, मगर पढ़े-लिखे मतदाताओं को शीतलहरी सताती रही, शायद यही वजह है कि उन्होंने घरों से निकलना मुनासिब नहीं समझा। जिस कारण वो स्नातक की वोटिंग में पीछे रहे। मतदान के बाद सील मतपेटियां शाम को आरएमपी डिग्री कॉलेज में बनाए गए अस्थाई स्ट्रांग पर जमा कराई गईं। तत्पश्चात भारी सुरक्षा इंतजामों के बीच उन्हें राजधानी भिजवाया गया। अब तीन दिसंबर को वोटों की गिनती कर नतीजे घोषित होंगे। प्रदेश के 11 शिक्षक-स्नातक एमएलसी का कार्यकाल छह मई 2020 को खत्म हो चुका है। नए कार्यकाल के गठन को लखनऊ मुख्यालय पर नवंबर माह में नामांकन प्रक्रिया अपनाई गई। नाम वापसी के बाद लखनऊ खंड के स्नातक के 24 एवं शिक्षक के 11 उम्मीदवार जनादेश लेने को मतदाता की अदालत में गए। इस चुनाव को लेकर सीतापुर में कुल 67 बूथ यानी स्नातक के 50 व शिक्षक के 17 बूथ बनाए गए। मतदान को सकुशल संपन्न कराने को चौदह सेक्टर व आठ जोनल बनाए गए। सीतापुर में स्नातक के 39851 एवं शिक्षक के 2607 मतदाता थे। मतदान के एक दिन पहले सोमवार को बूथों पर पोष्लिंग पार्टियां पहुंच गई थी। सारी तैयारियां पूर्ण करने के बाद मंगलवार की सुबह बूथों में मतदान कर्मचारी बैठकर वोटरों के आने का इंतजार करने लगे। ठीक आठ बजे से समूचे जिले के 67 बूथों पर मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। पर शीतलहरी के चलते मतदाताओं ने घरों से निकलने में परहेज किया। ऐसे में महज इक्का दुक्का ही मतदाता पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनके घरों से न निकलने के कारण पहले दो घंटे का मतदान फीसदी बहुत ही कम रहा। दस बजे आए मतदान प्रतिशत में शिक्षक के 8.78 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले थे। जबकि स्नातक के 2.59 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। गुनगुनी धूप होने पर मतदाताओं ने घरों से निकलना शुरू किया। नतीजतन, इनके वोटर परसेंटेज में उछाल दिखा। बारह बजे तक शिक्षक- 27.5 फीसदी व स्नातक- 10.2 फीसदी वोटिंग परसेंटेज पहुंच गया। अगले दो घंटे में शिक्षक- 26.67 प्रतिशत, स्नातक 12.26 प्रतिशत वृद्धि आंकी गई। यानी दो बजे तक शिक्षक के 52.17 प्रतिशत, स्नातक के 22.46 प्रतिशत वोट डाले जा चुके थे। चार बजे शिक्षक के लिए 66.06 फीसदी एवं स्नातक के 33.60 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम पांच बजे तक चली वोटिंग में स्नातक के 39851 मतदाताओं में से 38.47 फीसदी एवं शिक्षक के 2607 वोटरों में से 71.19 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले और दोनों पदों के 35 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में कैंद कर दिया।

**वोटर लिस्ट से गायब मिला विधायक पत्नी का नाम:** इसे सरकारी मशीनरी की लापरवाही कहेंगे या फिर कुछ और हरगांव से सत्ताई विधायक सुरेश राही की पत्नी निशा राही को उस वक्त हताश होना पड़ा, जब वो लखनऊ खंड स्नातक चुनाव में खैराबाद के नगर पालिका परिषद के बूथ पर वोट डालने को पहुंची। पता चला कि उनका वोटर लिस्ट में नाम ही नहीं। ऐसे में उन्हें मायूस होकर बैरंग वापस लौटना पड़ा। हरगांव से भाजपा विधायक सुरेश राही का शहर के जेल रोड स्थित आवास है। विधायक राही के मुताबिक उन्होंने व पत्नी निशा राही का लखनऊ खंड स्नातक के चुनाव में वोट बढ़वाए थे। लेकिन मंगलवार को उनकी पत्नी निशा राही नगर पालिका परिषद खैराबाद बूथ पर वोट डालने गई तो वहां पर उनका मतदाता सूची में नाम गायब था। वोटर न होने की वजह से विधायक पत्नी निशा को मायूस होकर बैरंग लौटना पड़ा।

## बिसवां में एमएलसी की गुहार के बाद छोड़े गए बंद समर्थक


कान्ती सिंह

**लखनऊ खंड** स्नातक एमएलसी चुनाव में मौजूदा एमएलसी, निर्दल प्रत्याशी कांति सिंह जब मतदान के दिन बिसवां जा पहुंची और अधिकारियों से अपने समर्थक मधुकर वर्मा व संदीप वर्मा को छोड़े जाने के लिए गुहार लगाने लगीं, आखिर में पुलिस को उनके समर्थकों को छोड़ना ही पड़ा। एमएलसी कांति सिंह ने बताया कि सीतापुर में उनके समर्थकों को सबसे ज्यादा परेशान किया जा रहा है। बिसवां पुलिस ने समर्थक मधुकर वर्मा व संदीप वर्मा को बेवजह कोतवाली में बंद कर दिया। महोली, मछरेहटा में भी पुलिस ने उनके समर्थकों को परेशान किया। यही नहीं लखीमपुर खीरी की मितौली पुलिस ने भी ज्यादती की है। उन्होंने एसडीएम सुरेश कुमार, सीओ सुशील कुमार सिंह, व इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह से जब गुहार लगाई, तब तक जाकर पुलिस ने बंद समर्थकों को छोड़ा।

69 हजार शिक्षक भर्ती की दूसरी लिस्ट जारी, 36 हजार 590 अभ्यर्थी हुए चयनित

# सीतापुर को मिलेंगे 2014 प्राथमिक शिक्षक

- 2, 3 व 4 दिसंबर को डायट खैराबाद पर होगी अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग
- बीएड-बीटीसी अभ्यर्थियों में खुशी की लहर, शिक्षामित्रों में मायूसी

संवाददाता। सीतापुर



**उत्तर-प्रदेश बेसिक** शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा 69 हजार शिक्षक भर्ती की दूसरी लिस्ट मंगलवार को जारी कर दी गई है, जिससे बीएड व बीटीसी अभ्यर्थियों में खुशी की लहर है वहीं शिक्षामित्रों में मायूसी है। इस लिस्ट में प्रदेश के 36 हजार 590 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। बीएसए आफिस से मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर जिले के लिए 2014 अभ्यर्थी चयनित हुए है, जिनमें सामान्य वर्ग के 774, अन्य पिछड़ा वर्ग के 796 व अनुसूचित जाति के 444 अभ्यर्थी शामिल है। इन अभ्यर्थियों में 885 पुरूष व 1129 महिला अभ्यर्थी चयनित हुए है। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 2, 3, 4 दिसम्बर को डायट खैराबाद पर प्रात: 9:30 से शाम 5 बजे तक होगी। 2 दिसम्बर को 73.21 से 68.46 गुणांक तक के 842, 3 दिसम्बर को 68.45 से 63.07 गुणांक तक के 840 अभ्यर्थी एवं 4 दिसम्बर को 63.06 से 58.22 तक के गुणांक वाले 332 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग कराई जाएगी। बता दें कि बीती 18 नवम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षामित्रों की 40 व 45 फीसदी कटआफ वाली याचिका को खारिज करते हुए भर्ती प्रक्रिया को 60 व 65 फीसदी कटऑफ से पूर्ण करने के आदेश सरकार को दिए थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा दूसरी लिस्ट जारी कर दी गई और 4 दिसम्बर तक काउंसिलिंग प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। हालांकि इन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र व विद्यालय आवंटन करने की कोई तिथि अभी नहीं घोषित की गई है। इससे पूर्व पहली लिस्ट मे प्रदेश के 31 हजार 661 अभ्यर्थी चयनित हुए थे, जिनमें 31 हजार 277 अभ्यर्थियों की तैनाती हो चुकी है। इस भर्ती में सीतापुर के लिए 2500 सीटें है, जिनमें से पहली लिस्ट के आधार पर 415 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराई थी और 405 को नियुक्ति पत्र भी दिए जा चुके है। 10 अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेखों में त्रुटियां होने के चलते अभी नियुक्ति पत्र नहीं दिए गए है।

**काउंसिलिंग के लिए यह दस्तावेज जरूरी-** काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों को समस्त मूल शैक्षिक अभिलेख, शैक्षिक अभिलेखों की दो सेट छायाप्रतियां, 30 रूपये के डाक टिकट लगे दो सादे लिफाफे एवं 10 रूपये के नान जूडीशियल स्टाम्प पर अभ्यर्थियों के समस्त अभिलेख सही होने का प्रमाण व 100 रूपये के स्टाम्प पर अर्न्तजनपदीय स्थानान्तरण की मांग न किए जाने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीहट बीरम में

# छात्र-छात्राओं को बांटे गए स्वेटर


सीतापुर-ड्रेस वितरित के बाद मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षिका निर्मला भार्गव, एमसी भार्गव, कुसुमलता, महेन्द्र पाठक व अन्य

- विद्यालय में प्रधानाध्यापिका की पहल पर परिसर में रखा गया पिंक बॉक्स

**सीतापुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीहट-बीरम क्षेत्र मछरेहटा में सरकार की मंशा के अनुरूप नि:शुल्क स्वेटर का वितरण एवं पिंक बाक्स के उद्घाटन का कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्य निर्मला भार्गव के द्वारा किया गया। जिसके मुख्य अतिथि एबीएसए प्रभास कुंवर श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भार्गव ने पिंक बाक्स का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए। इस अवसर पर यू.पी.बोर्ड की पूर्व सचिव के पति एवं प्रधान के प्रतिनिधि सत्य प्रकाश सिंह, पवन कुमार शुक्ल, अंजनी शुक्ल, एम.सी. भार्गव, कुसुम लता देवी, हिमा अवस्थी, हर्षिता सिंह तथा महेंद्र पाठक आदि मौजूद रहे।

## कोरोना के मिले छह मरीज

**सीतापुर।** सीतापुर में कोरोना बचाव के लिए चलाई जा रही मुहिम का सकारात्मक असर दिख रहा है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 6 मरीज पाए गए हैं। शहर के मिरदही टोला और हबीबपुर में 1-1 नया मरीज मिला है। मिश्रिख में 2 और परसेंडी व सीएचसी महमूदाबाद में 1-1 मरीज मिला है। इसी के साथ जिले में मरीजों की संख्या 4,611 हो गई है। अब तक 70 मरीजों की मौत हो चुकी है।

## क्विक न्यूज

### स्नातक शिक्षक चुनाव बना मजाक

- अव्यवस्थाओं का रहा बोलबाला

**लहरपुर सीतापुर।** स्नातक शिक्षक एमएलसी चुनाव के मद्देनजर लहरपुर नगर के नगर पालिका परिषद कार्यालय में स्नातक शिक्षक चुनाव मजाक बनकर रह गया यहां पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला देखने और सुनने को मिल रहा है बताते चलें की नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते जहां एक और सैकड़ों संख्या में स्नातक व शिक्षक वर्ग के लोग वोट डालने के लिए आ रहे है वहीं दूसरी ओर अव्यवस्थाओं के चलते चारों और गंदगी व्याप्त है नालियों का पानी बह रहा है कूड़े के ढेर लगे हुए हैं मक्खियां भिनभिना रही हैं ना तो पीने के पानी की कोई व्यवस्था है और ना ही बैठने की नगरपालिका कार्यालय से सटा हुआ सार्वजनिक शौचालय निष्क्रिय पड़ा हुआ है जिसके चलते आम जनमानस को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में जब नगरपालिका कार्यालय में जाकर नगर पालिका कर्मचारी से बात करनी चाहिए तो मौके पर कोई नजर नहीं आया गौरतलब है कि जहां एक तरफ कोरोना महामारी ने अपने पैर पसार रखे हैं वही सोशल डिस्टेंसिंग की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है पुलिस प्रशासन भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने में असमर्थ दिखाई दे रहा है जबकि स्थानीय पालिका परिषद में सोशल डिस्टेंसिंग के लिए गोल घेरे बनाए गए थे फिर भी लोग एक दूसरे से सटकर खड़े हुए नजर आ रहे हैं इस संबंध में जब कोतवाली प्रभारी ओम प्रकाश राय से बात की तो उन्होंने बताया कि चुनाव के चलते सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराना मुश्किल पड़ रहा है।

### एड्स दिवस पर चार कैंपों से दिया जागरूकता का संदेश

**सीतापुर।** एड्स की रोकथाम को सरकारें लगातार जागरूक कर रही है, साथ ही चिंहित मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधाएं भी दे रही है। बावजूद इसके इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। इनकी संख्या बढ़ रही है। घ्चालू वित्तीय बरस में जिले में चिंहित एड्स के 80 मरीजों का इलाज चल रहा है। नाको के लक्ष्य के अनुसार 2030 तक भारत को एचआइवी मुक्त करना है। जिसके तहत मुख्य रूप से गर्भवती महिला एवं जोखिम पूर्ण व्यवहार वालों की जांच सुनिश्चित की गई है। जिस कारण जिला के स्वास्थ्य केंद्रों में एवं सभी प्रतिरक्षण स्थल पर गर्भवती का एचआइवी जांच सुनिश्चित किया गया है। शासन के फरमान पर सीतापुर में भी एड्स की जांच के लिए अभियान चलाया गया है। इस अभियान में 6440 लोगों की जांच की गई थी। जांच में 20 पॉजिटिव मिले थे। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शुएब अख्तर ने बताया कि मौजूदा वक्त में सीतापुर जिले में 88 एड्स मरीजों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि एड्स दिवस में सीतापुर शहर के अलावा महमूदाबाद, बिसवां, सिधौली में एड्स जागरूकता कैंप लगाए गए हैं। इनके जरिए लोगों को एड्स रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके के गांव रोहिला के निकट का मामला: हिस्ट्रीशीटर की संदिग्ध मौत, पीएम रिपोर्ट से खुलेगा राज..!

- संदिग्ध मार्ग दुर्घटना में हिस्ट्रीशीटर की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**सीतापुर।** थाना इमलिया सुल्तानपुर में एक हिस्ट्री सीटर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं, जबकि पुलिस का कहना है कि युवक की मौत मार्ग दुर्घटना में हुई है। दरअसल पुलिस के अनुसार थाना रामकोट इलाके के गांव पिपरीकला निवासी रामदास घर से पाण्डे ईंट भट्टा जाने की बात कहकर रामपुर भूड़ा के लिए निकला था। लौटते वक्त थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके के रोहिला गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंची डायल 112 व थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके मृतक की पत्नी ने थाने में तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया रामदास की मौत मार्ग दुर्घटना में हुई है। बाकी की स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही साफहो पाएगी। रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

चतुर्भुज खंडसारी उद्योग पर बातचीत के दौरान

# गनर ने ग्रामीणों पर झोंका फायर, बवाल

- क्रेशर की राख से गांव में बीमारी फैलने की मालिक लवलेश त्रिपाठी से शिकायत पहुंचे थे ग्रामीण
- सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसडीएम लहरपुर व थाना प्रभारी हरगांव

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर


लहरपुर में कैमरे में कैद बंदूक लिए दबंग व भीड़ को शान्त करते एसडीएम, सीओ व अन्य पुलिस बल

**सीतापुर के** एक क्रेशर पर धरना दे रहे ग्रामीणों से क्रेसर पर धरना दे रहे ग्रामीणों से क्रेशर मालिक की बातचीत के दौरान प्राइवेट गनर ने गोली चला दी। गोली चलाए जाने से बवाल खड़ा हो गया। हालांकि गोली किसी को लगी नहीं, लेकिन किसानों ने इसके बाद जमकर हंगामा काटा। सूचना पाकर पहुंचे एसडीएम लहरपुर, एसओ हरगांव उन्हें शान्त कराने में जुट गए। किसानों ने क्रेशर बंद करा दी। गोली चलाने वाले गार्ड अनिल वर्मा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बता दें कि थाना इलाके के कटेसर में चतुर्भज खंडसारी उद्योग 'क्रेशर' पर ग्रामीण राखी उड़ने से गांव के लोगो के बीमार होने का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए थे। इसी को लेकर क्रेशर मालिक लवलेश त्रिपाठी से गंगेश दीक्षित, लवकेश शुक्ला, रामनरेश जायसवाल, आलोक पांडेय, आशीष सिंह व अन्य लोग की बातचीत हो रही थी। ग्रामीणों का आरोप है कि राखी बंद करने की बात जैसे ही की गई गनर अनिल वर्मा ने 315 बोर राइफल से फायर झोंक दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। क्रेशर मालिक ने समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन हालात काबू में नहीं आए। इसके बाद मौके पर पहुंचे लहरपुर एसडीएम व थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और मामला शांत करा दिया। ग्रामीणों ने मामले में आरोपी गनर के विरूद्ध थाने में तहरीर दे दी है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि ग्रामीणों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# स्नातक में 50.31 व शिक्षक में 74.08 फीसदी पड़ा मतदान

- बूथों का भ्रमण करते रहे डीएम व एसपी
- कई जगहों पर नजर आईं अव्यवस्थाएं









**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**जिला निर्वाचन** अधिकारी/डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसपी विजय ढुल ने लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन 2020 को निष्पक्ष, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत मंगलवार को जनपद के विभिन्न मतदान केन्द्रों व पोलिंग बूथों का भ्रमण कर चुनाव ड्यूटी पर लगे मतदान कार्मिक/अधिकारी को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये और पूरी निर्वाचन प्रक्रिया का जायजा लिया।

डीएम-एसपी ने लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन 2020 के मतदान केंद्र जिला पंचायत कार्यालय, खंड विकास कार्यालय लखीमपुर, बेहजम, मितौली, नकहा, ईसानगर, नगर पंचायत ओयल व धौरहरा का भ्रमण कर मतदान कर्मियों से निर्वाचन के दौरान जलपान आदि मुहैय्या कराया गया है अथवा नहीं के संबंध में जानकारी की। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मौजूद विभिन्न प्रत्याशियों के एजेंटों से परिचय प्राप्त करते हुए व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मतदान केंद्र पर मौजूद सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं माइक्रो आब्जर्वर को निर्देश दिया कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को शुचिता पूर्ण संपन्न कराएं। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन हेतु नियुक्त जोनल मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने जोन में बूथों का भ्रमण करते हुए पाये गये। बताते चलें कि जिले में बनाए गए 19 मतदान केंद्रों के 61 बूथों पर प्रात: 8 बजे से मतदान शुरू हो गया। जो शाम 5 बजे तक चला। वहीं जिले भर में स्नातक में करीब 50.31 प्रतिशत एवं शिक्षक में करीब 74.08 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**ओयल संवाददाता के अनुसार,** कस्बा स्थित मतदान केंद्र नगर पंचायत कार्यालय में स्नातक अध्यापक प्रतिनिधि के लिए शांतिपूर्वक मतदान किया गया। स्नातक के लिए कुल 88 मतों में 61 मत पड़े। अध्यापक पद के लिए कुल 9 में से 8 वोट पड़े। मतदान सुबह 7:30 बजे धीरे-धीरे शुरू हुआ। मतदान का कार्यक्रम धीरे-धीरे चलता रहा। शाम 5 बजे मतदान समाप्त हुआ। इस मौके पर कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए मास्क सैनिटाइजर आदि सामानों की पूर्ण व्यवस्था की गई थी। इसके साथ प्रशासन ने इस अवसर पर पुलिस तथा महिला पुलिस की व्यवस्था की थी। डीएम-एसपी भी निरीक्षण करने पहुंचे।

**बेहजम संवाददाता के अनुसार,** बेहजम ब्लाक परिसर में शिक्षक व स्नातक विधान परिषद के सदस्य का चुनाव गहमा गहमी के साथ सम्पन्न हुआ। लखनऊ खंड स्नातक व शिक्षक विधान परिषद के सदस्य पद पर हो रहे मतदान में बेहजम ब्लाक परिसर में बूथ संख्या 22, 22 (अ) पर स्नातक चौदह सौ उन्नासी कुल मतदाता व शिक्षक मतदाताओं के लिए बूथ संख्या सात पर अठ्ठावन मतदाताओं के लिए वोट डालने की चुनाव आयोग के द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में सुबह आठ बजे से सायं पांच बजे तक पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में 56 प्रतिशत कुल मतदाताओं ने तीन बूथों पर मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया का जायजा लेने जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह के साथ पुलिस अधीक्षक विजय ढुल पहुंचे। उन्होंने अपने मतहतों को सख्त निर्देश देते हुए पूर्ण पारदर्शिता के साथ सभी नियमों का पालन करते हुए शांति व्यवस्था के साथ वोटिंग कराने पर जोर दिया। इसके बावजूद मतदेय स्थल पर पानी व शौचालय में बदइंतजामी देखकर लोग आक्रोषित हुए। मतदेय स्थल पर मौजूद सेक्टर मजिस्ट्रेट से मतदाताओं की तीखी नोंक-झोंक भी हुई। मतदान ड्यूटी में लगे मतदान अधिकारी व कर्मचारी अधिकतर बिना मास्क लगाये व्यवस्था में कार्य करते देखे गये।

सुबह से दोपहर दो बजे तक मतदाताओं की चुनाव में वोट डालने में दिलचस्पी कम ही दिखाई पड़ी। दो बजे के बाद राजनैतिक पार्टियों भाजपा, सपा व कांग्रेस के समर्थित उम्मीदवारों के समर्थक बढ़-चढ़कर वोटरों को मतदेय स्थल तक लाने में कामयाब रहे। इससे वोटिंग का प्रतिशत कुछ हद तक बढता दिखाई दिया। वहीं मतदेय स्थल पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद व पार्टी के प्रवक्ता जुगुलकिशोर ने पहुंच कर मतदाताओं व समर्थकों का उत्साहवर्धन किया।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार,** स्नातक और शिक्षक एमएलसी का मतदान प्रात: काल 8 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुआ। मोहम्मदी स्थित नगर पालिका में बनाए गए पांच बूथों पर, पसगवा विकास खंड में तीन बूथों पर मतदान किया गया।

जोनल मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला लगातार मोहम्मदी और पसगवां मतदान केंद्रों पर व्यवस्था का जायजा लेती रहीं। वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेट पसगवां अमित सिंह और मोहम्मदी सेक्टर मजिस्ट्रेट महेंद्र यादव अपनी-अपनी भूमिका में रहे। मोहम्मदी और पसगवां में कहीं से किसी तरह का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया। शाम पांच बजे मतदान समाप्त होने पर पसगवा में शिक्षक एमएलसी में 82.87% तथा स्नातक एमएलसी में 47.28 प्रतिशत वोट पड़े। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल, प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी बृजेश कुमार त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक पसगवां आदर्श कुमार सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहा।

## दो दिनों में लगातार लव जिहाद के दो मामले आए सामने

**संवाददाता।** बरेली

**नया** कानून बनने के बाद बरेली पुलसि ने 'लव जिहाद ' के मामले में दूसरा मुकदमा दर्ज कयिा है। ताहरि हुसैन नामक शख्स पर आरोप है कि एक फर्म में नौकरी करने वाली एक युवती का शादी के नाम पर यौन शोषण किया, युवती जब गर्भवती हो गई तो शादी से इंकार करते हुए लव जहिाद की साजशि का खुलासा हुआ,पीडति की शकिायत पर पुलिस ने नए कानून के तहत रपिोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है, यह प्रदेश का दूसरा मामला थाना इज्जतनगर क्षेत्र का है ।एफआईआर में इलाके की रहने वाली युवती ने कहा है कि वह प्राइवेट नौकरी कर परतापुर नविासी ताहरि हुसैन ने उससे करीबयिां बना ली थीं और शादी का बहाना कर उसका यौन शोषण करता रहा,मंदरि में ले जाकर उसकी मांग भी भर दी। इसके बाद वह पीडति को पत्नी बनाकर अपने साथ रखने लगा था ।हालाँकि एसपी सिटी रवीन्द्र कुमार का कहना है की युवती ने जो आरोप लगाए हैं उनकी जांच चल रही है ऐसा मामला प्रतीत नहीं होता फिर भी जांच के बाद तथ्य सामने आने पर कार्रवाई होगी । फिलहाल युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है और जेल भेज दिया है ।वहीं बिथरी चौनपुर विधायक राजेश मिश्र उर्फपप्पू भरतौल ने कहा योगी जी ने जो कानून बनाया है स्वागत योग है इससे लोगो को न्याय मिलेगा, और अब किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा लव जिहाद के नाम पर लड़कियों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन ने का करने का दबाव बनाते हैं और जब शादी हो जाती है तो उसे छोड़ देते हैं ऐसे मामलों में केस दर्ज होना चाहिए।

## मतदाताओं ने डाले वोट



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** लखनऊ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें लखनऊ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 32.74 प्रतिशत मतदान एवं लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव में 75.7 प्रतिशत मतदान हुआ। नगर पालिका परिषद गोला, बांकेगंज एवं ब्लाक बिजुआ में बनाये गये मतदान केन्द्र पर भारी सुरक्षाबल तैनात रहा। उपजिलाधिकारी गोला अखिलेश यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवीन्द्र कुमार वर्मा, कोतवाल अरविन्द पांडे ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

## लकड़ी ठेकेदार ने हरीभरी देशी आम की बाग को काटकर बना दिया मैदान

- जेसीबी मशीन से सबूत मिटाने का चल रहा काम
- सूचना व आडियो-वीडियो क्लिप भी भेजे जाने पर नहीं हुई कार्रवाई
- पेड़ कटने के बाद पहुंचे एसडीओ
- कहा:होगी कार्रवाई

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**दक्षिण खीरी** वन प्रभाग की वनरेंज महेशपुर (मोहम्मदी) की वीट बेलहरी के ग्राम कपराहा में देशी आम की बाग को सोमवार की रात हैदराबाद गांव के ठेकेदार ने कटवाना चालू किया। खबर अधिकारियों को दी गई मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। तब समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार होतीलाल रस्तोगी ने मामले से संबंधित जानकारी व आडियो क्लिप एसडीओ सुरक्षा बल रविशंकर शुक्ला सहित कई अधिकारियों को भेजी। काफी देर तक प्रधान मुख्य वन संरक्षक लखनऊ आदि को वीडियो क्लिप भेजना जारी रहा। कहीं से भी कार्रवाई न होने के चलते रात भर में ठेकेदार छह वृक्षों को कटवा कर ले गया। वहीं सुबूत मिटाने के लिए मंगलवार की सुबह से जेसीबी से मुढ़ियों का उखाड़ा जाना जारी है। गौरतलब हो कि महेशपुर क्षेत्र में एक पखवारे में तमाम बागों का सफाया हो चुका है। तमाम समाचार पत्रों में प्रकाशन भी हुआ है पर वन विभाग को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। यदि हैदराबाद में छापेमारी की जाए तो तमाम लकड़ी के ढेर गवाही देंगे कि इलाके में अंधाधुंध कटान हुआ है। एसडीएम रवि शंकर शुक्ला मंगलवार को मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना के सत्य होने की जानकारी दी। उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन भी दिया।

## संद्धिग्ध परिस्थितियों में मिला वृद्ध का शव

- सोमवार की दोपहर निकला था घर से
- मानसिक संतुलन नहीं था ठीक

**संवाददाता।** मैलानी-खीरी

भीरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव धर्मापुर निवासी सुरेन्द्र सिंह (75) पुत्र गोकरन सिंह का शव सुबह खेत में पड़े होने की सूचना भीरा पुलिस को मिली। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव का पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।थानाध्यक्ष अजय कुमार राय ने बताया कि मृतक सोमवार दोपहर 11 बजे घर से निकला था परंतु वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा तहरीर देकर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिजनों द्वारा सुरेंद्र सिंह की खोजबीन भी की जा रही थी।

पुलिस ने बताया कि अभी लगभग दो माह पूर्व मृतक की पत्नी का देहांत भी गया था। मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। साथ ही पुलिस ने बताया कि मृतक के शरीर पर जाहिराना चोट के निशान नहीं पाये गये।

फिलहाल मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस द्वारा घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

## क्विक न्यूज

### एलएलएम में दाखिले को विवि में काउंसिलिंग आज से

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयो मे एलएलएम पाठ्यक्रमो मे दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा पहले ही हो चुकी थी। अब मेरिट के आधार पर आज एक दिसंबर से काउंसिलिंग की जाएगी। विश्वविद्यालय ने काउंसिलिंग का शेडयूल जारी करते हुए कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन करते हुए अभ्यर्थियो को बुलाया है। काउंसिलिंग स्पोर्ट्स इंडोर स्टेडियम के सभागार मे होगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि काउंसिलिंग मे शामिल होने के लिए अभ्यर्थियो को 300 रुपये का बैंक ड्राफ्ट 'वित्त अधिकारी, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली' के नाम से बनवा कर लाना होगा।

### कार की टक्कर से वृद्धा की मौत

**बरेली।** सड़क पार कर रही एक वृद्ध महिला को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई और इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव अभय पुरा निवासी 58 वर्षीय लोंग श्री कि बीती रात भोजीपुरा के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के बेटे वेद प्रकाश ने बताया कि कल सुबह उसकी मां रोजाना की तरह घर की सफाई करने के बाद कूड़ा फेंकने के लिए सड़क पार जा रही थी। इसी दौरान तेजी से आ रही एक कार ने उसकी मां को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार को रोकने की कोशिश की। तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे घर वाले घायल लोंग श्री को इलाज के लिए भोजीपुरा के एसआरएमएस ले गए। जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर उसके चालक व मालिक पर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतका दो बेटों की मां थी।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सथरियांव में मंगलवार की दोपहर निर्माणाधीन रेलवे लाइन पर बैक हो रही ट्रेन की चपेट में आ जाने से लगभग 21 वर्षीय एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सथरियांव गांव निवासी कृष्ण पाल का पुत्र मोनू पासवान आज अपने कुछ साथियों के साथ जंगल गया था। बताते हैं कि पास से निकल रही रेलवे लाइन पर बैठा था। इसी बीच कार्य कर रही ट्रेन बैक होते समय चपेट में आ गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### वृद्ध ने खाया जहरीला पदार्थ

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के निबहरा मसवानी मुहल्ले में सोमवार की रात बीमारी से तंग आकर लगभग 55 वर्षीय वृद्ध ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार निबहरा मसवानी मुहल्ला निवासी अहमद अली का पुत्र महबूब अली काफी दिनों से बीमार चल रहा था। काफी इलाज के बाद जब कोई फायदा न हुआ तो सोमवार की रात जान देने के इरादे से उसने जहर खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक के अनुसार उसकी हालत में सुधार है।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के बहरामपुर के समीप मंगलवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 27 वर्षीय एक युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बहरामपुर गांव निवासी हरिश्चन्द्र का पुत्र रामचन्द्र आज सुबह मोटरसाइकिल से थरियांव किसी काम से आ रहा था। जैसे ही वह घर से रोड पर निकला तभी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### सदर विधायक ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

**फतेहपुर।** आज प्रयागराज झांसी स्नातक चुनाव के सदर विधानसभा के सभी पोलिंग बूथों में सदर विधायक विक्रम सिंह ने जाकर भ्रमण किया और सभी पोलिंग बूथों में वोटिंग शान्ती पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुयी। सदर विधायक ने विकास खण्ड भिटौरा, विकास खण्ड हसवा, राजकीय बालिका इण्टर कालेज और राजकीय इण्टर कॉलेज के बूथों में जाकर स्वयं भ्रमण किया और सभी पोलिंग बूथों में वोटिंग शान्तीपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाया।

## किसानों एवं व्यापारियों की समस्या को लेकर व्यापार मण्डल भेजेगा पीएम को पत्र

**संवाददाता।** फतेहपुर



**किसानों के** समर्थन में व्यापार मण्डल किसानों एवं व्यापारियों के मन की पीड़ा बताने हेतु प्रधानमंत्री को मांगपत्र भेजेगा। किसानों एवं व्यापारियों की समस्याओं के निवारण की मांग के साथ आवयश्कता पड़ने पर व्यापार मण्डल किसानों के समर्थन में पूर्ण सहयोग करेगा। कोरोना महामारी के अंतर्गत अनेक माह तक लॉक डाउन से किसान व व्यापारी का रोजगार छिन्नभिन्न हो गया है, ऐसे में केंद्र सरकार व राज्य सरकार को किसानों एवं व्यापारियों के उत्थान की दिशा में सरलीकरण तरीके से उत्थान हेतु नए मार्ग प्रशस्त करने की आवयश्कता है ना कि जटिल प्रणाली के अंतर्गत आक्रोश पैदा करने की। व्यापार मण्डल पीएम व सीएम से सरलीकरण दिशा के अंतर्गत नए मार्ग प्रशस्त करने की मांग करेगा। अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा सर्वप्रथम किसानों एवं व्यापारियों को दस लाख रुपए का बैंक लोन बिना ब्याज के दिया जाए। साथ ही छ: माह का विद्युत बिल, स्कूल फीस माफ कराई जाए। इसी के साथ देश के अन्नदाता किसानों को सरलीकरण सुविधा प्रदान की जाए। देश के अंतिम कड़ी में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को केन्द्र सरकार का लाभ प्रदान हो ताकि अंतिम व्यक्ति के मन की पीड़ा दूर हो सके। समस्याओं को दूर करने हेतु किसान आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की गयी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, महासचिव अनिल वर्मा, सह महामंत्री चन्द्र प्रकाश बब्लू गुप्ता, अशोक गुप्ता, अनिल सोनी, टीटू गुप्ता, मो0 अंजुम आदि उपस्थित रहे।

## देवर-भाभी ने एक साथ मौत को लगाया गले

### प्रेम-प्रसंग में आ रही बाधा के चलते उठाया कदम

**संवाददाता।** फतेहपुर

गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम-प्रसंग में आ रही बाधा से तंग आकर देवर-भाभी ने सोमवार की रात घर पर कमरे के एक साथ फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सुबह सात बजे तक दरवाजा न खुलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो होश उड़ गए। एक साथ दो मौतों से परिवार के बीच कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के ब्राह्मणतारा गांव में हरिओम लोधी की पत्नी सुनीता व छोटे भाई राम मिलन के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। परिजनों को इसकी जानकारी थी। परिजन इसका एतराज करते थे, लेकिन दोनों के आपसी संबंधों में कोई कमी नहीं आयी। बताता जाता है कि राम मिलन की शादी तय हो गई थी। सात मई को विवाह की तिथि तय थी, लेकिन सोमवार की रात खाना खाने के बाद देवर-भाभी एक कमरे में कैद हो गये। रात में दरवाजा नहीं खुला।

मंगलवार की सुबह सात बजे परिजनों ने आवाज दी, लेकिन अन्दर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो दरवाजा तोड़ दिया। अंदर का नजारा देखते ही सभी के होश उड़ गए। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिए भेज दिया है। गाजीपुर थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया कि देवर-भाभी द्वारा आत्महत्या किये जाने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया प्रेम-प्रसंग के चलते आत्महत्या किये जाने की बात प्रकाश में आयी है। फिर भी पुलिस सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है।

### बच्चा करंट की चपेट में आया

**बिन्दकी (फतेहपुर)।** घर के अंदर बिजली के बोर्ड में प्लग लगाते समय अचानक 7 वर्षीय मासूम बच्चा करंट के चपेट में आ गया औरकरंट से छूटा तो फर्श में गिर गया। जिसके चलते सिर में भी गंभीर चोट आई। बच्चे को इलाज के लिए परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराय। नगर के मोहल्ला ठठराही निवासी सत्येंद्र द्विवेदी का 7 वर्षीय पुत्र आर्यन द्विवेदी घर के अंदर बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रहा था। तभी अचानक करंट के चपेट में आ गया। बच्चे ने शोर मचाया तो परिजन उसकी ओर दौड़े तभी करंट से छूटकर मासूम बच्चा फर्श में गिर गया। जिसके चलते सिर पर भी गंभीर चोट आई। आनन-फानन में परिजनों ने निजी वाहन से लाकर सीएचसी में भर्ती कराया। काफी देर चले उपचार के बाद बच्चे की हालत में सुधार हुआ तो परिजनों वापस घर ले गए। परिजनों ने बताया कि कोई देख नहीं पाया। तभी इसने बिजली के बोर्ड में प्लग लगाने की कोशिश की। तभी करंट के चपेट में आ गया और करंट के चपेट से छूटा तो पक्की फर्श में सिर के बल गिर गया। जिसके चलते और भी गंभीर चोट आ गई।

## मलाका ग्राम सभा के लेखपाल को प्रधान पति ने बेइज्जत करने की दे डाली धमकी

**संवाददाता।** फतेहपुर

**जनपद में** एक ऐसा प्रधानपति जिसकी दबंगई के चर्चे जिले में जोरों और शोरों से हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं मलाका ग्राम सभा के प्रधान बेला देवी के पति रामचंद्र विश्वकर्मा तथा बीडीसी लाल सिंह पासवान ने अपने ग्राम सभा में पशुचर की जमीन में अवैध तरीके से प्लाटिंग कर लोगों को जमीन बेचने का काम किया है।

जब इस बात की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल विवेक तिवारी को लगी तो उन्होंने गाजीपुर थाने में तीनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। इसी बात की जानकारी करने के लिए जब प्रधान पति से दूरभाष पर बात की गयी तो प्रधानपति मुकदमा पंजीकृत होने की बौखलाहट में अपना आपा खो बैठे और कहने लगे कि लेखपाल की हिम्मत नहीं है कि वह उसके गांव में आ जाए और यदि वह उसके गांव में आ जाता है तो ग्रामसभा की दो सैकड़ा के करीब महिलाओं से मिलकर लेखपाल को पूरे गांव में दौड़ा-दौड़ा कर मारा जाएगा।अब सोचने वाली बात यह है कि जब क्षेत्रीय लेखपाल को प्रधान इस तरीके की अभद्र भाषा का प्रयोग कर सकता है तो ग्रामीणों में क्या हलचल मचा रखी होगी। रही बात बीडीसी की तो गांव की ही पशूचर की जमीन में गाटा संख्या 816 गाजीपुर मार्ग में बीडीसी ने अपनी सुंदर बिल्डिंग बना रखी है। यह भी कह सकते हैं कि प्रधान के इशारे पर बीडीसी ने पशुचर की जमीन पर अपने बिल्डिंग बनाई है वहीं ग्राम प्रधान पति रामचंद्र विश्वकर्मा ने क्षेत्रीय लेखपाल को बलात्कार जैसी धाराओं में फंसाने की धमकी भी दे डाली और उल्टा झूठा आरोप क्षेत्रीय लेखपाल के ऊपर लगाया कि क्षेत्रीय लेखपाल ने लोगों से पैसा लेकर गांव की जमीन देने का काम किया है बल्कि कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि प्रधान पति द्वारा पचास हजार रुपये देकर उन्हें ग्राम सभा में मकान बनाने की अनुमति दी गई है। जो कि प्रधानपति ने पैसे लेकर अपनी देखरेख में मकान बनवाने का कार्य बखूबी निभाया था परंतु लेखपाल की ईमानदारी के चलते दोनों बार दूसरे ग्रामसभा के लोगों द्वारा मकान बनवाने पर क्षेत्रीय लेखपाल ने उनके मकान को गिरवाने का काम बखूबी किया है। ऐसे भ्रष्ट प्रधान व प्रधान पति तथा बीडीसी के ऊपर यदि जांच कर उन्हें जेल भेजने का काम नहीं किया गया तो ग्राम सभा की सारी जमीनों को हड़प जाएंगे और आने वाले समय में सरकारी कर्मचारी सरकारी जमीन को खोजते रह जाएंगे।

### वीडीओ पर लगा पीएम आवास में धांधली व अवैध वसूली का आरोप

**ऐराया ( फतेहपुर )।** विकास खण्ड के बहेरा सादात ग्राम प्रधान व पँचायत सेक्रेटरी पर पीएम आवास में धांधली व अवैध वसूली के आरोप लगा। लाभार्थिनी ने सुविधा सुविधा शुल्क देने में असमर्थता जताने व मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने पर वीडीओ मुकेश कुमार द्वारा उसका नाम 14वें नम्बर की जगह 124वें नम्बर पर करने का आरोप लगाया। उक्त वीडीओ पर इससे पहले पहले भी भ्रष्टाचार के आरोंप लग चुके हैं। जिसमें धाता विकास खण्ड की तुलसीपुर ऐरई ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान व पँचायत सेक्रेटरी से सांठगांठ कर उनको बचाने के आरोपों को लेकर बहुचर्चित रह चुके हैं।

## अलग-अलग स्थानों में एक महिला समेत दो ने खाया जहरीला पदार्थ

**बिन्दकी ( फतेहपुर )।** घरेलू कलह के चलते दो अलग-अलग स्थानों में एक महिला समेत दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर हुई तो इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालांकि काफी देर चले उपचार के बाद हालत में सुधार हुआ तो परिजन अपने अपने घर वापस ले गए ।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अमेना गांव में घरेलू कलह के चलते अनिल कुमार उम्र 28 वर्ष पुत्र राम बरन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने पूछताछ शुरू किया तब युवक ने जहरीला पदार्थ खाने की बात बतायी। इतना सुनते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में निजी वाहन से लाकर युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। काफी देर चले उपचार के बाद जब युवक की हालत में थोड़ा सुधार हुआ तो परिजन वापस घर ले गए। इसी प्रकार नगर के मोहल्ला कजियाना में घरेलू विवाद के चलते समीना उम्र 27 वर्ष पत्नी अनीश कुमार ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ी तो इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद हालत में सुधार हुआ तो परिजन वापस घर ले गए।

### खेत जोत रहे किसान की रोटावेटर से दबकर मौत

**बरेली।** खेत जोतते समय अचानक रोटावेटर की चपेट में आकर एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।भुता थाना क्षेत्र के गांव अठाना निवासी 40 वर्षीय वारिस्टर पुत्र रघुवीर की कल शाम गांव में ही खेत जोतते समय रोटावेटर के नीचे आने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि वारिस्टर कल शाम को अपने दोस्त के साथ खेत जोतने के लिए गया था। जहां ट्रैक्टर से खेत जोतते समय वह अचानक नीचे गिर पड़ा और रोटावेटर के नीचे दब गया। घटना के समय उसका दोस्त पास कहीं दूसरे खेत पर गया था। जब वह वापस लौटा तो उसने वारिस्टर को रोटावेटर के नीचे दबा देखा और गांव वालों की मदद से बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# किसानों के साथ अर्थव्यवस्था भी कमजोर हो रही: अखिलेश

## भाजपा बताए किसानों को समर्थन मूल्य और आय दोगुनी करने के लिए कहां जाना होगा: सपा मुखिया

संवाददाता। इटावा

**स्नातक** मतदाता चुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने गांव सैफई में मतदान करने पहुंचे। अखिलेश ने पहुंचते ही निर्वाचन आयोग के कोविड नियम के तहत थर्मल स्क्रीनिंग एवं सेनेटाइजेशन करवाया उसके बात मतदान करके वापस लौटते ही मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि स्नातक चुनाव में लोग बड़े पैमाने पर निकलकर वोट कर रहे है उर अधिक से अधिक वोट डाल रहे है इस चुनाव के इस सदन में गिनती किनकी ज्यादा है और परिणाम आने पर इसका आने वाले चुनाव में असर पड़ेगा। कुछ ऐसे मामले है कि सदन में जो लोकतंत्र ताकत पर उनको एक सदन में पास कर रहे है दूसरा सदन कोई है तो अपर हाउस है। लोकतंत्र में जो अधिकार है उसको सुरक्षित रख सके। उसको जरूर वोट करें। मुझे



उम्मीद है समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी है उनके पक्ष में मतदान हो रहा है। पहले भी सीटें हम लोग ने जीती थी । यह गिनती का चुनाव है । कई तरह की चीजें सामने आती है उसके बावजूद भी पार्टी जीतेगी। किसानों के आंदोलन पर सत्ता पक्ष के बरगलाने के सवाल के जवाब देते हुए कहा किसान हमारा पेट भर रहा है और जिसका बेटा सीमा पर रक्षा कर रहा है किसान अगर दु:खी हो जाएगा और आर्थिक रुप से कमजोर हो जाएगा तो किसान केवल कमजोर नही हो रहा बल्कि देश की अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है महोबा जिले में किसानों ने सबसे अधिक आत्महत्या की है जबसे बीजेपी की सरकार आयी है तब से किसान आत्महत्या कर रहा है लगातार ऐसे कानून बनाये जा रहे है जिससे बड़े लोगो को फायदा पहुंच रहा है।

अखिलेश ने कहा किसानों से पूछिए कि उनको धान और मक्का की कीमत मिल पाई है किसान जो आंदोलन कर रहे है उनकी मांगें जायज है। उनकी मदद होनी चाहिए ।किसानों के पक्ष में फैसले होने चाहिए । भाजपा यह बताए समर्थन मूल्य आय दोगुनी किसानों की कैसे हो। भाजपा के नेताओं के खालिस्तान पाकिस्तान वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग बहुत ट्रेंड लोग है वो दिन को भी अंधेरा भी बोल सकते है अगर दिल्ली से तय हो जाये तो भाजपा के लोग दिन को भी अंधेरा बोलते है। यह कोई नई बात नही है ट्रेंड झूठ बोलने वाले लोग है।

## डीबीबीएल गन के साथ गिरफ्तार

**इटावा।** जनपद में प्रचलित उत्तर प्रदेश विधान परिषद शिक्षक स्नातक निर्वाचन.2020 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा संपूर्ण जनपद में कडी सुरक्षा व्यवस्था का इन्तजाम किया गया है जिसमें समस्त पोलिंग बूथ तथा जनपद के समस्त बार्डर पर ड्यूटी लगायी गयी है।इसी दौरान राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज इटावा में मतदान के दौरान विधान परिषद शिक्षक स्नातक निर्वाचन.2020 के प्रत्याशी इं0 हरिकिशोर तिवारी की सुरक्षा में लगे प्राइवेट सुरक्षा गार्ड को आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए 01 डीबीबीएल गन सहित मतदान केन्द्र के पास गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए थाना सिविल लाइन पर अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा जा रहा है। शिव प्रताप के पास से 01 डीबीबीएल फैक्ट्री मेड गन 06 जिन्दा कारतूस 12 बोर 04 खोखा कारतूस 12 बोर भी बरामद किया गया।

# डम्पर ने दो बच्चों को रौंदा, दो अन्य घायल

संवाददाता। इटावा

**बढ़पुरा** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुनवारा के पास तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने सड़क के किनारे के पैदल जा रहे शैलेंद्र पुत्र लोटन सिंह उम्र 12 साल विजय कुमार पुत्र भारत सिंह कोमल 14 वर्ष कर्ण पुत्र महावीर सिंह 3 बच्चों तथा बाइक पर जा रहे राकी पुत्र सुरेंद्र सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी मानिकपुर को भी टक्कर मार दी ।जिसमें दो बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा दो को गंभीर रूप से घायल होकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। घटना की जानकारी जैसे ही गांव के लोगों को मिली उन्होंने ग्वालियर बायपास को जाम कर दिया। जाम की सूचना पर पहुंची बढ़पुरा पुलिस द्वारा ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की गई पर किसी भी ग्रामीण ने पुलिस की एक भी नहीं सुनी और वहां पर मृतक परिवार के परिजनों द्वारा मुआवजा की मांग की बढ़पुरा पुलिस द्वारा घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों के दी जिस पर क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप तथा क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर रमेश सिंह भी मौके पर पहुँच गए। ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रशासन से मृतक बच्चों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की मांग की जारही थीं। घटना की जानकारी जब एसडीएम सदर सिद्धार्थ को मिली तो वह तहसीलदार व लेखपालके साथ घटनास्थल पर पहुंचे जहां परिजनों को समझा.बुझाकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मौके पर पहुंची सदर विधायक का सरिता भदौरिया ने मृतक बालक के परिजनों को सांत्वना दी और सरकार से आर्थिक सहायता दिलाने की बात कही ।

### जाम खुलवाने के लिए पांच थाने का पहुंचा पुलिस बल

**इटावा** बढ़पुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुनवारा में प्रात: 9 बजे के पास हुए एक्सीडेंट के बाद ग्रामीणों द्वारा जाम लगा दिया गया जाम की सूचना पर क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप जसवंत नगर क्षेत्राधिकारी रमेश सिंह बढ़पुरा थाना अध्यक्ष जीवाराम यादव मठिया गांव थाना अध्यक्ष अमान खान सिविल लाइन थाना अध्यक्ष जितेंद्र सिंह महिला थाना अध्यक्ष हेमलता और ट्रैफिक पुलिस का भारी फोर्स भी पहुंचा जिस पर पांच थानों की पुलिस पहुंची जहां सदर एसडीएम सिद्धार्थ द्वारा परिजनों को समझा.बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### स्पीड ब्रेकर की मांग

**इटावा** बड़पुरा क्षेत्र में ग्राम सुनवारा मैं तेज डंपर की टक्कर से दो बच्चों की मौत हो जाने के बाद ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से मृतक के परिजनों आर्थिक सहायता देने की मांग की तथा गांव के आसपास स्पीड ब्रेकर की मांग के लोगों का कहना था कि ग्वालियर बायपास मार्ग होने की वजह से यहां तेज रफ्तार से डंपर और बाहर निकलते हैं जिससे आए दिन कोई न कोई घटना होती रहती है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल एक की मौत

**जसवंतनगर।** मॉडर्न तहसील समीप हाइवे पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। सड़क हादसे में दो युवक घायलो को इलाज के लिए भेजा सैफई। जिससे इलाज के दौरान एक की हुई मौत।

थाना क्षेत्र के ग्राम पाठकपुरा निवासी अंकित उर्फसीटू अपने मित्र विवेक के साथ बाइक पर सवार होकर देर शाम इटावा को ओर जा रहे थे। वे तहसील समीप पहुंचा ही थे। पीछे से तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दोनो बाइक घायल हो गए। जिन्हें सैफई इलाज को ले जाया गया। इलाज के दौरान 19 वर्षीय अंकित पुत्र सुभाष चंद्र की मौत हो गई जबकि साथी विवेक पुत्र उमेश निवासी उक्त ग्राम का इलाज जारी है।

## हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**घाटमपुर।** बीती देर रात साढ़ थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मनखेड़ा मोढ पर अज्ञात वाहन की टक्कर वाइक सवार पिता–पुत्र घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिये भीतरगांव सीएचसी भेजा गया जहॉ खेरवा मजरा राजेपुर निवासी रामदास को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया तथा पुत्र की हालत गंम्भीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे हैलट रिफर कर दिया। साढ़ पुलिस के मुताबिक पिता–पुत्र दोनो गम्भीरपुर में एक बरात में शामिल होकर वापस गांव लौट रहे थे कि हादसा हो गया। हादसे की एक अन्य घटना में कोतवाली के गांव देबीपुरवा निवासी हरीशंकर का पुत्र संजय सिंह घायल हो गयी जिसे इलाज के लिये सीएचसी घाटमपुर भर्ती कराया गया जहॉं डाक्टरों ने इलाज के बाद उर्सला रिफर कर दिया है, हादसा मूसानगर रोड पर गांव रुपनगर के सामने का होना बताया जाता है।

## मंगेतर की बहन से छेड़छाड़ के आरोप में बीएएमएस छात्र हिरासत में

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**मंगेतर** की बहन ने बीएएमएस छात्र पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया। इस पर कोतवाली पुलिस ने छात्र को हिरासत में बैठा लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। भविष्य बर्बाद होने की दुहाई देकर छात्र पुलिस कर्मियों से गिड़गिड़ाता रहा।

शहर कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला विकास नगर बढ़पुर में किराये पर कमरा लेकर रह रहे युवक को हिरासत में ले लिया। युवक मूलतरू जनपद शाहजहांपुर के कस्बा पुवायां का निवासी है। यहां बरेली हाईवे स्थित एक मेडिकल कॉलेज में बीएएमएस का छात्र है। विकास नगर निवासी एक व्यक्ति की साली कुछ दिन पहले जनपद कानपुर नगर के कस्बा अरौल से आई थी। छात्र व युवती में बातचीत हुई और प्रेम हो गया। दोनों ने अंतरजातीय विवाह करने का निर्णय ले लिया। छात्र व युवती की इच्छा के आगे उनके स्वजन भी शादी के लिए तैयार हो गए।

सोमवार को शहर के एक मंदिर में वरीक्षा की रस्म पूरी की गई। दोनों के स्वजन मौजूद थेए लेकिन युवती की बहन व बहनोई शादी से खुश नहीं हैं। युवती की बहन ने पुलिस से शिकायत की कि 28 नवंबर को छात्र ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस छात्र को कोतवाली बुला लायी। छात्र ने पुलिस कर्मियों से कहा कि उसकी 10 दिसंबर से परीक्षा है। यदि नहीं छूटा तो भविष्य बर्बाद हो जाएगा। छात्र ने आरोप लगाया कि शादी तुड़वाने के लिए उस पर छेड़छाड़ का झूठा आरोप लगाया गया है। कोतवाली प्रभारी वेदप्रकाश पांडेय ने बताया कि जांच की जा रही है। स्वजन से पूछताछ व साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## फर्रुखाबाद में 10 नये कोरोना मरीज मिले

**फर्रुखाबाद।** जिले में 10 कोरोना मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई हैं जिससे जिले में कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या 4354 पर पहुंच गई है। जिले मे कोरोना से मृतकों की संख्या 75 हो गई है मौसम का मिजाज बदलने से कोरोना सक्रमितों की संख्या खासा इजाफा देखने को मिल रहा है जिसकी रोकथाम के लिए डीएम के साथ सभी आलाधिकारी लगे हुए है तब ऐसे में देर रात आई कोरोना रिपोर्ट के मुताबिक जिले में 10 कोरोना मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जिससे जिले में संक्रमितों की संख्या 4354 पर पहुंच गई है। इसमें 201 मरीज एक्टिव है वहीं जिले में स्वस्थ एंव होमआईसोलेशन मरीजों की संख्या 4078 हो गई हैं सभी स्वस्थ मरीजों को प्रशासन की निगरानी में उन्हें घर भेज दिया है वहीं सभी होमआईसोलेट मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। वहीं आज कोरोना एक मरीज की और मौत हो गई है।

## आठ संक्रमित मिलने से मचा हड़कम्प

**कानपुर देहात।** जनपद में मॅगलवार को कोरोना के आठ संक्रमित मरीज मिलने से हडकम्प मच गया। प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल विभाग की टीम ने जॉच पडताल कर कार्यवाही शुरू कर दी है। मुख्य चिकित्साधिकारी राजेश कटियार ने बताया कि झींझक ब्लाक में एक 25 वर्षीय युवक, मैथा ब्लाक में तीन लोग जिसमें एक युवक, एक बालक व एक वृद्ध कोरोना संक्रमित पाया गया है। अमरौधा में एक चार वर्षीय बालिका व 13 वर्षीय बालक कोरोना संक्रमित पाया गया है। अकबरपुर ब्लाक में 29 वर्षीय महिला व सिकन्दरा ब्लाक में 35 वर्षीय युवक कोरोना संक्रमित पाया गया है। सम्बन्धित क्षेत्रों में सेनेटाइजिंग की प्रक्रिया पूरी करने के साथ मेडिकल विभाग की टीमों ने जॉचें की। संक्रमित युवकों को कोरोना हास्पिटल भेजा गया है।

### भाजपा की मतदाता पुनरीक्षण की बैठक सम्पन्न

**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बे की गणपति वाटिका में मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में अगामी पॅचायत चुनाव को लेकर मतदाता पुनरीक्षण की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व जिला उपाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। नये मतदाताओं के वोटर लिस्ट में सम्मिलित व मृतक लोगों के नाम मतदाता सूची से विलोपित करने के लिये रूरा क्षेत्र की ग्राम पॅचायतों के मतदाता सूची के पुर्ननिरीक्षण की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने की कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रजोल शुक्ला, भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष निशान्त सिंह गौर, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र द्विवेदी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुये बताया कि मतदाता पुर्ननिरीक्षण का कार्य गम्भीरतापूर्वक करना है जिससे अगामी चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को दमदार तरीके से मैदान में उतारा जा सके। कार्यक्रम के दौरान महेश सिंह, महेश तिवारी, महेन्द्र सिंह चॅदेल, सॅजय बाजपेयी, दीपक गुप्ता, नरेश नायक, बबलू कुशवाहा, जागेन्द्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा समर्थक के साथ भाजपा नेताओं ने की हाथापाई, जमकर हुआ हंगामा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**मतदान** केंद्र के भीतर प्रवेश कर रहे सपा नेता (प्रधान) के साथ भाजपा नेताओं नें हाथापाई कर दी।

दरअसल मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे सपा समर्थक शैलेन्द्र यादव मतदान केंद्र राजेपुर पंहुचे। उसी दौरान मौके पर पंहुचे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह आदि नें उसे टोंक दिया। भाजपा नेताओं नें उसकी मतदाता पर्ची मांगी तो उसे वह नही दिखा पाया। लेकिन उसके बाद भी वह मतदान केंद्र के भीतर जाने लगा। जिस पर भाजपा नेताओं नें रोंका ना रुकनें पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नें उनके साथ मारपीट कर दी। हंगामा होनें से पुलिस के हाथ पैर फूल गये। थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार नें समझाकर मामले को शांत किया।

### समर्थकों से झड़प

**फर्रुखाबाद।** एमएलसी के चुनाव को लेकर खीचतान जनपद में जगह–जगह जारी है। जिसके चलते सपा का मतदाता बूथ के भीतर जाने से रोंकनें पर सपा और भाजपा नेताओं में झड़प हो गयी। जिसके बाद रोंके गये मतदाता को मतदान के लिए भीतर जाने दिया गया है। दरअसल विकास खंड कार्यालय मोहम्मदाबाद में चल रहे एमएलसी निर्वाचन में सपा के मतदाताओं को लेकर भाजपा के समर्थकों की भिड़ंत से माहौल गर्म हो गया। पुलिस केबल हटो–बचो करती रही। दरअसल पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह को सूचना मिली की भाजपा समर्थक उनके मतदाताओं को जाने से रोंक रहें है। जिसकी शिकायत पूर्व मंत्री नें जिलाधिकारी से की। उसी दौरान सूचना मिलने पर सपा नेता सचिन सिंह यादव (लव ) व चेयरमैंन हरीश कुमार मतदान केंद्र पर आ गये। सचिन यादव नें प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार से कहा कि उनके र्स्याशी के मतदाता रोंके जा रहें। उसी दौरान मौके पर मौजूद भाजपा के एजेंट और समर्थक तकरार करने लगे। जिस पर जमकर हंगामा हुआ। बाद में रोंके गये मतदाता को मतदान के लिए भीतर भेजा गया। सचिन नें अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप व अपर जिलाधिकारी विवेक श्रीवास्तव से भी वार्ता की। इसके साथ ही सचिन नें भी अपना मतदान किया। सयुस पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र यादव आदि रहे।

सचिन यादव नें आरोप लगाया की जो लोग भगवा मास्क पहनकर मतदान करनें के लिए आ रहे उन्हें सीधे भीतर जाने दिया जा रहा है। जबकि बिना भगवा मास्क के लोगों को भीतर जाने से आपत्ति की जा रही है।

## कायमगंज की मंडी समिति में सालों से निष्प्रयोज्य हैं लाखों के तौल कांटे

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**मंडी** समिति परिसर के दो गेटों पर लाखों की लागत से लगे तौल कांटे वर्षों से निष्प्रयोज्य पड़े हैं। एक गेट का कांटा खराब पड़ा था। निशुल्क होने के बावजूद किसान व आढ़ती भी अपने अनाज के वाहनों की तौल इन कांटों पर न कराकर बाहर के ही कांटों पर ही कराते हैं। ऐसे में किसानों को अतिरिक्त रुपये देने पड़ते हैं। गौरतलब है कि किसानों को घटतौली से बचाने के नाम पर मंडी परिषद द्वारा कायमगंज की ए ग्रेड मंडी के दो गेटों पर ट्रक, ट्रैक्टर व बुग्गी तौलने वाले दो बड़े कांटे लगाए गए। जिन पर लाखों रुपया व्यय किया गया है। इन कांटों पर किसानों के माल की तौल निश्शुल्क होती है। कुछ दिन तो यह कांटे उपयोग में आएए लेकिन जैसे.जैसे किसानों ने महसूस किया कि इन कांटों पर तौल सही नहीं होती हैए तो लोगों ने यहां तौल कराना बंद कर दिया। अधिकांश किसान मंडी में आने से पहले प्राइवेट कांटों पर तौल कराकर लाते हैं। जिससे मंडी समिति में लगे कांटे निष्प्रयोज्य हो गए हैं। इन कांटों पर कोई भी मुफ्त में भी तौल कराने को नहीं रुकता है। मंगलवार को गेट नंबर दो का कांटा खराब पड़ा था। कंट्रोल रूम में भी बंद था। गेट पर मौजूद गार्ड ने बताया कि कांटा खराब है। बताया गया कि दोनों कांटों पर आठ.आठ घंटे की ड्यूटी के लिए छह कांटा आपरेटर भी तैनात किए गए। लोग इन कांटों पर तौल नहीं कराते इसलिए कांटा आपरेटर अपनी ड्यूटी पक्की करने के लिए दो चार रसीदें यूं ही काट देते हैं। मंडी समिति के सचिव आशीष कुमार ने बताया कि दोनों कांटे चालू हैंए गेट नंबर दो का कांटा तो तीन दिन पहले ही मरम्मत हुआ है।

## रोज लगने वाला जाम बन गया महाजाम

संवाददाता घाटमपुर

**बीते** तीन दिनों से यहॉं के चौराहे पर रुक–रुक कर लगने वाला जाम मंगलवार शांम महाजाम में बदल गया, और कानपुर–सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव बीरपुर से लेकर हमीरपुर रोड पर स्थित स्योदी ललईपुर गांव तक वाहनों की लम्बी लाइनें लग गयीं। वहीं जल्दी निकलने के चक्कर में चौराहे में हल्के चौपहिया वाहनों और वाइकों के तिरछा–बेंड़ा घुसने से चारों रोडों पर राहगीर तक फंसे नजर आये। उधर महीने की पहली तारीख के चलते प्रतिदिन यातायात नियंत्रण के लिये तैनात रहने वाले पीआरडी और होमगार्ड के जवान भी आज नही तैनात थे जिसके चलते जाम ओर बिकराल हो गया, महाजाम में शादी–बरातों के वाहन और मरीजों को ले आने–जाने वाली एंम्बूलेंन्सें भी फंसी रही। बताया जाता है कि कमिश्नर की घुड़की के बाद बीते रबिवार की रात यहॉं के तहसीलदार बिनीत कुमार और माइन्स बिभाग की टीम ने सजेती के अलियपुर गांव के पास गिट्टी–मोरंग के ट्रको की जॉंच कर 22 ट्रको को बिना रायल्टी और ओवर लोड़िग में सीज किया था जिसके चलते ओवर लोड गिट्टी मोरंग के ट्रको के पहिये थम गये थे। वहीं सोमवार तड़के चैराहे पर ट्रको की टक्कर के बाद पूरे दिन हाइवे पर जाम जैसे हालत रहे थें तथा मंगलवार सबेरे तक वाहन रेंगें। लेकिन आज शांम यकायक कानपुर–सागर ओर स्टेट हाइवे 86 भोगनीपुर–बाया घाटमपुर चौडगरा में शादी–बरातों के वाहनों के अलावा गिट्टी मोरंग के ट्रको का दबाव इतनी ज्यादा बढ़ गया कि चौराहे पर महाजाम नजर आने लगा जो देर रात तक सामान्य नही हो पाया।

### जाम से हाल हुआ बेहाल

**रूरा, कानपुर देहात।** मंगलवार की शाम को सहालग के चलते अचानक बढे वाहनों से मुख्य तिराहे पर वनवे नियम का उल्लॅघन कर विकराल जाम की स्थिति पैदा कर दी। रूरा एसओ विद्यासागर सिंह के मौके पर पहॅुचने पर जाम से लोगों को मुक्ति मिली।

कस्बे में दिल्ली हावडा रेलवे लाइन पर उपरिगामी सेतु का निर्माण किया जा रहा है। पश्चिमी केबिन से अकबरपुर की ओर जाने वाले वाहनों को मुख्य तिराहे से गुजारा जाता है उसी प्रकार अकबरपुर की ओर से आने वाले वाहनों को थाना मोड से होते हुये गुजारा जाता है वन वे लागू लागू होने व मॅगलवार को सहालग के चलते अचानक बढे वाहनों से विकट जाम लग गया। वन वे नियम का उल्लॅघन कर लोग अपने वाहनों को मुख्य तिराहे से सीधे पश्चिमी केबिन की ओर ले जाने लगे जिससे एक घण्टे से अधिक वाहन सवार जाम में फॅसे रहे। मामले की सूचना मिलने पर रूरा एसओ विद्यासागर सिंह पुलिस बल के साथ पहॅुचे तथा वाहनों को निर्धारित मार्गो से गुजारा जिससे 10 मिनट के भीतर ही वाहन सवारों को जाम से मुक्ति मिल गयी।

# 101 शिकायतों में से दस का हो सका निस्तारण

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डॉ दिनेश चंद्र ने जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील मैथा में जन समस्याएं सुनी । इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने भी पुलिस संबंधी शिकायतों को सुना वह शिकायतों का निस्तारण कराया।

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 101 शिकायतों प्राप्त हुई जिसमें 10 का मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण कराया गयास जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस शासन की शीर्ष प्राथमिकता वालों में से एक हैं इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी तहसील दिवस में जो शिकायत प्रार्थना पत्र प्राप्त होते हैं उसका समय से निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण ढंग से किया जाए तथा शिकायत करने वाले को भी शिकायत निस्तारण की जानकारी दी जाए। वहीं उन्होंने कहा कि वरासत के मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी जो वरासत के मामले तहसील में लंबित हैं उसका समय से निस्तारण कराएं तथा जिसके द्वारा लगभग मामले लंबित पाए गए हैं उनके खिलाफ जुर्माना भी लगाया जाएगा।

वहीं उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के मृतक आश्रित की फाइल करीब डेढ़ वर्ष से लंबित होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि इस तरह के मामले में प्रदेश सरकार पूरी तरह गंभीर है इस तरह के मामले लंबित न किए जाएं।




## डीएम के निर्देश पर 759 गोल्डन कार्ड बने

**कानपुर देहात।** आयुष्मान भारत योजनाए भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पाँच लाख रूपये तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक व्यक्ति पाँच लाख रूपये तक का अपना मुफ्त इलाज चुने गये सरकारीध्प्राइवेट अस्पताल में करा सकता है। जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में की जा रही शिथिलताध्धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विशेष अभियान चलाकर गुणात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में आज 759 गोल्डेन काडे बनाये गये हैस उक्त प्रगति जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीमों के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाकर किया गया है।

## डीएम–एसपी ने शिवली थाने का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने थाना शिवली का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक के दौरान थाना कार्यालय के अभिलेख चेक किये गये तथा थाना कोविड केयर हेल्प डेस्क, महिला शिकायत हेल्प डेस्क, अभिलेख, बंदी गृह आदि का निरीक्षण किया गया। जिसमें आरक्षी बैरक एवं थाना परिसर का निरीक्षण कर साफसफाई रखने, पुलिस को जनता से मृदुल व्यवहार करने तथा थाना पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को अपने–अपने बीट क्षेत्र मे अपराधियों की जानकारी रखने व उनसे सम्बन्धित बीट दर्ज कराने तथा कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने हेतु एवं स्वयं व आमजनमानस को मास्क धारण करने एवं सोशल डिस्टेंसिग का कडाई से पालन कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# सीएम तक शिकायतों के बाद भी कोटेदार के खिलाफ नहीं हो रही है जांच

संवाददाता घाटमपुर

**तहसील** के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पंहुचे बिकास खंण्ड घाटमपुर के गांव गुरैयनपुर मजरा बीरबल का अकबरपुर के ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज करायी है कि मुख्य मंत्री तक शिकायतें करने के बाद भी गांव के कोटेदार के खिलाफकार्यवाही नही की हो रही है जिसके चलते कोटेदार उल्टे शिकायत कराने वाले राशन कार्ड घारको को तरह–तरह से धमकियां दे रहा है। उप जिलाधिकारी ने आपूर्ति निरीक्षक को जॉच कर कार्यवाही का आदेश दिया है। गांव निवासी शंकर, मनोज, रितुराज, रामकरन,जगदीश और अच्छेलाल आदि करीब तीन दर्जन लोगों के हस्ताक्षर वाली इस शिकायती प्रार्थना में कहा गया है कि गांव की उचितदर बिक्रेता ( कोटेदार ) केतकली के सहायक कोटेदार श्रीकेश पात्र ग्रहस्थी और अन्योदय कार्ड धारको बीते करीब एक साल से मनमानी कर गेहू, चावल, नही दे रहा है तथा जिन्हे देता है अन्योदय कार्ड धारकों से प्रति कार्ड धारक से राशन देने में 100 रुपये लिये जा रहे है यही नही गांव में 172 मनरेगा मजदूरों को कोरोना काल में मिलने वाला मुफ्त गल्ला सभी को न देकर कुछ लोगों को दिया गया है तथा एक किलो चना की जगह मात्र 8 सौ ग्राम ही दिया गया है। कोटेदार के खिलाफ बीते संम्पूर्ण समाधान दिवस के साथ ही जन सुनवाई के जरिये मुख्य मंत्री तक शिकायत की गयी है पर कोअेदार के खिलाफ अभी तक कार्यवाही नही की गयी है। उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने शिकायत को गंम्भीरता से लेते हुए आपूर्ति निरीक्षक को जॉच कर कार्यवाही का आदेश दिया है उधर आपूर्ति निरीक्षक का कहना है कोटेदार को नोटिस देकार जवाब मॉंगा गया है। संम्पूर्ण समाधान दिवस में गांव टिकरी से पंहुचे पुष्पेंन्द्र सिंह पुत्र मथुरा सिंह ने जमीन पर दंवंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की जबकि धरमंगदपुर के श्रीकृष्ण पुत्र रज्जन ने खेत की मेढ़ तोड़ने की शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मॉंग की। बिकास खंण्ड पतारा के गांव जहागीराबाद से पंहुचे अशोक, रहीश और रामबिहारी ने गांव के बलाहापारा रोड किनारे नाली बनवाये जाने की मॉंग की।

### समाधान दिवस में 37 ने दर्ज करायी शिकायतें

**घाटमपुर**– तहसील के सभागार में आयोजित संम्पूर्ण समाधन दिवस में 37 फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज करायी, तहसीलदार बिनीत कुमार ने बताया कि दिवस में 37 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज करायी हैं, जिसमें सबसे ज्यादा 14 राजस्व की हैं। इसके अलावा 12 पुलिस, 4 बिकास, लोक निर्माण 2 तथा बाकी आपूर्ति, नगर पालिका और और बिजली बिभाग से संवंन्धित है।

# महिला मतदाताओं के स्नातक चुनाव में भाग ने लेने से 56 फीसदी रहा मतदान

संबाददाता। हमीरपुर


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व एसपी

**इलाहाबाद** झांसी खंड स्नातक संपंन्न निर्वाचन में 56 फीसदी मतदान हुआ जिसमें 17 लोग चुनावी दंगलमें अपना भाग्य आजमा रहे थे। जिले में स्नातक चुनाव में 6457 मतदाता है जिसमे पुरुषो की संख्या 4810 व महिलाओं की संख्या 1647 है। इसी प्रकार हमीरपुर शहर में कुल 690 मतदाता रजिस्टर्ड है जिसमे पुरुषों की संख्या 494 व महिलाओं की संख्या 196 है। संपंन्न हुये चुनाव में सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया जिले में हमीरपुर शहर में करीब साठ फीसदी से अधिक मतदान हुआ इसके बाद मुस्करा में मतदाताओं ने अच्छी संख्या में भाग लिया। हालाकि स्नातक महिलाओं ने इस चुनाव में कोई रुचि नही दिखायी है। जिससे मतदान में गिरावट आयी है। आठ बजे से दस बजे तक मौदहा कस्वे एक भी महिला मतदाताओ ने बोट नही डाले है.जिले में इस समय महिला कुल 31 महिला मतदाताओ ने भाग लिया है। 12 बजे से दो बजे तक सिर्फ 397 महिलाओ ने अपनेमत का प्रयोग किया है। दो बजे से चार बजे तक 51.37 फीसदी मतदाताओं ने मतदान मे भाग लिया इसके बाद पांच बजे तक केवल एक फीसदी मत का लोगो ने प्रयोग किया है। इधर इस चुनाव मे ज्यादा से ज्यादा लोगों को चुनाव की प्रक्रिया व बोटर बनने की कोई जानकारी न होने के कारण लोगों ने आवेदन नही किया है। इधर सपा दल के सभासद व नेता इस चुनाव में काफी सक्रिय रहे वही जिलाधिकारी ज्ञानेश्वर त्रिपाठी व एसपी एनके सिंह जिले में भ्रमण करते रहे और पल पल की सूचना लेते रहे। कुरारा में दोनो बूथ मे कुल 391 है। ग्रामीण क्षेत्र में230 मतदाता थे। जिसमें 147 मत पड़े। वही नगर पंचायत के बूथ में 163 मतदाता थे । जिसमें 111 मत पड़े । दोनो बूथ पर शांति पूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया।

## एचआईवी से बचने का एक ही तरीका लोगों को जागरूक करना

**राठ( हमीरपुर )।** विश्व एड्स दिवस के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में एचआईवी एड्स से बचाव के लिए अस्पताल आने-जाने वालों को इस बीमारी से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। परिसर में कैंप लगाकर लोगों को पंपलेट, पर्चे और कंडोम का वितरित किये। अभियान का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक जयप्रकाश साहू ने किया। उन्होंने कहा कि एचआईवी से बचने का एक ही तरीका है कि लोगों को इसके बारे में जागरूक किया जाये। जाने-अनजाने लोग असुरक्षित तरीके से यौन संबंध स्थापित कर लेते हैं। जिसके चलते एचआईवी संक्रमित हो जाते है। कहा एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को टीबी रोग भी घेर लेता है। इंटीग्रेटेड काउंसिलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर (आईसीटीसी) राठ के परामर्शदाता विनय कुमार ने बताया कि 2016 में आईसीटीसी सेंटर आया था। 2016 से 2020 तक 25 लोग में एचआईवी पॉजिटिव मिले थे। इस वर्ष 2 लोगों में एचआईवी की पुष्टि हुई थी।

# लूटकांड में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● 50 हजार रुपए किये बरामद

**राठ ( हमीरपुर )।** बीते एक सप्ताह पहले किराना व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि पुलिस इस लूटकांड के मुख्य आरोपी सहित अन्य अभियुक्तों को पहले ही जेल भेज चुकी है। 25 नबंवर की रात किराना व्यापारी विक्रांत गुप्ता पुत्र सुरेन्द्र गुप्ता निवासी मुहाल कोट बाजार किराये की पिकअप से सरसों के तेल की खरीददारी के लिये माधौगढ जनपद जालौन जा रहा था। घर से कुछ दूरी पर बाइक सवार बदमाशों कृष्णा स्वीट हाउस के पास रास्ते में बाइक को सड़क के बीचों बीच खड़ा कर तमंचा लगाकर पिकअप के अंदर झोले में रखे 2.75 लाख रुपये व दो मोबाइल फोन लूट कर ले गये थे।

सीओ अभिषेक राजन ने बताया कि लूटकांड का एक आरोपी फरार चल रहा था। जिसे कोतवाल केके पांडेय, एसआई यज्ञनारायण भार्गव ने सोमवार को पुलिस बल के साथ लूटकांड के वांछित अभियुक्त हकीम मोहम्मद पुत्र उसमान निवासी ग्राम स्यावन थाना अजनर जनपद महोबा को 50 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त का डाक्टरी परीक्षण कराकर जेल भेज दिया है।

पुलिस ने इस लूटकांड के मुख्य आरोपी पिकअप चालक असवेन्द्र कुमार राजपूत, निवासी ग्राम टिकरिया, जयप्रकाश उर्फ पिन्टू निवासी उमरई थाना महोबकंठ जनपद महोबा, रोहित कुमार राजपूत उर्फ अनिल कुमार उर्फ बुद्धु, ओमप्रकाश उर्फ ओमी पांचाल और संदीप राजपूत निवासीगण ग्राम स्यावन को पहले ही जेल भेज चुकी है। पुलिस ने इन अभियुक्तों के पास से लूट के 1.27 लाख रुपये व एक तमंचा, चार कारतूस बरामद किया था।

# एमएलसी चुनाव पर मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर बाहर आते अधिकारी



● डीएम ने मतदान केन्द्रो का किया निरीक्षण

●शासनदेशो के पालन करने के दिये निर्देश

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय एसपी अंकित मित्तल ने प्रयागराज-झांसी खण्ड स्नातक एमएलसी के चुनाव मे हो रहे मतदान को लेकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होने बनाये गये सात केन्द्रो व दस बूथो पर चुनाव का जायजा लिया। बूथो मे लगे कैमरो का निरीक्षण किया। सुरक्षा मे लगे पुलिसबलो को चेक किया। साथ ही मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर कर्मचारियो को चुनाव आयोग के दिशा निर्देशो का पालन करने को कहा। जिले मे सात मतदान केन्द्र बनाये गये जिनमे चित्रकूट इण्टर कालेज, खण्ड विकास कार्यालय कर्वी, पहाडी मे निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## तीन दिसंबर को जिला अस्पताल में पुरुष नसबंदी शिविर

**चित्रकूट।** तीन दिसंबर को पुरुष नसबंदी के लिए विशेष शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में हो रहा है। अधिक से अधिक पुरुषों को लाभान्वित कराने की तैयारी है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को सीएमओ ने बताया कि प्रत्येक माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया जायेगा। तीन दिसंबर को जिला अस्पताल में पुरुष नसबंदी का विशेष कैंप लगाया जा रहा है। पुरुष नसबंदी के विशेषज्ञ सर्जन डॉ गोकुल प्रसाद को इस विशेष कैंप के लिए झांसी से बुलाया गया है। यहां पुरुष लाभार्थियों की नसबंदी करेंगे। सभी सामु. स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को अधिक से अधिक पुरुष लाभार्थियों को विशेष नसबंदी कैंप में लाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने बताया कि नसबंदी से पुरुषों में किसी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती है।

# यातायात माह नवंबर हुआ समाप्त


यातायात जागरूकता कार्यक्रम मे मंचासीन अतिथि।

**चित्रकूट।** यातायात माह नवंबर के समापन अवसर पर यातायात पुलिस और विभिन्न थानाक्षेत्रो की पुलिस ने यातायात जागरूकता गोष्ठी आयोजित कर लोगो को इसके फायदे बताये है। पुरानी कोतवाली प्रांगण मे सीओ राजापुर रामप्रकाश की अध्यक्षता मे टैम्पो, बस, ई-रिक्शा चालक एवं व्यापार मण्डल के साथ गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी मे अध्यक्ष ओम केसरवानी उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि की मौजूदगी मे कार्यक्रम संपन्न हुआ। यातायात प्रभारी घनश्याम पाण्डेय ने लोगो को यातायात के बारे मे अपने-अपने विचार व्यक्त करने को कहा। इस दौरान बताया गया कि चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य लगाये। मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करे।

बिना लाइसेंस और शराब पीकर वाहन न चलाये। मउ प्रांगण मे सीओ सुबोध गौतम की अध्यक्षता मे टैम्पो, जीप चालको को लाउड हेलर के माध्यम से जागरूक किया। इसी तरह भरतकूप मे पंपलेट बांटकर लोगो को यातायात नियमो की जानकारी दी गई। बहिलपुरवा मे शेषनाथ यादव, मारकुंडी मे रमेश चन्द्र ने मौजूद सभी वाहन चालको को यातायात नियम बताकर जागरूक किया।

## पड़ोसियों ने तोड़ी दीवाल, विरोध किया तो कर दी मारपीट

**जालौन ( उरई )।** पड़ोसियों द्वारा घर की दीवार तोड़ने एवं मना करने पर गाली, गलौज व मारपीट करने की शिकायत पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिटारा निवासी राजेश्वरी पत्नी कृष्णानंद ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की सुबह वह खेत पर काम करने के लिए गई थी। घर में कोई नहीं था। तभी उसके पड़ोसी परिवार के तीन लोग उसके घर आए और उसके घर की दीवार तोड़ने लगे। उन्होंने दीवार को काफी क्षतिग्रस्त भी कर दिया। इसकी जानकारी गांव के लोगों ने उन्हें खेत पर दी। जानकारी मिलने पर वह घर आई तो उक्त लोगों को दीवार तोड़ते हुए देखकर उसने दीवार तोड़ने से मना किया। जिस पर तीनों लोग मिलकर उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर तीनों ने लाठी, डंडों से मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं।

# शांतिपूर्ण हुआ एमएलसी चुनाव में मतदान

संवाददाता। उरई (जालौन)

**जिलाधिकारी/** जिला निर्वाचन अधिकारी डा. मन्नान अख्तर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से जनपद में हो रहे इलाहाबाद-झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन-2020 का शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदेय स्थलों की व्यवस्थाओं एवं कोविड-19 की गाइड लाइन का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किये। उन्होंने इस अवसर पर जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को भी हमेशा भ्रमणशील रहने के निर्देश दिये। इसी के साथ इलाहाबाद-झांसी स्नातक एमएलसी चुनावी मैदान में डटे 16 प्रत्याशियों के भाग्य मतपेटियों में बंद हो गये। जनपद में मतदान प्रक्रिया में कोई व्यवधान न हो इसके लिये सभी 33 मतदान स्थलों की वीडियो ग्राफी करायी गयी साथ ही व्यवस्थाओं को बनाये रखने के लिये 6 जोनल व 18 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी थी तो वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिये मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। कुल मिलाकर एमएलसी चुनाव में पूरे जनपद में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान होने की जानकारी मिली है। मतगणना 4 दिसंबर को होगी।

### कोरोना प्रोटोकॉल के तहत किया मतदान

**माधौगढ़ ( जालौन )।** माधौगढ़ विधान सभा 219 उत्तर प्रदेश की 11 विधान परिषद एमएलसी सीटों के लिए आज सुबह आठ बजे से मतदान किया गया जिसमें छह शिक्षक और पांच स्नातक कोटे की एमएलसी सीट के लिए भाजपा, सपा, कांग्रेस और शिक्षक संघों के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चुनाव में भी पूरी तरह राजनीतिक रंग चढ़ गया है. इस चुनाव में भी सत्तारूढ़ भाजपा और सपा के प्रत्याशी पूरे दमखम से उतरे हैं। हालांकि शिक्षक संगठनों के प्रत्याशी भी चुनाव में अपनी सशक्त मौजूदगी बनाए हुए दिखे सुबह 8 बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान किया गया कोरोना प्रोटोकॉल के तहत चुनाव में वोटिंग की गयी। मतदाताओं के लिए हर बूथ पर मास्क, फेस शील्ड, सैनेटाइजर के साथ ही थर्मल स्कैनर का भी इंतजाम है। थर्मल स्कैनर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए 11 ऑब्जर्वर को लगाया गया है। इसके साथ ही हर पोलिंग बूथ पर एक माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात हैं। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को की जाएगी। इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 10 जनपद आते जिसमें बुन्देलखण्ड के बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर, उरई-जालौन, ललितपुर और झांसी शामिल है तो वहीं इलाहाबाद क्षेत्र में कौशाम्बी और फतेहपुर जनपद आते है। देखा जाये तो मुख्य बात यह है कि बुन्देलखण्ड के चार प्रत्याशी है जिसमें झांसी से अरबिन्द परमार व उरई से डॉ. शबनम और बांदा जनपद से रमेश दुबे सहित सोलह प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

# कोच में महिला स्नातक मतदाताओं में दिखा उत्साह

**कोंच( जालौन )।** इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र हेतु जारी चुनाव प्रक्रिया के तहत सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न हुआ। कुल संख्या 3046 मतदाताओं के लिए 5 बूथ बनाए गए थे। तहसील सभागार स्थित बूथ पर 582 मतदाताओं जबकि तहसील में ही तहसीलदार न्यायालय कक्ष में बने बूथ पर 604 मतदाताओं सहित श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज पिरौना में बनाए गए बूथ पर 565 मतदाताओं, खंड विकास कार्यालय कोंच में बनाये गये बूथ पर न्याय पंचायत पनयारा, गुरावती, पचीपुरी व चमेंड़ के 319 मतदाताओं और खंड विकास कार्यालय नदीगांव में बनाए बूथ पर नदीगांव कस्बे के अलावा न्याय पंचायत नावली, तीतरा, गिदवासा, कनासी, कैलिया व जगनपुरा के कुल 976 मतदाताओं द्वारा मत देने की व्यवस्था की गयी थी।

### सांसद व विधायक ने भी किया अपने मत का प्रयोग

**कोंच।** जालौन-गरौठा-भोगनीपुर के भाजपा सांसद भानुप्रताप सिंह वर्मा व कोंच माधोगढ़ विधायक मूलचन्द सिंह निरंजन सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने बूथ पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। साँसद ने तहसील कार्यालय में बने बूथ पर अपने मत का प्रयोग किया। वहीं साँसद एवं विधायक ने पार्टी उम्मीदवार के अलग अलग बूथों पर लगे बस्तों पर पहुंचकर उपस्थित कार्यकर्ताओं से मंत्रणा की। चुनाव में नये बने मतदाताओं खासकर महिला मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया।

### डीएम व एसपी ने बूथों का किया निरीक्षण

**कोंच।** डीएम डॉ. मन्नान अख्तर व एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने नगर सहित तहसील क्षेत्र में बनाये गये पांचों बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं और मतदान प्रक्रिया में शामिल कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।डीएम ने बूथों पर मास्क, ग्लब्स, सेनेटाइजर की उपलब्धता भी देखी हालाँकि बूथों पर उक्त सामग्री अपर्याप्त रही। एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक इमरान खान आदि मौजूद रहे।

### दलीय व निर्दलीय उम्मीदवारों के बस्तों पर डटे रहे समर्थक

**कोंच।** चुनावी समर में भाग्य आजमा रहे 16 उम्मीदवारों में शामिल भाजपा, सपा, कांग्रेस सहित निर्दलीय उम्मीदवारों के बस्तों पर मतदान के आखिरी समय तक झंडा बैनर लगाकर डटे रहे और बूथों पर मतदान हेतु आने वाले मतदाताओं से अपने उम्मीदवार को मत देने की अपील करते देखे गये।

### इस तरह बूथों पर हुआ मतदान

**कोंच।** बूथ 185 तहसील कार्यालय पर बने बूथ पर कुल 582 में से 339, बूथ संख्या 186 तहसील कार्यालय पर बने बूथ पर कुल 604 में से 234, बूथ संख्या 187 ब्लॉक कार्यालय पर बने बूथ पर कुल 319 में से 106, नदीगांव में बूथ संख्या 189 पर कुल 976 मतदाताओं में से 274 व पिरौना में बूथ संख्या 565 पर कुल 319 में से 238 ने अपने मत का प्रयोग किया।

## क्विक न्यूज

### धान बेच कर वापस लौट रहा व्यापारी जहर खुरानी का शिकार

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी धान की फसल की बिक्री करने हरियाणा प्रान्त गए व्यापारी जहर खुरानी का शिकार हो गया है। बिक्री का 68 हजार रुपये का अता पता नही है।सुबह बेहोशी की हालत में हमीरपुर बस स्टैंड में उतार कर पुलिस को सूचित किया गया उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराने के बाद कानपुर रिफर कर दिया गया है। क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी संदीप पुत्र कल्लूचतुर्वेदी क्षेत्र के किसानों से धान खरीद कर हरियाणा प्रान्त के करनाल जिला में लेकर बिक्री करने गया था। वहां से धान बेंच कर घर वापस आते समय वह जहर खुरानी का शिकार हो गया। आज सुबह बेहोसी की हालत में बस स्टैंड में उतारा गया। वही बस के परिचालक ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। तब पुलिस ने उनको जिला अस्पताल में इलाज के लिए भरतीं कराया। तथा उसके परिजनों को सूचित किया। प्रारम्भिक उपचार के बाद कानपुर रिफर किया गया है। वह 68 हजार रुपये लेकर आ रहा था। जो गायब है।

### मामूली विवाद में पक्षों में हुई मारपीट, चार घायल

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के अमगांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमगांव निवासी माया पत्नी धरमपाल ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह घर के बाहर साफसफाई कर रही थी। उसी दौरान पड़ोस के दीपक की बकरी उसके यहां आ गई। जब उसने बकरी को भगाया तो दीपक, उसकी मां सुघरवती, पुत्री रीता आई और गाली गलौज करने लगी। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो उसे जमकर मारापीटा। आवाज सुन जब उसकी सास फूलादेवी बचाने आईं तो उसे भी मारापीटा। मारपीट से उसके हाथ में गंभीर चोटें आईं है। वहीं दूसरे पक्ष से सुघरवती पत्नी रामरतन ने बताया कि सुबह करीब 8रू30 बजे घर के बाहर थी। उसी दौरान पड़ोस की माया ने उसकी बकरी को लाठी मार दी। जब उसने विरोध किया तो माया और उसकी सास फूलादेवी ने उसे जमकर मारपीटा। जब उसकी पुत्री रीता बचाने आईं तो उसे भी पीटा। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आईं है। पुलिस ने दोनों पक्ष के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### आधा दर्जन जुआड़ियों को जेल भेजा

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के भैंसा पाली गांव में जुआ खेल रहे आधा दर्जन से अधिक लोगो को पुलिस ने पकड़ कर मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के भैंसा पाली गांव में खेरा पति मन्दिर के पास गांव के जयनारायण पाल के खाली खेत में गांव के जयपाल, मनमोहन, प्रमोद, रविंदर, चतेला गांव के जय सिंह, बस रेही गांव के संतोष ,करिया पुर गांव के अमर दीप को पकड़ कर माल फड़ से 1400 रुपए व जामा तलासी में 10500 रुपए व ताश के 52 पत्ते बरामद किया गया है। वही एस आई लालजी सरोज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीँ एस आई शिवदान सिंह सहित हमराह पुलिस बल मौजूद रहा।

### 38 क्वाटर के साथ दो गिरफ्तार

**चित्रकूट।** उपनिरीक्षक धनंजय राय, हेड कांस्टेबिल कमरूद्दीन ने अभियुक्त रामराज पुत्र छितनी निवासी पतौडा, रामराज पुत्र रामा थाना भरतकूप को 38 क्वाटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्तो के विरूद्ध थाना भरतकूप मे मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह कोतवाली कर्वी, उपनिरीक्षक शिवकुमार यादव के साथ मिलकर अभियुक्त गोरेलाल हरिजन पुत्र शंकर निवासी बनाडी सिद्धपुर को दुलारे होटल के सामने दस लीटर कच्ची शराब, अभियुक्त लवलेश पुत्र करन सिंह निवासी अजरौली थाना धाता फतेहपुर हालमुकाम जगदीशगंज वैद्यजी का बाडा को दुलारे होटल के सामने से दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

### एंटी रोमियो टीम ने मातृशक्ति को किया जागरूक

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के तहत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत समस्त थानाक्षेत्रो की एंटी रोमियो टीम ने अपने-अपने थानाक्षेत्रो मे अभियान चलाकर महिला/बालिकाओ को जागरूक किया। भीडभाड वाले इलाकों बस स्टैण्ड, प्रमुख चौराहा, रेलवे स्टेशन, स्कूल, कालेजो मे एंटी रोमियो टीम ने अभियान चलाकर जागरूकता के साथ उन्हे किसी प्रकार की परेशानी होने पर थाने के सीयूजी नंबरो और उपरोक्त नंबरो पर काल करने की नसीहत दी। उनसे पूंछा कि आपको किसी प्रकार की कोई दिक्कत, परेशानी हो तो आप महिला हेल्पलाइन नंबरो से संबंधित पुलिस के सीयूजी नंबर पर कॉल कर सहयोग ले सकती है।

### बगैर अनुमति के धरना देने वाले आकाश समेत आठ पर मुकदमा

**चित्रकूट।** कोविड 19 का उल्लंघन करने और बगैर अनुमति के सडक जाम करने वाले किसान नेताओ के उपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि पिछले दिनो कृषक नेता आकाश सिंह पटेल की अगुवाई मे तमाम युवा किसान नेताओ ने सडक जाम कर धरना प्रदर्शन किया था। उपजिलाधिकारी से अनुमति भी नही ली गई थी। कोविड 19 का पालन न करते हुए प्रदर्शनकारी मुंह मे मास्क भी नही लगाये थे इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी अरूण कुमार पाठक और उनकी टीम ने बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन करने वाले आकाश सिंह पटेल, कुलदीप सिंह पटेल, अरून, लवलेश, भूपेन्द्र, शिवम, अनुराग सिंह पटेल समेत आठ अन्य के नाम कोतवाली कर्वी मे धारा 188, 269, 283 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

### मतदान केन्द्रों पर डीएम ने देखी व्यवस्थाएं

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय अपनी फोजफाटा के साथ बूथो मे बनाये गये कोविड 19 हेल्प डेस्क तथा मतदान हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर कर्मचारियो को निर्देश दिये। कहा कि बिना स्वास्थ्य परीक्षण के मददाता वोट डालने न जा पाये। उन्होने सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटो से कहा कि अपने-अपने मतदान केन्द्रो का लगातार निरीक्षण करते रहे भारत निर्वाचन आयोग के आदेशो का पालन कराया जाये। मतदान सकुशल संपन्न कराना हम सब की जिम्मेदारी है। एसपी ने ड्यूटी मे तैनात जवानो से सकुशल मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिये।

### मासूम को किया बरामद

**चित्रकूट।** आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत गुमशुदा व्यक्तियो की बरामदगी को सकुशल चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक सुभाषचन्द्र चौरसिया थाना मउ, वरिष्ठ उपनिरीक्षक तापेश कुमार मिश्रा, हे0 कास्टेबिल राजबहादुर ने गेस्ट हाउस से भटके हुए बच्चे विराग सिंह उम्र 3 वर्ष को दो घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर परिजनो को सौंप दिया है।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति घायल

**कोंच(जालौन)।** नगर के एट रोड पर विधुत केन्द्र के समीप मंगलवार को बोलेरो व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार 2 व्यक्ति घायल हो गये।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कैलिया के ग्राम बरोदा कलां निवासी सर्वेश कुमार अपने रिश्तेदार गुलजार सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से एट जा रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो से बाइक की टक्कर हो गयी जिसके चलते सड़क पर गिरने से सर्वेश व गुलजार सिंह घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु दोनों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

# बाइकों की भिड़ंत में महिला की मौत, तीन घायल

● एसडीएम, सीओ ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल ●बाइक छोड़कर भागे चालक की पुलिस कर रही तलाश

**जालौन ( उरई )।** मंगलवार की दोपहर औरैया मार्ग पर मुड़ते समय सामने से आ रहे मोटर साइकिल ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे मोटर साइकिल सवार 3 लोग घायल हो गए हैं जबकि महिला की मौत हो गई है। घटना में गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम मड़ोरी निवासी जितेन्द्र 26 वर्ष पुत्र आशाराम अपनी मां उर्मिला 55 वर्ष तथा अनंतराम 40 वर्ष पुत्र गोरीशंकर के साथ ग्राम बिचौली में आयोजित विवाह में सम्मिलित होने गये थे। मंगलवार की दोपहर टीवीएस बाइक से घर वापस लौट रहे थे। औरैया मार्ग पर वह जैसे ही गांव के लिए मुड़ा वैसे ही सामने तेज रफ्तार के टी एम मोटर साइकिल सवार ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल 3 लोग उछल कर दूर जा गिरे। इसी दौरान चुनाव व्यवस्था देखकर लौट रहे एसडीएम गुलाब सिंह, सीओ विजय आनंद ने घायलों को एम्बुलेंस से चिकित्सालय भेजा।

चिकित्सक ने 55 वर्षीय महिला उर्मिला को मृत घोषित कर दिया जबकि गम्भीर रूप से घायल जितेन्द्र व अनंतराम को जिला अस्पताल रिफर किया गया है जबकि मोका पाकर के टी एम मोटरसाइकिल सवार मोटर साइकिल छोड़कर भाग गया तथा प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। सी ओ ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों मोटर साइकिलों को कोतवाली में भिजवा दिया है। घटना की सूचना घर में पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया है। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि गाड़ी के नम्बर के आधार पर आरोपित बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

## गौशालाओं में अव्यवस्थाएं देख एसडीएम हुए चकित

**जालौन ( उरई )।** गांव में संचालित गौशाला में फैली अव्यवस्थाओं की मिल रही है। शिकायतों को देखते हुए एसडीएम व सीओ ने ग्राम छिरिया सलेमपुर व प्रतापपुरा की गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में छिरिया की व्यवस्थाएं ठीक मिली जबकि प्रतापपुरा में अव्यवस्थाएं मिलने पर नाराजगी जताई। उप जिलाधिकारी गुलाब सिंह, सीओ विजय आनंद ने ग्राम छिरिया सलेमपुर में संचालित गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 100 से ज्यादा जानवर मिले तथा उनके रहने के लिए प्लास्टिक लगी मिली तथा खाने पीने की व्यवस्था ठीक मिली। व्यवस्थाएं ठीक मिलने पर संतोष व्यक्त कर प्रधान कामतानाथ को व्यवस्थाएं आगे भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। प्रतापपुरा गौशाला में निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं का अम्बार लगा दिखा। गौशाला में बंद 25-30 जानवरों को ठंड से बचाव के लिए छाया तथा खाने तक की उचित व्यवस्था नहीं मिली। अव्यवस्थाओं को देखकर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की तथा प्रधान दीपक कुमार व सचिव प्रियंका धीमान को व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

# आगरा खण्ड शिक्षक/स्नातक द्विवार्षिक निर्वाचन शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न

**कन्नौज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम राकेश कुमार मिश्र ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद आगरा खण्ड शिक्षक/स्नातक द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 के शांतिपूर्ण ढंग से होने की सूचना दी। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह के साथ संयुक्त रूप से हो रहे निर्वाचन का जायजा लेते हुए जनपद के सभी केंद्रों पर हो रहे मतदान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिसमें कुछ केंद्रों पर पोलिंग एजेंटों द्वारा पुरानी सूची के अनुसार पर्ची उपलब्ध करवाए जाने से हुयी परेशानी को नई निर्वाचन सूची से मिलान करवाया गया, जिसके उपरांत मतदान सुचारू रूप से संचालित रहा।

डीएम ने सभी केंद्रों का भ्रमण किया एवं बूथ पर उपस्थित सभी मतदाताओं को सोशल डिस्टेन्सिंग का अनुपालन किये जाने एवं मास्क, ग्लव्स का प्रयोग किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जनपद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान नियत समय प्रातः 8 बजे से प्रारंभ हुआ एवं साय 5 बजे सकुशल शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। निर्वाचन में जनपद को 3 जोन, 12 सेक्टरों के कुल 29 मतदान केंद्रों पर स्थापित सभी बूथों पर कोविड के चलते मेडिकल हेल्प डेस्क स्थापित की गई एवं पूर्ण सुरक्षा के मध्य खण्ड शिक्षक के कुल 1741 मतदाताओं के अनुपात में कुल प्रातः 10 बजे तक 17.34:, 12 बजे तक कुल 43.13:, 02 बजे तक 66.22:, सांय 04 बजे तक कुल 77.25: एवं खण्ड स्नातक के कुल 17237 मतदाताओं के अनुपात में कुल प्रातः 10 बजे तक 3.08 , 12 बजे तक कुल 10.25:, 2 बजे तक 22.43:, सांय 04 बजे तक कुल 36.29: इस प्रकार सांय 5 बजे तक खण्ड शिक्षक के कुल 1741 मतदाताओं में से कुल 1394 मतदाताओं द्वारा कुल 80.06: एवं खण्ड स्नातक के कुल 17237 मतदाताओं में से कुल 7383 मतदाताओं द्वारा 42.83: अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जनपद में कुल 18 हजार 978 शिक्षक/स्नातक मतदाताओं में से कुल 8777 शिक्षक/स्नातकों ने मतदान किया।

# एमएलसी चुनाव प्रतिष्ठा से जुड़ा होने पर सपा भाजपा ने झोंकी ताकत

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** आगरा खंड स्नातक चुनाव सपा व भाजपा की प्रतिष्ठा से जुड़ा नजर आ रहा है। सपा एवं भाजपा के खेमो में अपने-अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं ने ताकत झोंकते हुये एड़ी से चोटी तक का जोर लगा दिया। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने पंडाल लगाकर मतदाताओं को पर्चियां वितरित की। अधिकांश कार्यकर्ता मतदाताओं को घरों से लाने का कार्य करते दिखाई दिए। अधिकारियों सहित नेताओं ने बूथों तक पहुंचकर निरीक्षण किया।

मंगलवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद में आगरा खंड स्नातक निर्वाचन के बूथ पर सुबह से ही स्नातक मतदाताओं की लंबी कतारें लग गई। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोविड हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मियों द्वारा मतदान के लिए पहुंचने वाले मतदाताओं की थर्मल स्कैनिंग कर उनके हाथों को सैनिटाइज कराकर हैंड ग्लव्स वितरित किए। डीएम राकेश कुमार मिश्रा व एसपी


निर्देश देते डीएम व एसपी, भाजपा व सपा के कैम्प पर मौजूद पूर्व विधायक व अन्य, मतदान कर जागरूक करते भाजपाई।

अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने बूथ का निरीक्षण करने के उपरांत अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह सहित कोतवाल राजा दिनेश सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रिटर्निंग आफिसर द्वारा भाजपा एजेंट को मतदाताओं की सूची रखने पर एतराज किया। भाजपा नेता राजीव ठाकुर, अमित गुप्ता, संजीव गुप्ता, दीपक गुप्ता की नोकझोंक हुई अधिकारी नहीं माने। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता संजू, पेट्रोलियम एसो. उपाध्यक्ष राधा गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला मंत्री अमित गुप्ता, मंडल कोषाध्यक्ष प्राची गुप्ता सहित वयोबृद्ध चिकित्सक डा. सुभाष चन्द्र दुवे नें मतदान कर लोगों को जागरूक किया। बूथ स्थल के बाहर राजनीतिक दलों के पंडालों में कार्यकर्ता निर्वाचन की पर्चिया सहित मतदाताओं को घरों से लाने व वोट डलवाने का कार्य करते रहे।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं अफसरः आयुक्त

संवाददाता। गोंडा



**आयुक्त** देवीपाटन मण्डल एसवीएस रंगाराव ने आयुक्त सभागार में मण्डलीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित सभी योजनाओं की जनपदवार समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराएं तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

आयुक्त ने धान खरीद की समीक्षा के दौरान कहा कि यद्यपि प्रदेश में मण्डल की स्थिति ठीक है, फिर भी जनपद गोण्डा में धान क्रय में और तेजी लाकर लक्ष्य के सापेक्ष खरीद सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने ठण्ड के दृष्टिगत स्कूली बच्चों को स्वेटर बांटने के कार्य में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने तथा रैन बसेरों व अलाव का समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन, ऋण स्वीकृति तथा ऋण वितरण के कार्य में प्रगति सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें और तेजी लाई जाय तथा अनुसूचित जाति तथा अनुसचित जनजाति के उत्पीड़न के कोई भी मामले लम्बित न रहने पाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पूर्वान्चल विकास निधि योजना के अन्तर्गत टेण्डर आदि की कार्यवाही समय से पूर्ण कराकर कार्य पूर्ण कराएं तथा ऑन लॉइन हो चुके सामुदायिक शौचालयों व पंचायत भवनों के शिलान्यास एवं लोकार्पण के शिलापट शीघ्रातिशीघ्र लगाए जायं। मण्डल में चीनी मिलों से सम्बन्धित किसानों के बकाया भुगतान की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने कहा कि जारी आरसी के विरूद्ध कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर ली जाय। उन्होंने श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु श्रमिकों का पंजीकरण तेजी से कराने के निर्देश दिए हैं।

आयुक्त ने मुख्यमंत्री संदर्भों से सम्बन्धित लम्बित संदर्भों को दो दिन के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पराली जलाने की घटनाओं का पूरा विवरण तैयार करने, कोविड-19 से सम्बन्धित प्रोटोकाल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा वैक्सीन आने के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण कराने के भी निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। बैठक में अपर आयुक्त कमलेश कुमार सिंह, जेडी एग्रीकल्चर पीके गुप्ता, डीडी पंचायत एसएन सिंह, एडी हेल्थ, एडी बेसिक विनय मोहन वन, आरएफसी दिनेश शर्मा, उपायुक्त गन्ना, अधीक्षण अभियन्ता पीडब्लूडी, उपनिदेशक सांख्यिकी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शासनादेश को ठेंगा दिखा रहे हैं भू-माफिया!

संवाददाता। सुलतानपुर

**जहां** एक तरफ शासन से आए दिन सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही का फरमान जारी होता रहता है वहीं दूसरी तरफ भू-माफिया शासनादेश को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। दबंग भू-माफियाओं का अवैध कब्जा जिला प्रशासन को खुलेआम चुनौती दे रहा है। मोहल्लेवासियों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने कार्यवाही का आदेश एसडीएम को दिया है।

गौरतलब हो जिलाधिकारी आवास के पीछे सार्वजनिक रास्ते व नाले पर भू-माफियाओं ने अतिक्रमण कर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। बढ़ैयावीर मोहल्ले के सूर्यनारायण, त्रिभुवन प्रसाद, मोनू उपाध्याय, संजय सिंह, सभासद पवन सोनकर, अजय उपाध्याय, महेन्द्र उपाध्याय, राजेन्द्र प्रसाद यादव, रामअवध पाण्डेय ने जिलाधिकारी रवीश गुप्ता को दिए शिकयती पत्र में कहा है कि भू-माफिया व प्रापर्टी डीलर, मुकेश गोयल, राजवीर श्रीवास्तव, नीरज सिंह आदि ने रास्ते पर पिलर खड़ा कर छत डाल अवैध कब्जा कर लिया है। जिससे नाला और सड़क प्रभावित होने से लोगों को भारी परेशानियां हो रही हैं। आरोप तो यहां तक है कि विरोध करने पर एससी एसटी के मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी जाती है। यही नही निगरानी के लिए चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे भी लगा रखे हैं। ऐसे में सरकारी भूमि पर तेजी से हो रहे अवैध कब्जे से शासनादेश का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। भू-माफियाओं के बढ़ते हौसले शासन-प्रशासन के लिए चुनौती बन गए हैं। हालॉकि रास्ते से नाले तक हुए अवैध कब्जे को हटवाने की गुहार मोहल्लेवासियों ने डीएम ने लगाई तो मामले को संज्ञान में लेते हुए डीएम ने उप जिलाधिकारी सदर को जांच कर कार्यवाही का आदेश दिया है।

## क्विक न्यूज

### विद्युत विभाग के जेई समेत चार घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत गांव बीकरगढ़ निकट सलोन मार्ग पर बाइक सवार रोहनिया विद्युत उपकेन्द्र के जेई ब्रजेश कुमार 26वर्ष पुत्र सुरेश निवासी गांव व थाना अहरोरा जिला मिर्जापुर कुत्तों के झुंड से टकराकर गिर गए।जिनको गंभीर चोटे आने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।वहीं कोतवाली के गांव गोसाइकापुरवा निवासी राजू मिश्रा 25वर्ष पुत्र लल्ला का भी बाइक फिसलने से गिर जाने पर गंभीर घायल हो गया।जिसको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।वहीं अचार द्विवेदी नगर निवासी मोनू वर्मा 22वर्ष पुत्र विकासयजीतू 25वर्ष पुत्र अशोक कुमार मार्गदुर्घटना मे घायल होने पर सीएचसी में भर्ती करवाया गया है।

### नहीं की चुनाव ड्यूटी

**ऊंचाहार।** स्नातक व शिक्षक एमएलसी के लिए मंगलवार के दिन हुए मतदान केन्द्रों मे लगी ड्यूटी मे स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व जेई अनुपस्थिति मिलने पर विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है।बताते चलें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रोहनिया के चिकित्सक डा इस्तिकारअहमद की ड्यूटी ब्लाकरोहनिया मुख्यालय मे एमएलसी के पड़ रहे मतदान में मंगलवार के दिन ड्यूटी लगाया गया जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अरखा फार्मासिष्ट जय सिंहयप्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बाबूगंज के फार्मासिष्ट अजीत सिंह की ड्यूटी एचएनइंटरकालेज ऊंचाहार के मतदान केन्द्र मे लगाया गया था।जिसमे तीनो लोग बिन बताए अनुपस्थित चुनाव के मतदेय स्थल पर मंगलवार को थे जिसको लेकर उसकी रिपोर्ट सीएचसी अधीक्षक के द्वारा सीएमओ को भेजा गया है।जिसमे चुनाव ड्यूटी मे लापरवाही बरतने पर ऐसा माना जा सकता है कि जिले के डीएमयसीडीओ के साथ साथ चुनाव अयोग तक सख्त कार्यवाही कर सकता है।जिसको लेकर विभाग में खलबली मची हुई है।

### आम आदमी पार्टी में शामिल हुए संदीप शुक्ला

**सुल्तानपुर।** जिले में समाजवादी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है समाजवादी पार्टी की सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री रहे डॉक्टर संदीप शुक्ला ने सपा की सदस्यता से इस्तीफा देकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। डॉक्टर संदीप शुक्ला की ओर से जारी विज्ञप्ति में जानकारी दी गई कि उन्होंने समाजवादी पार्टी को अलविदा कहकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है उन्हें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। संजय सिंह ने कहां की डॉक्टर संदीप शुक्ला के पार्टी में शामिल होने से आम आदमी पार्टी को जिले में काफी मजबूती मिली है उन्हें आशा है कि संदीप शुक्ला पार्टी को मजबूत बनाने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। माना जा रहा है कि पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लगी सपा को सुल्तानपुर जिले में संदीप शुक्ला के पार्टी छोड़ने से काफी नुकसान होगा।

### घूस लेने के मामले में लेखपाल निलंबित

**गोंडा।** करनैलगंज तहसील में तैनात लेखपाल का घूस लेने का ऑडियो वायरल होने के बाद एसडीएम ने लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर तहसीलदार को मामले की जांच सौंपी है। करनैलगंज तहसील के धानी गांव में तैनात लेखपाल अशोक सिंह द्वारा फोन पर घूस लेने की बात व उसके बदले काम कराने की बात स्वीकार करने वाला ऑडियो चार दिन पहले वायरल हुआ था। जिस पर प्रशासन ने अमल करते हुए लेखपाल को निलंबित किया है। उपजिलाधिकारी ज्ञानचन्द्र गुप्ता ने लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए सस्पेंड किया है। एसडीएम ने बताया कि आडियो वायरल होने पर प्रथम दृष्टया लेखपाल को निलंबित किया गया और पूरे मामले की जांच तहसीलदार को सौंपकर रिपोर्ट तलब की गई है।

### 501 दीपों के साथ मनाई देव दीपावली

**करनैलगंज ( गोंडा )।** सकरौरा घाट पर सोमवार की देर शाम को 501 दीपों के प्रज्ज्वलन के साथ देव दीपावली मनाई गई। क्षेत्र के पौराणिक स्थल सकरौरा सरयू घाट पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी घाट पर दीपोत्सव एवम् महाआरती का कार्यक्रम कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर आयोजन नमामि गंगे प्रकल्प अवध क्षेत्र गोंडा के नेतृत्व में 501 दीपक जला कर देव दीपावली मनाई गई। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, महामंत्री कन्हैया लाल वर्मा, बृजेश शर्मा, लक्ष्मी चंद खेतान, मुकेश कुमार वैश्य, आशीष गिरि सभासद, क्षेमेश्वर पाठक, नरेंद्र सोनी, जगदीश जोशी, प्रेम चंद निषाद, महेश गौतम, बजरग बिहारी, श्याम किशोर मिश्रा आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर देव दीपावली मनाई।

### बाइक सवार की मौत

**बछरावां रायबरेली** आज लगभग शाम पांच बजे का है जब एक बाइक की ओवरब्रिज की रेलिंग से टकरा जाने से बाइक चालक नीचे आ गिरा जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही उसका दूसरा साथी ओवरब्रिज की रेलिंग में ही फस गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक मोटरसाइकिल चला रहे धीरज सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी डिडौली थाना हरचंदपुर जनपद रायबरेली की दर्दनाक मौत हो गई। वही उनके साथ सवार दूसरा साथी विकास पटेल पुत्र शंभू शरण उम्र 24 वर्ष निवासी गाड़ी हरदासपुर जनपद रायबरेली गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना बछरावा पुलिस को मिलने पर तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया। जहां पर विकास पटेल का प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक मोहनलालगंज से अपने घर जा रहे थे। अत्यंत घुमावदार बछरावां का यह ओवर ब्रिज सैकड़ों जाने ले चुका है। कई बार उच्चाधिकारियों से जाल लगाने की गुहार की गई। लेकिन उच्चाधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। अगर प्रशासन मुस्तैदी के साथ रेलिंग में जाल बनवा दे तो शायद इन मौतों पर लगाम लग सकती है ओवर ब्रिज पर मोड़ अत्यधिक होने के कारण रेलिंग से टकराकर अक्सर बाइक सवार नीचे आ गिरते हैं और अकाल मृत्यु का शिकार हो जाते हैं।

### नीलामी 10 दिसंबर को

**रायबरेली** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण रायबरेली के कार्यालय में खराबध्अप्रयुक्त फर्नीचर, फिक्सर्स तथा कार्यालय टूल्स एवं इक्यूमेन्ट की नीलामी प्रक्रिया जिला ग्राम्य विकास अभिरकण के परियोजना निदेशक प्रेम चन्द्र पटेल की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति (मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई) द्वारा 10 दिसम्बर 2020 को साय 3:00 बजे विकास भवन के महात्मागांधी सभागार में सम्पन्न की जायेगी। यह जानकारी देते हुए परियोजना निदेशक ने बताया है कि इच्छुक क्रेताओं द्वारा उक्त खराब अप्रयुक्त फर्नीचर, फिक्सर्स तथा कार्यालय टूल्स एवं इक्यूमेन्ट का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्राम्य विकास अभिकरण रायबरेली के विकास भवन के नाजिर से सम्पर्क कर किया जा सकता है।

### औघड़ आश्रम में दीपोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

**रायबरेली,** सई नदी तट स्थित अवधूत भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी देव दीपावली के पावन पर्व पर दीपोत्सव का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मानव सेवा के लिए विश्वविख्यात धार्मिक संस्था अवधूत भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम में भक्तों द्वारा दीपोत्सव का कार्यक्रम किया गया। उल्लेखनीय है कि आश्रम परिसर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देव दीपावली के दिन विगत डेढ़ दशक पूर्व दीपोत्सव के कार्यक्रम की शुरूआत की गयी, जो कि निरन्तर जारी है। इस अवसर पर आश्रम में पड़ाव, वाराणसी से पधारे औघड़ सन्त मगहिया राम ने भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार है। यह विश्व के सबसे प्राचीन शहर काशी की संस्कृति एवं परम्परा है। यह दीपावली के पन्द्रह दिन बाद मनाया जाता है। प्राचीन परम्परा और संस्कृति में आधुनिकता की शुरूआत कर काशी ने विश्वस्तर पर एक नये अध्याय का अविष्कार किया था, जिससे यह विश्वविख्यात आयोजन लोगों को आकर्षित करने का एक क्रम है।

# ब्लॉक अध्यक्षों की सूची में ब्राह्मणों को मिली तरजीह

संवाददाता। सुल्तानपुर

**जिला** कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी ब्लॉक अध्यक्षों की सूची में सबसे ज्यादा ब्राह्मणों को अध्यक्ष बनाया गया है। जिले के 14 ब्लॉकों में से छह ब्लॉक पर ब्राह्मण को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। एक ब्लॉक में ठाकुर तीन ब्लॉक में बैकवर्ड दो ब्लॉक में मुस्लिम और एक ब्लॉक में एससी को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की ओर से 14 ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की गई। जिसमें ब्लॉक दुबेपुर देवेंद्र तिवारी, कूरेभार देवव्रत यादव, कुड़वार नंदलाल मोर्य, भदैया शक्ति तिवारी, लंभुआ सियाराम वर्मा, प्रतापपुर कमाइचा दिग्विजय सिंह, जयसिंहपुर समीर मिश्रा, मोतिगरपुर पवन मिश्रा, करौदी कला संतोष उपाध्याय, कादीपुर ध्रुव श्याम सिंह, दोस्तपुर जफीर अहमद, अखंड नगर रमेश कुमार, धनपतगंज अजेंद्र पांडे विभु, व बल्दीराय ब्लॉक का ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान उर्फमोनू को ब्लॉक अध्यक्ष बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में 14 ब्लॉक है 14 में से 6 ब्लॉक मे सबसे ज्यादा ब्राह्मण चेहरे को कांग्रेस पार्टी ने तरजीह दी है ब्राह्मणों के बाद कांग्रेस ने सबसे ज्यादा बैकवर्ड ब्लॉक अध्यक्ष बनाए हैं। 14 में से तीन ब्लॉक पर बैकवर्ड समाज के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। दो ब्लॉक पर मुस्लिम चेहरों को मौका दिया गया है। ठाकुर और एस सी बिरादरी को मात्र एक एक ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस पार्टी ने आगामी पंचायत चुनाव वा 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए सबसे ज्यादा ब्राह्मणों पर भरोसा जताया है। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा का कहना है कि कांग्रेस में जाति और धर्म देखकर नेता नहीं बनाए जाते हैं।

# इतना किया प्रचार फिर भी कम हुआ मतदान

**लालगंज रायबरेली।** आम चुनाव की कौन कहे शिक्षक व स्नातक पास मतदाताओं के चुनाव में भी मतदान का प्रतिशत बहुत कम रहा। इसे चुनाव का सही प्रचार न होना कहें या फिर शिक्षित मतदाताओं की उदासीनता लेकिन लोकतंत्र में मतदान का इतना कम प्रतिशत होना चर्चा का विषय है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को बैसवारा पीजी कालेज में स्नातक एमएलसी व शिक्षक विधायक के लिए मतदतान होना था। शिक्षक विधायक के लिए बने महज एक बूथ में मतदाताओं की संख्या 334 पंजीकृत थी। इसमें कालेज के शिक्षक ही मतदाता थे। इसके बावजूद 225 शिक्षकों ने ही मतदान किया। मतदाता सूची में शामिल वह नाम जिन्होने मतदान नही किया वास्तव में वह शिक्षक हैं भी या नही यह भी जांच का ही विषय है। वहीं स्नातक एमएलसी के लिए बने तीन बूथों में पंजीकृत 2378 मतों के सापेक्ष 735 मत ही पड़ सके।

# खण्ड शिक्षक निर्वाचन के मतदान का आयुक्त व डीएम ने लिया जायजा

संवाददाता। गोंडा



**मंगलवार** को गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक का निर्वाचन-2020, क्षेत्र गोरखपुर के लिए जिले में 12 मतदान केन्द्रों पर कराए जा रहे मतदान कार्य का आयुक्त देवीपाटन एसवीएस रंगाराव ने नगर क्षेत्र के जीआईसी इन्टर कालेज में स्थापित मतदान केन्द्र का तथा जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल व पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से नगर के दो मतदान केन्द्रों जीआईसी व गांधी विद्यालय इन्टर कालेज रेलवे कालोनी का औचक निरीक्षण कर मतदान कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मतदान कार्मिकों को निर्देश दिए कि कोविड-19 प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन करते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराएं। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि जनपद में खण्ड शिक्षक निर्वाचन के लिए 12 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। जिनमें 08 बूथ ब्लाकों पर तथा 04 बूथ विद्यालयों में बनाए गए। मतदान कार्य को पूर्णत: निष्पक्ष व स्वतंत्र ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 15 माइक्रो आब्जर्बरों तथा प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मजिस्ट्रेट्स की भी ड्यूटी लगाई गई। उन्होंने बताया कि ब्लाकों पर बनाए गए बूथों में क्षेत्र पंचायत बभनजोत, क्षेत्र पंचायत छपिया व मनकापुर, क्षेत्र पंचायत मुजेहना, क्षेत्र पंचायत इटियाथोक व नगर पंचायत खरगूपुर, क्षेत्र पंचायत रूपईडीह, क्षेत्र पंचायत पण्डरीकृपाल तथा गोण्डा नगर पालिका परिषद, क्षेत्र पंचायत झंझरी व नगर पालिका परिषद गोण्डा, नगर पंचायत कटरा बाजार, नगर पालिका परिषद करनैलगंज, क्षेत्र पंचायत हलधरमऊ व करनैलगंज, नगर पंचायत परसपुर तथा क्षेत्र पंचायत परसपुर, क्षेत्र पंचायत बेलसर तथा तरबगंज, नगर पालिका परिषद नवाबगंज तथा क्षेत्र पंचायत नवाबगंज तथा वजीरगंज को मतदान केन्द्र बनाये गए थे।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत



संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा-कोतवाली** भिनगा अंतर्गत भिनगा.सिरसिया मार्ग पर जंगल मे स्थित गुलरा गेस्टहाउस के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवारो को टक्कर मार दी जिससे घटना स्थल पर ही दो महिलाओं समेत 3 लोगो की मौत हो गयी जबकि डेढ़ वर्षीय बच्चा जीवित बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली भिनगा अंतर्गत भिनगा.सिरसिया मार्ग पर जंगल मे गुलरा गेस्ट हाउस के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार राम चरन पुत्र कंधई 30 वर्ष रुकमा पत्नी राम चरन 25 वर्ष निवासी ग्राम सिशवा थाना सिरसिया व सुशीला पत्नी तोताराम 26 वर्ष निवासी ग्राम गंगापुर थाना सिरसिया को टक्कर मार दी जिसमे मौके पर ही तीनो की मौत हो गयी जबकि सुशीला के डेढ़ वर्षीय बेटा वाहन से दूर सड़क किनारे जंगल मे जा गिरा जिसकी रोने की आवाज वहाँ पहुंचे लोगो ने सुनकर बच्चे को उठाकर पुलिस को सौप दिया जिसका प्राथमिक इलाज संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में किया जा रहा है। मृतक राम चरन अपने गांव सिसवा सिरसिया से मंगलवार को अपनी पत्नी बहन व भांजे के साथ भिनगा कोतवाली के राजपुर रानी अपने ससुराल टहलने आया था उसके बाद देर शाम 5 बजे वापस अपने गांव सिसवा सिरसिया बाइक से जा रहा था जब वह जंगल में गुलरा गेस्टहाउस के पास पहुँचा ही था कि किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर सँयुक्त जिला अस्पताल भिनगा लोगो की भारी भीड़ लग गई मोके पर पहुंचे एस पी श्रावस्ती अरबिंद कुमार मौर्य ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

# जमुनहा में युवा मंडल विकास अभियान कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता। श्रावस्ती



**युवा** कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केंद्र श्रावस्ती के तत्वाधान मे जिला युवा समन्वयक सुश्री कोमल जी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पिंकी मिश्रा के नेतृत्व में विकास खंड जमुनहा के ग्राम पंचायत मल्हीपुर खुर्द में युवा मण्डल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रजनीश मिश्रा रहे । युवा क्लब अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने युवाओं को नेहरू युवा केन्द्र व युवा मण्डल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है आज हमारे देश को युवाओं का देश कहा जाता हैं फिर भी किन्ही कारणों से हम समाज को शिक्षित व जागरूक करने में असफल रहा जाते हैं इसके मुख्य कारण को सोचने के साथ युवाओं को आगे आकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए मुख्यातिथि अतिथि रजनीश मिश्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से सामाजिक व राष्ट्रीय महत्त्व के मुद्दों को सामने लाना तथा जोर शोर से उठाना है उन्होंने कहा कि आज देश की सामने एक बड़ी आबादी को एक उत्पाद कार्य बल के रूप में विकसित और सशक्त बनाने की जरूरत है समाज व देश के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका निभानी चाहिए एवं युवा ही इस देश का भविष्य है लेकिन नशाखोरी आज के समाज वाइस विकासखंड की प्रमुख समस्या है स्कूली छात्रों से लेकर हर उम्र के लोग इसकी चपेट में हैं नशाखोरी से समाज में कई विकृतियां पैदा होती हैं इसलिए युवा तथा महिला मंडल के सभी सक्रिय सदस्यों को चाहिए कि नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करें ।

# जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी सहायक रिटर्निंग आफिसर गोरखपुर फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र श्रावस्ती टीके शिबु व पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्या ने आज शिक्षक एमएलसी चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद के समस्त मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। मतदान प्रात 8 बजे से प्रारम्भ हुआ है। डीएम व एसपी ने मतदान स्थल तहसील भिनगा सभागार में स्थापित मतदेय स्थल का निरीक्षण कियाए ततपश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने क्रमश विकास खण्ड सिरसिया जमुनहा मतदेय स्थल सहित अन्य मतदेय स्थलों का जायजा लिया तथा शांति एवं सुव्यवस्थित पूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन से जुड़े सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिया। डीएम व एसपी ने खण्ड शिक्षक निर्वाचन को निष्पक्ष सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान कर्मियों मतदान के लिए निर्देश दिए।

# शिक्षक एमएलसी चुनाव संपन्न

**बछरावां रायबरेली** बछरावां विकासखंड में स्नातक एमएलसी व शिक्षक एमएलसी का मतदान आज प्रात: 8रू00 बजे से शुरू हुआ। मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां एक दिन पूर्व ही जनपद मुख्यालय से श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज आ गई थी। सुबह मतदान की गति धीमी रही जैसे-जैसे दोपहर होती गई मतदान की गति बढ़ती गई। बछरावां विकासखंड के शिक्षक एमएलसी स्नातक एमएलसी के मतदाताओं ने श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान स्थल पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के स्वास्थ्य कर्मियों की टीम वर्तमान में चल रही महामारी कोविड-19 के मद्देनजर मतदाताओं की थर्मल स्कैनिंग करके ही मत डालने के लिए भेज रही थी। जिससे महामारी का संक्रमण आम जनमानस में ना फैल सके। मतदान स्थल पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान चल रहा था सभी प्रत्याशियों ने अपने मत की देखरेख के लिए मतदान स्थल पर ही अपने दो एजेंटों की नियुक्ति की थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा मतदान केंद्र पर क्षेत्राधिकारी महाराजगंज उप जिला अधिकारी महाराजगंज ने दौड़ा करके व्यवस्था की जांच परख की। सड़क के दोनों तरफ मतदान केंद्र से लगभग 100 मीटर की दूरी पर सभी प्रत्याशियों के होर्डिंग लगे रहे मतदाताओं की पर्चियां बनाई जा रही थी वही मतदान स्थल की पूर्व शिक्षक एमएलसी व प्रत्याशी उमेश द्विवेदी ने मतदान स्थल का दौरा किया नए वोटरों में अच्छा उत्साह देखने को मिला सर्वाधिक युवाओं ने अपने मत का प्रयोग किया। प्रत्याशियों द्वारा मतदान केंद्र के बाहर लगाए गए होल्डिंग व स्टाल पर मतदाताओं से ज्यादा उनके समर्थकों की भीड़ दिखाई दी यहां तक प्रत्याशियों द्वारा दोपहिया व चौपहिया वाहनों द्वारा दूरदराज के गांव से प्रत्याशियों को लाकर मत डलवाने का भी कार्य किया जा रहा था। जिससे उनके पक्ष में अधिकाधिक मत पढ़ सके और उनकी जीत सुनिश्चित हो सके बछरावां विकासखंड में आज लगभग शिक्षक एमएलसी के 301 मतदाता व स्नातक एमएलसी के लगभग 3000 मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

# चेकिंग के दौरान नगदी बरामद

**श्रावस्ती।** जमुनहा पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में उ0प्र0वि0 परिषद गोरखपुर.फैजाबाद शिक्षक खंड के चुनाव को स्वतंत्रए निष्पक्षए निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए दिए गए थे जिसके क्रम में हौसला प्रसाद क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह थाना मल्हीपुर मय हमराही टीम व क्राइम ब्रान्च द्वारा संयुक्त रूप से 1 दिसम्बर की शुबह बदला चौराहा पर वाहनों की सघन चेकिंग के दौरान बहराइच की तरफ से आ रहा वाहन संख्या न्च् 40 ल्9243 ज्न्ट 300 को रोक कर चेकिंग की गईए इस दौरान भोलानाथ चौधरी पुत्र साहेबदीन चौधरी व श्री वक्षराज पुत्र सोहनलाल निवासीगण पतरहिया थाना नानपारा जनपद बहराइच के कब्जे से विभिन्न वर्गमूल्य के नोट कुल 799500 रुपये बरामद हुए जिनके संबंध में उक्त व्यक्ति द्वारा बरामद धनराशि के संबंध में कोई संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सकेंए जिसपर बरामद धनराशि को जब्त कर लिया गया।

# रायबरेली में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मतदान

संवाददाता। रायबरेली

**जिला** निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने विधान परिषद लखनऊ खण्ड स्नातकध्शिक्षक निर्वाचन 2020 मतदान दिवस पर ब्लाक राही में बने मतदेय स्थल, जनपद इण्टर कालेज हरचन्दपुर व फिरोजगांधी डिग्री कालेज सहित कई मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर तथा मतदान की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मतदान दिवस पर कई बूथो पर जाकर मतदान कार्यो का जायजा लिया। उन्होने सेक्टर व जोनल म जि स्ट ेऊट ध्पी ठा सी न अधिकारीध्मतदान अधिकारी से कहा कि वे त्वरित गति से मतदान कार्यो को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो के अनुरूप निष्पक्ष, निर्भीक भय रहित होकर मतदान कराये। सेक्टर मजिस्टेऊट को निर्देश दिये कि वे पल पल की जानकारी कन्ट्रोल रूम को देते रहे तथा यदि किसी मतदेय स्थल पर किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो तत्काल उसका निराकरण करा ले। उन्होने कहा प्रत्येक दशा में सकुशल निष्पक्ष शान्ति तरीके से मतदान को सफल कराये। सुरक्षा में लगे कर्मियो से कहा कि मतदाताओ को पक्तिबद्ध तरीके व कोविड-19 कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए मतदान कराये, जो भी मतदाता मतदान कर चुका हो वह अनावश्यक बूथ पर न रूके। इसके अलावा मतदाताओ से यह भी बताते रहे कि किसी भी प्रकार की अफवाहो पर वह कतई ध्यान न दे। मतदान निष्पक्ष व निर्भीक भय रहित तरीके से हो रहा है। सायं 5 बजे तक आने वाले सभी मतदाताओ का मतदान कराया जायेगा। मतदान करने के लिए स्नातकध्शिक्षक युवाध्युवातियों मतदान के लिए मतदान करने के लिए पक्तिवद्ध होकर मतदान किया।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 2 दिसंबर 2020



# 75.09 फीसदी हुआ मतदान




## प्रशासन ने शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया शिक्षक एमएलसी चुनाव

संवाददाता। सेमरियावा (संतकबीरनगर)

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल के कुशल निर्देशन में गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2020 का मतदान जनपद के सभी सात मतदेय स्थलों पर शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद में सभी मतदेय स्थलों पर कुल 1502 मतों के सापेक्ष 1128 मत पड़े, जिसमें 1019 पुरुष तथा 109 महिलाओं ने मतदान किया। जनपद संत कबीर नगर में कुल 75.09 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। मतदान केन्द्र विकास खण्ड सांथा में 80.23 प्रतिशत, मेंहदावल में 73.83 प्रतिशत, सेमरियांवा में 89.89 प्रतिशत, बघौली में 80.39 प्रतिशत, खलीलाबाद में 71.75 प्रतिशत, नाथनगर में 73.07 प्रतिशत एवं हैंसर बाजार में 70.47 प्रतिशत मत पड़े। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह एवं अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने मतदान केन्द्रों पर भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लेते रहे। सभी मतदेय स्थलों पर मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान कोविड-19 प्रोटोकाल का अनुपालन किया गया। इसी क्रम में सेमरियावा प्रतिनिधि के अनुसार मंगलवार को गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान सेमरियावां स्थित मतदान केंद्र पर मतदान सकुशल संपन्न हुआ। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक अमला मुस्तैद दिखा। सेमरियावां ब्लाक सभागार स्थित मतदान केंद्र पर गोरखपुर- फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। कम मतदाता वाले इस ब्लाक में मतदाता रुक-रुक कर आते रहे। मंगलवार को सुबह आठ बजे से शुरू हुए मतदान शाम पांच बजे तक चला। इस दौरान 89 मतदाताओं में 80 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान वीडियोग्राफी भी चलती रही। साथ ही मतदान से पहले मतदाताओं की थर्मल स्क्रीनिंग के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के डा. सुशील कुमार, अर्जुन प्रसाद, सुन्दरी की टीम लगी रही। मतदान शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट/ जिला पंचायत राज अधिकारी उमाशंकर मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय, एडीओ (पंचायत) शशिभूषण पाण्डेय डटे रहे। मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, एडीएम संजय कुमार पाण्डेय, एएसपी संजय कुमार, एसडीएम राजनारायण त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी सदर गयादत्त मिश्रा ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर हाल जाना।

### शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, 80 फीसद पड़े मत

**बस्ती**। उत्तर प्रदेश विधान परिषद गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक मतदान मंगलवार को षांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। कुल 80 फीसद मतदान होने की खबर है। सबसे अधिक विक्रमजोत में 95 फीसद से अधिक मतदान हुआ। कहीं से किसी प्रकार की बाधा या अन्य घटनाएं प्रकाश में नहीं आई। प्रषासन और पुलिस की चौकसी के चलते कहीं से अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला। मतदान के लिए कुल 14 मतदेय स्थल बनाए गए। सभी ब्लॉकों को मतदेय स्थल बनाया गया। डीएम आशुतोष निरंजन और एसपी हेमराज मीणा दिन भर मतदेय स्थलों का दौरा करते रहे। मतदान सुबह आठ बजे से सांय पांच बजे तक हुआ। रामनगर, रूधौली, सल्टौआ, साऊघाट, गौर, परसरामपुर, विक्रमजोत, हर्रैया, बस्ती, कप्तानगंज, बहादुरपुर, बनकटी, कुदरहा ब्लाक मुख्यालय भवन, नगर पालिका परिषद में 14 मतदेय स्थल बनाए गए

### जनपद में सकुशल निपटा शिक्षक-स्नातक चुनाव

**मिर्जापुर**। विधान परिषद सदस्य शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन के लिये जिला मजिस्ट्रेट सुशील कुमार पटेल के दिशा निर्देशन में सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी व एसपी ने तहसील सदर, स्थानीय घंटाघर तथा छानबे विकास खण्ड कार्यालय में बनाये गये बूथों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिये सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में 16 हजार 654 मतदाताओं को वोट डालने के लिये कुल 41 बूथों बनाये गये थे। बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिये चार जोनल मजिस्ट्रेट, 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 30 माइक्रो आब्जर्बर तैनात किये गये थे।

## पेड़ से फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या

संवाददाता। बीजपुर (सोनभद्र)

**स्थानीय** थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा पिण्डारी के टोला कैमहाडाड़ में मंगलवार को एक युवती ने अपने घर से लगभग एक मीटर की दूरी पर स्थित एक पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन की इहलीला समाप्त कर ली। मंगलवार की सुबह परिजनों को जब इस वाकिए की जानकारी हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बीजपुर पुलिस शव ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

उप निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि 20 वर्षीया उर्मिला पुत्री राम अधार ने अपने घर से 100 मीटर की दूरी पर पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर । श्री सिंह ने बताया कि युवती द्वारा फांसी लगाए जाने के अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

## स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली विभाग में हो रहा है खेल: निषाद

संवाददाता। बस्ती

**उत्तर** प्रदेश में स्मार्ट मीटर में हुई गड़बड़ी के सभी आंकड़ें सरकार के पास होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। तरह तरह के प्रक्रियाओं का बहाना कर उपभोक्ताओं को उनके मुद्दों से भटकाने का काम किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामयज्ञ निषाद ने कहा कि बिजली विभाग के मुताबिक उपभोक्ताओं को बिजली विभाग शिकायत करना होगा, बिजली विभाग इसके बाद शिकायतकर्ता के घर में चेक मीटर लगाएगा, चेक मीटर और स्मार्ट मीटर के डाटा में कोई फर्क नजर आने पर 15 दिनों के अंदर उन उपभोक्ताओं को 1912 पर कॉल करना होगा। इसके बाद बिजली विभाग उपभोक्ताओं की समस्याओं का सामाधान करने के लिए कदम उठाएगी। आप नेता ने कहा इस दावे का सच कुछ और ही है। प्रदेश में लगभग 12 लाख उपभोक्ताओं का बिजली बिल 30 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक बढ़कर आता है। जिलाध्यक्ष ने कहा एक मीटर पर यदि 500-600 रूपये तक बिजली बिल बढ़कर आ रहा है। इस तरह लगभग 12 लाख मीटरों पर 60 करोड़ रूपये प्रतिमाह बिजली विभाग चोरी कर रहा है। उन्होंने कहा उपभोक्ताओं की समस्या का सामाधान करने के बजाए प्रदेश के ऊर्जा मंत्री जनता के घर जाकर उनसे पैसे वसूलने में लगे हुएं है। आम आदमी पार्टी इस कृत्य को हास्यप्रद करार देती है और उपभोक्ताओं से पैसा लेने की बजाय उनसे अधिक वसूला गया पैसा ब्याज समेत वापस करना चाहिए।

## नेट परीक्षा में असरार के उत्तीर्ण होने से क्षेत्र में खुशी की लहर

सेमरियावां (**संतकबीरनगर**)। ब्लॉक के बजहरा निवासी असरार अहमद ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) को पास किया। परीक्षा परिणाम आने के बाद परिजनों, रिश्तेदारों समेत क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गयी सभी ने इस बड़ी उपलब्धि पर उन्हें मुबारकबाद दी हैं। यूजीसी की नेट परीक्षा में बजहरा निवासी असरार अहमद पुत्र इम्तियाज अहमद ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) को हिन्दी सहित्य से पास करने की सफलता अर्जित की हैं। असरार अहमद शुरू से ही प्रतिभाशाली छात्र रहे उन्होंने स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से की थी और निरंतर समय का सदुपयोग लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने इच्छा शक्ति ने उन्हें सफल बनाया। असरार अहमद की उपलब्धि की सूचना मिलते ही बजहरा गांव सहित उजियार क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## टेलीमेडिसिन सेवा से तीन हजार से अधिक लोग लाभान्वित

### जिले के छह सीएचसी केंद्रों पर स्वास्थ्य लाभ उठा रहे हैं मरीज

संवाददाता। सोनभद्र

**कोरोना** वायरस से आम जनमानस को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सामान्य रोगियों को अस्पतालों में जाने के बजाय घर बैठे ही चिकित्सकीय परामर्श देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से टेलीमेडिसिन सेवा की शुरुआत की गई है। टेलीमेडिसिन सेवा की सुविधा जनपद के छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध सुविधा से अब तक जिले में 3461 लोग लाभान्वित हुए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रिपुंजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कोरोना काल में संक्रमण से बचाव को लेकर लगायें गये लॉकडाउन के दौरान अस्पतालों में भीड़-भाड़ से बचने के लिए शासन स्तर पर टेलीमेडिसिन सेवा की पहल की गई है। जिसके अंतर्गत जिले के छह विकास खंडों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी, म्योरपुर, दुद्धी, चोपन, घोरावल और नगवां में टेलीमेडिसिन सेवा की सुविधा उपलब्ध है। जहां पर लाभार्थी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अपनी स्वास्थ्य समस्याएं बताकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेकर लाभ उठा रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि एक अप्रैल से लेकर 30 नवंबर तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी में 908, म्योरपुरमें 613, दुद्धी में 352, चोपन में 693, घोरावल में 782, और नगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 113 मरीज इस सुविधा से लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि टेलीमेडिसिन सेवा के माध्यम से रोगियों को कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, जनरल मेडिसिन, इन्डोक्लोनोलाजी, गाइकोलाजी आदि से संबंधित परामर्श चिकित्सकों द्वारा दिया जाता है जिसके चलते वह स्वास्थ्य लाभ उठा रहे हैं। इसके अलावा सामान्य बीमारियों जैसे सर्दी, जुखाम, बुखार, सिर दर्द, पेट दर्द, त्वचा संबंधी बीमारी, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि के उपचार के लिए निशुल्क परामर्श लिया जा सकता है।

## चुनावी रंजिश के चलते लगाया फंसाने का आरोप

संवाददाता। सोनभद्र



**पिपरी** नगर पंचायत अध्यक्ष दिग्विजय सिंह सहित अन्य के खिलाफ तीन दिन पूर्व दर्ज कराई गई एससी-एसटी एक्ट की प्राथमिकी मामले में मंगलवार को अहम मोड़ सामने आया। जनपद मुख्यालय राबर्ट्सगंज में पत्रकारों से वार्ता के दौरान वादी अरुण कुमार राव ने प्राथमिकी में नगर पंचायत अध्यक्ष को नामजद किए जाने को, राजनीतिक विद्वेषवश दिए गए दबाव का परिणाम बताया। जनपद के पुलिस अधीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र एवं शपथ पत्र की प्रति दिखाते हुए बताया कि जिस वक्त उसके साथ मारपीट की गई, उस समय नगर पंचायत अध्यक्ष दिग्विजय सिंह या उनके परिवार का कोई व्यक्ति मौके पर मौजूद नहीं था, न ही उनकी कहीं से संलिप्तता थी। उनके राजनीतिक प्रतिद्वंदियों ने उस पर दबाव डालकर अध्यक्ष और उनके भाइयों का नाम प्राथमिकी में बढ़वा दिया। उधर नगर पंचायत अध्यक्ष दिग्विजय सिंह का कहना था कि चुनाव के समय से ही उन्हें किसी न किसी बहाने परेशान करने की कोशिश की जा रही है। चूंकि नगर पंचायत पिपरी में वहां के लोगों को भौमिक अधिकार दिलाने को लेकर वह लगातार लड़ाई लड़ रहे हैं। मद्दा समाप्त न हो, इसलिए किसी न किसी मामले में उन्हें उलझाए रखने की साजिश रची जा रही है। ज्ञातव्य है कि पिपरी नगर पंचायत अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, उनके दो भाई अखिलेश सिंह और शिवप्रताप सिंह सहित आठ लोगों के खिलाफ पिपरी थाने में एससी-एसटी सहित अन्य धाराओं में गत 29 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों की क्षति

**संतकबीरनगर**। थाना कोतवाली खलीलाबाद के बंजरिया पश्चिमी में एक कम्प्यूटर एवं इलेक्ट्रानिक दुकान में बीती रात शार्ट-सर्किट के कारण आग लग गई। जिसके कारण दुकान के अन्दर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि दुकान मालिक एवं आस-पास के लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित दुकान मालिक ने बताया कि थाना कोतवाली खलीलाबाद के बंजरिया पश्चिमी में कम्प्यूटर शॉप एवं इलेक्ट्रानिक की दुकान है। बीती रात दुकान बंद करने के कुछ समय बाद अचानक दुकान में आग लग गई। फायर किट की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन इस घटना में दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। उन्होने बताया कि कम्प्यूटर, इलेक्ट्रानिक व सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य सामानों के पाट्र्स सभी जल गये जिसकी कीमत लाखों में होगी।

## एड्स दिवस पर चला जागरूकता अभियान

### सभी एड्स के बारे में अधिक से अधिक जानकारी हासिल करें: डा. त्रिपाठी

संवाददाता। संतकबीरनगर




**विश्व** एड्स दिवस पर संयुक्त जिला चिकित्सालय के एड्स विभाग ने खलीलाबाद के विश्वनाथपुर में एड्स जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को एड्स से बचाव के बारे में बताया। जिला अस्पताल के एंटीग्रेटेड काउसंलिग एंड टेस्टिंग सेंटर के काउंसलर डा. अजीत नाथ त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी एड्स के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करे। अपने घर परिवार एवं समाज को एड्स के प्रति जागरूक करे। एड्स के प्राथमिक चरण तक अगर सामान्य तौर पर रक्त की जांच हो जाए तो एड्स बीमारी को रोकने में सफलता मिल सकती है। विश्व में 85 प्रतिशत एड्स असुरक्षित यौन संबंध के कारण ही फैल रहा है। इस दौरान मौजूद लोगों ने एड्स बीमारी को एक मात्र समाधान जागरूकता जानकारी और कारणों का ज्ञान, स्वस्थ जीवन है खजाना, जिसे हमे नहीं गवाना। एड्स है लाइलाज बीमारी इसे दूर भगाना है, संयम सुरक्षा की जानकारी, जन जन तक पहुंचाना है के नारे लगाए। इस अवसर पर राकेश मौर्य, आरती, काउसंलर उमा, विजय ओझा, धीरज पांडेय, नीरज पांडेय उपस्थित रहे।

## जबरिया फीस वसूलने वाले विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करें: विधायक

**बस्ती**। रुधौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने प्रषासन और डीआईओएस से उन विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है, जो जबरिया अभिभावकों से फीस वसूल रहे है। कहा कि कोरोना संकट काल में अनेक अभिभावकों की आर्थिक स्थितियां दयनीय हो गई है, किन्तु कुछ निजी विद्यालयों के प्रबंधक बच्चों पर फीस के लिए दबाव बनाने के साथ ही अभिभावकों पर अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। इसकी शिकायत उनसे अनेक पीड़ित अभिभावकों ने की। डीएम और एसपी को लिखे पत्र में विधायक ने कहा है कि जनपद के सभी गैर सरकारी, अर्ध शासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधकों को निर्देश दिया जाय कि जो अभिभावक आर्थिक कारणों से फीस दे पाने में असमर्थ हैं।

## 60 हजार ग्राम सभाओं में होगा कांग्रेस कमेटियों का गठन: लल्लू

संवाददाता। बस्ती

**ग्राम** पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन और बूथों को मजबूत करने के लिए कांग्रेस प्रदेश व्यापी अभियान चला रही है। अब तक 60 हजार ग्राम सभाआं में कांग्रेस कमेटी के गठन की प्रकिया चल रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के साऊंघाट ब्लाक के न्याय पंचायत कड़रखास के खजौला, रूधौली विधानसभा क्षेत्र के सल्टौआ गोपालपुर ब्लाक के न्याय पंचायत दसिया में आयोजित संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद बनाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोजगार सृजन और सरकारी नौकरियों के गलत आंकड़े प्रस्तुत कर भ्रम पैदा कर रहे हैं। पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि न्याय पंचायत, ग्राम पंचायत स्तर पर पार्टी की कमेटियों का गठन कर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाया जाए, तभी झूठ बोलकर गुमराह करने वाली भाजपा का मुकाबला संभव है।

लल्लू ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में उत्तर प्रदेश के विकास की गति तेज थी, जनपद स्तर पर उद्योग धंधों को विकसित कराने के साथ चीनी मिलों का संजाल विकसित किया गया था किन्तु गैर कांग्रेसी सरकारों ने विकास की गति को बरबाद कर दिया। प्रदेश में जंगलराज कायम है। इस सरकार में पत्रकारों पर हमले बढे हैं और उनकी हत्या की जा रही है। भाजपा भ्रम फैलाकर, झूठे सपने दिखाकर लोगों को गुमराह कर रही है। कहा कि यह दुर्भाग्य है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर के महंथ होने के बाद भी झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंकुर वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष को बताया कि जनपद में संगठन सृजन अभियान तेजी से चल रहा है, अति शीघ्र कमेटियों को गठित करने की प्रक्रिया पूरी कर लिया जाएगा। आयोजित कार्यक्रमों में अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आलोक प्रसाद, प्रदेश महासचिव विश्वविजय सिंह, प्रदेश सचिव देवेन्द्र निषाद, बसन्त चौधरी, ब्लाक अध्यक्ष फिरोज खान, प्रताप नारायण मिश्र, अमित सिहं, प्रभारी सचिव गडडू सोनकर, प्रेमशंकर द्विवेदी, पूर्व विधायक राम जियावन, विपिन राय, विश्वनाथ चौधरी, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' आदि मौजूद रहे।

## अपात्रों के हाथों जाने से बचा 3.41 अरब रुपये

संवाददाता। बस्ती

### प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना का सच

### कड़ी मानिटरिगं के चलते लगभग 23 हजार अपात्रों की हुई पहचान

### सबसे अधिक बनकटी ब्लॉक में 4976 अपात्र पाए गए

**10** अरब से अधिक की परियोजना वाली प्रधानमंत्री आवास प्लस ग्रामीण योजना को पलीता लगाने का प्रयास किया जारहा है। इसका अधिकांश लाभ अपात्रों के उठाने का खुलासा जांच के दौरान हो रहा है। अब तक लगभग 23 हजार अपात्रों की पहचान हो चुकी है। इन सभी का नाम सूची से काट दिया गया है। इस तरह 35 फीसद अपात्रों के हाथों जाते-जाते बच गया। डीआरडीए के परियोजना निदशक आरपी सिंह के कड़ी मानिटरिंग का परिणाम रहा कि तीन अरब 41 करोड़ से अधिक का लाभ अपात्र नहीं उठा सके। अभी सूची का सत्यापन जारी है, उम्मीद की जा रही हैं कि अभी सूची से सैकड़ों की संख्या में अपात्रों का नाम काटे जा सकते है। सबसे अधिक बनकटी ब्लॉक में 4976 अपात्रों का नाम डिलीट किया गया। जिन नामों को सूची से काटा गया, उनमें ऐसे लोग शामिल है, जो बकायदा आयकर जमा करते हैं, सबसे अधि नाम पक्का मकान वाले अपात्र का ही काटा गया। पीडी ने बताया कि सूची का सत्यापन जारी है। बताया कि इस योजना में 66 हजार से अधिक लाभार्थियों का सत्यापन हो रहा है। उन्होने बताया कि आवास का धन देने से पहले लाभार्थियों के सत्यापन कराने का नियम है। आवास के अपात्रता के लिए जो 13 चेक बिंदु बनाए गए, अगर उनमें कोई आता है, तो उसका नाम काटने का काम सत्यापन अधिकारी यानि सेक्रेटरी करते है। वैसे ही बनकटी जिले का सबसे अधिक अनियमितता वाला ब्लॉक बनता रहा है। मनरेगा से लेकर ग्राम निधि के धन का दुरुपयोग करने का मामला सामने आया, उससे इस ब्लॉक के कामकाज पर सवाल उठ रहे है, जबकि इस ब्लॉक के प्रभारी बीडीओ जिला विकास अधिकारी के पास है। हांलाकि उन्हें विरासत में बहुत कुछ अच्छा नहीं मिला। अब यह ब्लॉक प्रधानमंत्री आवास प्लस ग्रामीण योजना में चर्चा में है। यहां पर सबसे अधिक 4976 अपात्र पाए गए, जबकि अभी सत्यापन जारी है। दूसरे स्थान पर परसुरामपुर रहा, जहां पर 2946 और तीसरे स्थान पर रहने वाले विक्रमजोत में 2783 अपात्र मिले। डीसी मनरेगा वाले ब्लॉक दुबौलिया में 1822, रामनगर में 1668, कुदरहा में 1284, हर्रैया में 1258, बस्ती में 1172, रुधौली में 1162, बहादुरपुर में 1075, योजना का संचालन करने वाले पीडी का ब्लॉक सल्टौआ में 1020 अपात्रों का नाम सूची से काटा गया। साउंघाट में 810, गौर में 709 और सबसे कम 201 अपात्रों का नाम सूची से कप्तानगंज ब्लॉक में डिलीट किया गया। जिले को प्रथम चरण में 31196 लाभार्थी को आवास देने का लक्ष्य मिला। इसमें पहली दिसंबर तक कुल 17885 के आवास की स्वीकृति दी गई। इसमें 11133 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किष्त की धनराशि भेजी जा चुकी है। इतना ही नहीं 471 लाभार्थियों को द्वितीय किष्त देने के लिए एफटीओ जनरेट कर दिया गया है। पीडी आरपी सिंह ने बताया कि कुछ ही दिनों 416 लाभार्थियों के आवास का छत लग जाएगा, जिसमें वह रहना चालू भी कर देंगे। बताया कि योजना को पारदर्शी बनाने के लिए एक षिकायत सेल का गठन किया गया, जिसका नंबर 05542-247210 है, और इसके प्रभारी राम मिलन को बनाया गया। सल्टौआ ब्लॉक का औड़जंगल ग्राम पंचायत जिले का सबसे अधिक अपात्र वाला ग्राम बना। यहां पर कुल 300 आवास की सूची बनी, जिसमें सत्यापन के दौरान 78 अपात्र पाएगए। अपात्रों की जांच के लिए इसग्राम में 10 सेक्रेटरी लगाए गए। इस गांव के अपात्रों ने नाम काटने को लेकर खूब शोर शराबा किया।

इस योजना में आवास बनाने के लिए लाभार्थी को कुल तीन किश्तों में एक लाख 20 हजार मिलता है, पहली किश्त के रुप में 40 हजार, दूसरी के रूप में 70 हजार और तीसरी किश्त में 10 हजार मिलता है। इसके अतिरिक्त लाभार्थी को मनरेगा में 90 दिन की मजदूरी का 18450 रुपया, काम करने पर मिलता है। स्वच्छ भारत मिषन में षौचालय निर्माण को 12 हजार, सौभाग्य योजना में विद्युत और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत नि:शुल्क गैस कनेक्शन मिलता है।

## दर्जनों दंबगों के विरुद्ध राजस्व विभाग ने की विधिक कार्रवाई

**बस्ती**। हर्रैया तहसील क्षेत्र में राजस्व विभाग ने सरकारी संपत्तियों पर कब्जा करने वाले दर्जनभर दंबगों के विरुद्व विधिक कार्रवाई की है। इसे लेकर क्षेत्र में भू-माफियाओं में खलबली मची हुई है। राजस्व विभाग के जयश्री और हरिषंकर ने बताया कि तहसील के लकड़ी दूबे और शम्भूपुर गांव के दर्जनभर दंबगों के विरुद्व राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 एक के तहत बेदखली की कार्रवाई की गई। सौरी गांव में खलिहान पर महेंष चौबे एवं रास्ता पर राजवंत दूबे व कब्रिस्तान पर कब्जा करने वाले ओमप्रकाश दूबे, लकड़ी दूबे एवं शम्भूपुर में चकमार्ग पर कब्जा करने वाले कपिलदेव, राधेश्याम, जगप्रसाद, संतराम, काली प्रसाद, भगवत प्रसाद, रामदुलारे दूबे व परशुराम मिश्र के खिलाफ कब्जे को नेकर कार्रवाई की गई। कार्रवाई से पहले इन सभी को कब्जा खाली करने का नोटिस दिया गया।

## भाप लीजिए, नहीं होंगी बीमारियां

**मिर्जापुर**। कोरोना या फिर किसी भी प्रकार का वायरस हो, उसके प्रभाव को खत्म करने में भाप लेना अत्यधिक सार्थक साबित हो रहा है। यह बात मंगलवार को जले के सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अजय ने कही।

सीएमओ कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि भाप लेने से गले में खराश, खांसी, जुकाम और होने वाले मौसमी बुखार को भी कम करने में सहायक साबित हो रहा है। वायरस उस समय पृथ्वी पर आया, जब यहां पर सिर्फ पानी व बर्फ पाया जाता था। यदि हम सब ठण्ड के मौसम में किसी भी प्रकार का ठण्डी वस्तुओं का सेवन नहीं करते हैं तो यह शरीर में किसी भी प्रकार से नहीं पहुंच सकता। जो वायरस शरीर के अन्दर गया है व सेल्स के अन्दर नहीं पहुंचा सका है तो वह कभी भी नहीं मरता है। वायरस शरीर के अन्दर पहुंचने के बाद अपनी संख्या को तेजी से बढ़ाता है। पांच दिन में सेल्स स्वयं मर जाती है तथा बलगम के साथ बाहर आता है। अधिकतर हम सबको सुबह व शाम भाप अवश्य लेना चाहिए। यदि हम सब में से कोई संक्रमित है तो उस व्यक्ति को तीन-तीन घण्टे पर भाप लेना चाहिए।

**भाप कैसे खत्म करता है वायरस:** पानी से भाप बनने में 259 किलो जूल्स एनर्जी लगती है और जब यही भाप पानी बनती है तो 259 किलो जूल्स एनर्जी छोड़ती है । नाक के रास्ते भाप अन्दर प्रवेश कर पानी बनने के बाद बाहर आ जाता हैए इसी के साथ वायरस भी खत्म हो जाता है।

**भाप सांस सम्बन्धी बीमारियों से भी बचाता है:** यदि कोई भी व्यक्ति वायरस से संक्रमित है तो उसके अन्दर बलगम बनने लगता है । इस बलगम का बाहर निकालने में भाप लेना एक अत्यन्त कारगर हथियार साबित हो रहा है। भाप को ठण्ड के मौसम में लगातार लेते रहने के कारण सांस सम्बन्धी बीमारियों से बचाव होता है।

# गोरखपुर फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन में 72.42 प्रतिशत मतदान

## कलेक्ट्रेट में इकट्ठा हुई मतपेटीका

**संवाददाता।** देवरिया

गोरखपुर फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन के तहत आज संपन्न हुए मतदान में लगभग 72.42 प्रतिशत मत पड़े।

जिलाधिकारी अमित किशोर पुलिस अधीक्षक डॉ श्रीपति मिश्र एवं निर्वाचन आयोग द्वारा नामित प्रेक्षक विकास गोठलवाल ने जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर मतदान कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान अधिकारियों ने तैनात कर्मियों,अधिकारियों को आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान कार्य को संपन्न कराए जाने का निर्देश दिया कहा कि सभी स्तरों पर आयोग के निर्देशों एवं आचार संहिता का पूरी तरह से पालन होनी चाहिए । इस दौरान कोविड 19 के दिशा निर्देश के अनुसार सभी व्यवस्थाएं भी मतदान केंद्रों पर की गई थी आने वाले मतदाताओं के थर्मल स्क्रीनिंग,मास्क सैनिटाइजर आदि का उपयोग कराए जाने के पश्चात ही मतदान कार्य संपन्न कराया गया। मतदान पश्चात मतदान पेटिकाये कलेक्ट्रेट सभागार में संग्रहित हुई जहां से नामित नोडल मजिस्ट्रेट की देखरेख में भारी सुरक्षा के बीच गोरखपुर विश्वविद्यालय के वाणिज्य भवन में स्थापित स्ट्रांग रूम में भेजे गए।

मतगणना आगामी 3 दिसंबर को होगी ज्ञातव्य हो कि जनपद में मतदान के लिए कुल 16 मतदान केंद्र जो सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर बनाए गए थे पर संपन्न हुई । मतदान कार्य को सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए नामित सभी जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरे दिन अपने तैनाती क्षेत्रों में भ्रमण सील रहे और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में अपनी भागीदारी निभाई।





मतदान के दौरान थर्मल स्कैनिंग करती मतदान कर्मी, मतदान बूथों का जायजा लेते प्रेक्षक डीएम एसपी, तीन मतपेटी को कलेक्ट्रेट में जमा करते हैं मतदान कर्मी

# चंदौली में गहमागहमी के बीच स्नातक व शिक्षक एमएलसी चुनाव संपन्न

**संवाददाता।** सकलडीहा,चन्दौली

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश पर मंगलवार स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव शांति ढ़ग से सम्पन्न हुआ। डीएम एसपी से लेकर जोनल मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथ पर चुनाव का जायजा लेते रहे। विभिन्न दल के समर्थक अपने पथ में मतदान के लिये लोगों को अपील करते रहे। वही मतदान केन्द्र पर मतदाताओं का थर्मल स्कैनिंग और मास्क व गलब्स वितरण किया गया।

वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन का मतदान मंगलवार को सुबह 8 बजे से शुरू होगया । तहसील क्षेत्र के सकलडीहा विकास खंड पर बूथ संख्या 60ए 61 और 62 पर स्नातक चुनाव के लिये तीन पीठासीन अधिकारियों की निगरानी में मतदान शुरू हुआ है। वही बूथ संख्या 28 पर शिक्षक एमएलएसी के लिये शिक्षकों ने अपना अपना मतदान किया। स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव में सकलडीहा विकास खंड में कुल 3 तीन हजार 489 मतदाता है। जिसमें स्नातक मतदाता 2996 और शिक्षक 493 मतदाता है। दोपहर



दो बजे तक मतदाताओं की लम्बी लाइन लगी रही। तीन बजे के बाद मतदान की गति धीमा रहा। इस बाबत जोनल मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार ने बताया कि सभी वूथों पर शांति पूर्ण ढ़ग से मतदान हुआ। इस मौके पर स्ट्रेट्रिक मजिस्ट्रेट अमित जायसवालए तहसीलदार डा वंदना मिश्रा, नायब तहसीलदार बृजेश सिंह, सीओ भवनेश चिकारा, कोतवाल वंदना सिंह,प्रथम पोलिंग अफ्सर प्रमोद शर्माए पीठासीन अधिकारी बजरंग बहादूर सिंह, ज्ञान चन्द्र पांडेय,मदन लाल, डा पंकज आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सलेमपुर सांसद का 58 वां जन्मदिन मनाया

**संवाददाता।** देवरिया

भाजपा सलेमपुर मण्डल द्वारा सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा के 58वा जन्मदिन उनके आवास समता निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल एवम वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पांडेय ने उनके दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा समाजहित में किये गए कार्यो से आपका जीवन कीर्तिमय एवम सार्थक बने एवम अपने अनुभव एवम नेतृत्व से राष्ट एव समाज को नई ऊंचाई पर पहुचाते रहे। सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में सुनील यादव स्नेही ने गीत के माध्यम से उनको शुभकामना दी। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक अमित सिंह बबलू,जयनाथ कुशवाहा गुड्न, अजय गौतम, संजय कुशवाहा, त्रिवेणी गुप्ता,अजय दुबे वत्स, अशोक तिवारी, सत्यप्रकाश सिंह, पंकज पासवान, आशुतोष तिवारी, पुनीत यादवएमनोज सिंह,पंकज पासवान,शेषनाथ भाई, विकास रौनियार,विनय पांडेय,अभिषेक तिवारी,अनिल ठाकुर एमन्नजय मौर्या, छोटेलाल गुप्ता,कन्हैया मिश्र,सम्पूर्णानंद गुप्ता, ओमप्रकाश यादव,अनूप मिश्रा,राजेश रावत,बचनदेव गोंड़, बृजेश कुशवाहा, डा अशोक कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।



सलेमपुर सांसद का जन्मदिन मनाते कार्यकर्ता

# बांसी में 188 शिक्षकों ने किया मतदान

## 173 पुरुष तथा 15 महिला शिक्षकों ने किया मतदान

**सिद्धार्थनगर।** शिक्षक निर्वाचन में बांसी तहसील में पंजीकृत 251 मतदाताओं में से 188 मतदान कर दिया मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ अधिकारियों ने मतदान से जुड़े लोगों को बधाई दिया है ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी जग प्रवेश एवं तहसीलदार अरुण कुमार वर्मा तथा क्षेत्राअधिकारी अरुण चंद कोतवाल शैलेश कुमार सिंह की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। मंगलवार को सुबह 8 बजे से ही तहसील सभागार में मतदान के लिए शिक्षक पहुंचने लगे दोपहर तक ज्यादातर शिक्षकों ने मतदान कर दिया था औरअंतिम समय तक गोरखपुर फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल लड़ रहे 16 प्रत्याशियों के लिए तहसील क्षेत्र में पंजीकृत 251 मतदाताओं में से 188 शिक्षकों ने मतदान कर दिया जिसमें से 15 महिलाएं रही तथा 173 पुरुष शिक्षक शामिल रहे मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में लगे पीठासीन अधिकारी राम विलास रायए पीठासीन अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी असिस्टेंट मैनेजर देवेंद्र प्रताप सिंहए उमाशंकर प्रसाद सुनिल कुमार शौरभ आदि ने उपस्थित कर्मचारियों व एजेंटों के सामने बॉक्स को सील कर दिया।

# योग प्रशिक्षकों का साक्षात्कार टला

**देवरिया ।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया है कि हेल्थ वेलनेस सैंटरो पर योग प्रशिक्षक पद के लिए 3 दिसंबर को होने वाले साक्षात्कार को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है । साक्षात्कार की आगामी सूचना पृथक से दी जाएगी।

# गांजा के साथ युवक अभियुक्त गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के दिशा निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध मादक पदार्थए शराब निष्कर्षण के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत इनायत नगर पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लग गई है। प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध मादक द्रव्य गांजे के साथ एक युवक को रंगे हाथ पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया है प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध मुकदमा कायम करते हुए जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर ब्लाक मोड़ के आगे मन्दिर के पास हैरिग्टनगंज में थाना इनायतनगर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुचकर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने पुलिसिया पूछताछ के दौरान अपना नाम सन्तोष कुमार पुत्र पारसनाथ निवासी ग्राम नन्दूलाल का पुरवा बैतीकला थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या बताया। उसके हाथ मे लिये हुये प्लास्टिक की दो थैलियों मे गांजा जैसा पदार्थ पैक था। पैकिंग को खोलकर सूंघने पर गांजा जैसी तीक्ष्ण बू आ रही थी। पुलिस टीम ने युवक को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई। उपरोक्त अवैध गांजा माल का वजन लगभग 632 ग्राम बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह ने चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज राजेश कुमार मिश्रा की तहरीर पर पकड़े गए युवक संतोष कुमार के एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हैरिंगटन गंज चौकी प्रभारी राजेश कुमार मिश्र के साथ उप निरीक्षक आशीष कुमार वर्मा एवं हमराही सिपाही विजय सिंह, विकास यादव व अर्जुन सिंह शामिल रहे।

# मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**गोरखपुर।** गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन 2020 के मतदान दिवस के दिन मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर एवं अन्य अधिकारी भ्रमणशील रहकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान की स्थिति को देखा। मण्डलायुक्त ने जनपद के डी.बी. इंटर कालेज, जुबली इंटर कालेज तथा डी.ए.वी. डिग्री कालेज के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां पर मतदान के कार्यों को देखा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहें।

# विश्व एड्स दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**संवाददाता।** मुगलसराय,चन्दौली

नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले दुलहीपुर बाल चिकित्सालय में विश्व एड्स दिवस पे एक गोष्ठि का आयोजन हुआ जिसमें निमा प्रदेश प्रवक्ता डॉ ओ पी सिंह ने कहा कि आज विश्व एड्स दिवस है। एड्स एक खतरनाक बीमारी हैए मूलतः असुरक्षित यौन संबंध बनाने से



एड्स के जीवाणु शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इस बीमारी का काफी देर बाद पता चलता है और मरीज भी एचआईवी टेस्ट के प्रति सजग नहीं रहतेए इसलिए अन्य बीमारी का भ्रम बना रहता है। बिना जाँच का खून मरीज को देना भी एड्स फैलाने का माध्य होता है। खून के द्वारा इसके वायरस सीधे खून में पहुँच जाते हैं और बीमारी जल्दी घेर लेती है। आज एड्स जाँच केन्द्र देश के गिने.चुने स्थानों पर ही हैंए कितने लोग अपना टेस्ट कराकर खून दान करते होंगेघ् नशीले पदार्थ लेने वाले लोग भी एड्स ग्रस्त होते हैंए वे एक.दूसरे की सिरींज.निडिल वापरते हैंए उनमें कई एड्स पीड़ित होते हैं और बीमारी फैलाते हैं। यदि माँ संक्रमित है एड्स सेए तो होने वाला शिशु भी संक्रमित ही पैदा होता है। इस प्रकार ट्रांसप्लांटेशन संक्रमण से भी एड्स लगभग 60 प्रतिशत तक फैलता है। बाकी बचा 40 प्रतिशत माँ के दूध से शिशु में पहुँच जाता है। गोष्ठी की अध्यक्षता श्री सेवा सामाजिक संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी श्री सतीश जिंदल की ने की अन्य प्रमुख लोगो मे डॉ संतोष शर्मा डॉ मनोज सिंह डॉ आर सी उपाध्याय डॉ दीपक पटेल डॉ बनारसी लाल डॉ सी बी सिंह पंकज गुप्ता सौरभ पटेल सहाबुद्दीन सिद्दिकी रसीद खा इत्यादि लोग थे ।

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष व शिक्षाविद पं.केदारनाथ को दी गई श्रद्धांजलि

**संवाददाता।** देवरिया

मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं शिक्षाविद पंडित केदारनाथ मणि त्रिपाठी की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में स्वर्गीय केदारनाथ मणि त्रिपाठी के बड़े पुत्र डॉक्टर वीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए उनके जीवन और आदर्शों के बारे में चर्चा करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि के रूप में गोरक्ष प्रान्त के प्रचार प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने संगठन कि तरफसे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें समतायुक्त मनीषी बताया। देवरिया के सांसद डॉक्टर रमापति राम त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि केदारनाथ मणि जी के साथ उन्होंने लंबे समय तक कार्य किया है और श्री मणि से उनका संबंध छात्र जीवन से रहा है। उन्होंने कहा कि उनसे एक शिक्षकएस्वयंसेवकए राजनैतिक मार्गदर्शकएबड़े भाईए मार्गदर्शक के रूप में सर्वदा संपर्क बना रहा। रामपुर कारखाना के विधायक श्री कमलेश शुक्ला ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने कि बात कही। देवरिया सदर के विधायक डॉक्टर सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने स्वण् केदार मणि को अपना बड़ा भाई और मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि केदारनाथ मणि भाजपा के नेता पद से थे धरातल पर वो भाजपा के मूल कार्यकर्ता थे ।पार्टी के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन एक नेता से ज्यादा वो एक कार्यकर्ता के रूप में करते थे। भाजपा जिलाध्यक्षअंतर्यामी सिंह ने अपने संबोधन में केदारनाथ मणि जी के समाजिक योगदान को याद करते हुए कहा की एक जमीन से उठे व्यक्ति का समाज और राजनीति में योगदान सभी संगठनकर्ताओं के लिए मार्गदर्शन का काम करता रहेगा। पूर्व विधायक रविन्द प्रताप मल्ल ने स्वण्केदारनाथ मणि को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में केदारनाथ मणि जी का योगदान अनुकरणीय है। गोरखपुर की पूर्व मेयर डॉक्टर सत्या पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि केदारनाथ मणि के व्यक्तित्व हम सबने शिक्षाएसमाज सेवा और राजनीतिक का ककहरा सीखा। दीनानाथ महिला डिग्री कालेज के पूर्व प्राचार्य दिवाकर प्रसाद तिवारी ने संबोधित करते हुए यह कहा कि केदारनाथ मणि जी छोटे से छोटे कार्यकर्ता का भी ध्यान रखते थे।इस अवसर विजय बहादुर दूबे, बलराम उपाध्याय, संजय राव,गिरिजेश मणि,अजय कुमार दूबे, रामदास मिश्रा, अम्बिकेश पाण्डेय,धनुषधारी मणि, नवीन सिंह, अंगद मणि,कृष्णानंद पाठकएभानु त्रिपाठी, श्रीनिवास मणि,दिनेश शुक्ला,हेमा त्रिपठी,प्रेम अग्रवाल,केएन राय,अरुण सिंह,नाजिन बानोएरंजन मणि, आशुतोष तिवारी,दुर्गेश त्रिपाठी,पवन मिश्रा, डा अजय पाण्डेय,संजय तिवारी,राजेन्द्र विक्रम सिंह,राधेश्याम शुक्ला, कृष्णानाथ राय समेत मणि परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सभी आगंतुकों और अतिथियों को स्वण् केदारनाथ मणि के पुत्र जय प्रकाश मणि त्रिपाठी एवं ओम प्रकाश मणि त्रिपाठी ने स्मृति चिन्ह दे धन्यवाद ज्ञापित किया।




श्रद्धांजलि देते भाजपा विधायक व कार्यकर्ता

# कोरोना संक्रमण पर सरकारी निर्देशों का उड़ रहा माखौल

**संवाददाता, अम्बेडकरनगर।** कोरोना संक्रमण को लेकर प्रदेश सरकार ने नई गाइड लाइन तो जारी कर दी है लेकिन पूर्व में जारी गाइडलाइन का भी कहीं पर भी अनुपालन होता नही दिख रहा । शादी ब्याह में विभिन्न छूटों को सरकार ने प्रतिबंधों के साथ इजाजत दी है लेकिन यहां भी सबकुछ भगवान भरोसे ही है। न तो होटल संचालकों द्वारा सरकार की गाइडलाइन का अनुपालन किया जा रहा है और न ही शादी करने वाले लोगों द्वारा ही किसी व्यवस्था का ध्यान दिया जा रहा है। सरकारी निर्देश के अनुसार शादी के दौरान निर्धारित स्थल पर प्रवेश करते समय हर व्यक्ति की थर्मल स्क्रीनिंग की जानी चाहिए। इसके साथ ही प्रवेश द्वार पर ही बारात शामिल लोगों के हाथ को सेनिटाइज कराना चाहिए। इसके अलावां बिना मास्क के किसी को भी अन्दर प्रवेश करने की इजाजत नही दी जानी चाहिए लेकिन किसी भी स्थान पर इसका अनुपालन होता नही देखा जा सकता। अधिकारियों ने भी वैवाहिक स्थलों की तरफ रूख करने की आवश्यकता अभी तक महसूस नही की है जिससे मनमानी अपने चरम पर है।

# मास्क वितरण कार्यक्रम का हुआ समापन



**संवाददाता।** मुगलसराय,चन्दौली

सामाजिक संस्था श्री सेवा सामाजिक द्वारा मास्क वितरण के अंतिम दिन नगर के पत्रकार बंधुओं के कर कमलों द्वारा मास्क वितरण कर किया गया जिसका सारा खर्च श्री सेवा सामाजिक संस्था वहन ने किया जिसमें मुख्य रूप से जीनस कम्पनी के मालिक आनंद तोदी का विशेष योगदान रहा और उन्ही की कम्पनी द्वारा निर्मित मास्क बांटे गएएबताते चले कि लगातार पिछले 6 दिनों तक यह कार्यक्रम संस्था के सदस्यों द्वारा किया जा रहा था लेकिन मंगलवार को संस्था ने यह फैसला लिया है कि कार्यक्रम के अंतिम दिन बुद्धिजीवी वर्ग यानी पत्रकार बंधु इस कार्य में हमारी संस्था का सहयोग करें व अपना गौरवमई उपस्थिति हम लोग के साथ साझा करें ताकि समाज को यह संदेश जाए कि जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं पत्रकार बंधु हमारे चौथे स्तंभ माने जाते हैं बगैर उनके हमारा प्रयास निरर्थक होगा। जिसमे मुख्य रूप से संस्था अध्यक्ष सतीश कुमार जिंदल, डॉक्टर डॉ ओ पी सिंह,डॉ मनोज कुमार सिंह,संजय सिंहएसंजय शर्मा,मोहित बागड़िया,आनंद तोदी,देश दीप मित्तल,सचिन जैन,आलोक सिंह अन्य उपस्थित रहे। पत्रकारों में मुख्य रूप से कमलेश तिवारी,आसाराम यादव, सरदार रोशन सिंह,राजेंद्र प्रकाश,संदीप कुमार,अजय राय व उमेश अन्य उपस्थित रहे।

# धान बेचने के बाद भी पैसे के लिए दौड़ लगा रहे किसान

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

सरकार द्वारा किसानों को उसकी फसल का वाजिब मूल्य देने के साथ-साथ धान बेचने के 72 घंटे के अंतराल में किसान के खाते में सीधे पैसे आने की बात कही गई थी लेकिन जिले में कई प्राइवेट लिमिटेड की कंपनियों के धान क्रय केंद्रों पर इसका अनुपालन नही हो पा रहा है। इन धान क्रय केंद्रों पर धान बेंचे जाने के बाद किसानों के मोबाइल पर ना तो कोई मैसेज आ रहा है और न ही भुगतान ही हो पा रहा है। कई किसानों द्वारा धान बेंचे दो सप्ताह बीत गए लेकिन उसके बाद भी आज तक खाते में पैसा नही पहुंचा। इससे किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है। कटेहरी ब्लाक के मौरा पारा रविंद्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर 13 नवम्बर को बेचे गये धान का पूरा विवरण भेजा है। उन्होंने शिकायत भी दर्ज कराई है जिसमे कहा गया है कि धान बेंचने के 72 घंटे में पैसा देने की बात तो दूर है 72 दिन में यदि आ जाए तो बहुत बड़ी बात है ।

# सड़क पर जलभराव की समस्या से नहीं मिल रही निजात



**संवाददाता।** सकलडीहा,चन्दौली

कस्बा में लम्बे समय से जर्जर सड़क और नाला की समस्या से व्यापारी वर्ग परेशान है। नाला की साफसफाइ नही होने पर जगह जगह जलभरॉव की समस्या बनी हुई है। इसके बाद भी विभागी अधिकारी मौन है। व्यापारियों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाया है।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पिछले पांच साल से अधिक समय से कस्बावासी जर्जर सड़क और जलभरॉव की समस्या से जूझ रहे है। इसको लेकर कई बार धरना प्रदर्शन भी हुआ। व्यापारियों की समस्या को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण के साथ नाला और पटरी निर्माण कार्य शुरू कराया गया। लेकिन बीते 8 माह बाद भी सड़क निर्माण तो दूर नाला निर्माण आधा अधूरा होने पर कस्बा में जगह जगह जलभरॉव की स्थिती होगयी है। सुबह शाम लोग गिरकर चोटिल हो रहे है। इसके बाद भी समस्या से निजात नही मिलने पर व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों ने जगह जगह पाटी गयी नाला की साफसफाई की मांग उठाया है। इस बाबत एडीओ पंचायत राजेश सिंह ने बताया कि कई बार नाला की साफ सफाई कराया गया। लेकिन नाला पाट दिये जाने के कारण समस्या बनी हुई है। शीध्र ही पुलिस फोर्स के साथ समस्या से निजात दिलाया जायेगा।

# 38 अभ्यर्थियों ने एलएलबी प्रवेश की कराई काउंसिलिंग

**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश की काउंसिलिंग मंगलवार को परिसर के संत कबीर सभागार में कोविड अनुपालन के तहत हुई। काउंसिलिंग में 301 से 500 रैंक तक अभ्यर्थियों को बुलाया गया। जिसमें 138 अभ्यर्थियों ने विभिन्न कालेजों के लिए काउंसिलिंग कराई। प्रवेश समन्वयक प्रो0 विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग में 138 अभ्यर्थियों ने विभिन्न कालेजों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कराई। 2 दिसम्बर 2020 को 501 से 700 रैंक तक के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग कुलपति प्रो रविशंकर सिंह के निर्देश पर कोविड के अनुपालन में हो रही है। काउंसिलिंग में विधि संकायाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार राय, प्रो शैलेन्द्र कुमार, डॉ डीएन वर्मा, डॉ अनिल कुमार, डॉ शशि सिंह, डॉ नीलम सिंह, डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ आलोक मिश्र, डॉ त्रिलोकी यादव, सुभाष चन्द्र विश्वकर्मा,मौजूद रहे।

# स्नातक में कम व शिक्षक में ठीक रहा मतदान




## लखनऊ खण्ड निर्वाचन

### डीएम व एसपी दिनभर क्षेत्र में सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का लेते रहे जायजा

संवाददाता। प्रतापगढ़

**उत्तर** प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। स्नातक निर्वाचन के लिए 19 मतदान केन्द्रों पर 43 बूथ एवं शिक्षक निर्वाचन के लिये सभी 19 मतदान केन्द्रों में एक-एक बूथ बनाये गये थे जिनमें प्रात: 8 बजे से सायं पांच बजे तक स्नातक के 37201 मतदाताओं में से 33.93 प्रतिशत मतदाताओं ने एवं शिक्षक के 5569 मतदाताओं में से 59.25 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लखनऊ खण्ड स्नातक निर्वाचन को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने जनपद में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही निर्वाचन में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते रहे। जिलाधिकारी ने प्रात:काल से ही मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जिसमें विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका, सांगीपुर, लालगंज, लक्ष्मणपुर, सदर, राजकीय इण्टर कालेज एवं तहसील सदर का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने निर्वाचन सहित सुरक्षा व्यवस्था में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। आज मतदान को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) शत्रोहन वैश्य, मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा सहित अन्य अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी मतदान केन्द्रों पर कोविड-19 की गाइडलाइन का पूर्णतया पालन करते हुये मतदान सकुशल सम्पन्न कराया गया। सभी केन्द्रों पर मास्क, सेनेटाइजर, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुये कोविड हेल्प डेस्क पर थर्मल स्कैनर से तापमान मापने के उपरान्त मतदान कराया गया।

### एमएलसी चुनाव मे दिन भर दिखा गहमागहमी का माहौल

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर मंगलवार को ब्लाक मुख्यालयो पर दिन भर गहमागहमी का माहौल दिखा। हालांकि प्रबुद्ध वर्ग के मतदान में कहीं से भी झड़प की सूचना नही आयी। प्रात: आठ बजे से स्थानीय लालगंज तथा सांगीपुर व रामपुर संग्रामगढ़ एवं लक्ष्मणपुर विकासखण्ड मुख्यालयों पर चुनाव को लेकर पुलिस का सख्त पहरा दिखा। मतदाताओं ने भी पंक्तिबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार कर वोट डाले। हालांकि ब्लाक मुख्यालयो के समीप प्रत्याशियों के समर्थको ने टेन्ट लगाकर मतदाताओ की आवभगत मे मशक्कत करते दिखे। समर्थक अपने अपने प्रत्याशी का क्रमांक तथा नाम बार बार मतदाताओं को समझाते हुए समर्थन मे वोट की गुजारिश जारी रखी। जिले के डीएम डा. रूपेश कुमार ने लालगंज तथा सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचकर मतदान प्रकिया का जायजा लिया।

डीएम ने मतदान केंद्रो पर कुछ मतदाताओं को बिना मॉस्क देख नाराजगी जताई। वहीं डीएम ने पुलिसकर्मियो को ब्लाक कैम्पस के बाहर जमा वाहनो को भी देख डांट फटकार लगाई। एसडीएम राम नारायण ने भी तहसील के चारों ब्लाको का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। मतदान केन्द्रो पर महिला मतदाताओ के साथ युवा मतदाताओ मे भी उत्साह देखा गया।

सुबह जरूर मतदान का प्रतिशत कम दिखा पर दोपहर होते ही मतदान केन्द्रो पर कतार बढ़ गयी। सहालग होने के बावजूद शिक्षक व स्नातक विधायक के चुनाव मे वोटरों का उत्साह छलका दिखा। प्रत्याशियो ने भी मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। प्रबुद्ध वर्ग के मतदान मे एक सकारात्मक पहलू यह भी दिखा कि अपने प्रत्याशियो के लिए दम लगाये समर्थक एक दूसरे के साथ हंसी ठिठोली तथा चाय-पान मे सरीक हुए दिखे। मतदान केन्द्रो पर महिला पुलिस विंग तथा एम्बुलेंस सेवा भी मुस्तैदी मे दिखी।

## जनपद में मतदान सकुशल संपन्न



**अमेठी**। जनपद में आज उत्तर प्रदेश राज्य विधान परिषद गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2020 का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। शिक्षक निर्वाचन के लिए जनपद में नौ मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 1542 शिक्षक मतदाताओं में से 1087 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कियाए जिसमें 906 पुरुष मतदाताए 181 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। अमेठी जिले में प्रात: 8 से सांय 5 बजे तक 70.49 प्रतिशत मतदान हुआ। शिक्षक निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश सिंह सहित अन्य अधिकारी लगातार जनपद में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही निर्वाचन में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते रहे। प्रात: 7.30 बजे से ही जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट स्थित जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम व एसपी ने प्रात:काल से ही मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिसमें तहसील गौरीगंज में बूथ संख्या 132, बहादुरपुर ब्लाक में बूथ संख्या 137 तथा सुभाष पशुपतिनाथ इंटर कॉलेज में बूथ संख्या 136 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन सहित सुरक्षा व्यवस्था में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मतदान को लेकर अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम में मौजूद रहकर प्राप्त होने वाली शिकायतों पर सतत् निगरानी रखने के साथ ही शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराती रहीं। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों पर कोविड-19 की गाइडलाइन का पूर्णतया पालन करते हुए मतदान सकुशल संपन्न कराया गया। सभी केंद्रों पर मास्कए सैनिटाइजर, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए थर्मल स्कैनर से तापमान मापने के उपरांत मतदान कराया गया। डीएम व एसपी ने शिक्षक निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस को बधाई दी।

### शिक्षक में 61.52 व स्नातक निर्वाचन में 42.55 प्रतिशत पड़े मत

**बाराबंकी**। जिले में लखनऊ खण्ड स्नातक व शिक्षक निर्वाचन मंगलवार को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। शुरु मे मतदाताओं की संख्या कम दिखी मगर जैसे जैसे तापमान बढ़ता गया, वैसे वैसे वोटरों की तादाद भी बढ़ती गयी। शाम तक कुल 49 बूथों पर शिक्षक निर्वाचन का प्रतिशत 61.52 रहा तो वहीं स्नातक निर्वाचन का प्रतिशत 42.55 रहा। वही शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन भी काफी सजग रहा निरीक्षण के साथ जिलाधिकारी स्वयं भी बूथो का जायजा लेते रहे।
मतदान सुबह आठ बजे से शुरु हुआ। मतदान के पहले एक घण्टे में रफ्तार काफी सुस्त रही। कुल 7.82 प्रतिशत रहा। जैसे जैसे सूर्य का पारा चढ़ा, वैसे वैसे मतदान प्रतिशत मे भी इजाफा होने लगा। चार बजते प्रतिशत बढ़कर 49प्रतिशत पर पहुच गया और मतदान के समाप्ति तक मतदान प्रतिशत 42.55 तक पहुच गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान हेतु 49 बूथ बनाये गये थे। जिनमें महिला स्नातक निर्वाचन चुनाव में 31178 तथा शिक्षक निर्वाचन में 3172 मतदाता थे। लेकिन मतदाताओं मे मतदान को लेकर कोई खास उत्सव नही दिखा।

# लोगों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें: डीएम

### अस्पताल आने-वाले प्रत्येक मरीज व उनके साथ रहने वाले लोगों की जांच की जाए

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड-19 कोर कमेटी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोविड अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें, होम आइसोलेशन के मरीजों से सम्पर्क कर स्वास्थ्य की जानकारी लें तथा सम्बन्धित नोडल अधिकारी प्रतिदिन कोविड अस्पतालों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर वहां मिलने वाली कमियों को पूर्ण कराएं। साथ ही अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज एवं उनके साथ आने वाले लोगों की जांच की जाए।

कांटेक्ट ट्रेसिंग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के कार्य की विशेष निगरानी की जाये। डोर- डोर सर्विलांस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वे के कार्य का सत्यापन कराएं, साथ ही लोगों को मास्क पहनने के लिए जागरुक भी करें। साफ-सफाई एवं सैनिटाइजेशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में सफाई अभियान संचालित करेंए साथ ही विभिन्न प्रचार माध्यमों से कोविड के सम्बंध में शासन के दिशा-निर्देशों को प्रसारित कराएं। संचारी रोगों की समीक्षा के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में जांच टीमों के द्वारा निरीक्षण कर मच्छरों के लार्वा को नष्ट कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर जल भराव हो ऐसे स्थानों को चिन्हित कर जल को खाली करवाएं तथा लार्वा रोधी या कीटनाशक का छिड़काव करवाएं। बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क न लगाने पर 40380 लोगों का चालान कर 4305750 रुपये जुर्माना तथा दोपहिया वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी बैठाने पर 4779 चालान कर 1240000 रुपये जुर्मानां वसूला गया है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गर्ग, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरुष डॉ अमित चतुर्वेदी जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

## बीजेपी सरकार में ही सम्पूर्ण विकास संभव: शैलेश

### अल्पसंख्यक सम्मेलन आयोजित

संवाददाता। जगदीशपुर (**अमेठी**)

**भाजपा** सरकार ही में सम्पूर्ण विकास सम्भव है। उक्त बातें बलरामपुर विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने अल्पसंख्यक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मंगरौली में कही ।

जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित मंगरौली चौराहे पर प्रधानमंत्री जन कल्याण योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए अल्पसंखयक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में बलरामपुर से विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने कहा कि केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार में ही सम्पूर्ण विकास सम्भव है केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा कराए गए कार्यों को जनता के बीच में रखा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। गांवों में सड़कों का जाल बिछाया गया है, सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ लेकर किसान खुश हैं। भारतीय जनता पार्टी ने स्वच्छता अभियान आयुष्मान योजना प्रधानमंत्री आवास योजना और मुद्रालोन जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया और उसका हर जरूरतमंद व्यक्ति को अधिक से अधिक लाभ दिलाया। इसके लिए कार्यकर्ता भी विशेष सहयोग करेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक बाबू रेहान खान शब्बीर खान अब्दुल कलाम अंसारी वंदना सोलंकी भूनेश सिंह साकिब जावेद रजत वर्मा अलीम अहमद प्रधान अंकरा जुनैद अहमद वसीक अहमद बाबू रिजवान सहित तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी व क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## डीआईजी कारागार ने गौ सेवा योजना की तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता। बाराबंकी

**कैदियों** को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरु की गयी मुख्यमंत्री की गौ सेवा योजना की मंगलवार को डीआईजी कारागार मुख्यालय कानपुर परिक्षेत्र बीपी त्रिपाठी ने निबलेट फार्म हाउस का दौरा कर जायजा लिया। उन्होने इस दौरान बताया कि सूबे में चार जिले बाराबंकी, लखीमपुर, फरूखाबाद, उरई को पायलट योजना के तहत चयनित किया गया है। योजना अन्तर्गत चयनित जिलों में चिन्हित गौशालाओं में गौ सेवा के लिए करीब 400 कैदियों को काम पर लगाया जायेगा जो सुबह आयेगें और शाम को वापस जेल रवाना किये जायेगें।

सुरक्षा के सवाल पर उन्होने कहा कि इसके लिए सिर्फ उन्ही कैदियों को वरीयता दी जायेगी जो साफ सुथरी छवि के होंगें।

# किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम मूल्य निर्धारित करे सरकार: मिश्र

संवाददाता। सिरौलीगौसपुर (**बाराबंकी**)



**देश** के किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने भंडारण के लिए सीमा तय करने कान्ट्रैक्ट फार्मिंग मे किसानों द्वारा फसल उगाने की सहमति लिखित रूप से विल मे शामिल हो। बदोसरांय मे राष्ट्रीय किसान क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष इतिहासकार एंव फिल्म लेखक अमरेश मिश्र ने जन सम्पर्क कार्यालय का उदघाटन करने के पश्चात कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा पंजाब के किसानों ने दिल्ली को घेर लिया है। किसानों की मांगों को केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए विल मे लिखित रूप से सम्मिलित किया जाय। उन्होने आगे कहा कि 1857 की लड़ाई के नायक शहीद मंगल पान्डेय की मूर्ति उनके शहादत दिवस पर विधान सभा के सामने लगवायी जायेगी। अवध क्षेत्र के किसानों को पूर्ण रूप से संगठित करके पंचायत चुनावों मे ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य के चुनाव उनकी पार्टी लडाऐगी और मिशन 22 मे राष्ट्रीय किसान क्रांति दल अच्छा प्रदर्शन करके देश मे किसान राज आंदोलन को और तेज करेगी । श्री मिश्र ने किसानों की धान तौल के लिए केन्द्र बढाये जांय किसानों का धान शीघ्राति शीघ्र नही तौला गया तो उनकी पार्टी लखनऊ राजमार्ग को जाम करेगी।

प्रदेश अध्यक्ष रामजी तिवारी ने अपने उदबोधन मे कहा कि अवधक्षेत्र का 80 प्रतिशत किसान हमारे बैनर तले आकर किसान राज के लिये संघर्ष शुरू करने जा रहा है । किसानों को बृजेश श्रीवास्तव प्रदेश मन्त्री सत्येन्द्र मिश्र मंडल अध्यक्ष वंदना सिंह जिलाध्यक्ष महिला सभा नीलम सिंह अरविंद चौहान जिला प्रभारी के के यादव दिलीप तिवारी गुरूचरन पहलवान आदि ने विचार ब्यक्त किया। अमरेश मिश्र मंगल पान्डेय बुलेट राजा गैंग ऑफ उत्तर प्रदेश आदि फिल्मो मे डायलाग व कहानी पटकथा तैयार किया।

## सीओ की फटकार पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ दलित एक्ट का केस दर्ज किया है। कोतवाली के मिश्रमऊ गांव के भोला नाथ सरोज ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती 29 नवंबर को शाम दरवाजे पर मौजूद था। तभी गांव के हरिश्चंद्र, रमेश, सुरेश एकराय होकर लाठी डंडे से लैस आ धमके। आरोपियों ने रंजिशन उसे जातिसूचक गाली देते हुए मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियों ने धमकी दी कि शिकायत करोगे तो जान से मार देगें।

पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी किंतु जांच के नाम पर पुलिस केस नही दर्ज कर रही थी। पीड़ित ने सीओ से आपबीती सुनाई। सीओ जगमोहन की फटकार पर सोमवार की रात आरोपी हरिश्चंद्र समेत तीन के खिलाफदलित उत्पीडन व धमकी तथा मारपीट का केस दर्ज किया गया है।

# संदिग्ध हालात में पेड़ से लटकता मिला ठेकेदार का शव

संवाददाता। बाराबंकी

**सीमेंटेड** ईंट बनाने की फैक्ट्री में कार्यरत एक ठेकेदार का शव बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में फैक्ट्री के बाहर एक पेड़ से लटकता पाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। घटना बडडूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भगौली की है जानकारी के अनुसार यहां ललित कुमार गुप्ता की सीमेंटेड ईट बनाने की फैक्ट्री संचालित है इस फैक्ट्री में सूरज (22 वर्ष) पुत्र छत्रपाल निवासी गौरियाथाना देवा ठेकेदारी का कार्य करता था और बीती रात से वह लापता था। मंगलवार की सुबह फैक्ट्री के चौकीदारसुरेश ने उसका शव फैक्ट्री से कुछ दूर स्थित एक पेड़ से लटकता देखा। तब यह सूचना जंगल में लगी आग की तरह पूरे गांव में फैल गई तो वहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई इस बीच फैक्ट्री मालिक ने पहुंच कर पुलिस को सूचना दी तब पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के मदद से उसका शव पेड़ से नीचे उतरवाकर कारण जानने का पुलिस ने प्रयास किया, लेकिन कोई कुछ नहीं बता सका। पुलिस ने दूरभाष पर मृतक के परिजन से भी संपर्क किया, लेकिन वह भी इस संबंध में कुछ नहीं बता पाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं पोस्टमार्टम कराने आए लोगों ने बताया कि बीते 26 नवंबर को मृतक गांव गया था और 27 को वापस चला आया तबसे उन लोगों से उसका कोई संपर्क नहीं हुआ था आज सूचना मिलने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। फिलहाल पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी वहीं पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## करंट की चपेट में आने से किशोर की दर्दनाक मौत

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**विद्युत** स्पर्शाघात से किशोर की दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना को लेकर मृतक किशोर के परिवार मे कोहराम मच गया। सगरा सुंदरपुर के समीप इटौरी गांव के पूरे दर्जीयान मे नरेन्द्र श्रीवास्तव ने अपने घर मे लोहे का दरवाजा लगा रखा है। सोमवार की रात परिवार के सदस्य खाना पीना खाकर सो गये। रात करीब दो बजे 17 वर्षीय बेटा करन कुमार श्रीवास्तव लघुशंका के लिए उठा। करन ने जैसे ही दरवाजे को खोलने का प्रयास किया वह करंट की चपेट में आ गया। सूत्रों के मुताबिक दरवाजे के नीचे बिजली का तार कट गया था। किशोर की चीख पर बदहवाश हो उठे परिजन उठे और आनन-फानन मे उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल मे चिकित्सको ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही मंगलवार को परिजनों में कोहराम मच गया।

### हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बाराबंकी**। बीती सोमवार की देरशाम मे एक तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को पुलिस ने धर दबोचा है। उसके कब्जे से पुलिस ने फयरिंग में प्रयुक्त देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। विवरण के अनुसार थाना रामनगर क्षेत्र के सेमराय गांव में एक तिलक का कार्यक्रम था। उसी मे गोण्डा जिले के करनैलगंज थाना क्षेत्र के पाल्हापुर निवासी राजकुमार सिंह पुत्र रामदास सिंह के द्वारा की गई हर्ष फायरिंग में दो लोगों को गोली लग गई थी तथा वह दोनों बुरी तरह से जख्मी हो गये थ, जिसमें दोनों का ही उपचार जारी है। वहीं सेमराय गांव के निवासी रविन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर गम्भीर धाराओं में केस दर्ज करके गांव मे ही स्थित देशी शराब की दुकान के पास से गिरफ्तार करके कार्रवाई की है।

# पेट में पल रहे शिशु की जन्म लेने से पहले ही मौत

### परिजनों ने लगाया मंदबुद्धि युवक पर गर्भवती के साथ मारपीट का आरोप

संवाददाता। बाराबंकी

**पेट** में पल रहे एक बच्चे की बीती रात जन्म लेने से पहले ही मौत हो गयी। परिजनों के मुताबिक गांव के ही एक युवक ने किसी बात को लेकर गर्भवती महिला के साथ हाथापाई की थी। घटना तीन दिन पहले की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। प्राप्त विवरण के मुताबिक थाना टिकैतनगर के अन्तर्गत ग्राम बल्लीपुर निवासी पतिराम की पत्नी नौ माह के पेट से थी। बताया जाता है कि तीन दिन पूर्व किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि इससे नाराज एक मंदबुद्धि युवक ने गर्भवती महिला के साथ हाथापाई की थी तबसे उसके पेट में दर्द हो रहा था। बातया जाता है कि बीती रात भी उसके पेट मे दर्द उठा था, तब परिजन उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुचें जहां उसने एक मरे हुए बच्चे को जन्म दिया। पीड़िता के पति पतिराम ने बताया कि इस संबध मे स्थानीय पुलिस को सूचना दी गयी, किन्तु कोई कारवाई नही की।

### गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी**। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित को गिरफ्तार किया है। सतरिख पुलिस ने करीब आधा दर्जन मुकदमों में वांछित राहुल राजपूत पुत्र जगमोहन निवासी सन्दौली थाना सतरिख को मुखबिर की सटीक सूचना पर गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

## चकमार्ग काटे जाने को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

त्रिवेदीगंज (**बाराबंकी**)। चकमार्ग काटे जाने के विवाद को लेकर दो पक्षो में हुई मारपीट में दोनों पक्षों के नौ लोग घायल हो गए। थाना लोनीकटरा के बद्दापुर मजरे तेजवापुर के अमरसिंह व मनोज के बीच चकमार्ग की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

इसी को लेकर सोमवार शाम को दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें अमरसिंह, सचिन, झुमका देवी, शालिनी, काजल, तुलसा देवी व सुषमा जबकि दूसरे पक्ष के बिनोद व मंशाराम घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया। जहां गम्भीर हालत होने पर अमर सिंह व सचिन को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार यादव का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर कारवाई की गई है।

# चेयरमैन ने जरुरतमंदों को बांटे कम्बल



संवाददाता। बेलहरा (**बाराबंकी**)

**मंगलवार** को नगर पंचायत बेलहरा अध्यक्ष प्रतिनिधि अयाज खा के द्वारा जरूरतमंद लोगों को ठंडक की शुरुआत में ही कंबल वितरण किया गया । इसमें करीब नगर पंचायत बेलहरा और आसपास के गांव के 600 गरीब जरूरतमंद लोगों को अयाज खा के द्वारा कंबल दिया गया। अयाज खां ने बताया कि कंबल वितरण का कार्यक्रम दिसंबर भर लगातार चलता रहेगा। हम ज्यादा से ज्यादा लोगों तक कंबल पहुंचाने का प्रयास करेंगे इस अवसर पर सुनील ,सोनी, नसीम, गुड्डू सहित नगर पंचायत के समस्त सभासद मौजूद रहे।

## नियमित सफाई नहीं होने से पीरबटावन मोहल्ले में लगा है कूड़े का ढेर

संवाददाता। बाराबंकी

मोहल्ले में नियमित सफाई नहीं होने के कारण कूड़े के ढेर लगे हैं और नालियां बजबजा रही है। मामला मोहल्ला पीरबटावन नयी बस्ती जो फेयर बेकरी के बगल वाली गली में बसा हुआ है।
मोहल्ले वालों द्वारा बताया गया कि इस मोहल्ले में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी आते ही नहीं हैं इसी कारण इस मोहल्ले का ये बुरा हाल है। उनके द्वारा ये भी बताया गया कि हम लोगों ने संयुक्त रूप से लिखित व मौखिक में कई बार नियमित सफाई के लिये नगर पालिका में शिकायत की हैं मगर पालिका प्रशासन न तो इन शिकायतों को संज्ञान ले रहा हैं और न ही इस मोहल्ले की सफाई ही करा रहा है, साथ ही सक्रामक रोग भी बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

# सहालग में चरम पर पहुंची मंहगाई, सब्जी से लेकर मिठाई तक खून के आंसू रूला रही

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**सहालग** में मंहगाई के चरम पर पहुंचने से लोग परेशान व हलाकान दिख रहे है। लॉकडाउन के कारण पिछली गर्मियों की तय शादी भी लोगों ने नवंबर-दिसंबर मे आगे बढा दी। इसके चलते लगन की बाढ़ सी भी दिख रही है। इसके चलते मिठाई से लेकर सब्जी तक के दाम आसमान छू रहे है। खोये तथा पनीर व दूध मे जमकर मिलावट का धंधा भी खूब फल फूल रहा दिख रहा है। सबसे ज्यादा मंहगाई ने आलू और प्याज पर हमला कर रखा है। आलू सारे रिकार्ड तोडते इस समय पचास रूपये किलो तो प्याज भी पचास से कम नही मुहैया हो पा रही है। और तो और कददू और गोभी का भी दाम सिर चढ़कर बोल रहा है। यही हाल मिठाइयों का है। खोया तथा पनीर व दूध की इस कदर मारामारी मची है कि लोग मजबूरी मे मुंह मांगा दाम चुकता कर रहे है। खपत इतनी ज्यादा है कि खोया और पनीर तथा दूध मे मिलावट भी चरम पर आ पहुंची है। मिलावट के बावजूद न तो स्वास्थ्य विभाग और न ही प्रशासन से जुड़ा अन्य कोई विभाग आकस्मिक निरीक्षणो की सुध नही ले पा रहा है। सहालग मे चौक तिराहे वाहनो की भीड भी अनियंत्रित हो उठी है। लोग घंटो घंटो के जाम से परेशान दिख रहे है। खाकी है कि उसे जाम से तो कोई लेना देना नही है, हां यह जरूर है कि वह दोपहिया व चारपहिया वाहनो को ऑनलाइन चालान के जरिये वसूली मे भी रमी हुई है। सहालग मे अव्यवस्था को लेकर आम आदमी त्रस्त है।